श्रीहरिकृष्णनिबन्धमणिमालायाः
पञ्चमो (५) मणिः

श्रीविश्वनाथपञ्चाननभट्टाचार्यविरचित-
'सिद्धान्तमुक्तावली' सहिता

कारिकावली

'मयूख' 'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेता

मयूखकारः
न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्यः
पण्डितराजः श्रीसूर्यनारायणशुक्लः

प्रकाशकारः सम्पादकश्च
न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्यः
पण्डितश्रीरामगोविन्दशुक्लः

अनुसन्धानसहायकः
वाराणसेयसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य

(अनुमानखण्डादि-गुणनिरूपणान्ता)

श्रीहरिकृष्णनिबन्धभवनम्, वाराणसी-२२१००१
१९८१

प्रकाशकः—

श्रीहरिकृष्णनिबन्धभवनम्

वाराणसी–२२१००१

(नवमं संस्करणम्)

मूल्यं ८–००

१९८१

मुद्रकः—

चौखम्बा प्रेस, वाराणसी–२२१००१

वि० सं० २०३७

भूमिका

(कारिकावली के प्रत्यक्षखण्डान्त प्रथम भाग का हिन्दी अनुवाद सहित छः संस्करण हो चुका है। किन्तु अनुमानादि गुणनिरूपणान्त द्वितीय भाग का हिन्दी अनुवाद हमारे आलस्य से ही अब तक रुका था। प्रत्यक्ष खण्ड की भूमिका में हमने प्रतिपाद्य विषय पर कुछ चर्चा आरम्भ की है। उसे इस भाग की भूमिका में अविच्छिन्न रूपसे चलाना आवश्यक समझकर अनुमान आदि प्रकरणों के प्रतिपाद्य विषय पर अपना विचार प्रस्तुत कर रहे हैं—)

अनुमान खण्ड

प्रत्यक्ष खण्ड में बुद्धि के भेदों का निरूपण करते समय अनुमान चर्चा का विषय रहा है। वह अनुमान अनुमिति का करण है। परामर्श के पश्चात् उत्पन्न ज्ञान को अनुमिति कहते हैं। व्यापारवत् असाधारण कारण को करण कहते हैं। अनुमिति एक प्रमा है। प्रमिति करण प्रमाण है। इस प्रकार अनुमान एक प्रमाण है। यह अनुमान व्याप्तिज्ञान से जन्य है तथा लिङ्गपरामर्श से भी जन्य है। कुछ आचार्यों का मत है कि लिंगपरामर्श व्यापार है तब व्याप्तिज्ञान ही अनुमान है। दूसरे आचार्यों का मत है कि लिङ्गपरामर्श के पश्चात् अनुमिति होती है अतः वह ही अनुमान है। प्रथम आचार्यों के मत में कारण को सव्यापार होना चाहिए। दूसरे आचार्य व्यापार होना आवश्यक नहीं मानते।

अनुमान के दो प्रकार—अनुमान स्वार्थ और परार्थ भेद से दो प्रकार का होता है। स्वार्थानुमान तो स्वयं के लिए होता है। अतः उसका निरूपण गौण है। मुख्यतः परार्थानुमान ही विवेचना का विषय है। यह पाँच वाक्य-खण्डों से समझाया जाता है। उन वाक्यखण्डों को अवयव अथवा न्याय कहते हैं। इनके प्रयोग इस प्रकार हैं—

१ प्रतिज्ञा	पर्वत में अग्नि है।
२ हेतु	क्योंकि धूम है।
३ उदाहरण	जो धूम वाला है वहाँ अग्नि है जैसे महानस।
४ उपनय	यह पर्वत धूमवान् है।
५ निगमन	यत: धूमवान् है अत: अग्निमान् है।

मीमांसकों का मत है कि उपनय का हेतु में तथा निगमन का प्रतिज्ञा में अन्तर्भाव कर लिया जाय तो तीन ही अवयव मान्य होंगे। पांच मानने में प्रथम द्वितीय की चतुर्थ पंचम से पुनरुक्ति होती है। कुछ मीमांसकों ने अन्त के तीन अवयवों को माना है। इस प्रकार स्वरूपभेद होने पर भी संख्या भेद नहीं है।

बौद्धों का मत है कि उदाहरण और उपनय से ही अनुमिति हो जायगी प्रतिज्ञा या निगमन तो अर्थात् सिद्ध है। इस प्रकार इनके मत में अध्याहार मानना पड़ता है।

लिङ्ग के तीन भेद—नैयायिकों ने लिङ्ग को तीन प्रकार का स्वीकारा है। (१) केवलान्वयि, (२) केवलव्यतिरेकि, (३) अन्वयव्यतिरेकि, तीन प्रकार से व्याप्ति होने से लिङ्ग तीन प्रकार का होता है। क्योंकि व्याप्य ही लिङ्ग होता है। व्याप्ति के आश्रय को व्याप्य कहते हैं। व्याप्ति तीन प्रकार की है अत: व्याप्य (लिङ्ग) भी तीन प्रकार है। हेतु के पाँच रूप होते हैं। (१) पक्षसत्व, (२) सपक्षसत्व, (३) विपक्षव्यावृतत्व, (४) अबाधित-विषयत्व, (५) असत्प्रतिपक्षितत्व। अन्वयव्यतिरेकि हेतु इन पाँचों रूपों से युक्त होता है। केवलान्वयि हेतु में चार रूप ही होते हैं। उसमें विपक्ष न होने से विपक्ष का व्यवृत्तत्व नहीं होता। केवलव्यतिरेकि में भी चार रूप होता है। क्योंकि उसमें सपक्षसत्त्व नहीं होता। इस प्रकार चार या पाँच रूपों से युक्त हेतु साध्य साधन के लिये समर्थ होता है।

हेत्वाभास—इन रूपों में से किसी एक रूप से हीन हेतु दुष्ट हेतु होने के कारण हेत्वाभास कहा जाता है। हेत्वाभास भी पाँच प्रकार का होता है। (१) सव्यभिचार, (२) विरुद्ध, (३) असिद्ध, (४) सत्प्रतिपक्ष और (५) बाधा।

मीमांसकों ने हेत्वाभास की भाँति पक्षाभास, दृष्टान्ताभास को भी दोष कहा है। उनका मत है कि जब इन दोषों में वैलक्षण्य है तो भेद मानना चाहिए। अब हम क्रमसे इनका स्वरूप कहते हैं—

पक्षाभास—परप्रतिपादनार्थं पक्षवचन को प्रतिज्ञा कहते हैं। जिज्ञासित धर्मविशिष्ट पक्ष होता है। किन्तु यदि पक्ष रूप का परिच्छेदक होने, विपरीत परिच्छेदक होने अथवा अन्यत्र अप्रसिद्ध होने से जिज्ञासित धर्म विशिष्ट नहीं होता तो वह पक्षाभास होता है। यह तीन प्रकार का होता है। (१) सिद्ध विशेषण, (२) बाधित विशेषण, (३) अप्रसिद्ध विशेषण। इन पक्षाभासों को पक्ष मानकर यदि प्रतिज्ञा वाक्य का प्रयोग किया जाय तो वह **प्रतिज्ञाभास** कहा जाता है। क्रम से उदाहरण—

१. **वह्निरुष्ण:**—इस प्रतिज्ञावाक्य में सिद्ध विशेषण दोष है।

२. **वह्निरनुष्ण:**—इस प्रतिज्ञावाक्य में बाधित विशेषण दोष है।

३. **क्षिति: सर्वज्ञकर्तृका**—इसमें अप्रसिद्ध विशेषण है। इस प्रकार प्रमाण बाध भी होता है। जैसे—

१. वह्निरनुष्ण: में प्रत्यक्षबाध।

२. मन: अनिन्द्रियम् अभूतात्मकत्वात् में अनुमान बाध।

३. याग: स्वर्गसाधनं न क्रियात्वात् गमनवत् में शाब्दबाध।

४. देवदत्तो बहिर्नास्ति तत्राविद्यमानत्वात् में अर्थापत्तिबाध।

५. वायु: रूपवान् द्रव्यत्वात् में अनुपलब्धिबाध है।

दृष्टान्ताभास—दृष्टान्त दो प्रकार का होता है। (१) **साधर्म्य** से जैसे 'यो धूमवान् सोऽग्निमान् यथा महानसम्' (२) **वैधर्म्य** से जैसे 'योऽग्निमान् न, असौ धूमवान् न, यथा जलम्। किन्तु साधर्म्य उदाहरणाभास चार प्रकार का होता है।

१. **साध्यहीन**—नित्यो ध्वनि: अकारणत्वात् प्रागभाववत् :

२. **साधनहीन**— ,, ,, ,, प्रध्वंसवत्।

३. **उभयहीन**— ,, ,, ,, घटवत्।

४. **आश्रयहीन**— ,, ,, ,, नरश्रृङ्गवत्।

वैधर्म्योदाहरणाभास भी चार प्रकारका होता है। जैसे—

१. साध्यव्यावृत्तः—यन्नित्यं न, तदकारणं न, यथा प्रध्वंसः।
२. साधनव्यावृत्तः— ,, ,, ,, प्रागभावः।
३. उभयव्यावृत्तः— ,, ,, ,, गगनम्।
४, आश्रयव्यावृत्तः— ,, ,, ,, नरशृङ्गम्।

उपमान खण्ड

उपमान प्रमाण को अनेक दार्शनिकों ने अनुमान अथवा शब्द में गतार्थ मानकर अलग प्रमाण नहीं माना है। किन्तु नैयायिकों ने प्रत्यक्ष, अनुमान तथा शब्दमिश्रित होने के कारण इसे अलग प्रमाण मान लिया है। क्योंकि वैलक्षण्य ही वस्तुभेद में कारण है।

शब्द खण्ड

जैसे प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान प्रमाण है वैसे ही शब्द भी प्रमाण है। यद्यपि शब्द तो अप्रामाणिक जन भी प्रतारणा आदि के लिए बोलता है अतः शब्द को प्रमाण मानना उचित नहीं प्रतीत होता तथापि आप्तवाक्य ही प्रमाण है। सबके लिए भिन्न-भिन्न आप्त होते हैं। किन्तु ईश्वर सबके लिए आप्त है। अतः उसका वचन वेद सर्वथा प्रमाण है। जो लोग ईश्वर नहीं मानते तथा वेद को मानवप्रणीत मानते हैं उनके मत में वेद-वाक्य प्रमाण नहीं माने जाते। अत एव वे लोग शब्द को प्रमाण नहीं मानते। किन्तु अविसंवादि प्रवृत्ति होने पर प्रामाण्य का अनुमान करते हैं।

इस प्रकार मुक्तावली के सामान्य विषयों का विवेचन हुआ, विशेष विवेचन तो ग्रन्थ में है ही। उसपर पुनः लिखना कोई नयी बात नहीं होगी।

इस संस्करण की विशेषता—

छात्रों को अनुमानखण्ड पढ़ते समय प्रत्यक्षखण्ड के कतिपय विषय स्मरण रखना आवश्यक होता है इसलिए विषयसूची और भूमिका के साथ-साथ परिशिष्ट में कारिका-सूची, नैयायिकों में प्रचलित कतिपय नियम और शाब्दबोध-

प्रकार की तत्तद्विभक्त्यर्थों के साथ जोड़ दिया है। इस प्रकार छात्रों की ज्ञानवृद्धि के लिए विषयों का समावेश एक आवश्यकता की पूर्ति ही है।

हर्ष का विषय है कि भगवान् आशुतोष की कृपा से न्यायसिद्धान्त-मुक्तावली के शेष भाग का भी हिन्दी अनुवाद पाठक के समक्ष प्रस्तुत हो रहा है इसके प्रकाशन में सोल्लास रुचि रखने वाले विश्वविख्यात चौखम्बा संस्कृत सीरीज के संचालक, जो संस्कृत विद्वानों के परिवार बन गये हैं मैं उस परिवार में संस्कृतसेवा की निष्ठा बनी रहने का आशीर्वाद देता हूँ।

अन्त में विद्वानों से निवेदन करता हुँ कि पद-पद पर स्खलिति सम्भावित हैं उनका सुधार करेंगे।

शिवरात्रि
२०२५ विक्रम

—रामगोविन्द शुक्ल

विषय-सूची

(अनुमानखण्डादि-गुणनिरूपणान्तो भागः)

विषय-सूची

(प्रत्यक्षखण्डान्तो भागः)

(प्रत्यक्षखण्ड पृथक् छपा है)

॥ श्रीः ॥

कारिकावली

'मयूख' 'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेता

(अनुमानखण्डम्)

व्यापारस्तु परामर्शः, करणं व्याप्तिधीर्भवेत् ॥ ६६ ॥
अनुमायां, ज्ञायमानं लिङ्गं तु करणं न हि ।
अनागतादिलिङ्गेन न स्यादनुमितिस्तदा ॥ ६७ ॥

व्यापार इति । तज्जन्यत्वे सति तज्जन्यजनकत्वं व्यापारत्वम् परामर्शो हि व्याप्तिज्ञानजन्यः व्याप्तिज्ञानजन्यानुमितिजनकश्चेत्ते भवति तस्य व्याप्तिज्ञानव्यापारत्वमिति ।

अनागतेनेति । तथा च इयं शाला भाविवह्निमती भाविधूमात्, इयं शाला अतीतवह्निमती अतीतधूमात् इति अनागतविनष्टाभ्यां लिङ्गाभ्यामनुमितिर्न स्यात् तदानीं लिङ्गस्य धूमस्याभावात् । मम तु धूमस्याभावेऽपि धूमज्ञानस्य सत्त्वान्न दोष इति भावः ॥ ६६–६७ ॥

अनुमान (व्याप्तिज्ञान) तो नेत्र आदि से उत्पन्न होती है । इसलिए अनुमानमें प्रत्यक्ष-प्रमाणका कार्यत्वरूप उपजीवकत्व और प्रत्यक्षमें कारणत्वरूप उपजीव्यत्वके रहनेसे उपजीव्योपजीवकभावरूपी संगतिको ध्यानमें रखकर प्रत्यक्षनिरूपणके बाद अनुमानका निरूपण करते हैं ।

(पर्वतो वह्निमान् इस प्रकारके) अनुमानमें तो परामर्श व्यापार और व्याप्तिज्ञान करण है । ज्ञायमानलिंग अनुमितिके प्रति करण नहीं होता । क्योंकि यदि उसे करण मान लिया जाय तो अतीत-लिंग और अनागत-लिंगसे अनुमिति नहीं हो सकेगी ।

(न्यायसिद्धान्तमुक्तावली)

अनुमितिं व्युत्पादयति । व्यापारस्त्विति । अनुमितौ व्याप्तिज्ञानं करणं, परामर्शो व्यापारः ।

तथा हि—येन पुरुषेण महानसादौ धूमे वह्नेर्व्याप्तिर्गृहीता, पश्चात् स एव पुरुषः क्वचित् पर्वतादावविच्छिन्नमूलां धूमरेखां पश्यति, तदनन्तरं 'धूमो वह्निव्याप्य' इत्येवंरूपं व्याप्तिस्मरणं तस्य भवति, पश्चाच्च व-

---

अनुमितिस्त्विति : अयं भावः द्विविधादपि परामर्शात् 'पक्षः साध्यवान्' इत्येवमाकारानुमितिस्वीकारे यदा व्याप्यप्रकारकपक्षविशेष्यकपरामर्शादनुमितिर्जाता तदा पक्षप्रकारकव्याप्यविशेष्यकः परामर्शो नास्ति यदा च पक्षप्रकारकव्याप्यविशेष्यकपरामर्शादनुमितिर्जाता तदा व्याप्यप्रकारकपक्षविशेष्यकः परामर्शो नास्तीति कारणाभावे कार्योत्पादरूपव्यतिरेकव्यभिचारसत्त्वात् कस्यापि परामर्शस्य कारणत्वं न स्यात् अतः 'पक्षो व्याप्यवान्' इत्याकारकपक्षविशेष्यकपरामर्शात् पक्षविशेष्यिका 'पक्षः साध्यवान्' इत्याकारिका, 'पक्षे व्याप्य' इति व्याप्यविशेष्यकपरामर्शात् साध्यविशेष्यिका 'पक्षे साध्यम्' इत्याकारिकाऽनुमितिः स्वीक्रियते । एवं च एकधर्मावच्छिन्नकार्यं प्रति यदानेकधर्मावच्छिन्नस्य कारणता तदा व्यतिरेकव्यभिचारः प्रकृते च साध्यप्रकारकपक्षविशेष्यकानुमितित्वावच्छिन्नं प्रति व्याप्यप्रकारकपक्षविशेष्यकपरामर्शत्वावच्छिन्नस्य; पक्षप्रकारकसाध्यविशेष्यकानुमितित्वावच्छिन्नं प्रति च पक्षप्रकारकव्याप्यविशेष्यकपरामर्शत्वावच्छिन्नस्य कारणतया एकधर्मावच्छिन्नकार्यं प्रति अनेकधर्मावच्छिन्नस्य कारणस्याभावान्न व्यतिरेकव्यभिचारः ।

एतदुक्तं भवति—'वह्निव्याप्यधूमवान् पर्वतः' इति परामर्शात् 'पर्वतो वह्निमान्' इत्याकारानुमितिः 'पर्वते वह्निव्याप्यो धूमः' इति परामर्शात् 'पर्वते वह्निः' इत्याकारानुमितिर्जायते इति ।

अनुमितिका व्याप्तिज्ञान करण है। व्यापारवान असाधारण कारणको करण कहते हैं। इसलिए अनुमितिमें परामर्श व्यापार है। "वह्निव्याप्यधूमवान् पर्वतः" इस प्रकारके ज्ञानको परामर्श कहते हैं। 'जो कारणसे जन्य हो और कारणसे जन्यका भी जनक हो उसे व्यापार' कहते हैं। परामर्श भी व्याप्तिज्ञानसे जन्य है और व्याप्तिज्ञानसे जन्य जं अनुमिति उसका जनक है। इसलिए अनुमितिमें परामर्श व्यापार है। जैसे जिस पुरुषने महानसमें (भोजनालयमें) धूममें "जहाँ-जहाँ धूम वहाँ-वहाँ अग्नि" इस प्रकारके साहचर्य दर्शनसे वह्निकी व्याप्ति "धूम वह्निका व्याप्य है" इस रूपमें समझ लिया। बादमें वहीं पुरुष कहीं पर्वत आदि (चत्वर, गोष्ठ, महानस) में अविच्छिन्नमूलवाली धूम रेखा देखकर

ह्निव्याप्यधूमवानयमिति ज्ञानम्, स एव परामर्श इत्युच्यते। तदनन्तरं पर्वतो वह्निमानित्यनुमितिर्जायते ।

अत्र प्राचीनास्तु व्याप्यत्वेन ज्ञायमानं लिङ्गमनुमितिकरणमिति वदन्ति, तद् दूषयति । ज्ञायमानमिति । लिङ्गस्याऽनुमित्यकरणत्वे युक्ति-

---

ननु परामर्शस्य व्याप्यप्रकारकपक्षविशेष्यकपक्षप्रकारकव्याप्यविशेष्यकान्यतरपरामर्शत्वेन पक्षःसाध्यवानित्याकारानुमितिं प्रति कारणतास्वीकारेण अन्यतरपरामर्शत्वावच्छिन्नकारणस्य सत्त्वान्न व्यतिरेकव्यभिचारः कारणतावच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताककारणाभावे कार्यतावच्छेदकावच्छिन्नकार्योत्पादस्यैव व्यतिरेकव्यभिचाररूपत्वादिति चेन्न—तद्भिन्नत्वे सति तद्भेदवान् यः तत्प्रतियोगिकभेदवत्त्वम् यथा घटभिन्नत्वे सति पटभेदवद् एतद्द्वयातिरिक्तं जगन्मात्रं तद्भिन्नत्वमेतद्द्वये इति इदमेव घटपटान्यतरत्वं नाम । एवं पक्षविशेष्यकपरामर्शभिन्नत्वे सति व्याप्यविशेष्यकपरामर्शभिन्नं एतद्द्वयातिरिक्तं जगन्मात्रं तद्भिन्नत्वं द्विविधपरामर्श इति इदमेव पक्षविशेष्यकव्याप्यविशेष्यकपरामर्शान्यतरत्वमिति। एवं चान्यतरत्वरूपकारणतावच्छेदककुक्षौ जगतः प्रवेशेन विशेष्यविशेषणभावव्यत्यासेन व्याप्यविशेष्यकपरामर्शभिन्नत्वे सति पक्षविशेष्यकपरामर्शभिन्नो यः तद्भिन्नत्वरूपस्य पक्षविशे-

---

उसके बाद "धूम वह्निका व्याप्य है" इस प्रकारका व्याप्तिका स्मरण करता है। उसके बाद "वह्निके व्याप्य धूमका आश्रय यह पर्वत है" यह ज्ञान होता है इसी ज्ञानको परामर्श कहते हैं। फिर 'पर्वतो वह्निमान्' यह अनुमिति होती है। (इस प्रकार 'व्याप्तिज्ञान ही अनुमान है यह सिद्ध होता है।')

यहाँ प्राचीनों (उदयनाचार्य) का मत है कि 'अनुमितिके प्रति व्याप्यत्वरूपसे ज्ञायमान लिंग (हेतु) ही करण है।' अर्थात् व्याप्यत्वप्रकारकज्ञानविशेष्य जो लिंग वह अनुमितिका करण है। किन्तु इनके मत में 'ज्ञायमानलिंग अनुमितिका करण है' जो ठीक नहीं है। कारण यह कि यदि अनुमितिमें ज्ञायमान लिंग करण होता तो अनागत-लिंग और

---

१. प्राचीनाः—उदयनाचार्याः । एतेषां मते ज्ञायमानं लिङ्गमनुमितिकरणम् । तथा चोक्तं—गुणकिरणावल्यामनुमाननिरूपणे 'एतेन परामृश्यमानं लिङ्गमनुमितिकरणमिति । व्याप्यत्वेनेति—व्याप्यत्वप्रकारकवर्तमानग्रहविषयीभूतम् ।

२. परामृश्यमानं लिंगमित्यर्थः । अप्रतिबाधके विशिष्टस्य कारणताग्राहकप्रमाणेन विशेषणस्यापि कारणताग्रहनियमात् । लिङ्गपरामर्शस्यैव परामृश्यमानलिङ्गस्यापि हेतुता। एकस्य हेतुत्वे विनिगमनाविरहात् । तत्र च व्यापाराभावात् लिङ्गपरामर्शस्य न कारणता किन्तु ज्ञायमानलिङ्गस्यैव । तथा चोक्तं किरणावल्यां 'लिङ्गस्यावान्तरव्यापारवत्त्वेन करणत्वमिति ।

माह्। अनागतादीति। यद्यनुमितौ लिङ्गं करणं स्यात्, तदाऽनागतेन लिङ्गेन, विनष्टेन चाऽनुमितिर्न स्यात्, अनुमितिकरणस्य तदानीमभावादिति ॥ ६६–६७ ॥

व्याप्यस्य पक्षवृत्तित्वधीः परामर्श उच्यते।

व्याप्यस्येति। व्याप्तिविशिष्टस्य पक्षेण सह वैशिष्ट्यावगाहिज्ञानमनुमितौ जनकं, तच्च 'पक्षे व्याप्य' इति ज्ञानं, 'पक्षो व्याप्यवान्' इति ज्ञानं वा, अनुमितिस्तु 'पक्षे व्याप्य' इति ज्ञानात् 'पक्षे साध्यम्' इत्याकारिका; 'पक्षो व्याप्यवान्' इति ज्ञानात् 'पक्षः साध्यवान्' इत्याकारिका।

ष्यकपरामर्शभिन्नत्वे सति व्याप्यविशेष्यकपरामर्शभिन्नो यः तत्प्रतियोगिकभेदवत्त्वरूपस्य च अन्यतरत्वस्य विनिगमनाविरहेण कारणतावच्छेदकत्वेन च गौरवेणाऽन्यतरत्वेन कारणतायाः स्वीकर्तुमयोग्यत्वादिति।

विनष्टलिंगसे जो अनुमिति होती है वह न होती। क्योंकि अनुमिति होनेके क्षणमें लिंग तो रहेगा नहीं। जैसे 'यह शाला भावी वह्निमती है क्योंकि भावीधूम है। यह शाला अतीत (विनष्ट) वह्निमती है क्योंकि अतीतधूम है' यह अनुमिति होती है ॥ ६६–६७ ॥

पक्षके सहित व्याप्तिविशिष्टका (हेतुका) जो वैशिष्ट्यावगाही अर्थात् वैशिष्ट्यविषयक जो 'संयोगेन वह्निव्याप्यधूमवान् पर्वतः यह ज्ञान वह परामर्श कहा जाता है। वही अनुमितिके प्रति करण है।

व्याप्तिविशिष्टका अर्थात् लिंग धूम आदिका जो पक्षमें (पर्वत आदिमें) वैशिष्ट्य (सम्बन्ध) का अवगाहन करनेवाला ज्ञान 'संयोगेन वह्निव्याप्यधूमवान् पर्वत' यह ज्ञान वही अनुमितिका जनक है। उसे ही परामर्श कहते हैं। वह ज्ञान विशेषणविशेष्यमें व्यत्यास होनेके कारण दो प्रकारका होता है। परामर्श ज्ञान 'व्याप्तिविशिष्टपक्ष वैशिष्ट्यावगाही' ज्ञान है। इसमें 'व्याप्तिविशिष्टपक्ष' इस अंशमें पक्षप्रकारक व्याप्तिविशिष्टविशेष्यक परामर्श मानने पर 'पक्षे व्याप्य' और व्याप्तिविशिष्टप्रकारक पक्षविशेष्यक परामर्श मानने पर 'पक्षः व्याप्यवान्' इस रूपमें ज्ञान होगा। अनुमिति तो 'पक्षे व्याप्यः' (पर्वते धूमः) इस ज्ञानसे 'पक्षे साध्यम्' (पर्वते वह्निः) इस रूपमें और पक्षो व्याप्यवान् (पर्वतः धूमवान्) इस ज्ञानसे पक्षः साध्यवान् (पर्वतो वह्निमान्) इस रूपमें होगी। यहाँ पर 'पक्षे व्याप्यः' का 'पर्वते वह्निव्याप्यो धूमः' में और 'पक्षः व्याप्यवान्' का 'पर्वतः वह्निव्याप्यधूमवान्' में तात्पर्य है। इस प्रकार भिन्न प्रकारके परामर्शोंसे भिन्न प्रकारकी अनुमिति लेनेसे 'एक धर्मिक कार्यके प्रति अनेक धर्मिककारणका होना' रूपी व्यतिरेक व्यभिचार भी नहीं हुआ।

द्विविधादपि परामर्शात् पक्षः साध्यवानित्थेवाऽनुमितिरित्यन्ये।

द्विविधादपीति। ननु द्विविधादपि परामर्शादेकविधानुमितिस्वीकारे व्यतिरेकव्यभिचार इति चेन्न—व्याप्यप्रकारकपक्षविशेष्यकपरामर्शाव्यवहितोत्तरक्षणजायमानपक्षः साध्यवानित्याकारकानुमितित्वावच्छिन्नं प्रति व्याप्यप्रकारकपक्षविशेष्यकपरामर्शस्य कारणता एवं पक्षप्रकारकव्याप्यविशेष्यकपरामर्शाव्यवहितोत्तरक्षणजायमान 'पक्षः साध्यवान्' इत्याकारकानुमितित्वावच्छिन्नं प्रति पक्षप्रकारकव्याप्यविशेष्यकपरामर्शस्य कारणता इति स्वीकारेण व्यतिरेकव्यभिचाराभावात्।

वस्तुतस्तु—एतदपेक्षयापि लाघवात् पक्षनिष्ठविषयतानिरूपितव्याप्यनिष्ठविषयताकपरामर्शत्वेन द्विविधपरामर्शस्य 'पक्षः साध्यवान्' इत्याकारानुमितिं प्रति कारणतास्वीकाराद् व्यतिरेकव्यभिचारवारणं बोध्यम्, द्विविधपरामर्शात् पक्षविशेष्यकसाध्यविशेष्यकानुमितिद्वयस्वीकारस्तु नोचितः अनुभवविरोधादिति भावः।

केचित्तु अनुभवानुरोधेन पक्षविशेष्यकादेव परामर्शादनुमितिर्जायते न तु व्याप्यविशेष्यकात्। अत एव वह्निव्याप्यधूमवांश्चायमित्याकारकः पक्षविशेष्यक एवोपनय इति वदन्ति।

मीमांसकः शङ्कते नन्विति।[1] इदं हि तेषां मतम् यन्महानसादौ वह्निसहचरितधूमदर्शनेन 'धूमो वह्निव्याप्य' इति व्याप्तिग्रहे जाते पश्चाद् 'पर्वतो धूमवान्' इति पक्षधर्मताज्ञानात् 'पर्वतो वह्निमान्' इत्यनुमितिर्जायते व्याप्त्यनुभवस्यानुमितिं प्रति कारणता तु संस्कारद्वारा। न च संस्कारजन्यत्वेन अनुमितेः स्मृतित्वापत्तिरिति

नवीन नैय्यायिक तो दोनों प्रकारके परामर्शसे 'पक्षः साध्यवान्' इसी प्रकारका अनुमान मानते हैं और व्यतिरेक व्यभिचार वारनेके लिए अव्यवहितोत्तरत्वका निवेश कर लिया करते हैं। जैसे 'व्याप्यप्रकारक पक्षविशेष्यक परामर्श के ठीक बादमें होने वाली 'पक्षः साध्यवान्' इस अनुमितिके प्रति व्याप्यप्रकारक पक्षविशेष्यक परामर्श कारण है। इसी प्रकार पक्षप्रकारक व्याप्यविशेष्यक परामर्शके ठीक बादमें होनेवाली 'पक्षः साध्यवान्' इस अनुमितिके प्रति पक्षप्रकारक व्याप्यविशेष्यक परामर्श कारण माननेसे व्यतिरेकव्यभिचार नहीं होता।

---

१ **मीमांसकों**का मत है कि महानसमें (पाकशालामें) वह्नि (अग्नि) और धूमका सहचार (साथ रहना) देखकर 'धूम वह्निका व्याप्य है' इस प्रकार व्याप्तिग्रह निश्चय हो गया। बादमें 'पर्वत धूमवाला है' इसप्रकारके पक्षधर्मताज्ञानके बाद ही "पर्वत वह्निवाला" यह अनुमिति होती है। इनके मतमें व्याप्तिका अनुभव संस्कार द्वारा अनुमितिके प्रति कारण है। **न्यायके** मतमें तो महानसमें वह्निके साथ रहनेवाले धूमको देखकर "धूम वह्निका व्याप्य" इसप्रकार का व्याप्त्यनुभव होता है। उसके बाद 'पर्वत धूमवाला' यह

ननु 'वह्निव्याप्यधूमवान् पर्वत' इति ज्ञानं विनाऽपि यत्र पर्वतो धूमवानिति प्रत्यक्षं, ततो 'वह्निव्याप्यो धूम' इति व्याप्तिस्मरणं, तत्र ज्ञानद्वयादेवाऽनुमितेर्दर्शनात् व्याप्तिविशिष्टवैशिष्ट्यावगाहिज्ञानं न सर्वत्र कारणं,

---

वाच्यम्। संस्कारजन्यत्वस्य संस्कारध्वंससाधारण्येन स्मृतित्वाप्रयोजकत्वादिति। न्यायमते तु महानसादौ वह्निसहचरितधूमदर्शनेन 'धूमो वह्निव्याप्य' इति व्याप्त्यनुभवः ततः 'पर्वतो धूमवान्' इति पक्षवृत्तिताज्ञानं ततः व्याप्तिस्मरणं ततः परामर्शः ततोऽनुमितिरिति।

व्याप्तिविशिष्टवैशिष्ट्यावगाहिज्ञानमिति। ज्ञानाकारश्च 'वह्निव्याप्यधूमवान् पर्वत' इत्येवंरूपः। वह्नेर्निरूपितत्वसम्बन्धेन व्याप्तौ तस्याश्च स्वरूपसम्बन्धेनाश्रये तस्य चाभेदेन धूमे तस्य च संयोगेन मतुबर्थाश्रये तस्य चाभेदेन पर्वतेऽन्वयः समानाधिकरणप्रकारताविशेष्यतयोरवच्छेद्यावच्छेदकभाव इत्येकं मतम् तयोरभेद इत्यपरं मतम्। आद्ये वह्नित्वावच्छिन्ननिरूपितत्वसम्बन्धावच्छिन्नप्रकारतानिरूपिता या व्याप्तित्वावच्छिन्ना विशेष्यता तादृशविशेष्यत्वावच्छिन्नस्वरूपसम्बन्धावच्छिन्नप्रकारतानिरूपिता या आश्रयत्वावच्छिन्ना विशेष्यता तादृशविशेष्यावच्छिन्नाभेदसम्बन्धावच्छिन्नप्रकारतानिरूपिता या धूमत्वावच्छिन्ना विशेष्यता तादृशविशेष्यत्वावच्छिन्नसंयोगसम्बन्धावच्छिन्नप्रकारतानिरूपिता या आश्रयत्वावच्छिन्नाभेदसम्बन्धावच्छिन्नप्रकारतानिरूपिता या पर्वतत्वावच्छिन्ना विशेष्यता तादृशविशेष्यताशाली बोधः।

मीमांसकोंका मत है कि 'वह्निव्याप्यधूमवाला पर्वत' इस ज्ञानके बिना भी जहां 'पर्वत धूमवाला' यह प्रत्यक्ष फिर 'वह्निव्याप्य धूम' यह व्याप्तिस्मरण है। वहाँ इन दो ज्ञानसे ही अनुमिति देखी गई है। अर्थात् अनुमिति उत्पन्न होती है। फिर व्याप्तिविशिष्टका वैशिष्ट्यावगाही ज्ञान (परामर्श) सर्वत्र कारण नहीं हो सकता। किन्तु 'वह्निव्याप्यधूम' इस स्मरणात्मकज्ञान में व्याप्यधूम व्याप्यतावच्छेदक=धूमत्व वह ही 'धूमवाला पर्वत' इस ज्ञानमें भी है। इसलिए व्याप्यताच्छेदक धूमत्व प्रकारक पक्षधर्मताविषयक 'धूमवाला पर्वत' इस ज्ञानको ज्ञानत्वरूपसे कारण मानना आवश्यक है। अर्थात् दोनों पक्षोंमें उपर्युक्त दोनों ज्ञान मानना अनिवार्य होनेसे दो ज्ञानों और अनुमितिके बीचमें व्याप्तिविशिष्ट

पक्षवृत्तिता ज्ञान। उसके बाद व्याप्तिस्मरण। उसके बाद 'वह्निका व्याप्यधूमवाला यह पर्वत' यह परामर्श। तब "पर्वत वह्निवाला" यह अनुमिति होती है। इसप्रकार मीमांसकोंके मतमें दो ज्ञानोंसे अनुमिति होती है। और न्यायमतमें परामर्श एक अधिक होकर तीन ज्ञान मानना पड़ता है।

किन्तु व्याप्यतावच्छेदकप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानत्वेन कारणत्वस्याऽऽवश्यकत्वात् तत्र विशिष्टज्ञानकल्पने गौरवाच्चेति चेन्न--

व्याप्यतावच्छेदकाज्ञानेऽपि वह्निव्याप्यवानिति ज्ञानादनुमित्युत्पत्तेः लाघवाच्च व्याप्तिप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानत्वेन हेतुत्वम्।

द्वितीये तु वह्नित्वावच्छिन्ननिरूपितत्वसम्बन्धावच्छिन्नप्रकारतानिरूपिता या व्याप्तित्वावच्छिन्ना विशेष्यता तादृशविशेष्यत्वाभिन्नस्वरूपसम्बन्धावच्छिन्नप्रकारतानिरूपिता या आश्रयत्वावच्छिन्ना विशेष्यता तादृशविशेष्यत्वाभिन्नाभेदसम्बन्धावच्छिन्नप्रकारतानिरूपिता या धूमत्वावच्छिन्ना विशेष्यता तादृशविशेष्यत्वाभिन्नसंयोगसम्बन्धावच्छिन्नप्रकारतानि रूपिता या आश्रयत्वावच्छिन्ना विशेष्यता तादृशविशेष्यत्वाभिन्नाभेदसम्बन्धावच्छिन्नप्रकारतानिरूपिता या पर्वतत्वावच्छिन्ना विशेष्यता तादृशविशेष्यताशाली बोधः।

व्याप्तिविशिष्टवैशिष्ट्यावगाहित्वेनेत्यस्य— व्याप्तिप्रकारतानिरूपितहेतुविशेष्यत्वावच्छिन्नप्रकारतानिरूपितपक्षविशेष्यताशालिनिश्चयत्वेनेति व्याप्तिप्रकारतानिरूपितहेतुप्रकारतानिरूपितपक्षविशेष्यताशालिनिश्चयत्वेनेति वार्थः। आद्यं तयोर्भेदमङ्गीकृत्यावच्छेद्यावच्छेदकभाववादिमताभिप्रायेण, द्वितीयं समानाधिकरणप्रकारताविशेष्यतयोरभेदवादिमताभिप्रायेणेति ध्येयम्।

अनुमित्युत्पत्तेरिति। अयं भावः, व्याप्यतावच्छेदकप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानस्या-

---

धूमवैशिष्ट्यावगाहिपरामर्शात्मकज्ञानकी कल्पना करना गौरव होगा ? किन्तु यह **मीमांसकोंका मत ठीक नहीं**। क्योंकि व्याप्यतावच्छेदकप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानको अनुमितिके प्रति कारण माननेसे जहाँ 'वह्नि व्याप्यवाला पर्वत' इतने ज्ञान से 'पर्वत वह्निवाला' यह अनुमिति होती है। वह नही होगी। क्योंकि यह 'वह्निव्याप्यवाला पर्वत' यह ज्ञान व्याप्यतावच्छेदकप्रकारक पक्षधर्मताक ज्ञान नहीं है।

यदि यहाँ अनुमितिरूप कार्य देखकर कारणका अनुमान करके उक्तस्थलमें 'धूमवाला पर्वत' इस निर्णयात्मक ज्ञानकी कल्पनासे व्यभिचार न होने की कल्पना की जाय तो भी ठीक नहीं। क्योंकि लाघव होनेके कारण व्याप्तिप्रकारक पक्षधर्मताज्ञानको ही कारण मानना चाहिए। यदि उक्त कारणमें नैयायिकको केवल एक अवच्छेदकता नहीं निवेश करना पड़ता तो मीमांसकोंको तो परामर्श नामक तीसरा ज्ञान ही नहीं मानना पड़ता। इसप्रकार दोनों मतोंमें समानता भी देना ठीक नहीं। क्योंकि जहाँ कालान्तरमें किसीको 'धूमवाला पर्वत' इसप्रकार पक्षधर्मतामात्र ज्ञान हो वहाँ पर भी व्याप्यतावच्छेदक धूमत्व प्रकारक पक्षधर्मताक ज्ञान होनेके कारण अनुमिति प्राप्त होगी। किन्तु केवल पक्षधर्मतामात्रके ज्ञान से अनुमिति होती नहीं है। अतः व्यभिचार वारने के लिए व्याप्ति प्रकारकपक्ष-

किं च 'धूमवान् पर्वत' इति ज्ञानादनुमित्यापत्तिः, व्याप्यतावच्छेदकीभूतधूमत्वप्रकारकस्य पक्षधर्मताज्ञानस्य सत्त्वात् ।

न च गृह्यमाणव्याप्यतावच्छेदकप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानस्य हेतुत्वान्न दोष इति वाच्यम् । चैत्रस्य व्यातिग्रहे मैत्रस्य पक्षधर्मताज्ञानादनुमित्यापत्तेः ।

यदि तत्पुरुषीयगृह्यमाणव्याप्यतावच्छेदकप्रकारकं तत्पुरुषीयपक्षधर्मताज्ञान तत्पुरुषीयानुमितौ हेतुरित्युच्यते, तदाऽनन्तकार्यकारणभावः ।

भावऽपि अनुमितिदर्शनेन व्यतिरेकव्यभिचारान्नानुमितौ व्याप्यतावच्छेदकप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानस्य कारणत्वसम्भव इति ।

ननु तत्रानुमितिरूपकार्यदर्शनेन कारणानुमानात् व्याप्यतावच्छेदकप्रकारकं 'पर्वतो धूमवान्' इति ज्ञानं कल्पनीयमिति न व्यभिचार इत्यत आह—लाघवाच्चेति- व्याप्यतावच्छेदकप्रकारकत्वापेक्षया व्याप्तिप्रकारकत्वस्य लघुत्वादित्यर्थः ।

ननु तवावच्छेदकलाघवं मीमांसकानां तु पूर्वोक्तकल्पनालाघवमित्युभयोः साम्यमित्यत आह—किंचेति ।

तत्पुरुषसमवेतज्ञानविषयीभूता या व्याप्यता तदवच्छेदकप्रकारकं पक्षधर्मताज्ञानं तत्पुरुषसमवेतानुमितौ हेतुः, इति कार्यकारणभावस्वरूपमिति भावः । न च तत्पुरुषसमवेतमेव भिन्नकालीनं व्याप्तिज्ञानं पक्षधर्मताज्ञानं चादायानुमितिप्रसङ्गः, मम तु भिन्नकालीनज्ञानाभ्यामनुमितिकरणीभूतस्य विशिष्टज्ञानस्यानुदयान्नायं दोष इति वाच्यम्, शानचा वर्तमानकालीनत्वस्य बोधनेन ग्रहे तत्कालीनत्वस्यापि लाभेनादोषात् ।

धर्मताज्ञानको ही कारण मानना चाहिए। 'धूमवाला पर्वत' यह ज्ञान व्याप्तिप्रकारक नहीं है किन्तु वह्निव्याप्यधूमवानयं पर्वतः' यह ज्ञान व्याप्तिप्रकारक होनेसे अनुमितिका कारण होता है ।

यदि मीमांसक व्याप्यतावच्छेदकीभूतधूमत्वप्रकारक पक्षधर्मताज्ञानके होने से धूमवान् पर्वत इस ज्ञानसे प्राप्त अनुमिति वारण के लिए कहें कि 'गृह्यमाण = ज्ञायमान व्याप्यतावच्छेदकधूमत्वप्रकारक पक्षधर्मता ज्ञानको कारण माननेसे व्यभिचार नहीं होगा। तो ठीक नहीं। क्योंकि चैत्रको 'धूमः वह्निव्याप्यः' व्याप्तिग्रह होनेपर और मैत्र को 'धूमवाला पर्वत' यह पक्षधर्मताज्ञान होने पर गृह्यमाणव्याप्यतावच्छेदकप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानरूप कारण होनेसे मैत्रको अनुमिति होने लगेगी ।

यदि मीमांसक कहें कि उस पुरुषमें होनेवाली अनुमितिके प्रति उस पुरुषके द्वारा ज्ञायमानव्याप्यतावच्छेदकप्रकारक ज्ञान और उसी पुरुषका पक्ष-धर्मताज्ञान ही कारण है तो भी ठीक नहीं। क्योंकि अनन्तपुरुष होनेके कारण अनन्त कार्य-कारण-भाव मानना पड़ेगा ।

मन्मते तु समवायसम्बन्धेन व्याप्तिप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानं समवायसम्बन्धेनाऽनुमितिं जनयतीति नाऽनन्तकार्यकारणभावः ।

यदि तु व्याप्तिप्रकारज्ञानं पक्षधर्मताज्ञानं च स्वतन्त्रं कारणमित्युच्यते—

तदा कार्यकारणभावद्वयं 'वह्निव्याप्यो धूम आलोकवांश्च पर्वत' इति

कार्यकारणभावद्वयमिति । ननु व्याप्तिप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानत्वेन पक्षधर्मताविषयकव्याप्तिप्रकारकज्ञानत्वेन वा हेतुतेत्यत्र विनिगमनाविरहेण हेतुताद्वयं तवापि।

न च व्याप्तिप्रकारकहेतुविशेष्यकनिश्चयत्वेन हेतुविशेष्यकव्याप्तिप्रकारकनिश्चयत्वेन व्याप्तिप्रकारकज्ञानस्य, व्याप्यतावच्छेदकप्रकारकपक्षविशेष्यकनिश्चयत्वेन पक्षविशेष्यकव्याप्यतावच्छेदकप्रकारकनिश्चयत्वेन पक्षधर्मताज्ञानस्य, कारणत्वेन

हमारे (नैयायिकके) मतमें तो समवाय सम्बन्धसे व्याप्तिप्रकारकपक्षधर्मता ज्ञान समवायसम्बन्धसे अनुमिति उत्पन्न करेगा। इसप्रकार अनन्त कार्यकारण भाव नहीं मानना पड़ता ।

यदि मीमांसक समवाय सम्बन्धसे अनुमतिके प्रति व्याप्तिप्रकारकज्ञानत्वेन 'धूम वह्निका व्याप्य' यह व्याप्तिप्रकारक ज्ञान और पक्षधर्मताविषयक निश्चयत्वेन 'धूमवाला पर्वत' यह पक्षधर्मताका ज्ञान पृथक्-पृथक् कारण मानते हैं तो यह भी ठीक नहीं। क्योंकि इसप्रकार मीमांसकोंको दो प्रकारका कार्यकारणभाव मानना पड़ेगा। जैसे **प्रथम** समवाय सम्बन्धसे अनुमतिके प्रति समवाय सन्बन्धसे व्याप्ति प्रकारक ज्ञान कारण है। और **दूसरा** समवाय सम्बन्धसे अनुमितिके प्रति पक्षधर्मताज्ञान कारण है। हमारे (नैयायिकके) मतमें तो समवाय सम्बन्धसे अनुमितिके प्रति समवाय सम्बन्धसे व्याप्तिप्रकरणपक्षधर्मताज्ञान कारण है इसप्रकारका एक ही कार्यकारणभाव मानना पड़ता है ।

यदि विशेषण विशेष्यभाव में इच्छा को ही नियामक मानते हैं तो नैय्यायिकों के मतमें भी 'व्याप्तिप्रकारक पक्षधर्मताज्ञान' अथवा 'पक्षधर्मताविशेष्यक व्याप्तिप्रकारक ज्ञान'को हेतु माननेसे दो हेतु तो मानने ही पड़ते हैं। यह कहा जाय तो ठीक, क्योंकि इसीप्रकार मीमांसकोंके मतमें भी 'व्याप्तिप्रकारक हेतुविशेष्यकनिश्चयरूपमें और हेतु विशेष्यक व्याप्ति प्रकारक निश्चयरूपमें व्याप्तिप्रकारक ज्ञानका। तथा व्याप्यतावच्छेदकप्रकारकपक्षविशेष्यक निश्चयरूपमें और पक्षविशेष्यकव्याप्यतावच्छेदक प्रकारक निश्चयरूपमें पक्षधर्मताज्ञानको कारण माननेसे चार कार्यकारणभाव होंगे। फिर भी नैयायिकों का लाघव तो है ही यह कहना ठीक नहीं। क्योंकि नैय्यायिकोंके मतमें व्याप्ति प्रकारता, हेतु प्रकारता और पक्षविशेष्यता इन तीनोंके विशेषणविशेष्यभावके व्यत्यासमें गौरव होगा। इसलिए **वह्निव्याप्यो धूम** इत्यादि ।

यदि मीमांसक दो स्वतन्त्र कारण मानते हैं तो 'वह्निव्याप्यधूम और आलोकवाला

ज्ञानादप्यनुमितिश्च स्यात् । इत्थं च यत्र ज्ञानद्वयं, तत्रापि विशिष्टज्ञानं कल्पनीयं, फलमुखगौरवस्यादोषत्वात् ।

मीमांसकस्य कार्यकारणभावचतुष्टयमिति, नैयायिकमते द्वयमेवेति तदपेक्षया लाघवमेवेति वाच्यम् । नैयायिकमते व्याप्तिप्रकारत्वहेतुप्रकारत्वपक्षविशेष्यतानां त्रयाणां विशेष्यविशेषणभावे विनिगमनाविरहेण गुरुभूतकार्यकारणभावत्रयसत्त्वेन मीमांसकापेक्षया गौरवात् । तथा हि—व्याप्तिप्रकारतानिरूपितहेतुप्रकारतानिरूपितपक्षविशेष्यताशालिनिश्चयत्वेन, पक्षविशेष्यतानिरूपितहेतुप्रकारतानिरूपितव्याप्तिप्रकारताशालिनिश्चयत्वेन, व्याप्तिप्रकारतानिरूपिता या पक्षविशेष्यतानिरूपिता हेतुप्रकारता तादृशप्रकारताशालिनिश्चयत्वेन, इति विनिगमनाविरहेण परामर्शकारणत्वमिति कार्यकारणभावत्रयमित्यपरितोषादाह—वह्निव्याप्यो धूम इति (पृ० ९)।

ननु व्याप्यतावच्छेदकानां धूमत्वादीनां कारणतावच्छेदककुक्षौ निवेशेन नायं दोष, इति चेन्न—'वह्निव्याप्यधूमवान्पर्वतः' 'वह्निव्याप्यालोकवान् पर्वतः', 'वह्निव्याप्यवान्पर्वतः' इति ज्ञानत्रयसाधारणकारणत्वानुरोधेन वह्न्यभाववन्निरूपितवृत्तित्वाभावप्रकारतानिरूपितपक्षविशेष्यताशालिनिश्चयत्वेन कारणतायास्तार्किकैः स्वीकारेण हेतुतावच्छेदकभेदेन कारणभेदाभावेन लाघवात् । मीमांसकस्य तु-व्याप्यतावच्छेदकधूमत्वादीनां निवेशे व्याप्यतावच्छेदकभेदेनानेककार्यकारणभावोत्पत्तेरेव दोषत्वादिति ।

ननु ज्ञानद्वयस्थले विशिष्टज्ञानकल्पने कल्पनागौरवं तार्किकाणामित्यत आह—इत्थं चेति ।

फलमुखेति । फलं कार्यकारणभावग्रहस्तन्मुखं तदधीनं गौरवं गौरवज्ञानमित्यर्थः । कार्यकारणभावग्रहोत्तरमुत्पन्नस्य गौरवज्ञानस्य कारणतानिश्चयप्रतिबन्धकत्वासम्भव इति भावः । एतदुक्तं भवति गौरवं नाम कार्यलिङ्गकानुमानातिरिक्तप्रमाणासिद्धतत्तदनुमित्यव्यवहितपूर्ववर्तिस्वाश्रयकत्वम् । स्वं गौरवम् । अनुमित्य-

---

पर्वत' इस ज्ञानसे भी अनुमिति होने लगेगी । क्योंकि 'वह्नि व्याप्य धूम' यह व्याप्तिप्रकारक ज्ञान और 'आलोकवान् पर्वत' यह पक्षधर्मता ज्ञान तो वर्तमान ही है ।

इस प्रकार जब 'वह्नि व्याप्यधूम' और 'धूमवान् पर्वत' ऐसे दो ज्ञान हों तब भी विशिष्ट ज्ञान की कल्पना करनी ही चाहिए । इसीलिए "वह्निव्याप्यधूमवाला यह पर्वत" इस प्रकार का उपनय का प्रयोग होता है ; न कि 'वह्निव्याप्य धूम और धूमवाला यह पर्वत' इस प्रकारका । अतः नैयायिकके मतमें विशिष्ट ज्ञान कल्पनामें गौरव होते हुए भी कार्यकारण भावग्रहरूपी फल के अनुकूल गौरवके रहने से कोई दोष नहीं होता । अर्थात् कार्यकारण भावग्रहके अनन्तर उत्पन्न गौरव ज्ञान कारणता निश्चयका प्रतिबन्धक नहीं हो सकता ।

व्याप्यो नाम व्याप्त्याश्रयः, तत्र व्याप्तिः केत्यत आह—व्याप्तिरिति ।

व्याप्तिः साध्यवदन्यस्मिन्नसम्बन्ध उदाहृतः ॥ ६८ ॥

वह्निमान् धूमादित्यादौ साध्यो वह्निः, साध्यवान् महानसादिः, तदन्यो जलह्रदादिः, तदवृत्तित्वं धूमस्येति लक्षणसमन्वयः । धूमवान् वह्नेरित्यादौ साध्यवदन्यस्मिंस्तप्तायःपिण्डादौ वह्नेः सत्त्वान्नाऽतिव्याप्तिः ।

अव्यवहितपूर्ववर्ती स्वाश्रयः परामर्शः तद्वृत्तित्वं गौरवे । स्वाश्रयकत्वमित्यस्य स्वाश्रयवृत्तित्वमर्थः । विशिष्टज्ञानत्वेन कारणतानिश्चये सति कार्यलिङ्गेन तत्तदनुमित्यव्यवहितपूर्ववर्तिपरामर्शनिश्चयः, ततः तादृशगौरवज्ञानमिति ।

परामर्शनिरूपणान्तरं व्याप्तिनिरूपणे उपोद्घातसङ्गतिं दर्शयति—व्याप्यो नामेति । उपपाद्योपपादकभावः उपोद्घातः । सङ्गतिश्च षोढा-'सप्रसङ्ग उपोद्घातो हेतुतावसरस्तथा । निर्वाहकैककार्यत्वे षोढा सङ्गतिरिष्यते' इत्यभियुक्तोक्तेः । तत्रेति । घटकत्वं सप्तम्यर्थः । एवं च व्याप्यघटकीभूता व्याप्तिः केत्यर्थः । घटकत्वं स्वाविषयकप्रतीत्यविषयत्वम् ।

साध्यवदन्यस्मिन्निति । साध्यवत्पदं लक्षणया साध्यवत्प्रतियोगिकपरं तस्य चाभेदसम्बन्धेन अन्यपदार्थैकदेशे भेदेऽन्वयः, न तु साध्यवत्पदार्थस्य प्रतियोगिता सम्बन्धेन भेदे नामार्थयोरभेदसम्बन्धेनान्वयस्याव्युत्पन्नत्वात् भेदवतश्च सप्तम्यर्थनिरूपितत्वसम्बन्धेन वृत्तित्वरूपे सम्बन्धपदार्थे तस्य च प्रतियोगितासम्बन्धे-

---

'व्याप्यस्य पक्षवृत्तित्वधीः परामर्शः' इस पूर्वकारिकामें व्याप्य पदके द्वारा परामर्शका लक्षण बताकर व्याप्ति निरूपण करनेके पूर्व उपोद्घातरूप संगतिका प्रदर्शन करते हैं व्याप्यो नाम ।

व्याप्तिके आश्रयको व्याप्य कहते हैं । यहाँ व्याप्ति क्या वस्तु है इसके उत्तर में कहते हैं कि व्याप्तिरिति ।

साध्यके अधिकरणसे अन्यमें हेतुके असम्बन्धको व्याप्ति कहते हैं ।

'वह्निमान् धूमात्' इत्यादि स्थलमें साध्य = वह्नि (अग्नि) साध्यवान् = साध्यका अधिकरण (आश्रय) महानस आदि (पर्वत, चत्वर, गोष्ठ और तपाया हुआ लोहा) इनसे अन्य जल और ह्रद आदि (जहाँ अग्नि नहीं रह सकता) । उनमें धूम रूपी हेतुका असम्बन्ध = अवृत्तित्व (न रहना) होने से लक्षण समन्वय हो गया । 'धूमवान् वह्नेः' इस स्थलमें साध्य = धूम, साध्यवान् = महानस, पर्वत, चत्वर और गोष्ठ । तपाये हुए लोहेमें धूम नहीं रहता अतः साध्यवान् से अन्य तपाये लोहमें हेतु वह्निकी अवृत्तिता नहीं है किन्तु उसमें वह्नि रहता है इस अनुचित स्थल में लक्षण न जाने से अतिव्याप्ति नहीं हुई ।

अत्र येन सम्बन्धेन साध्यं, तेनैव सम्बन्धेन साध्यवान् बोध्यः, अन्यथा समवायसम्बन्धेन वह्निमान् वह्नेरवयवः, तदन्यो महानसादिः, तत्र धूमस्य विद्यमानत्वादव्याप्तिप्रसङ्गात् ।

साध्यवदन्यश्च साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकभेदवान् बोध्यः, तेन यत्किञ्चिद्वह्निमतो महानसादेर्भिन्ने पर्वतादौ धूमस्य सत्त्वेऽपि न क्षतिः ।

नाभावे । एवं च साध्यवत्प्रतियोगिकभेदवान्निरूपितवृत्तित्वाभावो व्याप्तिरिति तदर्थः ।

अत्र येन सम्बन्धेनेति । अयं भावः साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना या साध्यनिष्ठाऽवच्छेदकता तन्निरूपितावच्छेद्यतावती या प्रतियोगिता तन्निरूपकभेदवन्निरूपितवृत्तित्वाभावो व्याप्तिरित्यर्थः । एवं च समवायेन इति प्रतीतिसाक्षिकभेदीयप्रतियोगितावच्छेदकता वह्निनिष्ठा सा च न साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना या च साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना संयोगेन वह्निमान्नेति भेदीया प्रतियोगितावच्छेदकता तन्निरूपकप्रतियोगिकताकभेदश्च न पर्वत इति नाव्याप्तिरिति ।

साध्यवत्त्वावच्छिन्नेति । अयं भावः। साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना साध्यता-

---

(प्रत्यक्ष खण्डमें यह बताया जा चुका है कि जो वस्तु किसी स्थान पर रहता है वह किसी सम्बन्धसे रहता है। अनुमिति करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि हम किस स्थान पर किस सम्बन्धसे किस वस्तुकी सिद्धि चाहते हैं।) यहाँ इस व्याप्ति के लक्षणमें भी जिस सम्बन्धसे साध्यको साधना है उसी सम्बन्धसे साध्यवान् भी होना चाहिए। यदि इस प्रकारकी व्यवस्था न की जाय तो 'वह्निमान् धूमात्' इस स्थलमें (महानसमें संयोग सम्बन्ध से वह्नि साध्य है और संयोग सम्बन्धसे ही धूम हेतु है।) समवायसम्बन्धसे वह्निमान् वह्निका अवयव (क्योंकि अवयव में अवयवी समवाय सम्बन्धसे रहता है।) उससे अन्य महानस भी है। उसमें हेतु धूमकी वृत्तिता है अवृत्तिता नहीं है। अतः इस स्थलमें लक्षण समन्वय नहीं होगा। सम्बन्धका नियम कर देनेसे तो 'संयोग-सम्बन्धसे वह्निमान् न' यह भेद महानसमें नहीं रहेगा क्योंकि वहाँ संयोग से वह्नि है किन्तु यह भेद जलह्रद में रहेगा वहाँ धूमरूप हेतु के न रहनेसे अव्याप्ति नहीं होगी।

और साध्यवानसे अन्य भी सकल साध्यके अधिकरण में रहनेवाला जो 'साध्यवत्त्व' रूप धर्मसे अवच्छिन्न प्रतियोगिताक 'साध्यवान्न' इस भेदका आश्रय समझना चाहिए। जिससे 'वह्निमान् धूमात्' इस स्थलमें जिस किसी वह्निके अधिकरण महानस आदिसे भिन्न पर्वत आदिमें धूमके रहने परभी कोई क्षति नहीं है। क्योंकि संयोग सम्बन्धसे साध्यवान्न (वह्निमान् न)। इस प्रकार का भेद पर्वतमें रह सकता नहीं किन्तु उस भेदका आश्रय ह्रद ही होगा उसमें धूमके न रहनेसे लक्षण समन्वय होता है।

येन सम्बन्धेन हेतुता तेनैव सम्बन्धेन साध्यवदन्यवृत्तित्वं बोध्यं, तेन साध्यवदन्यस्मिन् धूमावयवे धूमस्य समवायसम्बन्धेन सत्त्वेपि न क्षतिः।

साध्यवदन्यावृत्तित्वं च साध्यवदन्यवृत्तित्वत्वावच्छिन्नप्रतियोगिता-

---

वच्छेदकमात्रा[1]वच्छिन्ना या साध्यनिष्ठावच्छेदकता तन्निरूपितावच्छेद्यतावती या प्रतियोगिता तन्निरूपकभेदवन्निरूपितवृत्तित्वाभावो व्याप्तिरित्यर्थः ।

अयं भावः–पर्वतः संयोगेन महानसीयवह्निमान्नेति भेदीयप्रयोगितावच्छेदकता न साध्यतावच्छेदकमात्रावच्छिन्ना इति तादृशो भेदो धर्तुं न शक्यते यश्च तादृशः संयोगेन वह्निमान्नेति प्रतीतिसाक्षिकः स च न पर्वते इति नाव्याप्तिः।

येन सम्बन्धेन हेतुनेति । अयं भावः–साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना साध्यतावच्छेदकमात्रावच्छिन्ना या साध्यनिष्ठावच्छेदकता तन्निरूपितावच्छेद्यतावती या प्रतियोगिता तन्निरूपकभेदवन्निरूपिता या हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना वृत्तिता तदभावो व्याप्तिरित्यर्थः। एवं च संयोगेन वह्निमान्नेति प्रतीतिसाक्षिभेदवद्धूमावयवनिरूपिता समवायसम्बन्धावच्छिन्ना वृत्तिता यद्यपि धूमे वर्तते तथापि साध्यवद्भिन्ननिरूपितहेतुतावच्छेदकसंयोगसम्बन्धावच्छिन्नवृत्तिताया अभावो वर्तत एवेति नाव्याप्तिः।

साध्यवदन्यवृत्तित्वत्वावच्छिन्नेति । अयं भावः–साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना साध्यतावच्छेदकमात्रावच्छिन्ना या साध्यनिष्ठाऽवच्छेदकता तन्निरूपितावच्छेद्यतावती प्रतियोगिता तन्निरूपितहेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नवृत्तितात्वनिष्ठावच्छेदकताकप्रतियोगिताकाभावो व्याप्तिः। एवं च धूमवान् वह्नेरित्यत्र धूमवदन्यजलनिरूपितवृत्तित्वं वह्नौ नास्तीति प्रतीतिसाक्षिकाभावीया प्रतियोगिता वृत्तितात्वावच्छिन्ना यथा वर्तते तथा निरूपितत्वसम्बन्धेन जलावच्छिन्नाऽपि वर्तते इति तादृशा-

---

इसी प्रकार जिस सम्बन्धसे हेतुका पक्षमें ज्ञान अनुमितिका कारण हो उसी सम्बन्धसे 'साध्यवदन्यवृत्तित्व' भी समझना चाहिए। जिससे 'वह्निमान् धूमात्' इत्यादि स्थलोंमें संयोग-सम्बन्धसे साध्य वह्निके अधिकरण पर्वतसे अन्य धूमावयवमें समवाय सम्बन्धसे धूमके रहने पर भी कोई क्षति नहीं हुई। क्योंकि पर्वत रूप पक्षमें धूमका संयोग सम्बन्धसे ज्ञान अनुमितिका कारण है समवाय सम्बन्धसे नहीं। इसलिए उसी संयोग सम्बन्ध से धूमावयवमें धूम की वृत्तिता न होनेसे लक्षणका समन्वय होता है।

इसी प्रकार साध्यवदन्यमें अवृत्तिता (वृत्तित्वाभाव) भी साध्यवदन्य वृत्तितात्वावच्छिन्न प्रतियोगिताक अभाव समझना चाहिए। जिससे 'धूमवान् वह्नेः' इस असद्धेतु स्थलमें साध्य = धूमके अधिकरण = पर्वत आदिसे अन्य = जलह्रद आदि में वह्निरूप हेतुके

---

१. 'वह्निमद् घट एतदुभयन्नास्तीत्युभयाभावमादायाव्याप्तिवारणाय 'मात्र' पदम् ।

काभावः, तेन धूमवान् वह्नेरित्यत्र साध्यवदन्यजलह्रदादिवृत्तित्वाभावेऽपि नाऽतिव्याप्तिः।

अत्र यद्यपि द्रव्यं गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वादित्यादौ विशिष्टसत्तायाः शुद्धसत्तायाश्चैक्यात् साध्यवदन्यस्मिन् गुणादाववृत्तित्वं नाऽस्ति, तथाऽपि हेतुतावच्छेदकरूपेणाऽवृत्तित्वं वाच्यं, हेतुतावच्छेदकं तादृशवृत्तितानवच्छेदकमिति फलितोऽर्थः॥ ६८॥

भावो धर्तुं न शक्यते किन्तु धूमवदन्यनिरूपितवृत्तित्वं नास्तीति एवंस्वरूपः स च न वह्नौ इति नातिव्याप्तिः। वृत्तितात्वनिष्ठावच्छेदकताकप्रतियोगिताकेत्यस्य वृत्तितात्वनिष्ठावच्छेदकताभिन्ना या अवच्छेदकता तदनिरूपिका सती वृत्तितात्वनिष्ठावच्छेदकता निरूपिका या प्रतियोगिता तन्निरूपिकेत्यर्थः इति भावः।

हेतुतावच्छेदकमिति। साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना साध्यतावच्छेदकमात्रावच्छिन्ना या साध्यनिष्ठाऽवच्छेदकता तन्निरूपितावच्छेद्यतावती या प्रतियोगिता तन्निरूपकभेदवन्निरूपिता या. हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना वृत्तिता तदनवच्छेदकं यद्धेतुतावच्छेदकं तद्वत्त्वं व्याप्तिरिति लक्षणं पर्यवसन्नम्॥ ६८॥

न रहने पर भी अतिव्याप्ति नहीं होती। क्योंकि 'संयोगेन धूमवान्न' इस अभाव की वृत्तिता जैसे जलह्रदमें है वैसे अयोगोलक (तपाये हुए लोह) में भी है। अयोगोलकमें अग्निके रहनेसे वह्निमें साध्यवदन्यावृत्तित्व न ही है किन्तु वृत्तिता ही है। अतः अतिव्याप्ति दोष नहीं है।

यद्यपि इस लक्षण में भी 'घटः. द्रव्यं = द्रव्यत्ववान्, गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्त्वात्' इत्यादि सद्धेतुस्थलमें **'विशिष्टं शुद्धान्नातिरिच्यते'** इस न्यायके आधार पर द्रव्य, गुण और कर्ममें रहनेवाली सत्ता जाति तथा केवल द्रव्यमें रहनेवाली गुण-कर्मान्यत्वविशिष्ट-सत्ताजातिके एक होनेके कारण साध्य = द्रव्यत्वके अधिकरण = द्रव्य से अन्य = गुण आदिमें गुणकर्मान्यत्व विशिष्ट सत्ताकी अवृत्तिताके न रहनेसे अर्थात् वृत्ति होनेके कारण अव्याप्ति होती है। तथापि इस अव्याप्तिके वारनेके लिए हेतुकी अवृत्तिता (न रहना) हेतुतावच्छेदकरूपसे कहना चाहिए। अर्थात् विशिष्टसत्तात्वावच्छिन्न वृत्तित्वका अभाव कहेंगे। तात्पर्य यह कि हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना जो वृत्तिता उस वृत्तिताका अवच्छेदक जो हेतुतावच्छेदकसे विशिष्ट हेतु होना ही व्याप्ति है।

क्योंकि 'द्रव्यत्ववान्, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्वात्' इस स्थलमें साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध = समवायसम्बन्धसे अवच्छिन्न जो साध्य = द्रव्यत्व उसमें वृत्ति जो अवच्छेदकता उससे निरूपिता जो अवच्छेद्यतावती प्रतियोगिता तन्निरूपक जो भेद = 'द्रव्यत्ववान् न' इत्याकारक भेदका अधिकरणगुण निरूपिता जो हेतुतावच्छेदकसम्बन्ध समवायसम्बन्धसे अनवच्छिन्ना

ननु केवलान्वयिनि ज्ञेयत्वादौ साध्ये साध्यवदन्यस्याऽप्रसिद्धत्वादव्याप्तिः, किञ्च सत्तावान् जातेरित्यादौ साध्यवदन्यस्मिन् सामान्यादौ हेतुतावच्छेदकसम्बन्धेन समवायेन वृत्तेरप्रसिद्धत्वादव्याप्तिश्चात आह—

अथ वा हेतुमन्निष्ठविरहाप्रतियोगिना।
साध्येन हेतोरैकाधिकरण्यं व्याप्तिरुच्यते॥ ६९॥

अथवेत्यादिलक्षणमवतारयितुमाद्यलक्षणे दोषमाह—नन्विति। अयं भावः, इदं ज्ञेयं वाच्यत्वादित्यादौ ज्ञेयत्वरूपसाध्यवद्भेदस्याप्रसिद्ध्याऽव्याप्तिः। एवं सत्तावान् जातेरित्यत्र सत्तावदन्यसामान्यादिनिरूपितहेतुतावच्छेदकसमवायसम्बन्धावच्छिन्नवृत्तित्वाप्रसिद्ध्या तदभावाप्रसिद्ध्याऽव्याप्तिरिति।

ननु भेदप्रतियोगितानवच्छेदकत्वरूपकेवलान्वयित्वनिश्चयकाले पक्षताघटकसंशयाभावान्नानुमितिः तच्छून्यकाले च भ्रमात्मकव्याप्तिज्ञानादेवानुमितिः सिषाधयिषाविरहविशिष्टसिद्ध्यभावरूपपक्षतात्वोपगमेऽपि मीमांसकमते केवलान्वयिसाध्यकानुमित्यनङ्गीकारान्नेदं दूषणमित्यरुचेराह—किञ्चेति।

जो सत्ता, गुणत्व और कर्मत्वनिष्ठा वृत्तिताका अवच्छेदक सत्तात्व, गुणत्वत्व, कर्मत्वत्वादि अनवच्छेदक जो गुणकर्मभेद, सत्तात्व यह दोनों हेतुतावच्छेदक हुए तद्वान् गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ताके होनेसे अव्याप्ति नहीं हुई॥ ६८॥

अस्तु, इस प्रकार व्याप्ति लक्षणकी केवलान्वयि ज्ञेयत्व आदिके साध्य होने पर साध्यवत्से अन्य अप्रसिद्ध होगा और अव्याप्ति रह जायगी। जिसका अत्यन्ताभाव न हो वह केवलान्वयी है। जैसे 'इदं ज्ञेयं वाच्यत्वात्' इस स्थलमें साध्य ज्ञेयत्व केवलान्वयी है। क्योंकि 'ज्ञेयत्वाभाव' कहीं भी मिलता नहीं अतः ज्ञेयत्वके अत्यन्ताभाव न होनेसे केवलान्वयी साध्य हुआ। यहाँ पूर्वोक्त व्याप्ति लक्षण नहीं घटेगा। क्योंकि साध्य = ज्ञेयत्व साध्यवान् = घट आदि सकलपदार्थ उससे अन्य = कोई वस्तु है ही नहीं अतः अन्यकी अप्रसिद्धि होनेसे लक्षण नहीं गया और अव्याप्ति हो गई। यदि मीमांसकोंके मतमें केवलान्वयि साध्यक अनुमिति नहीं होती। अतः उनके लक्षणमें ऐसा दोष देना उचित नहीं समझते तो, सुनिए, 'सत्तावान् जातेः' अर्थात् घट सत्तावाला है क्योंकि उसमें जाति है' इस अनुमानमें साध्य = सत्ता साध्यवान् = घट उससे अन्य = सामान्य आदिमें हेतुतावच्छेदक समवायसम्बन्धसे हेतु जातिकी वृत्तिता अप्रसिद्ध होनेसे अप्रसिद्धिरूपा अव्याप्ति होगी। इसलिए व्याप्तिका सिद्धान्तलक्षण कहते हैं। अथवा।

हेतुके अधिकरणमें वृत्ति = रहने वाले विरह = अभावका अप्रतियोगी जो साध्य उसके साथ हेतुका एक अधिकरण (स्थान) में रहनेको व्याप्ति कहते हैं॥ ६९॥

अथवेति। हेतुमति निष्ठा—वृत्तिर्यस्य स तथा विरहः-अभावः, तथा च हेत्वधिकरणवृत्तिर्योऽभावस्तदप्रतियोगिना साध्येन सह हेतो सामानाधिकरण्यं व्याप्तिरुच्यते।

अत्र यद्यपि वह्निमान् धूमादित्यादौ हेत्वधिकरणपर्वतादिवृत्त्यभावप्रतियोगित्वं तत्तद्वह्न्यादेरस्तीत्यव्याप्तिः।

हेतुमदिति हेतुनिष्ठ हेत्वधिकरणनिष्ठात्यन्ताभावाप्रतियोगिसाध्यसामानाधिकरण्यं व्याप्तिः। पर्वतो वह्निमान्धूमादित्यत्र हेतुर्धूमस्तदधिकरणं पर्वतस्तन्निष्ठोऽत्यन्ताभावः घटो नास्तीति प्रतीतिसाक्षिकस्तत्प्रतियोगी घटः, अप्रतियोगी वह्निः स एव साध्यः तेन सामानाधिकरण्यं धूमे इति लक्षणसमन्वयः।

अत्रेति। वह्निमान् धूमादित्यत्र हेतुर्धूमस्तदधिकरणं पर्वतस्तन्निष्ठोऽत्यन्ताभावः महानसीयवह्निर्नास्तीति प्रतीतिसाक्षिकः एवं हेत्वधिकरणे महानसे पर्वतीयवह्निर्नास्तीति प्रतीतिसाक्षिकः तत्प्रतियोगी चालनीन्यायेन महानसीयवह्न्यादिरप्रतियोगी न कोऽपि वह्निरित्यव्याप्तिः।

तत्तद्वह्न्यादेरपीति। वह्निमान् धूमादित्यत्र हेत्वधिकरणे पर्वते पर्वतीयवह्निघटोभयं नास्तीति प्रतीतिसाक्षिकपर्वतीयवह्निघटोभयाभावस्य सत्त्वात् तत्प्रतियोगी पर्वतीयवह्निरिति समानाधिकरणवह्निधूमयोरेव व्याप्तिरित्युक्तावपि न निस्तार इति भावः। इदमुपलक्षणम्। विशिष्टाभावमादायाव्याप्तिरित्यपि बोध्यम्।

हेतुके अधिकरणमें निष्ठा = वृत्ति जिसका इस प्रकारका जो अभाव। इस प्रकार हेतुके अधिकरणमें रहनेवाला जो अभाव उसका अप्रतियोगी जो साध्य उसके साथ हेतुके समानाधिकरण = एक अधिकरणमें रहनेको व्याप्ति कहते हैं। (जैसे 'पर्वतो वह्निमान् धूमात,' इस स्थलमें हेतु = धूमके अधिकरण पर्वतमें रहनेवाला जो घटाभाव उसका प्रतियोगी घट अप्रतियोगी साध्य वह्निका धूमके साथ पर्वतरूप एक स्थान पर रहनेके कारण व्याप्ति लक्षणका समन्वय हुआ।) और 'धूमवान् वह्नेः' इस स्थलमें हेतु = वह्निके अधिकरण अयोगोलगमें वृत्ति जो धूमाभाव उसका प्रतियोगी धूम वह ही साध्य है। साध्य इस अभावका अप्रतियोगी नहीं हुआ। अतः अतिव्याप्ति भी नहीं हुई।

यद्यपि इस प्रकारके व्याप्ति लक्षण मानने पर 'वह्निमान् धूमात्' आदि स्थलोंमें अव्याप्ति होगी। जैसे हेतु = वह्निके अधिकरण पर्वतमें वर्तमान जो 'महानसीय वह्न्याभाव' इसी प्रकार हेत्वधिकरण महानसमें 'पर्वतीय वह्न्यभाव' उसका प्रतियोगी चालनीन्यायसे 'महानसीयवह्नि' आदि होंगे अप्रतियोगी कोई वह्नि होगा नहीं अतः अव्याप्ति हो सकती है। यदि इस अव्याप्तिके वारणके लिए **'तद्हेत्वधिकरणवृत्त्यभावाप्रतियोगि तत् साध्यसामानाधिकरण्यं व्याप्तिः'** इसप्रकार विशेष व्याप्ति स्वीकार की जाय और हेतु = पर्वतीय-

न च समानाधिकरणवह्निधूमयोरेव व्याप्तिरिति वाच्यम्। तत्तद्वह्न्यादेरप्युभयाभावसत्त्वात्, एकसत्त्वेऽपि द्वयं नाऽस्तीति प्रतीतेः। गुणवान्

न च वैशिष्ट्यव्यासज्यवृत्तिधर्मानवच्छिन्नप्रतियोगिताकत्वेनाभावविशेषणान्नायं दोष इत्यरुचेराह—गुणवानिति। अत्र हेतोरेकव्यक्तितया समानाधिकरणयोरेव व्याप्तिरित्युक्तावपि न निस्तारः। तथा हि गुणवान् द्रव्यत्वादित्यत्र द्रव्यत्वाधिकरणे जले गन्धो नास्ति हेत्वधिकरणे पृथिव्यां स्नेहो नास्ति तादृशे वायौ रूपं नास्तीति चालनीन्यायेन तत्तद्गुणानामभावसत्त्वात् प्रतियोगित्वमेव तत्तत्साध्ये इत्यव्याप्त्या सामानाधिकरण्योरेव व्याप्तिरित्यभ्युपगन्तुमशक्यमिति भावः।

धूमका अधिकरण पर्वत वृत्ति जो घटाभाव या महानसीयवह्न्यभावादि उनका प्रतियोगी घट या महानसीयवह्नि आदि उनका अप्रतियोगी पर्वतीयवह्नि उसके साथ पर्वतीय धूमका पर्वतमें एकाधिकरण होनेसे लक्षण समन्वय होता है यह कहा जाय, तब भी **'एकके होने पर भी दो नहीं हैं'** इस प्रतीतिके आधार पर 'वह्निमान् धूमात्' इसी स्थलमें उन-उन वह्नियों का उभयाभाव रहनेसे अव्याप्ति होगी। जैसे हेतु = पर्वतीयधूमके अधिकरणी पर्वतमें वर्तमान जो 'पर्वतीय वह्निजलोभयाभाव' उसका प्रतियोगी वह्नि होगा अप्रतियोग नहीं। अतः अव्याप्ति होती है।

यदि हेत्वाधिकरणवृत्ति वैशिष्ट्यव्यासज्यवृत्तिधर्मानवच्छिन्नप्रतियोगिताकाभावाऽप्रतियोगिसाध्यसामानाधिकरण्यं व्याप्तिः। इस प्रकार लक्षण हो और हेतु = पर्वतीयधूमके अधिकरण पर्वतमें वर्तमान जो वैशिष्ट्य और व्यासज्यवृत्ति=उभयवृत्ति धर्मसे अनवच्छिन्न प्रतियोगिताके अभाव वह घटाभाव ही हो सकता है वह्निघटोभयाभाव नहीं। क्योंकि यह अभाव उभयधर्म उभयत्वसे अवच्छिन्न ही है। अतः अप्रतियोगी साध्य वह्निके साथ सामानाधिकरण्य होनेसे अव्याप्ति नहीं है यह कहा जाय तब भी 'गुणवान् द्रव्यत्वात्' इस स्थलमें अव्याप्ति होगी। जैसे हेतु=द्रव्यत्वके अधिकरण जलमें गन्धका अभाव, पृथिवीमें स्नेहका अभाव, वायुमें रूपका अभाव इस प्रकार चालनी न्यायसे उन-उन गुणोंके अभाव रहनेके कारण प्रतियोगी गुण हुआ अप्रतियोगी नहीं। अतः अव्याप्ति होती है। असम्भव नहीं हो सकता। क्योंकि 'तद्रूपवान् तद्रसात्' इस स्थलमें लक्षण समन्वय हो जाता है। जैसे हेतु तद्रसके अधिकरण तद्द्रव्यमें 'तद्रूप' नहीं है यह अभाव नहीं धर सकते किन्तु घटाभाव उसका प्रतियोगी घट अप्रतियोगी साध्य तद्रूप उसके साथ सामानाधिकरण्य तद्रसमें है, अतः लक्षण समन्वय होनेके कारण असम्भव दोष नहीं कहा गया।

तथापि 'गुणवान् द्रव्यत्वात्' की अव्याप्तिको वारनेके लिए **'हेत्वधिकरण निष्ठात्य-**

द्रव्यत्वादावव्याप्तिश्च। तथाऽपि प्रतियोगितानवच्छेदकं यत् साध्यतावच्छेदकं तदवच्छिन्नसामानाधिकरण्यं व्याप्तिरिति वाच्यम्।

ननु रूपत्वव्याप्यजातिमन्वान् पृथिवीत्वादित्यादौ साध्यतावच्छेदिका

तद्रूपवान् (१)तद्रसादित्यत्र लक्षणसमन्वयसम्भवेनासम्भवाभावादव्याप्त्यभिधानम्।

तथापीति। एवं च हेत्वधिकरणनिष्ठात्यन्ताभावीयप्रतियोगितानवच्छेदकं यत्साध्यतावच्छेदकं तदवच्छिन्नसाध्यसामानाधिकरण्यं व्याप्तिरिति लक्षणं निष्पन्नम्, तथा च गुणवान् द्रव्यत्वादित्यत्र द्रव्यत्वाधिकरणे गुणो नास्तीत्यभावो धर्तुं न शक्यते किन्तु रूपं नास्ति रसो नास्तीत्येवमादिरेव तदीया प्रतियोगिता रूपरसादिनिष्ठा प्रतियोगितावच्छेदकं रूपत्वादिकमनवच्छेदकं गुणत्वं तदेव साध्यतावच्छेदकं तदवच्छिन्नेन गुणेन द्रव्यत्वरूपहेतोः सामानाधिकरण्यसत्त्वात्समन्वयः।

नन्विति। रूपत्वव्याप्यजातिमत्त्वान् पृथिवीत्वादित्यत्र पृथिवीत्वाधिकरणे पीतघटे

न्ताभावीयप्रतियोगितानवच्छेदकं यत्, साध्यतावच्छेदकं तदवच्छिन्नसाध्यसामानाधिकरण्यं व्याप्तिः' इस प्रकार व्याप्तिका लक्षण करनेसे अव्याप्ति नहीं होगा। जैसे 'गुणवान द्रव्यत्वात्' इस स्थलमें हेतु=द्रव्यत्वके अधिकरण द्रव्यमें 'गुण नहीं है' यह नहीं कहा जा सकता किन्तु रूप नहीं है, रस नहीं है, यह कहा जा सकता है इन अभावों की प्रतियोगिता रूपमें, रसमें रहेगी, प्रतियोगितावच्छेदक रूपत्व, रसत्व आदि होंगे और अनवच्छेक गुणत्व है वह ही साध्यतावच्छेदक=साध्यवृत्ति धर्म है उससे अवच्छिन्न गुणके साथ द्रव्यस्वरूप हेतुका सामानाधिकरण्य होनेसे लक्षण समन्वय होता है।

यदि 'रूपत्वव्याप्यजतिमत्त्वान् पृथिवीत्वात्' इस स्थलमें हेतु=पृथिवीत्वके अधिकरण पीतघटमें 'नील नहीं है' रक्तघट में "पीत नहीं है" इस प्रकार चालनी न्यायसे सब रूपोंका अभाव होनेके कारण सब रूपत्वव्याप्य नीलत्वादि जातियाँ प्रतियोगितावच्छेदिका ही हैं और वे ही साध्यतावच्छेदिका भी हैं प्रतियोगितानवच्छेदिका न हो सकीं। अतः अव्याप्ति दोष लक्षणमें आया वह कहा जाय तो ठीक नहीं। क्योंकि स्वाश्रयसमवायसम्बन्धरूप परम्परा सम्बन्धसे रूपत्वव्याप्यजातित्व ही साध्यतावच्छेदक होता है। जैसे स्व= रूपत्वव्याप्यजातित्व उसका आश्रय रूपत्वव्याप्यनीलत्वादि जातियाँ उनका समवाय रूपमें। इस प्रकार हेतु पृथिवीत्वके अधिकरणमें स्वाश्रयसमवाय सम्बन्धसे 'रूपत्वव्याप्य

---

(१) तद्रूपवानिति। हेत्वधिकरणे तद्द्रव्ये तद्रूपं नास्तीत्यभावोद्धर्तुं न शक्यते किन्तु घटाभावस्तत्प्रतियोगी घटः अप्रतियोगी साध्यं तद्रूपं तेन समानाधिकरण्य तद्रसे इति लक्षणसमन्वयादसम्भवो नोक्तः।

रूपत्वव्याप्यजातयः, तासां च शुक्लत्वादिस्वरूपाणां नीलघटादिवृत्त्यभावप्रतियोगितावच्छेदकत्वमस्तीत्यव्याप्तिरिति चेन्न—

तत्र परम्परया रूपत्वव्याप्यजातित्वस्यैव साध्यतावच्छेदकत्वात्, न हि तादृशधर्मावच्छिन्नाभावः क्वाऽपि पृथिव्यामस्ति, रूपत्वव्याप्यजातिमान्नास्तीति बुद्ध्यापत्तेः।

एवं दण्ड्यादौ साध्ये परम्परासम्बद्धं दण्डत्वादिकमेव साध्यतावच्छेदकं तच्च प्रतियोगितानवच्छेदकमिति।

नीलो नास्ति, रक्तघटे पीतो नास्तीत्येवं चालनीन्यायेन सर्वेषामपि रूपाणामभावसत्त्वात्सर्वा अपि रूपत्वव्याप्या नीलत्वादिजातयः प्रतियोगितावच्छेदिकाः सम्पन्नास्ता एव च साध्यतावच्छेदिकाः इति हेत्वधिकरणनिष्ठात्यन्ताभावीयप्रतियोगितानवच्छेदिका न सम्पन्ना इत्यव्याप्तिः।

परम्परयेति। स्वाश्रयसमवायसम्बन्धेनेत्यर्थः। स्वं रूपत्वव्याप्यजातित्वं तदाश्रयः रूपत्वव्याप्यनीलत्वादिजातिः तत्समवायो रूपे एवं च पृथिवीत्वाधिकरणे स्वाश्रयसमवायसम्बन्धेन रूपत्वव्याप्यजातित्ववान्नास्तीत्यभावो धर्तुं न शक्यते पृथिव्त्वाधिकरणे स्वाश्रयसमवायसम्बन्धेन रूपत्वव्याप्यजातित्ववतो नीलरूपादेः प्रतियोगिनः सत्त्वादिति प्रतियोगितावच्छेदकं पूर्वोक्तरीत्या नीलत्वादिकमनवच्छेदकं रूपत्वव्याप्यजातित्वं तदेव साध्यतावच्छेदकमित्यदोषः।

एवमिति। मठो दण्डिमान् दण्डिसंयोगादित्यत्र दण्डिसंयोगाधिकरणमनुयोगितासम्बन्धेन मठः तन्निष्ठोऽभावः तद्दण्डी नास्तीति तदभावीया प्रतियोगिता तत्तद्दण्डि-

---

जातित्ववान्नास्ति' यह अभाव कहीं पृथ्वीमें मिल नहीं सकता। यदि हो तो रूपत्वव्याप्यजातिमान् नहीं है यह बुद्धि उत्पन्न होने लगेगी। किन्तु हेतुके अधिकरण नील घटमें 'शुक्लका अभाव' मिलेगा इन अभावोंकी प्रतियोगितावच्छेदिका समवाय सम्बन्धसे नीलत्व आदि जातियाँ होगी। प्रतियोगितानवच्छेदक तो स्वाश्रयसमवाय सम्बन्धसे रूपत्वव्याप्यजातित्व होगा वह ही साध्यतावच्छेदक होनेसे हेतुके साथ सामानाधिकरण्य होने से लक्षणसमन्वय हो गया।

इसी प्रकार 'मठः दण्डिमान् दण्डिसंयोगात्' इस स्थलमें जहाँ दण्डी साध्य है वहाँ भी परम्परा सम्बन्धसे दण्डत्व आदि ही साध्यतावच्छेदक और प्रतियोगिता के अनवच्छेदक होते हैं। जैसे हेतु=दण्डिसयोगका अनुयोगिता सम्बन्धसे अधिकरण मठमें वर्तमान 'तद्दण्डी नास्ति' यह अभाव उसकी प्रतियोगिता तत्तद् दण्डीमें प्रतियोगितावच्छेदक दण्ड वह हो साध्यतावच्छेदक भी है इस प्रकार अव्याप्ति होती थी। किन्तु स्वाश्रयाश्रयत्वरूप परम्परा सम्बन्ध से दण्डत्व ही साध्यतावच्छेदक होगा। जैसे स्व-दण्डत्व उसका

साध्यादिभेदेन व्याप्तेर्भेदात् तादृशस्थले साध्यतावच्छेदकतावच्छेदकं प्रतियोगितावच्छेदकतानवच्छेदकमित्येव लक्षणघटकमित्यपि वदन्ति ।

हेत्वधिकरणं हेतुतावच्छेदकविशिष्टाधिकरणं वाच्यम्, तेन द्रव्यं

निष्ठा प्रतियोगितावच्छेदको दण्डः स एव साध्यतावच्छेदक इत्यव्याप्तिः । स्वाश्रयाश्रयत्वरूपपरम्परासम्बन्धेन दण्डत्वस्य साध्यतावच्छेदकत्वाङ्गीकारे तु—दण्डिसंयोगाधिकरणे स्वाश्रयाश्रयत्वसम्बन्धेन दण्डत्ववान्नास्तीति वक्तुं न शक्यते अपि तु घटो नास्तीत्येवमादिरिति नाव्याप्तिः ।

सा॰ मा॰ भेदेनेति । तादृशस्थले लक्षणान्तरमेव कर्तव्यम् । हेत्वधिकरणनिष्ठात्यन्ताभावीयप्रतियोगितावच्छेदकतानवच्छेदकं यत्साध्यतावच्छेदकतावच्छेदकं तदाश्रयावच्छिन्नसाध्यसामानाधिकरण्यं व्याप्तिरिति लक्षणमास्थेयमित्यर्थः ।

ननु द्रव्यं गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वादित्यादौ 'विशिष्टं शुद्धान्नातिरिच्यते' इति न्यायाच्छुद्धसत्ताधिकरणं गुणस्तन्निष्ठाभावः 'द्रव्यत्वं नास्तीति' प्रतीतिसाक्षिकस्तदीयप्रतियोगितावच्छेदकं द्रव्यत्वत्वं तदेव साध्यतावच्छेदकं प्रतियोगितानवच्छेदकं न जातमित्यव्याप्तिरत आह—हेत्वधिकरणमिति । न च हेतुतावच्छेदकविशिष्टसत्तात्वविशिष्टसत्त्वस्य गुणे सत्त्वादेवं विवक्षायामप्यव्याप्तेरप्रतीकार इति वाच्यम्—हेतुतावच्छेदकावच्छिन्ननिरूपकतानिरूपिताधिकरणत्वविशिष्टस्य हेत्वधिकरणपदेन

आश्रय दण्ड उसका आश्रय पुरुष दण्डी । इस प्रकार हेतु=दण्डिसंयोगके अधिकरणमें स्वाश्रयाश्रयत्वरूप परम्परा सम्बन्ध से 'दण्डत्ववान् नास्ति' यह अभाव नहीं कह सकते । किन्तु घट का अभाव ही कहना पड़ेगा फिर प्रतियोगितानवच्छेदक साध्यतावच्छेदक दण्डत्व के साथ हेतु का सामानाधिकरण्य होनेसे अव्याप्ति नहीं होती ।

कुछ लोग परम्परा सम्बन्धको न मानकर उक्त दोनों स्थलों में अव्याप्तिका परिहार करते हैं । उनका मत है कि साध्य और साधनके भेदसे व्याप्ति भी भिन्न-भिन्न बनती हैं । इसलिए इस प्रकार के स्थल के लिए लक्षणान्तर ही बना लेना चाहिए । जैसे—'हेत्वधिकरणवृत्यभावीयप्रतियोगितावच्छेदकतानवच्छेदकं यत् साध्यतावच्छेदकतावच्छेदकं तदाश्रयावच्छिन्नसाध्यसामानाधिकरण्यं व्याप्तिः' ।

'घटः, रूपत्वव्याप्यजातिमत्त्वान्, पृथिवीत्वात्' इस स्थलमें हेतु = पृथिवीत्व के अधिकरण घट में वर्तमान जो शुक्लरूपादिका अभाव उसकी प्रतियोगिता शुक्ल आदिमें प्रतियोगितावच्छेदिका शुक्लत्व आदि रूपत्वव्याप्यजातियाँ और प्रतियोगितावच्छेदकतावच्छेदक शुक्लत्वत्व आदि प्रतियोगितावच्छेदकतानवच्छेदक रूपत्वव्याप्यजातित्व यह ही साध्यतावच्छेदकताका अवच्छेदक है इसलिए अव्याप्ति नहीं हुई । इसी प्रकार 'मठः दण्डिमान् दण्डिसंयोगात्,' इस स्थल में दण्डिसंयोगरूपहेतुके अधिकरण मठमें वर्तमान 'तद्दण्डी नास्ति'

गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वादित्यादौ शुद्धसत्ताधिकरणगुणादिनिष्ठाभावप्रतियोगित्वेऽपि द्रव्यत्वस्य नाऽव्याप्तिः ।

विवक्षणात्, एवं च विशिष्टसत्तात्वावच्छिन्ननिरूपकतानिरूपिताधिकरणत्वं द्रव्य एव न गुणे द्रव्यं विशिष्टसत्तावदिति प्रतीतेरित्यदोष इति भावः ।

नन्वेवमपि वह्निमान् धूमादित्यत्र समवायेन धूमाधिकरणं धूमावयवस्तन्निष्ठोऽभावः वह्निर्नास्तीतिप्रतीतिसाक्षिकः तत्प्रतियोगितावच्छेदकं वह्नित्वमित्यव्याप्तिरत

गवय को न जानने वाले ग्रामीण से किसी जङ्गल में बसने वाले व्यक्ति ने कहा कि— 'गवय गौ के सदृश होता है' इस वाक्य को ध्यान में रखकर उसी ग्रामीण ने किसी एक वन में जाकर 'गवय' देखा उस समय जो उस ग्रामीण को गो सादृश्य ज्ञान हुआ वह ज्ञान उपमिति का कारण है। उपदेश वाक्यार्थ का स्मरण व्यापार है। इसके बाद 'गवय गवय पद का वाच्य है' यह ज्ञान ही उपमिति है। 'यह गवयपद वाच्य है' यह ज्ञान उपमिति नहीं है क्योंकि 'इदम्' पद से बोध्य पिण्ड में ही गवय की उपमिति होने से अन्य गवय में गवय पद का शक्तिग्रह नहीं हो सकेगा किन्तु सब 'गवय गवय पद का वाच्य है' इस प्रकार की उपमिति मानते हैं तब तो गवय मात्र में गवय पद वाच्यत्वज्ञान हो जाता है। तात्पर्य यह है कि गवय पद वाच्यत्व ग्रह केवल एक व्यक्ति में नहीं किन्तु गो सदृश गवय

१—सांख्यशास्त्र के विद्वान् उपमान को प्रमाण नहीं मानते। उनका मत है कि 'गोसदृशो गवय पदवाच्यः' आरण्यक पुरुष के इस वाक्य से जो शाब्दबोध होता है उसे ही उपमिति कहते हैं।' किन्तु उनका यह मत ठीक नहीं; क्योंकि 'गोसदृश गवय पदवाच्य है' इस वाक्य के अर्थ में जो 'गवय' पद है उसके सुनाई पड़ने पर भी गवयत्व जाति के अप्रत्यक्ष होने के कारण गवयत्वविशिष्ट में शक्तिग्रह नहीं हो सकता। गवय पद से गवयत्वाच्छिन्न की उपस्थिति होगी नहीं तब तो गवयत्वावच्छिन्न धर्मिक गवय पदवाच्यत्व प्रकारक शाब्दबोध भी नहीं हो सकेगा। जिसके लिए उपमान प्रमाण मानना ही पड़ेगा।

कुछ लोग कहते हैं कि प्रत्यक्षादि प्रमाणों में अन्तर्भूत होने के कारण उपमान प्रमाण नहीं है। किन्तु इनका भी कहना ठीक नहीं, क्योंकि चक्षुः व्यापार के बीतने पर उपमिति पैदा होती है अतः यह ज्ञान चाक्षुष तो नहीं कहा जा सकता। मानस प्रत्यक्ष के बाद 'उपमिनोमि' यह प्रतीति होती है अतः मानस ज्ञान भी नहीं कहा जा सकता। व्याप्तिज्ञान के बिना भी यह प्रतीत होती है अतः अनुमिति भी नहीं कहा जा सकता। पदज्ञान से जन्य न होने के कारण शाब्दज्ञान भी नहीं कहा जा सकता। अननुभूत पदार्थ का स्मरण नहीं होता अतः स्मृति भी नहीं कहा जा सकता। अतः इन सब से बिलक्षण उपमान नाम का प्रमाण माना जाता है।

'गवयो गवयपद्वाच्य' इति ज्ञानं यज्जायते तदुपमितिः (न तु 'अयं

उक्तवाक्यार्थघटकगवयपदश्रवणेऽपि तदानीं गवयत्वजातेरप्रत्यक्षतया गवयत्व-विशिष्टे शक्तिग्राहकप्रमाणाभावेन गवयपदजन्यगवयत्वावच्छिन्नोपस्थितेरभावेन गवयत्वावच्छिन्नधर्मिकगोपदवाच्यत्वप्रकारकशाब्दबोधासम्भवेन तादृशोपमितेः प्रमित्यन्तरत्वस्यावश्यकत्वेनोपमानस्यापि प्रमाणान्तरत्वावश्यकत्वात् ।

न च तव मतेपि गवयत्वस्य गोसादृश्यस्य च प्रत्यक्षेणोपस्थितौ कथं गवयत्वा-वच्छेदेनैव गवयपदवाच्यत्वोपमितिर्न गोसादृश्यावच्छेदेनेति वाच्यम् । उपमिते-स्तौल्येऽपि गवयत्वजात्यपेक्षया गोसादृश्ये गौरवज्ञानेन तदवच्छेदेन गवयपदवा-च्यत्वप्रकारकोपमितेरनुदयादित्यलमप्रस्तुतानल्पजल्पनेनेति ।

ननु नोपमानं प्रमाणान्तरं प्रत्यक्षादिप्रमितिजातीयप्रमितिकरणत्वाभावात् उप-मितेः प्रत्यक्षादिविजातीयत्वे मानाभावादिति चेन्न—

चक्षुरादिव्यापारविगमेऽप्युपमितेरुपादेयता तस्याश्चाक्षुषत्वासम्भवः मानसोत्तरम-नुत्पद्यमानाया उपमिनोमीति प्रतीतेर्विषयत्वान्न मानसत्वम् । अत एव उपमित्यन-न्तरं साक्षात्करोमीति अनुव्यवसायाभावः उपमिनोमीति अनुव्यवसायश्च एतेना-प्युपमितेः प्रत्यक्षत्वायोगः । व्याप्तिज्ञानमन्तराप्युदयान्नानुमितित्वम् । 'नापि शब्दत्वं पदज्ञानाजन्यत्वात् । नापि स्मृतित्वमननुभूतार्थस्य स्मरणायोगादिति

मात्र में गवय पद वाच्यत्वग्रह हुआ । अन्यथा एक व्यक्ति में ही 'अयं [1]गवयः' यह ज्ञान होता अन्य गवय में शक्तिग्रह न होने से ज्ञान नहीं बन सकता था । इस प्रकार उपमिति

१. यह एक उदाहरण मात्र है । वस्तुतः उपमान तीन प्रकार का होता है । **(१) सादृश्यविशिष्टपिण्ड दर्शन, (२) असाधारणधर्मविशिष्टपिण्ड दर्शन, (३) वैधर्म्यविशिष्टपिण्ड दर्शन ।** जैसे १—'गवय गवय पदवाच्य है' यह मूलोक्त उदाहरण । २—किसी ने पूछा कि भालू कैसा होता है ? उत्तर में बताया गया कि 'भालू के चार पैर होते हैं, चारों पैरों में पाँच-पाँच अंगुलियाँ होती हैं, मुख पर लम्बी सी नाक शोभा देती है, बहुत ऊँचा भी नहीं होता और बहुत नीचा भी नहीं होता, मध्यमश्रेणी के काले-काले बाल देह भर में होते हैं, देह भरा हुआ होता है' । जब कभी जङ्गल में भालू देखने में आया तब 'भल्लूकः भल्लूकपदवाच्यः' इस प्रकार भी उपमिति होती है । यहाँ भालू के सदृश किसी ग्रामीण पशु के न मिलने से 'गोसदृशो गवयः' की भाँति कोई अतिदेश वाक्य नहीं मिला अतः भालू का परिचय उसके असाधारण धर्म के द्वारा बताया गया और यह असाधारणधर्म विशिष्टपिण्ड दर्शन कहा गया है । ३—किसी ने पूछा कि सिंह का क्या स्वरूप है । इसके उत्तर में बताया कि 'सिंह को सींग, पक्ष (पंख) और खुर नहीं

गवयपदवाच्य' इत्युपमितिः गवयान्तरे शक्तिग्रहाभावप्रसङ्गात् ॥७९–८०॥

इति श्रीविश्वनाथपञ्चाननभट्टाचार्यविरचितायां
सिद्धान्तमुक्तावल्यामुपमानखण्डम् ॥

उपमितेः प्रमित्यन्तरत्वेन तत्करणतयोपमानस्य प्रमाणान्तरत्वसम्भवादिति शिवम् ॥ ७९–८० ॥

इति न्यायव्याकरणाचार्य श्रीसूर्यनारायणशुक्लविरचिते
मुक्तावलीमयूखे उपमानखण्डः सम्पूर्णः ।

में पहिले गवय दर्शन, तब अति देशवाक्य (गवय गौ के सदृश होता है) का स्मरण तब 'गवय गवय पद का वाच्य है' इस प्रकार की उपमिति होती है ।

न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्य श्रीरामगोविन्दशुक्ल रचित सिद्धान्तमुक्तावली
की प्रकाश टीका में उपमानखण्ड समाप्त ।

होते, कटि पतली, छाती बड़ी, न बहुत ऊंचा, न बहुत नीचा सिंह होता है' जब कभी वन में इस प्रकार का पशु दिखाई पड़ा तब 'सिंहः सिंहपदवाच्यः' यह उपमिति भी होती है ।

शब्दखण्डम्

शाब्दबोधप्रकारं दर्शयति—

पदज्ञानं तु करणं द्वारं तत्रपदार्थधीः ।
शाब्दबोधः फलं तत्र शक्तिधीः सहकारिणी ॥ ८१ ॥

पदज्ञानं त्विति । न तु ज्ञायमानं पदं करणं, पदाभावेऽपि मौनिश्लोकादौ शाब्दबोधात् ।

पदार्थधीरिति । पदजन्यपदार्थस्मरणं व्यापारः । अन्यथा पदज्ञान-

ज्ञायमानं पदमिति । **ननु शब्दबोधस्यात्मनिष्ठत्वात्पदस्याकाशनिष्ठत्वात्कथं कार्यकारणभाव इति चेन्न स्वविषयकश्रावणप्रत्यक्षसमवायित्वसंबन्धेन पदस्याप्यात्मनिष्ठत्वेनादोषात् ।**

मौनिश्लोकेति । **मौनिपुरुषेण यत्र लिप्यादिना श्लोकादिर्लिखितस्तत्र लिप्या पदज्ञानेन शाब्दबोधो जायते तव तु न स्यात् पदाभावात् । एतेन उच्चरित एव शब्दः प्रत्यायक इति वैयाकरणोक्तं नादरणीयमिति भावः । आदिपदेन विजातीयहस्तचेष्टादेः संग्रहः ।**

व्यापार इति । **पदार्थस्मरणं हि पदज्ञानजन्यं पदज्ञानजन्यशाब्दबोधजनकं चेति भवति तस्य व्यापारत्वमिति भावः ।**

अब शाब्दबोधका प्रकार बतलाते हैं—

(शाब्दबोध के प्रति) पदज्ञान करण (कारण) है, पदार्थज्ञान द्वार (व्यापार) है शाब्दबोध फल है और शक्तिज्ञान सहायक है । तात्पर्य यह है कि शक्तिज्ञानसे जन्य पदार्थकी उपस्थिति के द्वारा शाब्दबोधरूपी फल उत्पन्न होता है । (उपमान शक्तिका ग्राहक है अतः शाब्दबोधमें उपजीव्य हुआ ।)

शाब्दबोधमें पदज्ञान ही करण है (आसाधारण कारण को करण कहते हैं) ज्ञायमान पद ही करण नहीं है क्योंकि मौनी द्वारा पढ़े गए श्लोकोंमें श्रूयमाण पद तो रहता नहीं इसलिए शाब्दबोध हो नहीं सकता था । ज्ञायमान पदमें शानच् प्रत्यय वर्तमानकालका बोधक है मौनीके श्लोकमें वर्तमान कालमें श्रूयमाण पद नहीं है अतः पदज्ञानको करण माना गया है पदज्ञान तो मौनीको भी है और दूसरों को भी रहता है ।

इसी प्रकार पदजन्यपदार्थस्मरण अर्थात् पदज्ञानजन्य पदार्थोप

वतः प्रत्यक्षादिना पदार्थोपस्थितावपि शाब्दबोधापत्तेः ।

तत्रापि वृत्त्या पदजन्यत्वं बोध्यम् । अन्यथा घटादिपदात्समवायसम्बन्धेनाऽऽकाशस्मरणे जाते आकाशस्यापि शाब्दबोधापत्तेः ।

वृत्तिश्च शक्तिलक्षणान्यतरः सम्बन्धः । अत्रैव शक्तिज्ञानस्योपयोगः ।

प्रत्यक्षादिनेति । **ननु पदज्ञानवतः प्रत्यक्षादिना घटादिपदार्थोपस्थितौ जायमानायां पदज्ञानजन्यत्वाभावाद् द्वारत्वासंभव इति चेन्न घटपदबोध्योऽयं घट इत्यस्यापि ज्ञानलक्षणया पदज्ञानजन्यत्वसम्भवेन द्वारत्वसम्भवात् ।**

आकाशस्मरणे इति । **एकसम्बन्धिज्ञानमपरसम्बन्धिस्मारकमिति रीत्येत्यादिः ।**

अत्रैव । **पदजन्यपदार्थोपस्थितावेवेत्यर्थः ।**

अर्थात् व्यापार है । तज्जन्यत्वे सति तज्जन्यजनकत्वम् व्यापारत्वम्' अर्थात् जो किसीसे जन्य हो और उससे उत्पन्न होनेवालेका (जनक) हो उसे व्यापार कहते है। जैसे पदार्थस्मरण पदज्ञानसे जन्य है और पदज्ञानसे जन्य शाब्दबोधका जनक भी है । इसलिए पदज्ञानके बाद जो शाब्दबोध होगा उसमें पदार्थस्मरण अवान्तर व्यापार है यह अवश्य मानना चाहिए नहीं तो यदि किसी को पदज्ञान हो गया है और प्रत्यक्ष आदि द्वारा पदार्थकी उपस्थिति हो गई है वहाँ पर भी 'पदार्थ का प्रत्यक्ष हो रहा है' इस प्रकार का ज्ञान न होकर 'पदार्थ का शाब्दबोध हो रहा है' पदज्ञान होने लगेगा जो अनिष्ट है ।

केवल 'पदजन्यपदार्थोपस्थितिः कारणम्' इतने से कार्य नहीं चलेगा । अतः 'वृत्त्या पदजन्यपदार्थोपस्थितिः शाब्दबोधे कारणम्' कहना चाहिए । शक्ति और लक्षणा को वृत्ति कहते हैं । यदि वृत्ति पद न जोड़ा जाय तो 'एकसम्बन्धिज्ञानमपरसम्बन्धिस्मारकं भवति' (अर्थात् एक सम्बद्ध वस्तु के ज्ञान होने पर उसके साथी दूसरे वस्तु का भी स्मरण हो जाता है) इस नियमके आधार पर 'घट' पद सुनने के बाद घट पदके समवाय सम्बन्धसे आश्रय आकाश का भी स्मरण हो सकता है क्योंकि 'घट पद' शब्द होने के कारण गुण है और आकाशमें समवाय सम्बन्ध से रहता है । अतः घट पद से आकाश की उपस्थिति होना स्वाभाविक है फिर तो घट पदसे आकाशका भी शाब्दबोध होने लगेगा । आकाश भी घट पदसे उपस्थित है । पद जन्य पदार्थोपस्थिति ही शाब्दबोधमें कारण है । यदि कारण कोटिमें वृत्तिपद जोड देते हैं तब तो घट की आकाशमें वृत्ति (शक्ति या लक्षणा) न रहने से शाब्दबोधका कारण नहीं मिला जिससे घट पद से आकाश विषयक शाब्दबोध नहीं हो सका ।

शब्द और अर्थमें जो अर्थस्मरणके अनुकूल परस्पर सम्बन्धविशेष उसका नाम वृत्ति है । जो शक्ति और लक्षणा के नामसे दो प्रकार की होती है । शक्तिज्ञानका उपयोग तो पदज्ञानजन्यपदार्थोपस्थितिमें ही है । क्योंकि पदज्ञानके रहने पर भी अर्थमें

शक्तिग्रहाभावे पदज्ञानेऽपि तत्सम्बन्धेन स्मरणानुपपत्तः। पदज्ञानस्य हि एकसम्बन्धिज्ञानविधयार्थस्मारकत्वम्।

शक्तिश्च पदेन सह पदार्थस्य सम्बन्धः। स चास्माच्छब्दादयमर्थो बोद्धव्य इतीश्वरेच्छारूपः।

आधुनिके नाम्नि शक्तिरस्त्येव–'एकादशेऽहनि पिता नाम कुर्यात्' इतीश्वरेच्छायाः सत्त्वात्। आधुनिकसङ्केतिते तु न शक्तिरिति सम्प्रदायः।

अस्माच्छब्दादयमर्थो बोद्धव्य इति। **इदंपदोत्तरपञ्चम्या अभेदोर्थः, शब्दपदोत्तरपञ्चम्या जन्यत्वमर्थः, बुधधात्वर्थो ज्ञानम्, तव्यप्रत्ययार्थः विषयताश्रयः। तत्र इदंपदार्थस्य पञ्चम्यर्थभेदे प्रतियोगित्वसंबन्धेन, तस्य च पञ्चम्यर्थाभावे प्रतियोगित्वसंबन्धेन, अभावस्य च स्वरूपसंबन्धेन शब्दपदार्थे, तस्य च पञ्चम्यर्थजन्यत्वसम्बन्धेन बोधे, तस्य निरूपितत्वसम्बन्धेन विषयतायाम्, तस्याश्च स्वरूपेण आश्रये, तस्याभेदेन अर्थे, अन्वयः। एवं च एतदभिन्नशब्दनिष्ठजनकतानिरूपितजन्यतावद्बोधविषयीभूताभिन्नः एतदभिन्नोऽर्थ इति बोध इति पदप्रकारिका अर्थविशेष्यिका इयमिच्छा।**

नन्वीश्वरेच्छाया नित्यत्वादेकत्वाच्च 'घटपदाद्धटो बोद्धव्यः' 'पटपदात्पटो बोद्धव्य' इति समूहालम्बनात्मकेश्वरेच्छाविषयतायाः पटेऽपि सत्त्वेन पटस्य घटपदवाच्यत्वापत्तिः, एवं गङ्गापदजन्यबोधविषयत्वप्रकारकेश्वरेच्छायास्तीरेऽपि सत्त्वाच्छक्त्यैव तीरबोधे लक्षणाया उच्छेदापत्तिश्चेति चेन्न—

तत्पदजन्यबोधविषयतात्वावच्छिन्नप्रकारतानिरूपितविशेष्यतासम्बन्धेन ईश्वरेच्छैव तत्पदशक्तिरिति स्वीकारेण 'तीरं बोधविषयो भवतु' 'बोधश्च गङ्गापदजन्यो भवतु' इति विश्रृङ्खलेश्वरेच्छाया लक्षणास्थले स्वीकारेण तीरनिष्ठविशेष्यताया बोधविषयतात्वावच्छिन्नप्रकारतानिरूपितत्वेऽपि गङ्गापदजन्यबोधविषयतात्वावच्छिन्नप्रकारतानिरूपितत्वाभावान्न तादृशसम्बन्धेनेश्वरेच्छावत्त्वं तीरस्येति न लक्षणोच्छेदः। 'घटो घटपदाद्बोद्धव्यः' 'पटः पटपदाद्बोद्धव्य' ईदृश्या ईश्वरेच्छायाः शक्तिस्थले स्वीकारेण घटपदजन्यबोधविषयतात्वावच्छिन्नप्रकारतानिरूपितविशेष्यतासम्बन्धेनेश्वरेच्छाया घटे एव सत्त्वेन पटे न घटपदवाच्यत्वव्यवहार इत्याशयात्।

ननु आधुनिकपाणिन्यादिसङ्केतितनदीवृद्ध्यादिपदाद्बोधो न स्यादीश्वरेच्छारूपशक्तेरभावादित्यस्वरसादाह नव्यास्त्विति।

अपभ्रंशगगर्यादिपदाद्बोधस्तु उभयमतेऽपि शक्तिभ्रमादेवेति मन्तव्यम्।

शक्तिग्रह के न रहने से शक्तिरूप सम्बन्ध या लक्षणारूप सम्बन्धके द्वारा स्मरण नहीं हो सकता। शक्यसम्बन्ध को लक्षणा कहते हैं। पदज्ञान तो 'एक सम्बन्धीके ज्ञानसे दूसरे सम्बन्धी का स्मारक है' जैसे हाथी का ज्ञान होने से हाथीवान का अथवा हाथीवानके ज्ञानसे हाथी का स्मरण हो जाता है। वैसे पद और अर्थमें शक्तिरूपसम्बन्धका ज्ञान जिसे होगा उसे तो पदात्मक एक सम्बन्धीके ज्ञानसे अर्थात्मक दूसरे सम्बन्धी का स्मरण होता है। किन्तु जिन्हें शक्ति ग्रह नहीं है उन्हें शाब्दबोध नहीं होता।

पदके साथ पदार्थके सम्बन्धविशेष का नाम शक्ति है। वह 'इस पदसे यह अर्थ जानना चाहिए' इस ईश्वरेच्छाके रूपमें है। आधुनिकों (आजकल के लोग जो नाम रच रहे हैं) के द्वारा रचे हुए नामोंमें भी शक्ति है ही क्योंकि 'पिता इग्यारहवें दिन पुत्र का नामकरण संस्कार करें' इस प्रकार की ईश्वरकी इच्छा हम लोगोंके नामके रखनेमें है ही। हाँ, वैयाकरणों द्वारा रची हुई नदी, वृद्धि आदि संज्ञाओंमें ईश्वरेच्छा न होनेसे शक्ति नहीं है। जो शाब्दबोध होता है वह शाब्दबोध भी भ्रमात्मक है। यह सिद्धान्त नैयायिकोंके सम्प्रदाय (परम्परा) से मान्य है।

नव्यास्तु ईश्वरेच्छा न शक्तिः किन्त्विच्छैव तेनाधुनिकसङ्केतितेऽपि शक्तिरस्त्येवेत्याहुः।

शक्तिग्रहस्तु व्याकरणादितः। तथाहि—

शक्तिग्रहं व्याकरणोपमानकोशाप्तवाक्याद् व्यवहारतश्च।
वाक्यस्य शेषाद्विवृतेर्वदन्ति सान्निध्यतः सिद्धपदस्य वृद्धाः॥

धातुप्रकृतिप्रत्ययादीनां शक्तिग्रहो व्याकरणाद्भवति। क्वचित्सति बाधके त्यज्यते।

धात्विति। **प्रकृतिः प्रातिपदिकम्। धातोः प्रकृतित्वेऽपि ब्राह्मणवशिष्ठन्यायेन पृथगुक्तिः।**

नवीन नैयायिकोंने तो ईश्वरेच्छा को शक्ति न मानकर केवल इच्छा को ही शक्ति माना है। जिससे आधुनिकों द्वारा रचे हुए संकेतशब्दों में शक्ति है हो और शाब्दबोध भी प्रमात्मक होता है।

शक्तिका ज्ञान तो व्याकरण आदि आठ उपायोंसे होता है। जैसे व्याकरण, उपमान, कोष, आप्तवाक्य, व्यवहार, वाक्यशेष, विवरण और प्रसिद्ध पदके सन्निधान, यह वृद्ध विद्वानों का मत है।

धातु, प्रकृति (प्रातिपदिक), प्रत्ययका शक्तिग्रह व्याकरणसे होता है। जैसे भू धातुका सत्ता अर्थ है, ति प्रत्यय का कर्ता अर्थ है, पच धातुका पाक अर्थ है और पाचक पदमें 'वु' प्रत्यय के कर्ता अर्थ का प्रतिपादन व्याकरणसे होता है। अतः व्याकरण शक्तिग्राहक सिद्ध होता है। किन्तु इस प्रकार का शक्तिग्रह कहीं-कहीं बाधक होनेसे त्याग दिया जाता है।

यथा वैयाकरणैराख्यातस्य कर्तरि शक्तिरुच्यते। चैत्रः पचतीत्यादौ कर्त्रा सह चैत्रस्याभेदान्वयः। तच्च गौरवात्त्यज्यते। किन्तु कृतौ शक्तिग्रहे लाघवात्। कृतिश्चैत्रादौ प्रकारीभूय भासते।

व्याकरणादिति। **भूसत्तायां 'वर्तमाने लडित्यादिव्याकरणादित्यर्थः।**

वैयाकरणैरिति। **फलव्यापारौ धात्वर्थः। कर्तृप्रत्यये कर्ता, कर्मप्रत्यये कर्म प्रत्ययार्थः। कालसंख्ये चोभयत्र प्रत्ययार्थः। तत्र देवदत्तादेरभेदेन एकत्वस्य च स्वरूपसम्बन्धेन प्रत्ययार्थे आश्रयेऽन्वयः तस्य कालस्य च वृत्तित्वसम्बन्धेन व्यापारे कर्मणश्च वृत्तित्वसम्बन्धेन फलेऽन्वयः। फलस्य च अनुकूलत्वसंम्बन्धेन व्यापारेऽन्वयः।**

एवं च देवदत्तस्तुण्डुलं पचतीत्यत्र देवदत्ताभिन्नैकत्वावच्छिन्नाश्रयवृत्तिः तण्डुलनिष्ठविक्लित्यनुकूलो वर्तमानकालिको व्यापार इति बोधः, देवदत्तेन तण्डुलः पच्यते इत्यत्र देवदत्ताभिन्नकर्तृवृत्तिवर्तमानकालिकव्यापारजन्यतण्डुलाभिन्नैकत्वावच्छिन्नाश्रयवृत्तिविक्लित्तिरिति बोध इति वैयाकरणाः।

कर्तरि कर्मणि च लस्य शक्तिस्वीकारे कर्तृत्वं कृतिमत्त्वं तच्च कृतिः, कर्मत्वं फलवत्त्वं तच्च फलमेव शक्यतावच्छेदकं, कृतौ फले च शक्तिस्वीकारे शक्यतावच्छेदकलाघवमतो नैयायिकैः कृतौ फले च शक्तिरुपेयते इति। एतन्मते च देवदत्तस्तण्डुलं पचतीत्यत्र तण्डुलवृत्तिविक्लत्यनुकूलव्यापारानुकूलवर्तमानकालिककृतिमानेकत्वावच्छिन्नो देवदत्त इति बोधः, देवदत्तेन तण्डुलः पच्यते इत्यत्र च देवदत्तवृत्तिकृतिजन्यव्यापारजन्यविक्लित्त्याश्रय एकत्वावच्छिन्नस्तण्डुल इति बोधः।

जैसे वैयाकरण लोग तिङ् की शक्ति कर्तामें मानते हैं। 'चैत्रः पचति' वाक्यमें तिबर्थ (प्रत्ययार्थ) कर्ताके साथ चैत्रका अभेद सम्बन्धसे अन्वय होता है। कर्ताका वृत्तित्व सम्बन्धसे धात्वर्थ व्यापारमें, तिबर्थ (प्रत्ययार्थ) कालका भी वृत्तित्व सम्बन्धसे उसी व्यापारमें अन्वय होता है। प्रत्ययार्थ संख्याका अन्वय प्रत्ययार्थ कर्तामें होता है। जिससे 'चैत्राभिन्नैकत्वावच्छिन्नकर्तृवृत्तिर्वर्तमानकालिको विक्लित्यनुकूलो व्यापारः' यह 'चैत्रः पचति' वाक्यके वैयाकरणोंके मतमें शाब्दबोध होता है। तात्पर्य यह हैं कि चैत्रः पचति में दो पद हैं। 'चैत्रः' का 'सु' प्रत्यय प्रातिपदिकार्थमात्रमें होनेसे कोई अलग अर्थ नहीं रखता। 'पचति' में दो अंश हैं। एक 'पच' और दूसरा 'ति' प्रथमपुरुषका एकवचन है, कर्तामें उत्पन्न हुआ है अतः कर्ता अर्थ है, 'वर्तमाने लट्' से लट् के स्थानमें हुआ है अतः वर्तमान काल भी अर्थ है। 'पच' धातुका विक्लित्यनुकूल व्यापार अर्थ है। वाक्यके कर्ता चैत्र का प्रत्ययार्थकर्तामें अभेदसम्बन्धसे अन्वय हुआ और प्रत्ययार्थकर्तामें प्रत्ययार्थ संख्या का अन्वय हुआ इसी प्रकार कर्ताका वृत्तित्वसम्बन्धसे और प्रत्ययार्थ कालका भी वृत्तित्व सम्बन्धसे व्यापारमें

न च कर्तुरनभिधानाच्चैत्रादिपदानन्तरं तृतीया स्यादिति वाच्यम्, कर्तृसंख्यानभिधानस्य तत्र तन्त्रत्वात्।

तत्र–**तृतीयायाम्।**

तन्त्रत्वादिति। **प्रयोजकत्वादित्यर्थः। अयं भावः** अनभिहिते **इत्यस्य** कर्तृकरणोस्तृतीये **त्येतदेकवाक्यतापन्न** द्व्येकयोर्द्विवचनैकवचने **इति संख्यावाक्येनान्वयात् कर्तृगतैकत्वेऽनभिहिते तृतीयैकवचनम्। एवं कर्मगतैकत्वेऽनभिहिते द्वितीयैकवचनमित्यर्थः, न तु अनभिहिते कर्मणि कर्तरि वेत्यर्थः। एवं च कर्तृसङ्ख्यानभिधानस्यैव तृतीयाप्रयोजकत्वमिति।**

अन्वय होता है। इसे ही व्यापार मुख्य विशेष्यकशाब्दबोध कहते हैं। क्योंकि शाब्दबोध वाक्य में व्यापार पद ही मुख्यरूपसे विशेष्य है अन्य सब विशेषण हो गए हैं।

इसी प्रकार 'चैत्रेण पच्यते' यहां पर फल और व्यापार धात्वर्थ है। कर्ममें प्रत्यय होने से प्रत्ययार्थ कर्म है। काल संख्या भी प्रत्ययार्थ है। आश्रय भी तिङ् का अर्थ है। इस प्रकार चैत्राभिन्नकर्तृवृत्तिवर्तमानकालिकव्यापारजन्यतण्डुलाभिन्नैकत्वावच्छिन्नाश्रयवृत्तिर्विक्लित्तिः' यह शाब्दबोध होता है।

परन्तु नैयायिकों का कहना है कि 'लः कर्मणि च भावे चाकर्मकेभ्यः' सूत्रके आधार पर लकार की कर्ता और कर्म में शक्ति मानना ठीक नहीं। क्योंकि कर्तृत्व ही कृतिमत्व है और वह कृति रूप होगा इसी प्रकार कर्मत्व फलवत्व है वह फलस्वरूप होगा। वैयाकरणोंके यहां कर्ता कर्ममें शक्ति माननेसे शक्यतावच्छेदक कृतिमत्व (कृति) और फलत्व (फल) अनेक होता है यह गौरव है। अतः कृति और फलमें लकारकी शक्ति मानना चाहिए। इनके मतमें कृतित्व और फलत्व शक्यतावच्छेदक होगा जिसमें लाघव है। कृति इनके मतमें 'चैत्र आदिमें प्रकाररूप तण्डुल से प्रतीत होगी। चैत्रः तण्डुलं पचति' इस वाक्यका 'तण्डुलवृत्तिविक्लत्यनुकूल व्यापारानुकूलवर्तमानकालिककृतिमानेकत्वावच्छिन्नः चैत्रः' यह शाब्दबोध होगा। 'चैत्रेण तण्डुलः पच्यते' इस वाक्यका 'चैत्रवृत्ति कृतिजन्यव्यापारजन्यविक्लित्याश्रय एकत्वावच्छिन्नस्तण्डुलः' यह शाब्दबोध होगा। इसे प्रथमान्तर्थ मुख्य विशेष्यकशब्दबोध कहते हैं। क्योंकि 'चैत्रः तण्डुलं पचति' इस वाक्यमें चैत्र प्रथमान्त पद था। शाब्दबोध वाक्यमें वही चैत्र पद विशेष्य है। 'चैत्रेण तण्डुलः पच्यते' इस वाक्यमें तण्डुल प्रथमान्त पद है अतः तण्डुल विशेष्य है।

यहां यह शङ्का उठ सकती है कि नैयायिक तो कृतिमें तिङ् की शक्ति मानते हैं फिर 'चैत्रः पचति' इति वाक्यमें तिङ्का अर्थ कर्ता न होकर कृति होगा और 'कर्तृकरणयोस्तृतीया' इस सूत्रसे अनुक्तकर्तामें तृतीया होनी चाहिए जो व्याकरण शास्त्रसे नहीं बन सकती है। किन्तु यह आशङ्का उचित नहीं। क्योंकि कर्तृकरणयोस्तृतीया, द्व्येकयोर्द्विवचनैकवचने, अन-

संख्याभिधानयोग्यश्च कर्मत्वाद्यनवरुद्धः प्रथमान्तपदोपस्थाप्यः।

कर्मत्वाद्यनवरुद्ध इति । 'चैत्रः पचति तण्डुल' इत्यत्र कर्मत्वादिलाक्षणिकप्रथमान्तपदोपस्थाप्ये तण्डुलादौ संख्यान्वयवारणाय कर्तृत्वाद्यनवरुद्ध इति दलम् ।

ननु चैत्र इव मैत्रो गच्छतीत्यत्र चैत्रस्य इवार्थसादृश्ये प्रतियोगितासम्बन्धेन सादृश्यस्य च अनुयोगितासम्बन्धेन मैत्रेऽन्वयात 'संयोगानुकूलव्यापारानुकूलकृतिमान् चैत्रसदृशो मैत्र' इति बोधस्तत्र तिबर्थैकत्वस्य चैत्रेऽन्वयः चैत्रस्य कर्मत्वानवरुद्धत्वात्प्रथमान्तपदोपस्थाप्यत्वाच्च । किं च पक्वमन्नं भुज्यते इत्यत्र पाककर्मत्वस्याऽन्नेऽन्वयेन प्रथमान्तपदोपस्थाप्यत्वेऽपि कर्मत्वावरुद्धत्वात् अन्ने संख्यानन्वयापत्तिरतः

भिहिते इन तीनों सूत्रों की एकवाक्यता होने से 'कर्तृगतैकत्वेऽनभिहिते तृतीयैकवचनम्' कर्तृगत एकत्वके अनुक्त होने पर तृतीया का एक वचन और 'कर्मगतैकत्वेऽनभिहिते द्वितीयैकवचनम्' कर्मगत एकत्वके अनुक्त होने पर द्वितीया का एकवचन होता है यही अर्थ माना जाना चाहिए। इस अर्थसे कर्तृगत संख्याके अनुक्त होने पर ही तृतीया प्राप्त होगी। क्योंकि तृतीया के प्रयोजक कर्ता का अनुक्तत्व नहीं अपितु 'कर्तृगतसंख्या का अनुक्तत्व ही तृतीया का प्रयोजक है' 'चैत्रः पचति' इस वाक्यमें कर्तृगतसंख्या उक्त है अतः तृतीया होनेकी आशङ्का नहीं होनी चाहिए।

अब यह प्रश्न उठता है कि कर्तृगत संख्या कहाँ उक्त होती है और कहाँ अनुक्त होती है इसके लिए क्या नियामक होगा ? हाँ, जो कर्मत्वसे अनवरुद्ध तथा प्रथमान्तपदोपस्थाप्य होगा उसी की संख्या तिङ्से उक्त होने के योग्य होगी। 'कर्मत्वाद्यनवरुद्ध' पदका पारिभाषिक अर्थ है 'इतर विशेषणत्वेन तात्पर्याविषय' अर्थात् किसी अन्यमें विशेषण होकर तात्पर्य का विषय न हो। इसी लिए 'चैत्र इव मैत्रो गच्छति' इस वाक्यमें गम धातु के अनन्तर तिप् प्रत्ययसे चैत्रकी संख्या उक्त न होगी किन्तु मैत्र ही की संख्या उक्त होगी क्योंकि चैत्रका इव के अर्थ सादृश्य में प्रतियोगित्व सम्बन्धसे अन्वय है अतः चैत्र इतर=इव के साथ विशेषण बनकर तात्पर्यका विषय बना है जो नियम विरुद्ध होनेसे संख्यासे अन्वित नहीं होगा। 'पक्वमन्नं भुञ्जते' इस स्थलमें अन्य किसी इतरसे विशेषण होकर तात्पर्यका विशेषण नहीं है अतः संख्याका अन्वय होता है। तब 'चैत्र इव मैत्रो ग्रामं गच्छति' इस स्थल में 'ग्रामवृत्तिसंयोगानुकूलव्यापारानुकूलकृतिमानैकत्वावच्छिन्नश्चैत्रप्रतियोगिकसादृश्यानुयोगी मैत्रः' यह शाब्दबोध हुआ।

किन्तु 'कर्मत्वाद्यनवरुद्ध' पदका इतरविषेणत्वेन तात्पर्याविषयत्व अर्थ करने से 'चैत्र एव पचति' इस स्थल में 'चैत्रेतरावृत्तिपाककृतिमान् चैत्रः' इस प्रकारका शाब्दबोध होता जो नहीं बन सकता। क्योंकि चैत्र पदार्थ अन्ययोगव्यवच्छेदरूप एवकारार्थमें जो भेद है उसमें विशेषण है। अतः चैत्रमें इतरविशेषणत्वेन तात्पर्यविषयत्व होने से संख्याका अन्वय

कर्मत्वादीत्यस्येतरविशेषणत्वतात्पर्याविषयत्वमर्थः। तेन चैत्र इव मैत्रो गच्छतीत्यादौ न चैत्रे संख्यान्वयः। यत्र कर्मादौ न विशेषणत्वे तात्पर्यं तद्वारणाय प्रथमान्तेति।

यद्वा धात्वर्थातिरिक्ताविशेषणत्वं प्रथमदलार्थः। तेन चैत्र इव मैत्रो गच्छतीत्यत्र चैत्रादेर्वारणम्।

कर्मत्वाद्यनवरुद्ध इत्यस्यार्थमाह–इतरविशेषणत्वतात्पर्याविषयत्वमिति। चैत्र इव मैत्रो गच्छतीत्यत्र चैत्रस्य इवार्थविशेषणत्वेन तात्पर्यविषयत्वान्न तत्र संख्यान्वयः। पक्वमन्नं भुज्यते इत्यत्र अन्नस्य इतरविशेषणत्वेन तात्पर्यविषयत्वाभावात्संख्यान्वय इति भावः। विशेषणत्वतात्पर्याविषयत्वमित्येव सिद्धे इतरपदं व्यर्थमिति ध्येयम्।

ननु चैत्र एव पचतीत्यत्र 'चैत्रेतरावृत्तिपाककृतिमान् चैत्रः' इति बोधात् चैत्रस्य विशेषणत्वेन तात्पर्यविषयत्वात् सख्यानन्वयापत्तिः। किं च चैत्रश्चैत्रं पश्यतीत्यत्र चैत्रे संख्यानन्वयापत्तिः। 'चैत्रवृत्तिचक्षुःसंयोगजन्यज्ञानाश्रयश्चैत्र' इति बोधे चैत्रस्य विशेषणत्वेन तात्पर्यविषयत्वादिति चेन्न—

इतरविशेषणत्वमात्रेण तात्पर्याविषयत्वमित्यर्थात्। एवं च प्रकृते चैत्रे विशेष्यत्वस्यापि सत्त्वेन विशेषणत्वमुख्यविशेष्यत्वाभ्यां तात्पर्यविषयत्वात् 'विशेषणत्वमात्रेण तात्पर्याविषयत्वात्संख्यान्वये बाधकाभावात्। एवं च तण्डुलं पचतीत्यादौ यत्र विशेषणत्वमुख्यविशेष्यत्वाभ्यां ताण्डुलस्यैवान्वयो विवक्षितः तत्र तण्डुले संख्यान्वयवारणाय प्रथमान्तेति दलम्। किं च चैत्रेण सुप्यत इत्यत्र धात्वर्थस्वापे संख्यान्वयवारणाय प्रथमान्तेति दलम्।

नहीं होगा। इसी प्रकार 'चैत्रश्चैत्रं पश्यति' इस स्थलमें भी संख्याका अन्वय नहीं होगा क्योंकि 'चैत्रवृत्तिचक्षुःसंयोगजन्यज्ञानाश्रयश्चैत्रः' इस शाब्दबोधमें चैत्र विशेषणत्वेन तात्पर्यका विषय ही है। ठीक,

इसीलिए तो 'इतरविशेषणत्वमात्रेण तात्पर्याविषयत्व' अर्थ किया जाता है। फिर तो चैत्रमें विशेष्यत्व के भी रहने से संख्याके उक्त होनेमें कोई बाधा नहीं है।

यदि 'प्रथमान्तपदोपस्थाप्य' पदका निवेश न करें तो 'तण्डुलं पचति' इस स्थलमें विशेषणत्व तथा मुख्यविशेष्यत्वसे तण्डुलका ही अन्वयविवक्षित है। अतः तण्डुलमें संख्यान्वय होकर तृतीया न हो इसलिए 'प्रथमान्तपदोपस्थाप्य' दल का निवेश किया। इसी प्रकार 'चैत्रेण सुप्यते' इस स्थलमें धात्वर्थस्वापमें संख्यान्वय रोकने के लिए भी प्रथमान्तपदोपस्थाप्य पदका निवेश किया गया है।

अब 'कर्मत्वाद्यनवरुद्ध' पदकी दूसरी व्याख्या के लिए कहते हैं 'यद्वा' यदि कर्मत्वाद्यनवरुद्ध पदका 'धात्वर्थातिरिक्ताविशेषण' अर्थात् 'धात्वर्थसे अतिरिक्त में विशेषण न हो।

स्तोकं पचतीत्यादौ स्तोकादेर्वारणाय च द्वितीयदलम्। तस्य द्वितीयान्तपदोपस्थाप्यत्वाद्वारणमिति।

एवं व्यापारेऽपि न शक्तिर्गौरवात्। रथो गच्छतीत्यादौ तु व्यापारे आश्रयत्वे वा लक्षणा। जानातीत्यादौ आश्रयत्वे नश्यतीत्यादौ प्रतियोगित्वे निरूढलक्षणा।

द्वितीयदलस्य प्रकारान्तरेण प्रयोजनं वक्तुमन्यथा प्रथमदलार्थमाह यद्वेति।

फलं धात्वर्थो व्यापारः प्रत्ययार्थ इति मीमांसकैकदेशिमण्डनमतं खण्डयितुमाह—एवं व्यापारेपीति।

गौरवादिति। व्यापारसमूहरूपक्रियाया वाच्यत्वे गौरवं कृतित्वापेक्षयेतिभावः जन्यत्वघटितस्य व्यापारत्वस्य कृतित्वजात्यपेक्षया गुरुत्वमित्यन्ये।

नन्वाख्यातस्य यत्नार्थकत्व न सम्भवति रथो गच्छतीत्यत्र व्यभिचारादत आह— रथो गच्छति इत्यत्र व्यापारे लक्षणाङ्गीकारपक्षे 'संयोगानुकूलव्यापारानुकूलव्यापारवान् एकत्वावच्छिन्नो रथः' इति बोधः। यदि तु रथो गच्छतीत्यत्र गमनानुकूलव्यापारस्य न बोधः किन्तु गमनाश्रयत्वस्यैवेति नवीनमतमाश्रित्य आश्रयत्वे लक्षणा तदा 'संयोगानुकूलव्यापाराश्रयतावान् इति बोधः। कृतेः रथेऽन्वयानुपपत्तिरिह लक्षणा बीजम्।

यह अर्थ करें तो कहीं भी दोष न होगा। क्योंकि 'चैत्र इव मैत्रो गच्छति' इस स्थलमें चैत्र धात्वर्थसे अतिरिक्त इवार्थ सादृश्यमें प्रतियोगिता सम्बन्धसे विशेषण है अतः चैत्रमें संख्यान्वय नहीं हुआ। मैत्र किसी में विशेषण नहीं है अतः मैत्रमें संख्यान्वय हुआ।

इस अर्थ में 'स्तोकं पचति' इस स्थलमें स्तोक पदार्थ धात्वर्थ विक्लित्तिमें अभेद सम्बन्धसे यद्यपि विशेषण है परन्तु धात्वर्थसे अतिरिक्तमें विशेषण नहीं है। अतः संख्यान्वय न हो इस लिए 'प्रथमान्तपदोपस्थाप्य' पदका निवेश किया। जिससे 'क्रियाविशेषणानां कर्मत्वम्' इस नियमके आधार पर स्तोक पद द्वितीयान्तपदोपस्थाप्य है। अतः संख्यान्वय नहीं हुआ।

इसी प्रकार **मीमांसकों का** कहना है कि फल धात्वर्थ है, व्यापार लकारार्थ है और करोति व्यापारार्थक है। किन्तु यह मत भी ठीक नहीं क्योंकि लकार की कृतित्वमें शक्ति न मानकर फूत्कारचुल्युपरिधारणादि व्यापारसमूहरूपक्रिया में शक्ति मानने से गौरव होगा। अथवा 'तज्जन्यत्वे सति तज्जन्यजनकत्वरूप' व्यापार जन्यत्वसे घटित हैं जो कृतित्व जातिकी अपेक्षा गुरु है। अतः लकारकी व्यापारमें शक्ति नहीं मानी जाती।

यहाँ यह शङ्का उठना स्वाभाविक है कि जब **नैयायिक** लकारकी शक्ति कृतिमें मानते हैं तब 'रथो गच्छति' यह वाक्य अप्रामाणिक होगा क्योंकि गमनानुकूलकृति रथमें नहीं है। वह तो अश्वके चलनेसे चलता है। हां, यह शङ्का ठीक है,

किन्तु 'रथो गच्छति' इस स्थलमें लकारकी व्यापार अथवा आश्रयत्वमें लक्षणा है। जिससे संयोगानुकूलव्यापारानुकूल व्यापारवान् रथः। अथवा संयोगानुकूलव्यापाराश्रयत्ववान् रथः' यह शाब्दबोध होगा। रथमें कृति का अन्वय न होनेसे अन्वयानुपपत्ति ही यहाँ लक्षणाका बीज (कारण) है।

'देवदत्तो जानाति' इस वाक्यका 'ज्ञानाश्रयो देवदत्तः' इस बोधके अनुरोधसे आश्रयत्व में लकार की लक्षणा माननी चाहिए। इसी प्रकार 'घटो नश्यति' यहाँ पर 'नाशप्रतियोगी घटः' यह बोध होता है। अतः लकार की प्रतियोगित्वमें निरूढा लक्षणा अर्थात् अनादि तात्पर्यवती लक्षणा मानी जाती है।

उपमानाद्यथा शक्तिग्रहस्तथोक्तम्।

एवं कोशादपि शक्तिग्रहः। सति बाधके क्वचित्त्यज्यते। यथा नीलादिपदानां नीलरूपादौ नीलादिविशिष्टे च शक्तिः कोशेन व्युत्पादिता तथापि लाघवान्नीलादावेव शक्तिः नीलादिविशिष्टे तु लक्षणेति।

एवमाप्तवाक्यादपि। यथा 'कोकिलः पिकपदवाच्यः' इत्यादिशब्दात् पिकादिपदानां कोकिले शक्तिग्रहः।

कोशेनेति। गुणे शुक्लादयः पुंसि गुणि लिङ्गास्तु तद्वतीति कोशेनोभयत्र शक्तिबोधनादिति भावः

नीलादावेव शक्तिरिति। नीले शक्तौ नीलत्वं शक्यतावच्छेदकमिति लाघवम्, नीलविशिष्टे शक्तौ नीलः शक्यतावच्छेदकमिति गौरवमिति भावः।

उपमान से शक्तिग्रह की बात हम पूर्व प्रकरण में कर चुके हैं।

कोशसे भी पदकी शक्तिका ज्ञान होता है। किन्तु बाधा आने पर उसका परित्याग किया जाता है। जैसे नील आदि पदों की नीलरूपमें अथवा नील आदि से विशिष्ट घट में **'गुणे शुक्लादयः पुंसि गुणि लिङ्गास्तु तद्वति'** इस कोशसे शक्ति-गृहीत होने पर भी लाघव के वश नीलमें शक्ति मानते हैं और नीलविशिष्ट में लक्षणा। क्योंकि नीलमें शक्ति मानने से नीलत्वरूपजाति शक्यतावच्छेदक होगी जो एक है और नीलविशिष्टमें शक्ति मानने से नीलगुणशक्यतावच्छेदक होगा जो अनेक है। अतः गौरव सुनिश्चित है। लक्षणा मानने से कोई दोष नहीं रहता।

आप्तवाक्यसे भी पदकी शक्ति का ज्ञान होता है। आप्त यथार्थवक्ता पुरुषको कहते हैं।

एवं व्यवहारादपि। यथा प्रयोजकवृद्धेन घटमानयेत्युक्तम्, तच्छ्रुत्वा प्रयोज्यवृद्धेन घट आनीतस्तदवधार्य पार्श्वस्थो बालो घटानयनरूपं कार्यं घटमानयेति शब्दप्रयोज्यमित्यवधारयति। ततश्च घटं नय, गामानयेत्यादिवाक्यादावापोद्वापाभ्यां घटादिपदानां कार्यान्वितघटादौ शक्तिं गृह्णाति

आवापोद्वापाभ्यामिति। आवापः कस्यचित्पदस्य प्रक्षेपः। उद्वापः कस्यचित्पदस्य निस्सारणम्।

गृह्णातीति : घटानयनं प्रवृत्तिजन्यं चेष्टात्वात् मदीयस्तनपानादिचेष्टावदित्यनुमानेन घटानयनगोचरप्रवृत्तिमनुमाय सा प्रवृत्तिः कार्यताज्ञानजन्या घटानयनादिधर्मिकप्रवृत्तित्वात्, मदीयप्रवृत्तिवदित्यनुमानेनानुमितघटानयनादिधर्मिकार्यताज्ञाने, कार्यताज्ञानं पदज्ञानजन्यं तदन्वयव्यतिरेकानुविधायित्वादित्यनुमानेन किंचित्पदज्ञानजन्यतामनुमाय तद्दृष्टान्तेन पदत्वावच्छेदेन कार्यताज्ञानजनकत्वं निश्चिनोति बाल इति भावः। केचित्-प्रभाकराः।

जैसे 'पिक शब्द कोकिल अर्थका वाचक है।' इस वाक्य से पिक पद का अर्थ न जानने वाले को शक्ति ग्रह होता है।

व्यवहारसे भी शक्तिका ज्ञान होता है। जैसे प्रयोजक (प्रेरक) वृद्धने 'घट लाओ' कहा, इसे सुनकर प्रयोज्यवृद्ध घट लेकर आया। पासमें बैठे हुए बालकने प्रयोजक वृद्धके वाक्य तथा प्रयोज्यवृद्धके कार्यको देखकर 'घट लाओ' इस वाक्यका 'घट लाना' अर्थ है यह निश्चय करता है। इसके बाद 'घट ले जाओ' 'गौ लाओ' इत्यादि वाक्यों को सुनकर एक पद के साथ किसी दूसरे पदको जोड़कर या किसी अन्य पदको हटाकर घटादि पदोंका कार्यान्वितघटमें शक्ति ग्रहण करता है। 'आवाप' का अर्थ है किसी पदको रखना। उद्वापका अर्थ है किसी पद को हटाना। जैसे 'घटं आनय' और 'घटं नय' में आनय हटाकर नयको रखना। 'कार्यान्वित' पदका अर्थ है कि एक पद दूसरे पदके साथ क्रियान्वित होकर ही पहले सुना जाता है बादमें आवापोद्वापके कारण अर्थ-भेद होने पर उन उन पदों का अलग-अलग अर्थ समझा जाता है।

प्रभाकरका मत है कि मध्यमवृद्धकी चेष्टाको देखकर बालकने 'घटानयनं, प्रवृत्तिजन्यं, चेष्टात्वात्, मदीयस्तनपानादिचेष्टावत्' इस अनुमानसे घटानयनमें प्रवृत्तिजन्यत्वका अनुमान किया। फिर 'सा प्रवृत्तिः, कार्यताज्ञानजन्या, घटानयनादिधर्मिकप्रवृत्तित्वात् मदीयप्रवृत्तिवत्, इस अनुमानसे घटानयनप्रवृत्तिमें कार्यताज्ञानकी अनुमिति हुई। फिर 'कार्यताज्ञानं, पदज्ञानजन्यं, तदन्वयव्यतिरेकानुविधायित्वात्' इस अनुमानसे पदज्ञानजन्यत्वकी अनुमितिको और उसीको दृष्टान्त मानकर प्रत्येक पदमें कार्यताज्ञानजनकताका निश्चय किया।

इत्थं च भूतले नीलो घट इत्यादिवाक्यान्न शाब्दबोधः। घटादिपदानां कार्यान्वितघटादिबोधे सामर्थ्यावधारणात् कार्यताबोधं प्रति च लिङादीनां सामर्थ्यात्तदभावान्न शाब्दबोध इति केचित्—

तन्न; प्रथमतः कार्यान्वितघटादौ शक्त्यवधारणेऽपि लाघवेन पश्चात्तस्य परित्यागौचित्यात्।

अत एव—चैत्र पुत्रस्ते जातः; कन्या ते गर्भिणी जाता—इत्यादौ मुखप्रसादमुखमालिन्याभ्यां सुखदुःखे अनुमाय तत्कारणत्वेन परिशेष-

सामर्थ्यावधारणादिति। प्रभाकरमते शक्तिर्द्विधा उपस्थापिका आनुभविकी च। तत्र घटादिपदानां घटत्वादावुपस्थापिका कार्यत्वान्वितघटादावानुभविकी। एवं च कार्यत्वान्वितघटशाब्दत्वावच्छिन्नं प्रति घटपदज्ञानं कारणम्। लाघवेनेति। कार्यत्वान्वितघटशाब्दत्वापेक्षया घटशाब्दत्वस्य कार्यतावच्छेदकत्वे लाघवमिति भावः।

सुखःदुखे इति। देवदत्तः सुखी मुखप्रसादवत्वात्, देवदत्तो दुःखी मुखमालिन्यवत्वात्, इत्यनुमानम्।

शाब्दबोधमिति। देवदत्तवृत्ति दुःखं सुखं वा शाब्दबोधजन्यं शाब्दबोधेतरकारणाजन्यत्वे सति कारणजन्यत्वादिति अनुमानाकारः।

इस प्रकार 'भूतले नीलो घटः' इस पदसमूहसे शाब्दबोध नहीं होता क्योंकि घटादि पदोंका कार्यान्वित घटादि पदों में ही शक्ति निश्चित हुई है। कार्यता बोधके प्रति तो लिङादिज्ञानमें सामर्थ्य है। यहाँ पर लिङादिक शब्द हैं नहीं अतः शाब्दबोधभी नहीं होता।

किन्तु प्रभाकरके मतमें यद्यपि पहले पहल बालकको घटादि पदोंका शक्तिग्रह आवाप और उद्वापके द्वारा कार्यान्वित घट आदि में ही होता है तथापि घटपदका कार्यतावच्छेदक कार्यान्वित घटविषयकशाब्दबुद्धित्व गुरु है अतः केवल घटविषयकशाब्दबुद्धित्वको ही कार्यतावच्छेदक मानने में लाघवके कारण कार्यान्वित घटमें शक्ति निश्चय होने पर भी शाब्दबोधकालमें उसका परित्याग ही उचित प्रतीत होता है। अत एव कार्यत्वाविषयकशाब्दबोधके प्रति पदोंकी कारणता मानते हैं।

इसी लिए 'चैत्र पुत्रस्ते जातः, कान्या ते गर्भिणी जाता', अर्थात् 'चैत्र तुम्हारे घर पुत्र उत्पन्न हुआ है, और तुम्हारे कन्या (अविवाहिता पुत्री) के गर्भ रह गया है' इस वाक्य के उच्चारण करने पर चैत्र के समीपवर्त्ती पुरुष प्रथम समाचारसे चैत्रकी प्रसन्नता और दूसरे वाक्यसे चैत्रकी चिन्ता, दुःख आदिका अनुमान करता है और चैत्र के सुख अथवा दुःख का 'मैत्र' के वाक्यजन्यबोध को ही कारण मानता है। इस प्रकार 'घटादिपदानां कार्यान्वितघटादिबोधे एव सामर्थ्यम्' घटादि पदोंकी कार्यान्वित घट आदिके

च्छाब्दबोधं निर्णीय तद्धेतुतया तं शब्दमवधारयति । तथा च व्यभिचारात्कार्यान्विते न शक्तिः ।

न च तत्र तं पश्येत्यादि शब्दान्तरमाध्याहार्यं, मानाभावात् । चैत्र पुत्रस्ते जातो मृतश्चेत्यादौ तदभावाच्च ।

इत्थञ्च लाघवादन्वितघटेऽपि शक्तिं त्यक्त्वा घटपदस्य घटमात्रे शक्तिमवधारयति ।

तद्धेतुतयेति । दुःखकारणीभूतः शाब्दबोधः प्रकृतवाक्यजन्यः अन्यथासिद्धचनिरूपकत्वे सति प्रकृतवाक्यानन्तरभावित्वादिति ।

मीमांसकैकदेश्यन्विताभिधानवादिमतं दूषयति इत्थं चेति । इदं हि तेषामाकूतम्—घटादिपदानां जातौ शक्तिर्व्यक्तिबोधश्चाक्षेपात् अन्वयस्याशक्यत्वादाक्षेपासंभवाच्चाशक्यस्यालक्ष्यस्य च शाब्दबोधे भानोपगमेऽतिप्रसङ्गः स्यादिति अन्वयेऽपि शक्तिरङ्गीकार्येति ।

लाघवादिति । अन्वितघटशाब्दत्वस्य पदज्ञानजन्यतावच्छेदकत्वापेक्षया घटशाब्दत्वस्य जन्यतावच्छेदकत्वे लाघवमिति भावः । अन्वयबोधस्तु आकाङ्क्षया तार्किकमते, लक्षणया च भाट्टमते इति ध्येयम् । यत्तु दिनकरेण भट्टमतं प्रतिक्षिपन्स्वमतमुपसंहरति-इत्थं चेत्युक्तं, तत्तु भट्टमतानवबोधविजृम्भितम् । न हि भट्टोऽन्विताभिधानवादी शास्त्रदीपिकादौ भट्टमतानुयायिभिरन्विताभिधानवादस्य निराकृतत्वादित्यलं परगृहकुदृष्टिपातेन ।

बोधमें ही शक्ति है । इस नियमका 'चैत्र तुम्हारे घरमें पुत्र हुआ है' इस स्थलमे व्यभिचार होनेसे घटादिपदों की कार्यान्वित घटादिपदों में शक्ति मानना उचित नहीं है ।

यद्यपि 'चैत्र तुम्हारे घरमें पुत्र हुआ है', इस वाक्यमें 'तं पश्य' उसे देखो, इस वाक्यांशका अध्याहार करलें तब तो व्यभिचार नही होगा यह कहा जा सकता है तथापि यह ठीक नहीं क्योंकि उक्त वाक्यांशके अध्याहारमें कोई प्रमाण नहीं है । 'चैत्र पुत्रस्ते जातः मृतश्च' इस स्थल में 'पश्य' का अभ्याहार होना असम्भव भी है ।

इन्हीं कारणोंसे अन्वितघटमें भी शक्तिका त्यागकर लाघवात् केवल 'घटमें ही घटपदका शक्तिग्रह करना' यही निश्चय बालकको होता है ।

इसी प्रकार वाक्यशेषसे भी शक्तिका ग्रहण होता है । जैसे 'यवमयश्चरुर्भवति' इस वाक्यमें पठित 'यव' पदकी दीर्घसूकवाले यव (जव) विशेषमें आर्यलोग शक्ति मानते हैं । और म्लेच्छलोग इस पदकी कङ्गु (काकुनि) में शक्ति मानते हैं । इससे यह सन्देह होना स्वाभाविक है कि 'यवमयश्चरुर्भवति' इस वाक्यमें पठित 'यव' पदका क्या अर्थ माना जाय । इस शङ्काके निराकरणके लिए प्रकरणके अन्तमें 'यदान्या ओषधयः म्लायन्तेऽथैते

एवं वाक्यशेषादपि शक्तिग्रहः । यवमयश्चरुर्भवतीत्यत्र यवपदस्य दीर्घशूकविशेषे आर्याणां प्रयोगः, कङ्गौ च म्लेच्छानाम् । तत्र हि—'यदान्या ओषधयो म्लायन्तेऽथैते मोदमानास्तिष्ठन्ति' ।

वसन्ते सर्वसस्यानां जायते पत्रशातनम् ।
मोदमानाश्च तिष्ठन्ति यवाः कणिशशालिनः ॥

इति वाक्यशेषाद्दीर्घशूके शक्तिर्निर्णीयते, कङ्गौ तु शक्तिभ्रमात्प्रयोगो नानाशक्तिकल्पने गौरवात् । हर्यादिपदे तु विनिगमकाभावान्नानाशक्तिकल्पनम् ।

एवं विवरणादपि शक्तिग्रहः । विवरणं तु तत्समानार्थकपदान्तरेण तदर्थकथनम् । यथा घटोऽस्तीत्यस्य कलशोऽस्तीत्यनेन विवरणाद्घटपदस्य कलशे शक्तिग्रहः । एवं पचतीत्यस्य पाकं करोतीत्यनेन विवरणादाख्यातस्य यत्नार्थकत्वं कल्प्यते ।

यवमय इति । तदुक्तं न्यायमालाविस्तरे—

यवादिशब्दाः किं द्व्यर्था, नो वार्यम्लेच्छसाम्यतः ।
दीर्घशूकप्रियंग्वाद्या, द्वयेप्यर्था विकल्पिताः ॥

मोदमानास्तिष्ठन्ति' जब दूसरी ओषधियोंमें पतझड़ हो जाते है तब भी ये मुदित रूपमें दिखाई देते हैं ।

'वसन्तमें सब सस्यों के पत्र गिर जाते हैं किन्तु कणिश और शाली (दीर्घसूकवाले) यव मुदित अवस्थामें रहते हैं । इन वाक्योंमें 'यव' शब्दकी परिभाषासे यह निर्णय किया जाता है कि 'यवमयश्चरुर्भवति' वाक्यमें 'यव' पदकी दीर्घसूकमें शक्ति है । म्लेच्छोंका प्रयोग भ्रममूलक है । यदि हरि पदकी भाँति 'यव' पदकी दीर्घसूक तथा कङ्गु (काकुनि) दोनों में शक्ति मानलें तो भी ठीक नहीं । क्योंकि अनेक शक्ति कल्पना करनेमें गौरव होगा । अतः मीमांसकोंने 'म्लेच्छप्रसिद्धेः आर्यप्रसिद्धिर्बलीयसी' इस न्यायके आधार पर 'यव' पदकी दीर्घसूक मात्रमें शक्ति मानी है ।

'हरि' पदमें तो अनेक शक्ति माननी ही पड़ती है । क्योंकि किसी एक अर्थमें हरि पदकी शक्तिका नियामक कोई वचन है ही नहीं ।

इसी प्रकार विवरणसे भी शक्तिग्रह होता है । विवरण पदका अर्थ है कि उसीके समान अर्थवाले दूसरे पदसे उसके अर्थको कहना' जैसे 'घट है' इसका अर्थ 'कलश है' इस वाक्य द्वारा करने पर यह सिद्ध हो जाता है कि 'घट' पद और 'कलश' पदका एक ही

एवं प्रसिद्धपदस्य सानिध्यादपि शक्तिग्रहः। यथा इह सहकारतरौ मधुरं पिको रौतीत्यादौ पिकपदस्य कोकिले शक्तिग्रह इति।

तत्र जातावेव शक्तिर्न तु व्यक्तौ—व्यभिचारादानन्त्याच्च। व्यक्तिं

यत्रान्या इति शास्त्रस्था, प्रसिद्धिस्तु बलीयसी।
शास्त्रीयधर्मे तेनात्र, प्रियंग्वादि न गृह्यते॥

मीमांसकमतमाह—तत्र जाताविति। जातिविशिष्टव्यक्तौ शक्तिस्वीकारे 'नागृहीतविशेषणा बुद्धिर्विशेष्यमधिगच्छति' इति न्यायाज्जातौ शक्तिग्रहस्यावश्यकतया जातावेव शक्तिर्लाघवात् न तु जातिविशिष्टव्यक्तौ। तदुक्तं 'विशेष्यं नाभिधा गच्छेत्क्षीणशक्तिर्विशेषणे' इति तेषामभिप्रायः।

ननु व्यक्तावेव शक्तिरस्तु न जाताविल्यत आह—न तु व्यक्ताविति। अयं भावः व्यक्तिशक्तिपक्षे एकस्यां व्यक्तौ शक्तिरस्ति सर्वासु वा। नाद्यः अगृहीतशक्तिकव्यक्तावपि विषयतासम्बन्धेन शाब्दबोधरूपकार्यस्य सत्त्वेन शक्तिग्रहरूपकारणस्याभावेन व्यतिरेकव्यभिचारात्। न द्वितीयः व्यक्तिभेदेन शक्तिभेदात् शक्यानन्त्यप्रसङ्गादिति। जातिशक्तिपक्षे तु न व्यभिचारो न वा शक्त्यानन्त्यमिति।

अर्थ है। इसी प्रकार पचति पदका पाकं करोति विवरण कर देनेसे आख्यातका यत्न अर्थ माना जाता है।

प्रसिद्धार्थक पदके सन्निधानसे भी पदकी शक्तिका ज्ञान होता है। जैसे किसीने कहा कि 'इस आमके पेड़पर पिक (कोयल) मधुर बोल रही है' इस वाक्य में पिक पदको छोड़कर अन्यपदों का अर्थ जाननेवाला व्यक्ति आमके पेड़ पर बैठकर बोलनेवाले पक्षिमें पिक पदकी शक्तिका ग्रहण (ज्ञान) प्राप्त करता है।

अब प्रश्न यह उठता है कि जिन पदोंका जिन अर्थोंमें शक्तिग्रह होता है क्या वह जातिमें शक्तिग्रह होता है या व्यक्तिमें। जैसे 'घट' पदकी घटत्वजातिमें शक्ति है या कम्बुग्रीवादिमद्व्यक्ति में?।

इस पर **मीमांसकों** का मत है कि घट पदकी घटत्व जातिमें शक्ति माननी चाहिए व्यक्तिमें नहीं। क्योंकि व्यक्तिमें शक्ति मानने पर किसी एक व्यक्तिमें शक्तिग्रह होने पर भी व्यक्त्यन्तरमें शक्तिग्रह न होनेसे शाब्दबोध नहीं होना चाहिए। किन्तु शाब्दबोध होता है। अतः 'कारणाभावे कार्योत्पादः' कारणके विना भी कार्यका होना व्यतिरेक व्यभिचार हो जाता है। यदि समस्त व्यक्तियोंमें शक्ति मानें तो अनन्तशक्ति माननी पड़ती है। क्योंकि व्यक्ति अनन्त हैं। इसलिए व्यक्तिमें शक्ति न मानकर जातिमें शक्ति मानते हैं। जातिसे सकल व्यक्तियोंका ग्रहण होनेसे व्यभिचारदोष नहीं होता, और जातिके एक होनेसे अनन्तशक्ति कल्पना भी नहीं करनी पडती है। हाँ; विना व्यक्तिके जातिकी

विना जातिभानस्यासम्भवाद्व्यक्तेरपि भानमिति केचित्।

तन्न; शक्तिं विना व्यक्तिभानानुपपत्तेः।

न च व्यक्तौ लक्षणा, अनुपपत्तिप्रतिसन्धानं विनापि व्यक्तिबोधात्।

न च व्यक्तिशक्तावानन्त्यम्, सकलव्यक्तावेकस्या एव शक्तेः स्वीकारात्।

न चाननुगमः गोत्वादेरेवानुगमकत्वात्।

जातिभानस्यासम्भवादिति। जातिभासकसामग्र्या एव व्यक्तिभासकत्वादिति भावः। इदमेव कथमिति चेदुच्यते व्यक्तिविशेष्यकजातिप्रकारकशाब्दबोधे जातिविषयकशक्तिज्ञानस्य हेतुतया व्यक्तिं विना जातिभानासम्भव इति।

तथाच जातिविशेष्यकशक्तिज्ञानं बोधे जातिभासकं व्यक्तिभासकं चेति भावः।

व्यक्तिभानानुपपत्तेरिति। वृत्त्या पदजन्यपदार्थोपस्थितेः शाब्दबोधे हेतुतया व्यक्तौ शक्तिं विना व्यक्तेर्भानं न स्यादिति भावः। लक्षणेति तावतैव वृत्तिप्रयोज्यपदार्थोपस्थितेः सत्त्वेन व्यक्तिबोधसम्भवादिति भावः।

अनुपपत्तिप्रतिसंधानमिति। गामानयेत्यादौ गोत्वे आनयनान्वयानुपपत्त्या गोपदस्य गोव्यक्तौ लक्षणासम्भवेऽपि गौरस्तीत्यत्र गोत्वेऽस्तित्वान्वयेऽनुपपत्त्यभावेन अन्वयानुपपत्तिरूपलक्षणाबीजस्यासत्त्वेन च न लक्षणासम्भव इति भावः। मीमांसका हि अन्वयानुपपत्तिमेव लक्षणाबीजं वदन्ति न तात्पर्यानुपपत्तिं तन्मते वेदस्यापौरुषेयतया इच्छारूपतात्पर्यस्याभावेन 'आदित्यो यूप' इत्यत्र तात्पर्यानुपपत्त्यभावेन लक्षणाभावप्रसङ्गात्।

तीति हो नहीं सकती, अतः जातिभासक सामग्री से ही व्यक्तिका भान हो जायगा। इस प्रकार व्यक्तिमें शक्ति माननेकी कोई आवश्यकता भी नहीं है।

इसी प्रकार जातिविशिष्ट व्यक्तिमें भी शक्ति मानना ठीक नहीं, क्योंकि 'नागृहीतविशेषणाबुद्धिर्विशेष्यमधिगच्छति' विशेषणज्ञानके बिना विशेष्यज्ञान हो ही नहीं सकता' इस न्याय के अनुसार घटत्वविशिष्ट घटमें शक्ति माननेके पूर्व घटत्वमें शक्ति मानना पड़ता है। क्योंकि घटत्व विशेषण है विशेषणमें शक्तिग्रह हुए बिना विशेष्यज्ञान होगा ही नहीं। अतः लाघवके कारण जातिमें शक्ति माननी चाहिए। जातिमें शक्ति मानकर भी जातिविशिष्ट व्यक्तिमें शक्ति नहीं मानी जा सकती। क्योंकि 'विशेष्यं नाभिधा गच्छेत् क्षीणशक्तिर्विशेषणे' विशेषणमें ही जिसकी शक्ति क्षीण हो गई है वह अभिधा विशेष्यमें नहीं जा सकती' इस न्यायके आधार पर अभिधाका सामर्थ्य क्षीण हो गया है।

किन्तु मीमांसकों का यह कहना ठीक नहीं क्योंकि 'शाब्दबोधमें वृत्या पदजन्यपदार्थोपस्थितिः' कारण है'। यदि व्यक्तिमें शक्ति नहीं है तो व्यक्तिका भान शाब्दबोधमें नहीं

किञ्च गौः शक्येति शक्तिग्रहो यदि तदा व्यक्तौ शक्तिः। यदि तु गोत्वं शक्यमिति शक्तिग्रहस्तदा गोत्वप्रकारकपदार्थस्मरणं शाब्दबोधश्च न स्यात्। समानप्रकारकत्वेन शक्तिज्ञानस्य पदार्थस्मरणं शब्दबोधं प्रति

ननु शक्तिं विनापि व्यक्तिभानं भविष्यति सर्वत्र पदजन्यपदार्थोपस्थितेः हेतुत्वे-मानाभावात्। कथमन्यथा शाब्दबोधे संसर्गभानम्। नचैवं पदानुपस्थितघटादेरपि शाब्दबोधे भानापत्तिरिति वाच्यम्। गोविशेष्यकगोत्वप्रकारकशब्दबोधं प्रति गोत्व-शक्तिज्ञानत्वेन हेतुत्वस्याङ्गीकारेणादोषादित्यपरितोषादाह किञ्चेति।

व्यक्तौ शक्तिरिति। गौः शक्येति विशिष्टज्ञानं प्रमात्मकमेव तव [प्रभाकरस्य] मतेऽन्यथाख्यात्यभावात्, प्रमायाश्च वस्तुसाधकत्वादिति भावः।

समानप्रकारकत्वेनेति। गोत्वप्रकारकपदार्थस्मरणं, गोत्वप्रकारकशाब्दबोधं, च प्रति गोत्वप्रकारकशक्तिज्ञानस्य हेतुत्वादिति भावः।

अत एवापूर्ववादेऽपूर्वस्य पूर्वमनुपस्थितत्वात् कथं तत्र शक्तिग्रह इत्याशङ्क्य कार्यत्वेन घटादिषु शक्तिग्रहात् कार्यतया शाब्दबोधेऽपूर्वभानमित्युक्तम्।

होगा। अतः व्यक्तिमें शक्ति माननी चाहिए। यहाँ 'जातिमें शक्ति हैं व्यक्तिकी उपस्थिति लक्षणावृत्तिके द्वारा हो जायगी' यह कहना भी ठीक नहीं, क्योंकि लक्षणामें अन्वयानुपपत्ति या तात्पर्यानुपपत्ति कारण है। दोनों प्रकारोंमें से किसी भी अनुपपत्तिके बिना भी 'गौरस्ति' इत्यादि वाक्योंमें व्यक्तिका बोध होता है। अतः व्यक्तिकी उपस्थिति लक्षणावृत्तिसे नहीं कही जा सकती।

व्यक्तिमें शक्तिमाननेसे अनन्तशक्तिकी कल्पना भी नहीं करनी पड़ेगी। क्योंकि सकल घटव्यक्तियोंमें एक ही शक्ति मानेगें फिर अनन्तशक्ति माननेका कोई प्रश्न ही नहीं उठता। घटादि व्यक्तियोंके अनुगत होनेसे विषयतासम्बन्धेन शक्तिज्ञानकारणतामें अननुगम भी नहीं होगा। क्योंकि घटत्व अथवा गोत्व आदि धर्मोंसे अनुगम हो सकता है। तात्पर्य यह है कि गोविषयक शब्दबोधके प्रति गोत्वविशिष्टविषयकशक्तिज्ञानत्वेन कारणताके माननेसे अननुगमरूपी दोष नहीं होगा।

शाब्दबोधमें संसर्गभानको देखते हुए सर्वत्र 'पदजन्य पदार्थोपस्थिति' ही शाब्दबोधमें कारण है यह मानना अनुचित होगा। क्योंकि संसर्गकी तरह व्यक्तिका भी भान शक्तिके बिना ही सर्वत्र होने लगेगा। गो पदसे अनुपस्थित घट पदका शाब्दबोधमें भान तो हो नहीं सकता क्योंकि गोविशेष्यकगोत्वप्रकारक शाब्दबोधं प्रति गोत्वशक्तिज्ञानत्वेन हेतुता ही मानी जायगी। अतः शक्तिके बिना व्यक्तिका शाब्दबोधमें भान नहीं होगा यह नैयायिकों का कहना उचित नहीं है। हाँ, ठीक है।

किन्तु यदि 'गौः गोपदशक्या' यह शक्तिज्ञान हुआ। तब तो व्यक्तिमें ही शक्ति है यह अनुभवसिद्ध होगा। प्रभाकरके मतमें तो विशिष्टज्ञान प्रमात्मक ही होता है क्योंकि

हेतुत्वात्। किञ्च गोत्वे यदि शक्तिस्तदा गोत्वत्वं शक्यतावच्छेदकं वाच्यम्, गोत्वत्वं तु गवेतरासमवेतत्वे सति सकलगोसमवेतत्वम्, तथाच गोव्यक्तीनां शक्यतावच्छेदकेऽनुप्रवेशात्तवैव गौरवम्।

ननु कार्यत्वाद्युपाधिप्रकारकशाब्दबोधस्थले समानप्रकारकशक्तिज्ञानस्य हेतुत्वेऽपि जातिप्रकारकशाब्दबोधस्थले समानप्रकारकशक्तिज्ञानस्य न हेतुतेति नायं दोष इत्यरुचेराह किं चेति।

तच्छब्दस्य वक्तृबुद्धिविषयतावच्छेदकीभूतघटत्वाद्यवच्छिन्ने शक्तिः।

ननु तत्पदे घटत्वादीनां शक्यतावच्छेदकत्वे शक्यतावच्छेदकभेदाच्छक्तिभेदापत्तिः। न च शक्यतावच्छेदकानां भिन्नत्वेऽपि शक्यतावच्छेदकतावच्छेदकस्य बुद्धिविषयतावच्छेदकत्वस्यैक्यान्न शक्तिभेद इति वाच्यम्, तस्य शक्यतावच्छेदकतावच्छेदकत्वे शाब्दबोधे तद्भानापत्तेरिति चेन्न—बुद्धिविषयतावच्छेदकत्वस्योपलक्षणतया शक्यतावच्छेदकतावच्छेदकत्वात्। उपलक्षणस्य शाब्दबोधे भानानङ्गीकारात्।

विशेषणत्वं च—तत्पदजन्यबोधविषयत्वेन शक्तिविषयत्वम्।
उपलक्षणत्वं च—तत्पदजन्यबोधविषयत्वेन शक्यविषयत्वमिति॥
इदमः प्रत्यक्षगतं समीपतरवर्ति चैतदोरूपम्।
अदसस्तु विप्रकृष्टं तदिति परोक्षे विजानीयात्॥

मीमांसकोंके यहाँ अन्यथाख्याति स्वीकृत नहीं की गई है। यदि 'गोत्वं गोपदशक्यम्' इस प्रकारका शक्तिज्ञान हुआ तब तो गोपदसे गोत्वप्रकारक गोव्यक्तिका स्मरण तथा गोत्वप्रकारकगोविशेष्यक बोधका उदय नहीं होना चाहिए। क्योंकि नियम है कि 'यत्प्रकारक यद्विशेष्यक शक्तिग्रहण हो वह शब्दशक्तिग्रहण तत्प्रकारक तद्विशेष्यकस्मरण तथा तत्प्रकारक तद्विशेष्यक शाब्दबोधके प्रति कारण होता है।

यदि कार्यत्वाद्युपाधिप्रकारकशाब्दबोधस्थलमें समानप्रकारक शक्तिज्ञानको हेतु मान भी लिया जाय तब भी जातिप्रकारक शाब्दबोधस्थलमें समानप्रकारक शक्तिज्ञानमें हेतुता नहीं माननी चाहिए। हाँ, ठीक। किन्तु यदि गो पदकी 'गोत्व' जातिमें शक्ति मान ली जाय तो शक्यतावच्छेदकधर्म गोत्वत्व होगा। यह गोत्वत्व 'गवेतरासमवेतत्वे सति सकल-गोसमवेतत्वरूप' अर्थात् गोव्यक्तिसे इतर व्यक्तियोंमें असमवेत होकर सकल गोव्यक्तिमें समवेत होना है। इस प्रकार अनन्त गोव्यक्तियोंका शक्यतावच्छेदक कोटिमें तथा शाब्द-बोधकी कारणतावच्छेदक कोटिमें प्रवेश होनेसे मीमांसकोंको ही गौरव होगा। यहाँ शक्यका अर्थ है 'शक्तिका आश्रय' गोपदमें शक्तिका आश्रय है गोत्व, क्योंकि जातिमें शक्ति मानी गई है। शक्यता गोत्वमें और शक्यताका अवच्छेदकधर्म है गोत्वत्व। अतएव यहाँ गोत्वत्वको शक्यतावच्छेदक बताया गया है।

तस्मात्तत्तज्जात्याकृतिविशिष्टतत्तद्व्यक्तिबोधानुपपत्त्या कल्प्यमाना शक्तिर्जात्याकृतिविशिष्टव्यक्तौ विश्राम्यतीति ।

शक्तं पदम्, तच्चतुर्विधम्—क्वचिद्यौगिकं, क्वचिद्रूढं, क्वचिद्योगरूढं, क्वचिद्यौगिकरूढम् । तथाहि—

यत्रावयवार्थ एव बुध्यते तद्यौगिकम् । यथा पाचकादिपदम् ।

यत्रावयवशक्तिनैरपेक्ष्येण समुदायशक्तिमात्रेण बुध्यते तद्रूढम् । यथा गोमण्डलादिपदम् ।

इत्यभियुक्तोक्तेः—

इदमः प्रत्यक्षबुद्धिविषये शक्तिः । एतदः समीपतरप्रत्यक्षबुद्धिविषये शक्तिः ॥
अदसः विप्रकृष्टप्रत्यक्षविषये शक्तिः । तदः परोक्षबुद्धिविषये शक्तिः ॥
किं पदस्य जिज्ञासाविषयत्वविशिष्टे शक्तिः ।

सर्वपदस्य व्यापकत्वविशिष्टे शक्तिः । 'सर्वे घटा रूपवन्तः' इत्यत्र घटत्वव्यापकं रूपवत्त्वमिति बोधात् ।

क्वचिदिति । **किंचिदित्यर्थः एवमग्रेऽपि ।**

अतः मीमांसकोंके पक्षमें गौरव होनेके कारण तथा केवल जाति, या आकृति (अवयवसंस्थान), या व्यक्तिमात्रमें शक्ति माननेसे उन-उन गोत्वादि जातियों, अथवा शृङ्गसास्नादि अवयव संस्थान विशिष्टों अथवा गो आदि व्यक्तियोंके बोधकी अनुपपत्ति होनेसे बुद्धिपूर्वक शक्तिकी कल्पना करने पर वह शक्ति जात्याकृतिविशिष्ट व्यक्तिमें ही विश्राम पाती है । **यह नैय्यायिकोंका मत है ।**

शक्तिसे जो विशिष्ट होता है वह **पद** कहा जाता है । पद चार प्रकारके होते हैं । (१) कहीं **यौगिक,** (२) कहीं **रूढ,** (३) कहीं **योगरूढ,** (४) और कहीं **यौगिकरूढ** ।

(१) **जो पद अपने अवयवोंसे स्वार्थका बोधक हो वह यौगिक पद है ।** जैसे **पाचक** आदि पद । यहाँ पचति इति पाचकः, इस विग्रहमें 'पच्' धातु है, कर्तामें 'ण्वुल्' प्रत्यय आया है । अतः पाकक्रिया करनेवालेका नाम पाचक यह अर्थ शब्दके अवयवोंसे ही समझमें आ जाता है । इसी प्रकार पाठक आदि पद हैं ।

जो पद अवयवशक्तिके विना समुदायशक्तिसे स्वार्थका बोधक हो वह रूढपद है । जैसे गो और मण्डल पद रूढ हैं । गो पद समुदाय-शक्तिके द्वारा गो व्यक्तिमें ह । मण्डल पद समुदाय-शक्तिके द्वारा सूर्यके चारों ओर घेरनेवाले कुण्डलाकारमें है । यहाँ समुदायशक्ति ही बोधमें हेतु है अवयवशक्ति नहीं यह मानना चाहिए । अन्यथा 'मण्डं लाति' आदत्ते इति मण्डलम्' इस अवयवशक्तिसे माड़ लाने वाला अर्थ होगा जो 'सूर्यमण्डलं भाति' यहाँ असङ्गत और अनपेक्षित है ।

यत्र तु अवयवशक्तिविषये समुदायशक्तिरप्यस्ति तद्योगरूढम्, यथा-पङ्कजादिपदम् । तथाहि—पङ्कजपदमवयवशक्त्या पङ्कजनिकर्तृरूपमर्थं बोधयति, समुदायशक्त्या च पद्मत्वेन रूपेण पद्मं बोधयति ।

न च केवलयाऽवयवशक्त्या कुमुदे प्रयोगः स्यादिति वाच्यम्, रूढिज्ञानस्य केवलयौगिकार्थज्ञाने प्रतिबन्धकत्वादिति प्राञ्चः ।

वस्तुतस्तु समुदायशक्त्युपस्थितपद्मेऽवयवार्थपङ्कजनिकर्तुरन्वयो भवति-सान्निध्यात् ।

यत्र तु रूढ्यर्थस्य बाधः प्रतिसन्धीयते तत्र लक्षणया कुमुदादेर्बोधः ।

पद्मं बोधयतीति । **पङ्कजनिकर्त्रभिन्नं पद्ममिति बोधः ।**

प्रतिबन्धकत्वादिति । **न च रूढिज्ञानस्य यौगिकार्थबुद्धिं प्रति प्रतिबन्धकत्वे पङ्कजशब्दात्पद्ममित्येव बोधः स्यान्न तु पङ्कजनिकर्त्रभिन्नं पद्ममिति वाच्यम् । पद्मत्वावच्छिन्नविशेष्यत्वानिरूपितपङ्कजनिकर्तृत्वावच्छिन्नविषयताकशाब्दबुद्धित्वावच्छिन्नं प्रति रूढिज्ञानस्य प्रतिबन्धकत्वेन पद्मविशेष्यकयौगिकार्थबुद्धेः प्रतिबध्यतावच्छेदकानाक्रान्तत्वेनादोषात् तदेतदाह—**केवलयौगिकार्थज्ञाने इति । **एवं प्रतिबध्य-प्रतिबन्धकभावस्वीकारे विरोधिविषयकज्ञानस्य प्रतिबन्धकत्वं जनकज्ञानविघटकत्वेनैवेति नियमभङ्गरूपोऽस्वरसः प्राञ्च इत्यनेन सूचितः ।**

मणिकारमतमाह वस्तुतस्त्विति ।

जो पद अवयव तथा समुदाय दोनों शक्तियों द्वारा स्वार्थका बोधक हो वह योगरूढ है । जैसे—पङ्कज आदि पद । 'पङ्काज्जायते' इस व्युत्पत्तिसे बना पङ्कजपद अवयवशक्ति द्वारा पङ्कसे उत्पन्न होनेवाले वस्तुका तथा समुदाय शक्तिसे पद्मत्वेन रूपेण केवल कमलका बोधक है ।

यहाँ केवल अवयव शक्तिसे ही पङ्कज पदका कुमुद आदिमें भी प्रयोग हो तो क्या हानि हो सकती है यह कहना नितान्त अशक्य है । क्योंकि **प्राचीन नैयायिकोंने** केवल यौगिकार्थज्ञानका प्रतिबन्धक रूढिज्ञानको माना है । यहाँ केवल यौगिकार्थ ज्ञान नहीं अपितु अवयवार्थ ज्ञान भी है । अतः कुमुदके लिए पङ्कजपदका प्रयोग अनुचित होता है ।

वस्तुतः समुदायशक्तिसे उपस्थित पद्ममें अवयवार्थ 'पङ्कजनिकर्ता पद्मका' सान्निध्यसे अन्वय होता है । तात्पर्य यह है कि अवयवशक्ति की अपेक्षा पहले समुदायशक्तिके द्वारा उपस्थित वस्तुका लाभ होता है । किन्तु जिस स्थलमें समुदायशक्ति (रूढशक्ति) के अर्थका बाध होता है वहाँ लक्षणावृत्तिके द्वारा पद्म पदका कुमुद आदि अर्थ भी मान लिया जाता

यत्र तु कुमुदत्वेन रूपेण बोधे न तात्पर्यज्ञानं पद्मत्वस्य च बाधस्तत्राव-यवशक्तिमात्रेण निर्वाह इत्यप्याहुः।

यत्र तु स्थलपद्मादाववयवार्थबाधस्तत्र समुदायशक्त्या पद्मत्वेन रूपेण बोधः। यदि तु स्थलपङ्कजं विजातीयमेव तदा लक्षणयैवेति।

यत्र तु यौगिकार्थरूढ्यर्थयोः स्वातन्त्र्येण बोधस्तद्यौगिकरूढम् यथोद्भिदादिपदम्। तत्र हि उद्भेदनकर्ता तरुगुल्मादिरपि बुध्यते यागविशेषोऽपीति ॥ ८१ ॥

स्वातन्त्र्येणेति। विशेष्यविशेषणभावानवगाहित्वेनेत्यर्थः।

लक्षणयैवेति। रूढ्यर्थतावच्छेदकपद्मत्वजातेस्तत्राभानेन रूढ्या तद्बोधनासम्भवादिति भावः। शक्तिमात्रेणेति। मात्रपदेन लक्षणानादरः सूचितः।

यागविशेषोऽपीति। 'उद्भिदा यजेत पशुकाम' इत्यत्र उद्भिच्छब्दो यागविशेषनामधेयम्। तथा च न्यायमाला—

गुणोऽयं नामधेयं वा, खनित्रेऽस्य निरुक्तितः।
ज्योतिष्टोमं समाश्रित्य, पश्वर्थं गुणचोदना॥
फलोद्भेदात्समानैषा, निरुक्तिर्यागनाम्न्यपि।
नामत्वमुचितं याग, समानाधिकरण्यतः॥ इति॥

तात्पर्यानुपपत्तिर्वेति। ननु गङ्गापदाच्छक्त्यैव तीरबोधो किमिति लक्षणाङ्गीकरणीयेति चेन्न—तथा सति तीरे गङ्गापदस्य स्वारसिकप्रयोगापत्तेः। गङ्गात्वापेक्षया गङ्गातीरत्वस्य गुरुतया शक्यतावच्छेदकत्वकल्पनस्यानौचित्याच्च। न च नानार्थस्थलेऽपि एकत्र शक्तिरन्यत्रलक्षणास्त्विति वाच्यम्, विनिगमकाभावेन सर्वत्र शक्तिसिद्धेः।

है। जहाँ वक्ताका तात्पर्य कुमुदत्वेन कुमुदबोधमें नहीं है तथा पद्मत्वेन रूपेण पद्मका बाधप्रतीत हो रहा हो वहाँ केवल अवयवशक्तिसे ही निर्वाह चलाया जाता है।

जहाँ स्थल पद्मके अर्थ में पङ्कज शब्दका प्रयोग होता है और पङ्कज शब्दके अवयवार्थका बाध होता है वहाँ समुदायशक्तिके द्वारा पद्मत्वेन रूपेण बोध माना जाता है। कुछ लोगोंका मत है कि स्थलपङ्कज पद्मसे भिन्न विलक्षण ही है। इनके मतमें तो यहाँ लक्षणा ही माननी पड़ेगी।

जहाँ योगार्थ और रूढ्यर्थ स्वतन्त्ररूपसे बोधक हों अर्थात् वस्तुविशेषका अवयवशक्तिसे तथा वस्तुविशेषका समुदायशक्तिसे बोध होता हो वह **योगरूढ** शब्द कहा जाता है। जैसे 'उद्भिद्' शब्द। यहाँ 'ऊर्ध्वं भिनत्ति इति उद्भिद्' इस व्युत्पत्ति से उद्भिद् शब्द यौगिकशक्तिसे वृक्ष और लता आदि का बोधक है। तथा समुदायशक्तिके द्वारा एक यागकी संज्ञाके रूपमें रूढ भी है। अतएव उद्भिद् शब्द योगरूढ कहा गया है ॥ ८१ ॥

लक्षणा शक्यसम्बन्धस्तात्पर्यानुपपत्तितः।

लक्षणेति। गङ्गायां घोष इत्यादौ गङ्गापदस्य शक्यार्थे प्रवाहरूपे घोषस्यान्वयानुपपत्तिस्तात्पर्यानुपपत्तिर्वा यत्र प्रतिसन्धीयते तत्र लक्षणया तीरस्य बोध इति।

सा च शक्यसम्बन्धरूपा। तथाहि—प्रवाहरूपशक्यार्थसम्बन्धस्य तीरे गृहीतत्वात्तीरस्य स्मरणम्। ततः शाब्दबोधः।

परन्तु यद्यन्वयानुपपत्तिर्लक्षणाबीजं स्यात्तदा यष्टीः प्रवेशयेत्यत्र लक्षणा न स्यात्—यष्टिषु प्रवेशान्वयस्यानुपपत्तेरभावात्। तेन यष्टिप्रवेशे भोजनतात्पर्यानुपपत्त्या यष्टिधरेषु लक्षणा।

यत्र तु लाघवादिकं विनिगमकं तत्र न नानाशक्तिकल्पनम् यथानीलादिपदे इति ध्येयम्।

प्रतिसन्धीयते इति। प्रतिसंधानं—स्मरणम्।

शक्यके सम्बन्ध विशेषका नाम लक्षणा है। तात्पर्याऽनुपपत्ति ही लक्षणा का बीज है।

इस प्रकार शक्यसम्बन्धो लक्षणाका लक्षण और तात्पर्यानुपपत्ति लक्षणाका बीज निर्धारित किया गया। जैसे 'गङ्गायां घोषः' इस वाक्य में गङ्गापदका शक्यार्थ प्रवाह है तथा घोषपदका शक्यार्थ आभीरगृह है। गङ्गाके प्रवाहमें घोषका बना रहना सम्भव नहीं है यतः अन्वय ठीक न बैठनेसे 'गंगायां घोषः' वाक्य का शाब्दबोध नहीं हो सकता। अतः गङ्गापद अपने वाक्यार्थ प्रवाहके समीपवर्ती तीरमें लाक्षणिक है। परम्परा सम्बन्धसे स्वार्थबोध करनेवाला पद लाक्षणिक होता है। इसीलिए 'गङ्गायां घोषः' वाक्यमें गङ्गापदके अर्थ प्रवाहसे संयोग सम्बन्धसे सम्बन्धित तीरका बोध होता है। इसे ही जहत्स्वार्था लक्षणा भी कहते हैं। क्योंकि गङ्गापदने वाक्यमें अन्वयकी सिद्धिके लिए अपने अर्थ (प्रवाह)का त्यागकर दिया तथा तीरका बोधक बना है।

वह लक्षणा शक्यसम्बन्धरूपा है। जैसे—गङ्गापदका प्रवाहरूप शक्यार्थसे सम्बद्ध तीर है अतः यहाँ गङ्गापदसे तीरका ही स्मरण होता है तथा तदनन्तर 'गङ्गातीरे घोषः' शब्दबोध होता है। यहाँ गङ्गापदार्थका घोषपदार्थके साथ अन्वय न बननेके कारण ही' गङ्गापदका गङ्गासम्बन्धी तीर अर्थ होता है। अतः यहाँ अन्वयानुपपत्तिके कारण लक्षणा हुई है।

किन्तु सर्वत्र अन्वयानुपपत्ति ही लक्षणाका कारण नहीं है। कहीं-कहीं तात्पर्यानुपपत्ति भी लक्षणाका कारण बनती है। जैसे—'यष्टीः प्रवेशय' में यष्टी का प्रवेश बन सकता है। अन्वयबोध होनेमें कोई बाधा भी नहीं है। फिर भी यहाँ यष्टी पदकी यष्टिधरमें लक्षणा

एवं काकेभ्यो दधि रक्ष्यतामित्यादौ काकपदस्य दध्युपघातके लक्षणा—सर्वतो दधिरक्षायास्तात्पर्यविषयत्वात् ।

एवं छत्रिणो यान्तीत्यादौ छत्रिपदस्यैकसार्थवाहित्वे लक्षणा। इयमेवाजहत्स्वार्था लक्षणेत्युच्यते । एकसार्थवाहित्वेन रूपेण छत्रितदन्ययोर्बोधात् ।

छत्रिपदस्येति । इदं वाक्यलक्षणावादिमताभिप्रायेण । न्यायमते तु छत्रपदस्यैकसार्थवाहित्वे लक्षणा । प्रत्ययार्थश्च सम्बन्धी एकसार्थवन्तो गच्छन्तीत्यन्वयः। एकसार्थवाहित्वमेकसार्थ एव नत्वेकसार्थगन्तृत्वं निराकाङ्क्षतया यान्तीत्यस्यानन्वयापत्तेः ।

एकसार्थवाहित्वे—एकसार्थवाहित्वविशिष्टे ।

होती है । यदि अन्वयानुपपत्ति ही लक्षणाका बीज हो तो उक्त वाक्यमें लक्षणा न हो क्योंकि यष्टीका प्रवेशनक्रियामें अन्वय होनेमें कोई अनुपपत्ति नहीं है । किन्तु वक्ताका तात्पर्य है भोजन करनेवालोंके प्रवेशमें । यदि केवल यष्टी ही प्रवेश करेंगी तो भोजनका तात्पर्य सिद्ध नहीं होगा । इसी तात्पर्यकी सिद्धिके लिए यष्टिपदकी यष्टिधरमें लक्षणा करनी पड़ती है । इस प्रकार तात्पर्यानुपपत्ति भी लक्षणाका बीज मानी गई है ।

इसी प्रकार 'काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्' वाक्यमें भी अन्वयानुपपत्ति नहीं है । क्योंकि दधिको नष्ट करनेवाले काकसे दधिकी रक्षा करना इष्ट ही है । हाँ, वक्ता का तात्पर्य सर्वतः दधि रक्षामें ही है केवल काकसे दधि रक्षामें नहीं । ऐसी स्थितिमें काकसे दधि बचाने पर भी कुक्कुरसे दधि बचाने की कोई आवश्यकता नहीं होती । अतएव दधिरक्षामें वक्ताका तात्पर्य होने पर ही काक पदकी दधिका उपघात (नष्ट) करनेवाले समस्त जीवोंमें लक्षणा करनी पड़ती है । अतः उक्त वाक्यमें काकपदकी काकाकाकसमुदायमें लक्षणा होती है । यहाँ भी तात्पर्यानुपपत्ति ही लक्षणाका बीज स्वीकृत है ।

इसी प्रकार 'छत्रिणो यान्ति' वाक्यमें भी गमन क्रियामें छत्रधर पुरुषोंका अन्वय हो जाने पर भी छातावाले और बिना छातावालोंके समुदायमें लक्षणा होती है । क्योंकि समुदायमें कुछ लोग बिना छातावाले भी है । अतः छत्रिपदका एकसाथ चलनेवालोंमें (एकसार्थवाहित्वे) लक्षणा मानी गई है । अतः यहाँ पर भी तात्पर्यानुपपत्ति ही लक्षणाका बीज मानी गई है । इसे ही अजहत्स्वार्था लक्षणा कहते हैं ।

दोनोंमें भेद यह है कि 'गङ्गायां घोषः' इस वाक्यमें गङ्गापद अपना स्वार्थ त्यागकर तीर अर्थ को कहने लगता है । किन्तु 'यष्टीः प्रवेशय', काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्, छत्रिणो यान्ति' स्थलोंमें प्रवेश आदि क्रियाओंमें यष्टी आदिका भी सम्बन्ध रहता है । इसीलिए प्रथमको जहत्स्वार्था और दूसरे प्रकारको अजहत्स्वार्था कहा गया है ।

यदि चान्वयानुपपत्तिर्लक्षणाबीजं स्यात्, तदा क्वचिद्गङ्गापदस्य तीरे, क्वचिद्घोषपदस्य मत्स्यादौ लक्षणेति नियमो न स्यात् ।

इदन्तु बोध्यम् । शक्यार्थसम्बन्धो यदि तीरत्वेन रूपेण गृहीतस्तदा तीरत्वेन तीरबोधः । यदि तु गङ्गातीरत्वेन रूपेण गृहीतस्तदा तेनैव रूपेण स्मरणम् । अत एव लक्ष्यतावच्छेदके न लक्षणा—तत्प्रकारकबोधस्य तत्र लक्षणां विनाप्युपपत्तेः । परन्तु एवं क्रमेण शक्यतावच्छेदकेऽपि शक्तिर्न

शक्तिर्न स्यादिति । लक्ष्यतावच्छेदके लक्षणाया अनङ्गीकारेण तीरं गङ्गातीरं वा प्रवाहसंयोगवदिति लक्षणाग्रहे कदाचित्तीरत्वेन कदाचिद् गङ्गातीरत्वेन बोधो भवति, तद्वच्छक्यतावच्छेदके शक्तेरनङ्गीकारे पृथिवीपदात्कदाचिदष्टद्रव्यातिरिक्तद्रव्यत्वेन कदाचिद्गन्धवत्त्वेन कदाचित्पृथिवीत्वेन पृथिव्या बोधापत्तिः । पृथिवीं पृथिवीपदशक्येतिवदष्टद्रव्यातिरिक्तद्रव्यं पृथिवीपदशक्यमित्यादेरपि शक्तिग्रहस्य। संभवात् तथा च यथा लक्षणाया यत्किंचिदेकधर्मावच्छिन्नविषयक एव शाब्दबोध इति न नियमस्तथा शक्त्याबोधेऽप्यनियमः स्यादिति शक्यतावच्छेदके शक्तिस्वीकार आवश्यकः शक्यतावच्छेदकः शक्यतान्यूनानतिरिक्तवृत्तिर्लघुधर्म एवेति पृथिवीत्वादेरेव शक्यतावच्छेदकत्वं नत्वष्टद्रव्यातिरिक्तद्रव्यत्वादेर्गौरवादिति ध्येयम् ।

लक्षणाके बीजके विषयमें दो मत हैं । एक अन्वयानुपपत्ति और दूसरी तात्पर्यानुपपत्ति । यदि केवल अन्वयानुपपत्तिको ही लक्षणाका बीज माना जाय तो 'गङ्गायां घोषः' इस वाक्यमें कभी गङ्गापदकी तीरमें तथा कभी घोषपदकी मत्स्यमें लक्षणा होने लगती । नियमतः तीरमें ही लक्षणा न होती, इससे यह मानना चाहिए कि जिस स्थलमें जो पद वक्ताने जिस अर्थ बोधक तात्पर्यसे प्रयुक्त किया है वह पद उसी अर्थमें अवश्य लाक्षणिक है । अतः 'गङ्गायां घोषः' में वक्ताके तात्पर्य को ध्यानमें रखकर घोषपदकी मत्स्यमें लक्षणा नहीं होती है । अतः तात्पर्यानुपपत्ति ही लक्षणाका बीज सिद्ध होता है ।

यहाँ जानने योग्य यह है कि यदि गङ्गापदके शक्यार्थ प्रवाहका सम्बन्ध तीरत्वेन रूपेण तीर के साथ होगा तो तीरत्वेन रूपेण तीरका ही शाब्दबोध भी होगा । और यदि गङ्गातीरत्वेन रूपेण तीरका सम्बन्ध गृहीत होगा तो गङ्गातीरत्वेन रूपेण गङ्गातीरका ही शाब्दबोध होगा । अतएव लक्ष्यतावच्छेदकमें लक्षणा नहीं है । क्योंकि 'तद्धर्मविशिष्टमें लक्षणाके प्रति तद्रूपेण पदार्थोपस्थितिको शाब्दबोधके प्रति कारण मान लेनेसे तीरत्वादिधर्मप्रकारक तार विशेष्यक शाब्दबोध लक्षणाके बिना भी बन जाता है ।

किन्तु इस प्रकार तो शक्यतावच्छेदकमें भी शक्ति नहीं सिद्ध होगी । क्योंकि 'शक्यतावच्छेदकप्रकारक शक्यार्थोपस्थितिके प्रति तत्पदका सामर्थ्य है' यह भी नियम बनेगा जिससे घटत्वप्रकारक घटरूप अर्थकी उपस्थितिके प्रति घटका सामर्थ्य होनेसे शक्यताव-

स्यात्, तत्प्रकारकशक्यार्थस्मरणं प्रति तत्पदस्य सामर्थ्यमित्यस्य सुवचत्वादेति विभावनीयम् ।

यत्र तु शक्यार्थस्य परम्परासम्बन्धरूपा लक्षणा सा लक्षितलक्षणे-

---

विभावनीयमिति । तद्धर्मावच्छिन्ने शक्तिज्ञानं तद्धर्मावच्छिन्नविशेष्यकशाब्दबोधे हेतुरन्यथागवादिपदाद्गोत्वादेः शाब्दबोधे प्रकारत्वं न स्यात् । एवञ्च शक्यतावच्छेदके शक्त्यभावेऽपि पृथिवीपदशक्तिप्रमया पृथिवीत्वप्रकारक एव शाब्दबोधः । शक्तिभ्रमे तु गन्धवत्त्वादिना बोधो भवत्येवेति चिन्ताबीजम् ।

परम्परासम्बन्धरूपा—स्ववाच्यरेफद्वयघटितपदवाच्यत्वरूपा ।

च्छेदकमें शक्ति नहीं मानना चाहिए । किन्तु आचार्योंने शक्यतावच्छेदकमें शक्ति माना है और लक्ष्यतावच्छेदकमें लक्षणा नहीं यह वैषम्य अवश्य विचारणीय है ।

[प्राचीन आचार्योंका मत है कि यदि लक्ष्यतावच्छेदकमें लक्षणा न मानें तो जैसे तीर अथवा गङ्गातीर प्रवाहका संयोगी है इस प्रकार लक्षणाग्रहण होने पर कदाचित् तीर प्रवाह सम्बन्धी, कदाचित् गङ्गातीर प्रवाह सम्बन्धी इस प्रकार अनेक प्रकारका शाब्दबोध होता है । वैसे शक्यतावच्छेदकमें शक्ति न मानने पर पृथिवी पदसे कदाचित् अष्टद्रव्यातिरिक्त द्रव्यरूपमें, कदाचित् गन्धवत्वरूपमें, कदाचित्—पृथिवीत्वरूपमें पृथिवीका बोध होगा । क्योंकि जैसे 'पृथिवी पृथिवीपद शक्या' इस प्रकार शक्तिगृह होता है वैसे अष्टद्रव्यातिरिक्तं पृथिवीपद शक्यम् इस प्रकारका शक्तिग्रह भी बन सकेगा । तब जैसे लक्षणामें यह नियम नहीं है कि 'जिस किसी एकधर्मसे युक्तके साथ ही शाब्दबोध हो' वैसे शक्तिके सम्बन्धमें भी अनियम होगा । इस अनियमको दूर करनेके लिए शक्यतावच्छेदकमें भी शक्ति मान लेना चाहिए । शक्यतावच्छेदक वह धर्म है जो शक्यताका अन्यून और अनतिरिक्त लघु धर्म है । वह धर्म पृथिवीत्व होगा । अष्टद्रव्यातिरिक्तत्व नहीं । क्योंकि यह गुरुधर्म है । किन्तु यह **प्राचीन आचार्यों** का मत चिन्तनीय है, क्योंकि 'तद्धर्मविशिष्टमें शक्तिज्ञान तद्धर्मविशिष्ट विशेष्यक शाब्दबोधमें कारण है' यह कार्यकारण भाव मानना पड़ेगा । नहीं तो शाब्दबोधमें गोपदसे गोत्वकी प्रकारता नहीं बनेगी । तब तो शक्यतावच्छेदकमें शक्तिके न मानने पर भी पृथिवीपदकी शक्तिके आधार पर पृथिवीत्व प्रकारक ही शाब्दबोध होगा गन्धवत्वादिप्रकारक नहीं क्योंकि उनमें शक्तिग्रह ही नहीं है । यदि कहा जाय कि शक्तिभ्रम होने पर गन्धवत्वप्रकारक बोध तो होता है तो कोई आपत्ति नहीं क्योंकि भ्रमात्मक बोधका नियमन करना दुष्कर है । अतः यह सिद्ध हुआ कि लक्ष्यतावच्छेदकमें लक्षणा तथा शक्यतावच्छेदमें शक्ति नहीं होती ।]

शक्यर्थकी परम्परा सम्बन्धसे लक्षणाको लक्षितलक्षणा कहते हैं । जैसे द्विरेफपदका अर्थ है 'दो रेफ' । वह साक्षत सम्बन्धसे भ्रमर पदमें है । भ्रमर पदसे भ्रमर अर्थका बोध

त्युच्यते । यथा द्विरेफादिपदात् रेफद्वयसम्बन्धो भ्रमरपदे ज्ञायते भ्रमरपदस्य च सम्बन्धो भ्रमरे ज्ञायते इति तत्र लक्षितलक्षणा ।

किन्तु लाक्षणिकं पदं नानुभावकम् । लाक्षणिकार्थस्य शाब्दबोधे तु पदान्तरं कारणम्—शक्तिलक्षणान्यतरसम्बन्धेनेतरपदार्थान्वितस्वशक्यार्थशाब्दबोधं प्रति पदानां सामर्थ्यावधारणात् ।

वाक्ये तु शक्तेरभावाच्छक्यसम्बन्धरूपा लक्षणापि नास्ति । यत्र

ननु तच्छाब्दबोधे तच्छक्तज्ञानत्वेन हेतुत्वाल्लाक्षणिकाच्छाब्दबोधः कथमित्याह—

किन्त्विति । पदान्तरं—समभिव्याहृतं शक्तं पदमित्यर्थः ।

सामर्थ्यावधारणादिति । 'कुमतिः पशुः' इत्यादौ सर्वलाक्षणिकस्थले शाब्दबोधस्यानुभवसिद्धतया लाक्षणिकार्थस्याप्यानुभावकत्वम् । अत्र हि मतिशब्दस्य कुत्सितमतिमति लक्षणा, कुपदं तात्पर्यग्राहकम् । पशुशब्दस्य च पशुसदृशे लक्षणेति सर्वलाक्षणिकत्वं बोध्यमिति नवीनाः ।

नास्तीति । ननु 'गभीरायां नद्यां घोष' इत्यत्र नदीपदस्य नदीतीरे लक्षणायां

होता है । यहाँ द्विरेफ पदसे साक्षात् भ्रमररूप अर्थका बोध नहीं होता किन्तु 'स्ववाच्यरेफद्वयघटितपदवाच्यत्व' रूप परम्परा सम्बन्धसे भ्रमर अर्थका बोध होता है । [स्व=द्विरेफपद, तद्वाच्य = रेफद्वय, तद्घटितपद = भ्रमर पद तद्वाच्यत्व भ्रमर अर्थमें है ।] इस प्रकार यह लक्षित-लक्षणा है ।

अब यह सन्देह होता है कि किसी शब्दजन्य बोधमें उस शब्दकी शक्तिके ज्ञानको जब कारण माना जाता है तब लाक्षणिक शब्दसे शाब्दबोध कैसे हो सकता है, ठीक है, क्योंकि प्राचीनोंके मतसे लाक्षणिक पद अनुभावक (शाब्दबोधमें कारण) नहीं होते । लाक्षणिक शब्द तो अर्थ स्मारक होते हैं । उससे शाब्दबोधमें घोष आदि पदान्तर कारण होते हैं । क्योंकि शक्ति सम्बन्ध अथवा लक्षणा सम्बन्ध द्वारा उपस्थित जो इतर पदार्थ (तीर आदि) उसके साथ अन्वित जो स्व (घोषादिपद) का शक्यार्थ (अभीरपल्ली) तद्विषयक शाब्दबोधके प्रति घोष आदि पदोंका ज्ञान कारण है यह माना गया है ।

किन्तु यह प्राचीनोंका मत उचित नहीं, क्योंकि कुमतिः पशुः इत्यादि स्थलोंमें मति शब्दकी कुत्सितमतिमान् में लक्षणा होती है तथा कु पद तात्पर्यग्राहक है । इसी प्रकार पशुपदकी पशुसदृशमें लक्षणा होती है । अतः दोनों पदोंमें लक्षणा होनेके कारण लाक्षणिक का भी शाब्दबोध होता है ऐसा मानना चाहिए **यह नवीनोंका मत है ।**

मीमांसकोंका मत है कि 'गभीरायां नद्यां घोषः' इत्यादि स्थलोंमें नदीपदकी नदी तीरमें लक्षणा करने पर गभीर पदार्थका नदीतीरमें अन्वय हो नहीं सकता । अतः एकदेशान्वय मानना पड़ेगा । फिर तो नित्यो घटः इस प्रयोगमें नित्यपदका घटपदार्थैकदेश घटत्वके साथ

गभीरायां नद्यां घोष इत्युक्तं तत्र नदीपदस्य नदीतीरे लक्षणा। गभीरापदार्थस्य नद्या सहाभेदेनान्वयः—क्वचिदेकदेशान्वयस्यापि स्वीकृतत्वात्।

यदि तत्रैकदेशान्वयो न स्वीक्रियते तदा नदीपदस्य गभीरनदीतीरे लक्षणा गभीरपदं तात्पर्यग्राहकम्।

गभीरपदार्थस्यैकदेशान्वयापत्तिरतो वाक्यलक्षणाङ्गीकर्तव्येति शङ्कां समाधत्ते—यत्र गभीरायामिति।

क्वचिदिति। चैत्रस्य गुरुरित्यादौ षष्ठ्यर्थनिरूपितत्वस्य स्वरूपेण गुरुत्वेऽन्वयेन चैत्रनिरूपितं यद् गुरुत्वं तदाश्रयस्य कुलमित्यर्थेनैकदेशान्वयस्य दर्शनादिति।

तात्पर्यग्राहकमिति। अत्र मीमांसकाः, वाक्यलक्षणयैव कार्यनिर्वाहे गभीरपदस्य तात्पर्यग्राहकत्वकल्पनमयुक्तम्। न च वाक्ये शक्तेरभावात् शक्यसम्बन्धरूपलक्षणा न सम्भवतीति वाच्यम्। स्वबोध्यसम्बन्धस्यैव लक्षणापदार्थत्वेनादोषात। एवं च गभीरायां नद्यामिति वाक्यबोध्या गभीराभिन्ना नदी तत्सम्बन्धस्तीरे इति तीरबोधोपपत्तिरित्याहुः।

तन्न स्वबोध्यसम्बन्धो लक्षणेत्यत्र स्वबोध्यत्वं यदि स्वजन्यशाब्दबोधविषयत्वं तदा गङ्गायां घोष इत्यत्र लक्षणानुपपत्तिः। तत्र गङ्गापदेन प्रवाहविषयकशाब्दबोधजननेन प्रवाहस्य गङ्गापदबोध्यत्वाभावात्, किन्तु शक्त्या स्वजन्यज्ञानविषयत्वं वाच्यम् एवं च वाक्ये न लक्षणासम्भवः शक्त्यभावात्।

न च स्वजन्यज्ञानविषयत्वमात्रं स्वबोध्यत्वमस्तु शक्त्येति व्यर्थं ततश्च न दोष इति वाच्यं, समवायेन घटपदस्मारितस्यापि स्वबोध्यत्वापत्तौ तत्सम्बन्धज्ञानेन घटपदेन पटादेर्बोधप्रसङ्गादित्यलम्।

अन्वय मानने पर सार्थकता बननेसे **'नित्यो घटः'** यह प्रयोग आ पड़ता है। उसके वारणके लिए 'पदार्थः पदार्थेनान्वेति नतु पदार्थैकदेशेन' यह व्युत्पत्ति मानी गई है। उसके विपरीत होनेके कारण एकदेशान्वय अनुचित है। अतएव वाक्यमें लक्षणा माननी चाहिए। इनके मतमें 'गभीर नदी' वाक्यकी गभीर नदी तीरमें लक्षणा है इससे एक देशान्वय नहीं आ पड़ता। किन्तु यह मत ठीक नहीं। क्यों कि वाक्य में जब शक्ति ही नहीं है तो शक्य सम्बन्धरूपा लक्षणा हो ही नहीं सकती। जहाँ 'गभीरायानद्यां घोषः' वाक्य में लक्षणा की बात है वह ठीक नहीं क्योंकि ऐसे स्थलों में भी नदी पद की तीर में लक्षणा होगी उसके अर्थ का नदी के साथ गभीराभिन्ननदी ती इस रूपमें अभेदान्वय होगा। क्योंकि परिस्थितवश कहीं कहीं एकदेशान्वय भी माना गया है। जैसे 'चैत्रस्य गुरुकुलम्' यहाँ पर चैत्रपदोत्तर षष्ठी के अर्थ निरूपितत्व का स्वरूप सम्बन्ध से गुरुत्व में अन्वय है और गुरुत्व का आश्रयत्व सम्बन्ध से कुल में अन्वय होता है। इस प्रकार 'चैत्रनिरूपित जो गुरुत्व उसका आश्रय कुल' यह बोध होता है। यहाँ चैत्रपद का गुरुकुल के साथ नहीं किन्तु गुरुकुल पदार्थ के एक देश गुरु में अन्वय देखा गया है। वैसे यहां गभीरायां नद्यां घोषः में भी पूर्वोक्त रीति से एकदेशान्वय मानने में कोई आपत्ति नहीं है।

फिर भी यदि यहाँ एकदेशान्वय नहीं मानते तो नदी पदकी गभीरनदीतीर में लक्षणा तथा गभीरापद को तात्पर्य ग्रहक मान लेने से वाक्य में लक्षणा नहीं माननी पड़ेगी और एकदेशान्वय भी नहीं होगा।

बहुव्रीहावप्येवम्। तत्र हि चित्रगुपदादौ यदैकदेशान्वयः स्वीक्रियते तदा गोपदस्य गोस्वामिनि लक्षणा गवि चित्राभेदान्वयः। यदि तत्रैकदेशान्वयो न स्वीक्रियते, तदा गोपदस्य चित्रगोस्वामिनि लक्षणा, चित्रपदं तात्पर्यग्राहकम्।

एवमारूढवानरो वृक्ष इत्यत्र वानरपदस्य वानरारोहणकर्मणि लक्षणा, आरूढपदं तात्पर्यग्राहकम्। एवमन्यत्रापि बोध्यम्।

तत्पुरुषे तु पूर्वपदे लक्षणा। तथाहि—राजपुरुष इत्यादौ राजपदार्थेन पुरुषपदार्थस्य साक्षान्नान्वयो—निपातारिक्तनामार्थयोर्भेदेनान्वयबोधस्या-

---

यह प्रक्रिया चित्रा गावो यस्य इस प्रकार के बहुब्रीहि समास में भी इसी रूप में होगी। वह भी 'चित्रगु' इत्यादि स्थलों में यदि **एकदेशान्वय पक्ष** मानते हैं तो गो पदकी गोस्वामी में लक्षणा होगी और गो पद के अर्थ गोस्वामी के एकदेश गो के साथ चित्रा का अभेदान्वय होने पर चित्राभिन्न गोस्वामी इस रूप में शाब्दबोध होगा। यदि **एकदेशान्वय पक्ष नहीं** मानते तो गो पद का चित्रगोस्वामी में लक्षणा होगी और चित्रपद तात्पर्य ग्राहक होगा।

इसी प्रकार 'आरूढो बानरो यमसौ आरूढबानरो वृक्षः' इस स्थल में भी वानर पद की वानरकर्तृकारोहकर्म में लक्षणा होगी और आरूढ पद तात्पर्य ग्राहक होगा। इसी प्रकार अन्यत्र 'प्राप्तोदको ग्रामः' आदि स्थलों में भी उत्तर पद उदक की 'उदक कर्तृक प्राप्तिकर्म में' लक्षणा होगी और पूर्वपद "प्राप्त' आदि तात्पर्य ग्राहक होंगे। यह एकदेशानन्वय पक्ष में कहा गया है।

जैसे वाक्य के उत्तर पद में लक्षणा होती है वैसे बहुब्रीहि समास के भी उत्तर पद में लक्षणा होती है। किन्तु तत्पुरुष समास के पूर्व पद में लक्षणा होती है। जैसे राजपुरुष पद में राजपदार्थ के साथ पुरुष पदार्थ का साक्षात (स्वत्वसम्बन्ध से) अन्वय नहीं हो सकता। क्योंकि 'निपातातिरिक्तनामार्थका निपातातिरिक्तनामार्थ के साथ साक्षात भेद सम्बन्ध से अन्वय अव्युत्पन्न है' इस नियम के अनुसार भेदसम्बन्ध (स्वत्वसम्वन्ध) से राजपुरुषः का अन्वय बोध नहीं होगा। अभेदसम्बन्ध से भिन्न सम्बन्ध को भेदसम्बन्ध कहते हैं। यदि

व्युत्पन्नत्वात्, अन्यथा राजा पुरुष इत्यत्रापि तथान्वयबोधः स्यात्। घटः पटो न इत्यादौ घटपटाभ्यां नञः साक्षादेवान्वयान्निपातातिरिक्तेति। नीलो घट इत्यादौ नामार्थयोरभेदसम्बन्धेनान्वयाद् भेदेनेति।

न च राजपुरुष इत्यादौ लुप्तविभक्तेः स्मरणं कल्प्यमिति वाच्यम्, अस्मृतविभक्तेरपि ततो बोधोदयात्। तस्माद्राजपदादौ राजसम्बन्धिनि लक्षणा, तस्य च पुरुषेण सहाभेदान्वयः।

पुरुषेण सहाभेदान्वय इति। अन्ये तु राजपुरुष इति तत्पुरुषे न लक्षणा किन्तु राज्ञ एव स्वत्वसम्बन्धेन पुरुषेऽन्वयो व्युत्पत्तिवैचित्र्यात्। अत एव 'यस्यैते राजमातङ्गास्तस्यैवामी तुरङ्गमाः' इत्यत्र तच्छब्देन राज्ञः परामर्शः राजसम्बन्धिनि राजपदस्य लक्षणायां तु राज्ञः पदार्थैकदेशत्वात्तदा परामर्शो न स्यादिति वदन्ति।

आकाशघटगतद्वित्वस्याकाशेऽपि सत्त्वादाकाशावित्यस्य प्रामाण्यापत्तिरतः उद्देश्यतावच्छेदकव्याप्यसंख्याबोधकत्वं सुपामिति स्वीक्रियते। यदि धवत्वं खदिरत्वं च प्रत्येकमुद्देश्यतावच्छेदकं स्यात् तदा धवद्वयस्य खदिरद्वयस्य च बोधापत्तिरिति धवखदिरपदस्य धवखदिरसाहित्याश्रये लक्षणा स्वीक्रियते, एवं च उद्देश्यतावच्छेदकीभूतसाहित्यव्याप्यत्वं न धवगतद्वित्वस्य नापि खदिरगतद्वित्वस्य किन्तु धवखदिरगतद्वित्वस्यैवेति न धवद्वयादेर्बोध इति मीमांसकाः। तन्मतेनाशङ्कते—न च

उक्तनियम न माना जाय तो राजा पुरुषः यहां पर राजाभिन्नः पुरुषः शाब्दबोध न होकर स्वत्वसम्बन्धेन राजविशिष्टः पुरुषः शाब्दबोध होने लगेगा जो अनुचित है। अतः उक्तनियम स्वीकार किया गया है। यदि नामार्थयोरन्वय बोधोऽव्युत्पन्नः इतना ही नियम स्वरूप माना जाय तो 'घटः पटो न' इत्यादि स्थलों में जहाँ 'घटपट' और' न' तीन नाम (प्रातिपदिक) हैं वहाँ घट पदार्थ का नञ् पदार्थ भेद के साथ प्रतियोगिता सम्बन्ध से अन्वय और नञर्थभेद का स्वरूपसम्बन्ध से पटपदार्थ के साथ साक्षात् भेदसम्बन्ध से अन्वय नहीं बनेगा। क्योंकि तीनों नामार्थों का अन्वय उक्त नियम के अनुसार नहीं होना चाहिए। अतः नियम में 'निपातातिरिक्त' पद का निवेश किया गया। 'नञ्' निपात संज्ञक नाम (प्रातिपदिक) है। अतः घटप्रतियोगिक भेदवान् पटः' यह शाब्दबोध होता है। इसी प्रकार 'नीलो घटः' स्थल में नीलपदार्थ का अभेदसम्बन्ध से घटपदार्थ में अन्वय होता है और नीलाभिन्नो घट; यह शाब्दबोध भी होता है। किन्तु निपातिरिक्तनामार्थयोरन्वयोऽव्युत्पन्नः, नियम माननेसे नील और घट का अन्वय नहीं बनेगा। अतः 'भेदेन' पद का निवेश किया। नीलो घटः में तो' अभेदेन' अन्वय होता है। अतः निपातातिरिक्तनामार्थयोर्भेदेनान्वयोऽव्युत्पन्नः यह नियम का आकार माना गया है। इस नियम के मान लेने पर तत्पुरुष समास में राजपुरुष में दो नामार्थों का भेदसम्बन्ध स अन्वय नहीं बनेगा। यदि

द्वन्द्वे तु धवखदिरौ छिन्धीत्यादौ धवः खदिरश्च विभक्त्यर्थद्वित्वप्रकारेण बुध्यते, तत्र न लक्षणा।

न च साहित्ये लक्षणेति वाच्यम्, साहित्यशून्ययोरपि द्वन्द्वदर्शनात्।

न चैकक्रियान्वयित्वरूपं साहित्यमस्तीति वाच्यम् क्रियाभेदेऽपि धवखदिरौ पश्य छिन्धीत्यादिदर्शनात्, साहित्यस्याननुभवाच्च।

साहित्ये इति। साहित्याश्रये इत्यर्थः। सहवृत्तित्वरूपमेकक्रियान्वयित्वरूपं साहित्यं वा लक्ष्यमिति विकल्प्याद्यं दूषयति साहित्यशून्येति। सहवृत्तित्वशून्ययोर्घटत्वयोरित्यर्थः। द्वितीयं दूषयति नचैकेति। अननुभवाच्चेति। वस्तुगत्या एकक्रियान्वयित्वरूपस्य साहित्यस्य धवखदिरयोः सत्त्वेऽप्येकक्रियान्वयित्वस्य शाब्दबोधे भानाभावादित्यर्थः।

राज्ञः पुरुषः इस विग्रह वाक्यमें समास होने पर विभक्तिका लोप होता है तथा 'राजपुरुषः' प्रयोग बनता है। यहाँ राजपदोत्तरवर्ति लुप्त हुई षष्ठी विभक्तिके स्मरणकी कल्पना की जाग तथा विभक्तिके अर्थ स्वत्वमें राजपदार्थका निरूपितत्व सम्बन्धसे, और स्वत्वका स्वरूप सम्बन्धसे पुरुष पदार्थमें अन्वय करनेसे राजनिरूपित स्वत्ववान् पुरुषः यह बोध जैसे राज्ञः पुरुषमें होता है वैसे मान लें तो कोई नियम विरोध नहीं होगा। किन्तु वैयाकरणोंका यह मत ठीक नहीं, क्योंकि—जिस पुरुषको विभक्तिका स्मरण नहीं होता उसे शाब्दबोध नहीं होना चाहिए किन्तु होता है। अतः पूर्वपद राजपदकी राजसम्बन्धीमें लक्षणा करते हैं और उसका पुरुषमें अभेद सम्बन्धसे अन्वय कर लेते हैं तथा 'राजसम्बन्ध्यभिन्नः पुरुषः' यह बोध होता है। इसीलिये कहा गया कि तत्पुरुष समासस्थलके पूर्वपदमें लक्षणा होती है।

द्वन्द्वसमासमें ('धवखदिरौ छिन्धि' में) जहाँ इतरेतरयोग द्वन्द्व है वहाँ द्वितीया विभक्तिके द्विवचनार्थ द्वित्वप्रकारसे धव और खदिर दोनोंका द्वित्वकप्रारक धवखदिरोभयविशेष्यक शाब्दबोध होता है इसलिए द्वन्द्वमें लक्षणाकी कोई आवश्यकता नहीं है।

मीमांसकोंका मत है कि आकाशघटगतद्वित्वके आकाशमें भी रहनेसे आकाशौ यह प्रयोग आपडेगा। अतः 'उद्देश्यतावच्छेदकव्याप्यसंख्याबोधकत्व ही सुप्में होता है यह नियम मानते हैं। जिससे आकाशघटगतद्वित्वके आकाशमें रहने पर भी उद्देश्यतावच्छेदक आकाशत्वव्याप्यसंख्या आकाशमें रहेगी घटमें नहीं। अतः आकाशौ प्रयोग प्रामाणिक नहीं माना जायग। किन्तु ऐसा मान लेने पर यदि धवत्व और खदिरत्व दोनों उद्देश्यतावच्छेदक होंगे तब दो धव और दो खदिरका बोध धवखदिरौसे होने लगेगा। अतः धवखदिरपदकी धवखदिर साहित्यमें लक्षणा मानते हैं। जिससे उद्देश्यतावच्छेदकीभूतसाहित्य व्याप्यत्व न तो धवगतद्वित्वमें है न तो खदिरगतद्वित्वमें है किन्तु धवखदिरगतद्वित्वमें ही है। अतः दो धव या दो खदिर का बोध नहीं हो । किन्तु द्वन्द्वस्थलमें यह लक्षणाका मार्ग प्रशस्त नहीं

अत एव राजपुरोहितौ सायुज्यकामौ यजेयाताम्' इत्यत्र लक्षणाभावाद् द्वन्द्व आश्रीयते। तस्मात्साहित्यं नार्थः।

किन्तु वास्तवो भेदो यत्र तत्र द्वन्द्वः। न च नीलघटयोरभेद इत्यादौ

यजेयातामिति। तथा च न्यायमालायाम्—

सायुज्यकामौ यजतोऽनेन राजपुरोहितौ।
राज्ञः पुरोहितौ राज्ञोस्तौ वा राजात्मकावुभौ॥
द्वयोर्द्वन्द्वसमासो वा तुल्यत्वायाग्रिमो द्वयोः।
सिद्धयै द्वितीयो राजोक्तिसार्थत्वाय तृतीयकः॥
अव्याहत्यै चतुर्थः स्याद्वचनाच्छिन्नकल्पता।
तनूनपान्नराशंसौ विकल्प्येते समत्वतः॥ इति।

ननु यदि द्वन्द्वे न लक्षणा तर्हि कर्मधारयाद् द्वन्द्वस्य भेदो न स्यादत आह किन्त्विति। चार्थे द्वन्द्व इति हि पाणिनीयं सूत्रम् तत्र चार्थाः समुच्चयान्वाचयेतरेतरयोगसमाहारभेदाच्चत्वारः। तत्र इतरेतरयोग इत्यस्य इतरस्येतरस्मिन् योगः सम्बन्धः इतरेतरयोगः इति भेदे द्वन्द्व इति लभ्यते तत्र, पदभेदे, पदार्थभेदे, पदार्थतावच्छेदकभेदे वा द्वन्द्वः। नाद्यतृतीयौ नीलोत्पलमित्यत्र पदभेदस्य पदार्थतावच्छेदकभेदस्य च सत्त्वेन द्वन्द्वप्रसङ्गात्। परिशेषात् पदार्थभेदे द्वन्द्व इति लभ्यते।

है क्योंकि जिनमें साहित्य नहीं है जैसे हिम और विन्ध्यमें उनमें भी 'हिमविन्ध्यौ' प्रयोग होता है। अतः यह मानना पड़ता है कि साहित्यशून्यमें भी द्वन्द्व होता है। यदि यह कहा जाय कि सहवृत्तित्व रूपसाहित्य न होने पर भी एक क्रियान्वयित्वरूप साहित्य तो है फिर तो हिमविन्ध्यौ पश्य' में एक क्रियान्वयित्वरूप साहित्य होनेसे कोई आपत्ति नहीं है। किन्तु यह भी कहना ठीक नहीं है। क्योंकि धवखदिरौ पश्य छिन्धि' यहाँ पर क्रियाका भेद होने पर भी द्वन्द्व हुआ है। इस प्रकार एक क्रियान्वयित्वरूप साहित्य मानना भी ठीक नहीं दूसरी बात यह है कि यदि एकक्रियान्वयित्वरूप साहित्य है भी तो वह शाब्दबोधमें प्रतीत नहीं होता। अतः साहित्यमें लक्षणा मानना मीमांसकोंका भ्रम है।

इसीलिए 'सायुज्य कामनावाले राजा और पुरोहित दोनों यज्ञ करें।' इस स्थलमें मीमासकों ने साहित्यमें लक्षणा नहीं की है किन्तु द्वन्द्व समास ही माना है। इससे यह सिद्ध है कि साहित्य अर्थ नहीं है।

अब यह प्रश्न उठता है कि यदि द्वन्द्व और कर्मधारय दोनों में लक्षणा नहीं होगी तब तो दोनों एक रूप हो जायगें। किन्तु यह कहना ठीक नहीं क्योंकि जहाँ समस्यमान दो पदार्थोंमें वास्तविक भेद होता है वहाँ ही द्वन्द्व होता है। जहाँ भेद नहीं रहता वहाँ कर्मधारय होता है। इस पर यह शङ्का होती है कि नीलघटयोरभेदः' इस स्थलमें 'नीलघटयोः' में

कथमिति वाच्यम्, तत्र नीलपदस्य नीलत्वे घटपदस्य घटत्वे लक्षणा। अभेद इत्यस्य चाश्रयाभेद इत्यर्थात्।

समाहारद्वन्द्वे तु यदि समाहारोऽप्यनुभूयत इत्युच्यते, तदाऽहिनकु-

---

नन्वेवं नीलघटयोरभेद इति व्यवहारासंगतिः पदार्थभेदाभावादत आह तत्रेति—तथा च नीलत्वघटत्वयोराश्रयाभेद इत्यर्थ इति न दोषः।

वस्तुतस्तु पदार्थतावच्छेदकभेद एव द्वन्द्वः नीलोत्पलमित्यत्र तु सहविवक्षाभावात् कर्मधारयेण बाधाद्वा न द्वन्द्वः। कर्मधारयेण द्वन्द्वस्य बाधसिद्ध्यर्थमेवाकडारादेका संज्ञेति सूत्रे आचार्थादेका संज्ञेति न्यासो भाष्यकृता कृतः। स्पष्टं चेदं लघुमञ्जूषायां प्रथमाकारके इति। एवं च नीलघटयोरभेद इति स्वरसत उपपद्यते। न चैवं घटा इत्यत्र द्वन्द्वाप्राप्त्या 'उत्सर्गसमानदेशा अपवादा' इतिन्यायेन द्वन्द्वापवाद एकशेषो न स्यादिति वाच्यम्। सरूपसूत्रस्य हरी इत्यत्र चारितार्थ्येन घटा इत्यत्रैकशेषाभावेऽपि क्षत्यभावात घटपदेनैव अर्थतन्त्रमाश्रित्य नानाघटोपस्थितिसम्भवात्। न च सकृदुच्चरितः शब्दः सकृदर्थं गमयतीति व्युत्पत्तिविरोध इति वाच्यम्। अर्थः वृत्तिजन्योपस्थितिविषयः। तत्र वृत्तौ सकृदित्यस्यान्वयेन सकृदुच्चरितः शब्दः एकवृत्तिजन्योपस्थितिविषयं बोधयतीत्यर्थात् एकशक्त्या नानाघटोपस्थितौ बाधकाभावादिति ध्येयम्।

वास्तविक भेद न होनेसे द्वन्द्व समास नहीं होना चाहिए। ठीक है। इसीलिए यहाँ पर नीलपदकी नीलत्वमें तथा घटपदकी घटत्वमें लक्षणा है और अभेदपदकी आश्रयाभेदमें लक्षणा है तब नीलत्व और घटत्वके जो आश्रय नील और घट उनका अभेद यह नीलघटयोरभेदः का शाब्दबोध हुआ। इससे यह सिद्ध हुआ कि वास्तविक भेद जिन वस्तुओं में होता है उन्हींमें द्वन्द्व समास होता है। इसमें प्रमाण यह है कि द्वन्द्व चार प्रकारका होता है। समुच्चय, अन्वाचय, इतरेतरयोग और समाहार। इनमें इतरेतरयोगका अर्थ है कि इतरका इतरसे योग सम्बन्ध। तात्पर्य यह है कि दोनोंमें भेद होना चाहिए। वह भेद पदोंमें हो या पदार्थोंमें हो या पदार्थतावच्छेदकमें हो। जिनमें प्रथम और तृतीय पक्ष उचित नहीं। क्योंकि 'नीलोत्पलम्'में जहाँ कर्मधारय होता है वहाँ पद भेद और पदार्थतावच्छेदक भेदके रहने पर द्वन्द्व ही होना चाहिए था। अतः परिशेषात् पदार्थभेदमें ही द्वन्द्व मानना उचित है।

समाहार द्वन्द्वमें तो यदि प्राचीनोंके मतके अनुसार पाणिपादम्, अहिनकुलम् आदि स्थलोंमें 'अहिश्च नकुलश्चानयोः समाहारः' इस विग्रह वाक्यमें स्थित समाहारकी शाब्दबोधमें प्रतीति अनुभवसिद्ध हो तो परपद (नकुलपद)की अहिनकुल समाहारमें लक्षणा होगी तथा पूर्व अहिपद तात्पर्यग्राहक होगा। अर्थात् 'नकुलपदं अहिनकुलसमाहारं बोधयतु' इस प्रकारके वक्ताके तात्पर्यका प्रकाशक होगा।

लमित्यादौ परपदेऽहिनकुलसमाहारे लक्षणा, पूर्वपदं तु तात्पर्यग्राहकम्।

न च भेरीमृदङ्गं वादयेत्यत्र कथं समाहारस्यान्वयस्तस्यापेक्षाबुद्धिविशेषरूपस्य वदनासम्भवादिति वाच्यम्, परम्परासम्बन्धेन तदन्वयात्। एवं पञ्चमूलीत्यादावपि।

परे तु अहिनकुलमित्यादौ अहिर्नकुलश्च बुध्यते प्रत्येकमेकत्वान्वयः।

परम्परासम्बन्धेनेति। स्वविषयवृत्तित्वरूपेणेत्यर्थः। स्वं समाहारः।

यदि शाब्दबोधमें समाहारकी प्रतीति मानते हैं तो 'भेरीमृदङ्गं वादय' इस स्थलमें मृदङ्गपदकी भेरीमृदङ्ग समाहारमें लक्षणा होगी और भेरीपद 'मृदङ्गपदं भेरीमृदङ्गसमाहारं बोधयतु' इस प्रकारके वक्ताके तात्पर्यका प्रकाशक होगा। किन्तु वादनके साथ समाहारका अन्वय होगा ही नहीं। क्योंकि समाहार तो भेरीमृदङ्गगतद्वित्व है। वह द्वित्व अपेक्षाबुद्धिविशेषविषयत्वरूप है तथा वादन आघाताख्य संयोगरूपा क्रिया है। फिर भेरीमृदङ्गमें अपेक्षाबुद्धिविषयत्वात्मक भेरीमृदङ्ग समाहारका आघातरूप क्रियात्मक वादनकर्मसे अन्वय असम्भव होगा। अतः समाहारमें लक्षणा मानना व्यर्थ है। यह कहा जाय तो ठीक नहीं। क्योंकि ऐसे स्थलोंमें स्वविषयवृत्तित्वरूप परम्परा सम्बन्धसे वादनक्रियाका समाहारमें अन्वय बन सकता है। जैसे—स्व = अपेक्षाबुद्धिविशेषविषयत्वरूपसमाहार उसका विषय= भेरीमृदङ्ग आदि तदवृत्तित्व वादनरूप क्रियामें है। इसी प्रकार द्विगुसमासके समाहारस्थल पञ्चानां मूलानां समाहारः पञ्चमूलीमें भी मूलपदकी पञ्चमूलसमाहारमें लक्षणा है तथा पञ्चपद 'मूलपदं पञ्चमूलसमाहारं बोधयतु' इस वक्ताके तात्पर्यका ग्राहक है। इस प्रकार प्राचीनोंके मतमें समाहारमें लक्षणा मानी जाती है और अहिनकुल समाहारके एक होनेसे एकत्वका अन्वय भी बनता है।

नवीनोंका मत है कि—अहिनकुलम् आदिमें अहि और नकुलका ही बोध होता है समाहारका नहीं। अतः समाहारमें लक्षणा करना व्यर्थ है। एकवचन विभक्तिसे बोधित एकत्वका अहि और नकुल प्रत्येकके साथ अन्वय निराबाध होगा। अब प्रश्न यह उठता है कि यदि समासात्मक योगार्थमें समाहारकी प्रतीति नहीं होगी तो इसे 'समाहार समास' संज्ञा कैसे प्राप्त होगी। ठीक है, हम समासमें समाहारकी प्रतीतिके आधार पर समाहार संज्ञा नहीं मानते, किन्तु जहाँ एकत्व और नपुंसकत्व द्वन्द्वश्च प्राणितूर्यसेनाङ्गानाम्, येषां च विरोधः शाश्वतिकः, स नपुंसकम् आदि सूत्रोंसे विहित है वहीं समाहार समास व्यवहार होता है। अन्यत्र (जहाँ समाहार नहीं है वहाँ) एकवचन असाधु है।

(इस प्रकार प्राचीनोंके मतमें समासमें समाहारका बोध मान लेने पर नामकी सार्थकता और एकवचनकी उपपत्ति बनती है। नवीनोंके मतमें समाहारको पारिभाषिक मानना पड़ता है जो पद्धति के विरुद्ध है।)

समाहारसंज्ञा च यत्रैकत्वं नपुंसकत्वं च 'द्वन्द्वश्च प्राणितूर्य' इत्यादिसूत्रेणोक्तं तत्रैव, अन्यत्रैकवचनमसाध्वित्याहुः।

पितरौ श्वशुरावित्यादौ पितृपदे जनकदम्पत्योः श्वशुरपदे स्त्रीजनकदम्पत्योर्लक्षणा। एवमन्यत्रापि। घटा इत्यादौ न लक्षणा—घटत्वेन रूपेण नानाघटोपस्थितिसम्भवात्।

कर्मधारयस्थले तु, नीलोत्पलमित्यादावभेदसम्बन्धेन नीलपदार्थ उत्पलपदार्थे प्रकारः। तत्र च न लक्षणा अत एव 'निषादस्थपतिं याजयेत्'

अहिनकुलमित्यत्र अहिनकुलमात्रप्रतीतेर्नोत्तरपदे समाहारलक्षणा न वा शक्तिरित्यभिप्रायेणोक्तं यदीति।

निषादस्थपतिं याजयेत् इति। तथा च न्यायमालाविस्तरे माधवः—

द्विजः स्थपतिरन्यो वा, द्विजः षष्ठीसमासतः।
कर्मधारयमुख्यत्वान्निषादो रौद्रयागकृत्॥

अयमाशयः 'वास्तुमयं रौद्रं चरुं निर्वपेत्' इति प्रकृत्य श्रूयते एतया निषादस्थपतिं याजयेदिति, तत्र रौद्रेष्टौ यागकर्तृत्वं निषादस्य स्थपतिरिति विग्रहेण कस्य चित् त्रैवर्णिकस्य, निषादश्चासौ स्थपतिश्चेति विग्रहेण संकरजात्यवच्छिन्नस्य वेति। संकरजातिविशेषावच्छिन्नस्य शूद्रतया वेदानधिकारात् षष्ठीतत्पुरुषस्यैवौचित्येन त्रैवर्णिकस्यैवेति पूर्वपक्षे पूर्वपदस्य निषादसम्बन्धिनि लक्षणायां गौरवात्, लाघवात् कर्मधारयस्यौचित्येन संकरजातिविशेषावच्छिन्न एव कर्तेति सिद्धान्तः। ततश्च श्रुतिबलात् तात्कालिकाचार्योपदेशादिना विद्यां संपाद्य धनिको निषादो रौद्रयागं कुर्यादिति तात्पर्यम्।

एकशेषसमासस्थलमें पितरौ श्वशुरौके पितृपदकी अपने जनक माता तथा पितामें, श्वशुरपदकी अपनी स्त्रीके माता तथा पितामें लक्षणा होती है। इसी प्रकार अन्यत्र ब्राह्मणौ, शिवयोः आदिमें ब्राह्मण और ब्राह्मणीमें ब्राह्मणपदकी तथा शिव और शिवामें शिवपदकी लक्षणा मानी जाती है।

किन्तु 'सरूपाणामेकशेष एकविभक्तौ'के द्वारा जहाँ एकशेष होता है घटाः आदिमें वहाँ लक्षणा नहीं होती। क्योंकि घटत्वेन रूपेण अनेक घटों की उपस्थिति घटपदसे होती ही है।

कर्मधारय समासमें नीलञ्च तदुत्पलं च नीलोत्पलम् प्रयोगमें नीलपदार्थ उत्पलपदार्थमें अभेद (तादात्म्य) सम्बन्धसे प्रकार (विशेषण) है। अतः लक्षणा नहीं होती। लक्षणा वहाँ होती है जहाँ अन्वय नहीं होता। कर्मधारयमें लक्षणा न होनेसे ही 'निषादस्थपतिं याजयेत्'में निषादस्थपति पदमें कर्मधारय समास 'निषादश्चासौ स्थपतिश्च' माना गया है। यदि निषादानां स्थपतिः तत्पुरुष समास किया जाय तो पूर्वोक्तरीतिसे तत्पुरुष समास स्थलमें

इत्यत्र न तत्पुरुषो लक्षणापत्तेः, किन्तु कर्मधारयो लक्षणाभावात्। न च निषादस्य सङ्करजातिविशेषस्य वेदानधिकाराद्याजनासम्भव इति वाच्यम्, निषादस्य विद्याप्रयुक्तेस्तत एव कल्पनीयत्वात्। लाघवेन मुख्यार्थस्यान्वये तदनुपपत्त्या तत्कल्पनायाः फलमुखगौरवतयाऽदोषत्वादिति।

उपकुम्भमर्धपिप्पलीत्यादौ परपदे तत्सम्बन्धिनि लक्षणा, पूर्वपदार्थ-

---

नन्न—

षण्णां तु कर्मणामस्य त्रीणि कर्माणि जीविका।
याजनाध्यापने चैव विशुद्धाच्च प्रतिग्रहः॥

इति स्मृत्या याजनस्य ब्राह्मणजीविकात्वेन परिगणनात्तत्र रागत एव प्रवृत्तिसम्भवाच्छ्रुत्या याजनस्य विधानमनुपन्नमिति चेन्न; याजयेदित्यस्य यजेदित्यत्रैव तात्पर्येणादोषात्। शूद्रस्य अज्ञतया यागे प्रवृत्त्यसम्भवात् ब्राह्मणस्य प्रवर्तकतया याजयेदित्युक्तेरिति सर्वं समञ्जसम्।

तत्पुरुष इति। षष्ठीतत्पुरुष इत्यर्थः। यथाश्रुतं तु न युक्तम्। कर्मधारयस्यापि तत्पुरुषत्वादिति।

लक्षणा माननी पड़ेगी। लक्षणावृत्ति एक 'अगतिकगति' है अतः निम्नकोटिकी (जघन्य) वृत्ति है। इसका आश्रयण तब तक करना उचित नहीं जब तक शक्तिवृत्तिसे कार्य बन जाता हो। अतएव मीमांसकोंने निषादस्थपतिमें कर्मधारय समास माना तत्पुरुष नहीं।

यहाँ यह शंका उठती है कि ब्राह्मणसे शूद्रामें उत्पन्न निषाद जाति भी शूद्र है वर्णसंकर है। 'स्त्रीशूद्रौ नाधीयाताम्' इस निषेधवाक्यके द्वारा शूद्रको वेद पढ़नेका विधि प्राप्त अधिकार नहीं है। जो वेदाध्ययनका अधिकारी नहीं वह याग नहीं कर सकता। अतः कर्मधारयसमास मानना उचित नहीं प्रतीत होता। तत्पुरुषसमास मानने पर तो निषादका स्थपति (स्वामी) किसी त्रैवर्णिकके होनेसे याग बन सकता है। हां, इस पक्षमें निषाद पदकी निषाद सम्बन्धी में लक्षणा माननी पड़ेगी जिससे निषादसम्बन्ध्यभिन्नः स्थपतिः यह शाब्दबोध होगा। इसप्रकार तत्पुरुष समास मानना चाहिए कर्मधारय नहीं। किन्तु यह शङ्का उचित नहीं है क्योंकि तत्पुरुष समासमें लक्षणा माननेसे गौरव होगा। अतः इसी वाक्यको ध्यानमें रखकर निषादको उतना वेद पढ़नेका अधिकार मान लिया जाता है जितना उक्त यागविधिमें यजमान निषादको बोलना रहता है। इस प्रकार श्रुत (निषाद)का बाधभी नहीं होता। सिद्धान्ततः तात्कालिक आचार्य के उपदेशसे विद्या प्राप्तकर धनिक निषाद रौद्रयाग करे यह अर्थ होता है।

अब प्रकरणवश यह शङ्का उठना स्वाभाविक है कि याजयेत्में णिजर्थ प्रेरणा ब्राह्मणमें

प्रधानतया चान्वयबोध इति। इत्थञ्च समासे न क्वापि शक्तिः—पदशक्त्यैव निर्वाहादिति।

आसत्तियोग्यताकाङ्क्षातात्पर्यज्ञानमिष्यते॥ ८२॥
कारणं, संनिधानं तु पदस्यासत्तिरुच्यते।

लक्षणापत्तेरिति। ननु लक्षणाकल्पनं न दोषः। निषादानां स्थपतिरिति षष्ठीसमासे निषादसम्बन्ध्यभिन्नस्थपतिविषयकबोधाय लौकिकवाक्ये लक्षणायाः क्लृप्तत्वात्। तदनुरोधेन न तादृशशाब्दबोधे लक्षणाज्ञानहेतुत्वकल्पनप्रयुक्तं गौरवमपीति चेन्न—वैदिकवाक्यजन्यशाब्दबोधात्पूर्वं लक्षणाज्ञानव्यक्तिकल्पनागौरवस्यैव दोषत्वमित्याशयात्। न च वैदिकवाक्यजन्यशाब्दबोधात्पूर्वं शक्तिज्ञानव्यक्तिकल्पनं तव, मम च लक्षणाज्ञानव्यक्तिकल्पनमिति किं गौरवमिति वाच्यम्। शक्यसम्बन्धरूपलक्षणाज्ञानव्यक्तिं कल्पयतस्तव शक्तिज्ञानव्यक्तिकल्पनाया आवश्यकत्वात्। मम शक्तिज्ञानमात्रस्यैव कल्पनेन लाघवादित्यलम्।

है 'अर्थात्' ब्राह्मण याग करावे। किन्तु ब्राह्मण जब अपनी जीविकाके कारण स्वयं रागतः याग करानेके लिए प्रस्तुत है तो याजनका विधान उचित नहीं, ठीक है याजयेत्का यजेतमें ही तात्पर्य है। अथवा शूद्र अज्ञ होता है उसे यज्ञकी ओर प्रवृत्त करनेका कार्य करनेके कारण ब्राह्मणको प्रेरक बननेके लिए विधि माननेसे याजयेत भी यथाश्रुत अर्थमें उचित ही है।

यद्यपि कर्मधारयमें लाघवात् मुख्यार्थान्वय तो बनता है किन्तु यागकी अनुपत्ति होनेसे निषादके लिए विद्याकल्पना करना गौरव ही है तथापि कर्मधारय समासमें पहिले मुख्यार्थके साथ अन्वय हो जानेके बाद यजनान्वयानुपत्ति होनेसे निषादको विद्याकी कल्पनारूप गौरव फलमुख गौरव होनेसे दोष नहीं माना जा सकता क्योंकि लक्षणा नहींकरनी पड़ती। यहाँ सर्वत्र तत्पुरुषपद षष्ठी तत्पुरुषपदपरक है। क्योंकि कर्मधारय भी तत्पुरुषका एक भेद ही है। उपकुम्भम, अर्धपिप्पली आदि स्थलोंमें परपदकुम्म या पिप्पलीकी कुम्भसम्बन्धीमें और पिप्पलीकी पिप्पली सम्बन्धीमें लक्षणा होगी तथा कुम्भसम्बन्ध्यभिन्नं समीपम् (उपशब्दका समीप अर्थ है) पिप्पलीसम्बन्ध्यभिन्नमर्द्धम् इस प्रकारका पूर्वपदार्थ प्रधान शाब्दबोध हो जाता है। अतः वैयाकरण लोग जो समासमें अलग शक्ति मानते हैं वह ठीक नहीं क्योंकि पदशक्तिसे ही निर्वाह हो जाता है।

शाब्दबोध के प्रति निम्नलिखित चार कारण है। १. आसत्तिज्ञान, २. योग्यताज्ञान, ३. आकाङ्क्षाज्ञान, ४. तात्पर्यज्ञान। इनमें पदोंके सन्निधानको आसत्ति कहते हैं॥ ८२½॥

आसत्तिरिति। आसत्तिज्ञानं योग्यताज्ञानमाकाङ्क्षाज्ञानं तात्पर्यज्ञानं च शाब्दबोधे कारणम्।

तत्रासत्तिपदार्थमाह—सन्निधानं त्विति। अन्वयप्रतियोग्यनुयोगिपदयोरव्यवधानमासत्तिः; तज्ज्ञानं शाब्दबोधे कारणम्, क्वचिद्व्यवहितेऽप्यव्यवधानभ्रमाच्छाब्दबोधादिति केचित्।

वस्तुतस्तु अव्यवधानज्ञानस्यानपेक्षितत्वात् यत्पदार्थेन यत्पदार्थस्यान्वयोऽपेक्षितस्तयोरव्यवधानेनोपस्थितिः शाब्दबोधे कारणम्। तेन गिरिर्भुक्तमग्निमान्देवदत्तेनेत्यादौ न शाब्दबोधः। नीलो घटो द्रव्यं पट

आसत्तिज्ञानमिति। अयं भावः। 'गिरिर्भुक्तमग्निमान् देवदत्तेन' इत्यत्र गिरिपदाग्निमत्पदयोरव्यवधानभ्रमेण शाब्दबोधदर्शनात् स्वरूपसत्या आसत्तेर्न शाब्दबोधे कारणत्वं किन्तु आसत्तिज्ञानस्यैवेति।

ननु आसत्तिर्योग्यतेति मूलकारिकापाठात् आसत्तिरित्यस्य समासाघटकत्वेन तस्य ज्ञानपदेनान्वयासम्भवादासत्तिज्ञानमित्यर्थकरणमयुक्तमिति चेद्।

न, आसत्तियोग्यतेतिनिर्विभक्तिपाठस्यैव साम्प्रदायिकत्वात्। आसत्तिरितिप्रथमान्तपाठे तु आसत्तिपदमासत्तिज्ञाने लाक्षणिकमिति ध्येयम्।

केचिदित्यन्तेनोक्तं मतं दूषयति—वस्तुतस्त्विति।

ननु 'नीलो घटो द्रव्यं पटः' इत्यत्र नीलपदार्थपटपदार्थयोर्यत्रान्वयो वक्तुस्तात्पर्यविषयस्तत्रनीलपदघटपदयोरासत्तिर्न स्यात् तत्तत्पदार्थान्वयस्य तात्पर्यविषयत्वाभावादतस्तत्रेष्टापत्तिमाह—नीलो घट इत्यादिना।

तर्हि तत्र नीलो घट इति कथं शाब्दबोधः इत्याह—भ्रमाच्छाब्दबोधः इति। तथा च भ्रमाच्छाब्दबोधमात्रं न तु तत्रासत्तिरिति तत्त्वम्।

आसत्तिज्ञान, योग्यताज्ञान, आकाक्षाज्ञान, तात्पर्यज्ञान शाब्दबोधमें कारण है आसत्तिका लक्षण इस प्रकार है। पदोंकी सन्निधिको आसत्ति कहते है। अन्वयके प्रतियोगी और अनुयोगी पदोंके अव्यवधानको आसत्ति कहते है। आसत्तिज्ञान शाब्दबोधमें कारण होता है। आसत्ति स्वरूपतः शाब्दबोधमें कारण नहीं होती। अतएव कहीं पर व्यवधान रहने पर भी अव्यवधान भ्रम होने पर शाब्दबोध होता है। ऐसा कुछ लोगोंका मत है। वस्तुतस्तु—जिस पदार्थका जिस पदार्थके साथ अन्वय अपेक्षित हो उन दोनों पदोंकी (कालकृत और देशकृत) व्यवधानसे रहित होकर अर्थात् अव्यहितरूपसे उपस्थितिरूप आसत्ति शाब्दबोधमें कारण है। जैसे गिरिर्भुक्तमग्निमान् देवदत्तेन' इस स्थलमें शाब्दबोध नहीं होता क्योंकि वक्ताका तात्पर्य है कि 'गिरिः अग्निमान् देवदत्तेन भुक्तम्' किन्तु उक्तपद समूहमें पदोंकी अव्यवधानसे उपस्थिति नहीं है। अतः इसे वाक्य भी नहीं कहते तथा इनसे शाब्दबोध भी

इत्यादावासत्तिभ्रमाच्छाब्दबोधः। आसत्तिभ्रमाच्छाब्दभ्रमाभावेऽपि न क्षतिः।

ननु यत्र छत्री कुण्डली वासस्वी देवदत्त इत्याद्युक्तं तत्रोत्तरपदस्मरणेन पूर्वपदस्मरणस्य नाशादव्यवधानेन तदुत्तरपदस्मरणासंभवादिति चेद्—

न; प्रत्येकपदानुभवजन्यसंस्कारैश्चरमस्य तावत्पदविषयकस्मरण-

ननु तत्र यद्यासत्तिभ्रमस्तदा शाब्दबोधः भ्रमात्मकः स्यान्न चेष्टापत्तिः। घटे नीलस्य सत्त्वेन विषयबाधाभावात्। आसक्तिभ्रमाच्छाब्दप्रमाङ्गीकारे चासत्तिभ्रमाच्छाब्दभ्रम इति प्राचीनगाथाविरोध इत्यत आह आसत्तिभ्रमादिति। आसत्तिभ्रमस्य न शाब्दभ्रमजनकत्वं, प्राचीनगाथा तु निर्युक्तिकत्वादश्रद्धेयैवेति भावः।

नन्वव्यवधानेन पदोपस्थितिः शाब्दबोधे कारणमित्ययुक्तम् अनेकपदघटितवाक्यस्थलेऽव्यवधानेन पदोपस्थित्यभावादित्याशङ्कते नन्विति।

नहीं होता। यह व्यवधान देशकृत व्यवधान कहा जाता है। कालकृत व्यवधान तो उन स्थलोंमें होता है जो विलम्बसे उच्चरित होते है।

अब शंका यह उठती है कि 'नालो घटो द्रव्यं पटः' इस स्थलमें वक्ताका तात्पर्य यदि 'नीलः पटः, द्रव्यं घटः'में हो तब तो 'नीलो घटः' से शाब्दबोध नहीं होना चाहिए, ठीक है, ऐसे स्थलोंमें आसत्तिभ्रमसे ही शाब्दबोध होता है किन्तु आसत्ति नहीं होती। यदि कहा जाय कि आसत्तिभ्रमसे भ्रमात्मक शाब्दबोध होता है तो ठीक नहीं, क्योंकि घट भी नाल है फिर विषयबाध न होनेसे शाब्दभ्रम मानना उचिन न होगा। यदि आसत्तिभ्रमस प्रमात्मकशाब्दबोध कहा जाय तो प्राचीनोंकी 'आसत्तिभ्रमात् शाब्दभ्रमः' गाथाका विरोध होता है, ठीक है। प्राचीनोंकी निर्युक्तिक गाथाको प्रमाण मानना ठीक नहीं। अतः आसत्तिभ्रमसे भ्रमात्मकशाब्दबोधके होनमें कोई आपत्ति नहीं है।

यद्यपि अव्यवधानसे पदोंकी उपस्थितिको शाब्दबोधमें कारण मानने पर छत्री, कुण्डली, वासस्वी देवदत्तः इस प्रकार अनेक विशेषण पदघटित वाक्यका प्रयोग है वहाँ 'योग्यविभुविशेषगुणानां स्वोत्तरवर्तिगुणनाश्यत्वनियमः' 'प्रत्यक्षयोग्य विभुओंके विशेषगुणोंका अपनी उत्पत्तिके बाद उत्पन्न होनेवाले गुणोंसे नाश होता है' नियमके अनुसार उत्तरपदके स्मरण द्वारा पूर्वपदके स्मरणका नाश होगा, फिर तो अनेक पदवाले वाक्यमें अन्यपदोंकी एक साथ (अव्यवधानेन) उपस्थिति नहीं होगी और शाब्दबोध नहीं बन सकेगा यह कहा जा सकता है तथापि प्रत्येक पदके अनुभवसे उत्पन्न संस्कारोंका अन्तिमपद श्रवणकालमें समस्त विशेषण विशेष्यपद समुदाय विषयक समूहालम्बनात्मक अव्यवधानेन स्मरण हो जानेसे शाब्दबोध बन जायगा। यहाँ यह शङ्का ठीक नहीं कि 'अनेक संस्कारोंसे अनेक

स्याऽव्यवधानेनोत्पत्तेः। नानासंनिकर्षैरेकप्रत्यक्षस्येव नानासंस्कारैरेकस्मरणोत्पत्तेरपि सम्भवात्। कथमन्यथा नानावर्णैरेकपदस्मरणम्।

परन्तु यावत्पदार्थानां स्मरणादेकदैव खले कपोतन्यायेन तावत्पदार्थानां क्रियाकर्मभावेनान्वयरूपः शाब्दबोधो भवतीति केचित्—

वृद्धा युवानः शिशवः कपोताः खले यथामी युगपत्पतन्ति।
तथैव सर्वे युगपत्पदार्थाः परस्परेणान्वयिनो भवन्ति॥

नानासन्निकर्षैरिति। यथा घटचक्षुःसंयोगस्य पटप्रत्यक्षे कारणत्वाभावेऽपि घटचक्षुःसंयोगाभ्यामेकं घटपटाविति समूहालम्बनात्मकं प्रत्यक्षं जायते तथा तत्पदगोचरसंस्कारस्य भिन्नविषयकत्वांशेऽजनकत्वेऽपि तत्तत्संस्कारजन्यमेकमेव स्मरणं जायते बाधकाभावादिति भावः

अन्यथेति। नानासंस्काराणामेकस्मरणजनकत्वाभावे इत्यर्थः।

नन्वाशुभङ्गुराणां क्रमिकाणां पदजन्यपदार्थोपस्थितीनामपि मेलनं न सम्भवति। अतः सर्वत्र शाब्दबोधे पदजन्यपदार्थोपस्थितिः समूहालम्बनात्मिकैव कारणम्। एवं चैकदैवमिति रीत्या, विशिष्टबुद्धिजनकस्य विशेषणतावच्छेदकप्रकारकनिर्णयस्य पूर्वमभावादिति प्राचीनमतं दर्शयति परं त्विति।

एकदैवेति। न तु घटमानयेत्यादौ प्रथमं घटीया कर्मता इत्येवं बोधस्तदनन्तरं च घटकर्मकमानयनमिति बोध इत्यादि क्रमेणेत्यर्थः।

वृद्धा युवानः। इत्यस्य तदाहुरित्यादिः। अत्र वृद्धयुवशिशुभिः कपोतैश्चिरतरचिरसन्निहितकालोक्तानां पदार्थानां सादृश्यं बोध्यम्।

स्मरण होना चाहिए एक स्मरण मानना उचित नहीं' क्योंकि जैसे एक ही कालमें घटचक्षुः संयोग और पटचक्षुः संयोग आदि अनेक सन्निकर्षोंसे 'घटपटौ' इस रूपमें एक ही प्रत्यक्ष होता है। वैसे ही अनेक पदोंके संस्कारोंसे एक ही स्मरणकी उत्पत्ति भी मानी जा सकती है। पूर्वपदोंके संस्कारके साथ अन्तिमपदका ज्ञान ही उस स्मरणमें उद्बोधक होगा। अतएव अनेक वर्णोंके प्रत्येक संस्कारोंसे अनेक वर्णविषयक एक पदस्मरण भी बनता है। अतः 'अनेक संस्कारोंसे एक स्मरण की उत्पत्तिका' सिद्धान्त मान्य होता है।

कुछ प्राचीन आचार्योंका मत है कि जितने भी पदजन्य पदार्थ हैं उनके एककालमें स्मरणसे 'खले कपोतन्याय' से उतने पदार्थोंका क्रिया कर्मभावसे अन्वयरूप शाब्दबोध हो जाता है। अर्थात् जैसे खलिहानमें वृद्ध, युवा, शिशु अवस्थाके कबूतर एक साथ उतर पड़ते हैं वैसे सब पदार्थ एक ही कालमें उपस्थित होकर परस्पर अन्वय प्राप्त करते हैं।

अन्य आचार्योंका मत है कि—'जो-जो पद परस्पर आकाङ्क्षा योग्यता आसत्तिसे युक्त हैं उन-उन पदोंके साथ अन्वय प्राप्त पदार्थ भी उन-उन पदोंसे ही प्रतीत होते हैं।' जैसे

परेतु—

यद्यदाकाङ्क्षितं योग्यं सन्निधानं प्रपद्यते।
तेन तेनान्वितः स्वार्थः पदैरेवावगम्यते॥

तथा च खण्डवाक्यार्थबोधानन्तरं तथैव पदार्थस्मृत्या महावाक्यार्थबोध इत्याहुः।

एतेन तावद्वर्णाभिव्यङ्ग्यः पदस्फोटोऽपि निरस्तः। तत्तद्वर्णसंस्कारसहितचरमवर्णोपलम्भेन तद्व्यञ्जकेनैवोपपत्तेरिति।

यद्यदिति। घटादिपदार्थाकाङ्क्षितं घटपदोपस्थितिजन्यं 'किंघटीयम्' इति जिज्ञासाविषयीभूतं योग्यं योग्यताज्ञानाधीनं कर्मत्वादि यद्यत् सन्निधानं प्रतिपद्यते स्वार्थोपस्थितिविषयो भवति तेन तेनैवान्वितः स्वार्थः पदैः प्रथममनुभाव्यते इत्यर्थः। तथाच आनयनार्थरूपोपस्थितेः प्रथममेव 'घटम्' इति वाक्याद्घटीयं कर्मत्वमिति बोधो भवति तदनन्तर च घटकर्मकमानयनमिति महावाक्यार्थबोधः। एवं च पूर्वोक्तसमूहालम्बनात्मकं पदार्थज्ञानं विनापि निर्वाह इति भावः।

केचित्तु वृत्त्या पदजन्यपदार्थोपस्थितिरेवासत्तिः। सा च स्वरूपसती हेतुः। नन्वेतादृशासत्तेः शाब्दबोधं प्रति कारणत्वे किं मानमिति वाच्यम् आनयेति वाक्यं श्रुतवतः प्रत्यक्षेण घटं पश्यतोऽपि पुंसः घटकर्मकानयनबोधापत्तेः। नचैवं 'गिरिर्भुक्तमग्निमान् देवदत्तेन' इत्यत्र अन्वयबोधापत्तिरिति वाच्यम्, सति तात्पर्यग्रहे इष्टापत्तेः।

नन्वेवं श्लोकेषु अन्वयप्रदर्शनानर्थक्यमिति चेन्न तात्पर्यज्ञानार्थं तदुपयोगात्। वृत्त्या पदजन्यपदार्थोपस्थितिश्च स्मृतिरूपा न तु शाब्दबुद्धिरूपा तथा। सति शाब्दबोधरूपाया आसत्तेः शाब्दबुद्धिं प्रति कारणत्वेऽन्योन्याश्रयप्रसङ्गात् एतेन मौनिश्लोकादौ पदाभावेन पदाव्यवधानरूपासत्यभावेऽपि न क्षतिरित्याहुः।

घट इति समुदायो न वाचकः। उत्पन्नानामभिव्यक्तानां वा वर्णानां समुदायस्यैकदा प्रत्यक्षासंभवात्। नापि प्रत्येकं वर्णा वाचकाः द्वितीयादिवर्णोच्चारणवैयर्थ्यापत्तेरतः पूर्वपूर्ववर्णानुभवजन्यसंस्कारसध्रीचीनचरमवर्णानुभवजन्यसंस्कारेणाभिव्यक्तः

'घटम्' सुनते ही 'किं घटीयम्' इस जिज्ञासा पर कर्मत्व आदि जो-जो पदार्थ उपस्थित होते हैं उनका प्रथमतः खण्ड वाक्यार्थ होता है 'घटीयं कर्मत्वम्'। तदनन्तर आनयपदार्थकी उपस्थिति होनेके बाद 'घटकर्मकमानयनम्' महावाक्यार्थबोध होता है। इस प्रकार पूर्वोक्त 'खले कपोतन्यायेन' समूहालम्बनात्मक पदार्थज्ञानके विना भी निर्वाह बनता है। वैसे छत्री, कुण्डली, वाससवी देवदत्तः' में भी छत्र विशिष्ट देवदत्त, कुण्डलविशिष्ट देवदत्त, इत्यादि खण्डवाक्यार्थबोध हो जाने के बाद महावाक्यार्थबोध होता है।

इदन्तु बोध्यम् । यत्र द्वारमित्युक्तं तत्र पिधेहीत्यादि पदस्य ज्ञानादेव बोधो, न तु पिधानादिरूपार्थज्ञानात्—पदजन्यतत्तत्पदार्थोपस्थितेस्तत्तच्छाब्दबोधे हेतुत्वात् । किञ्च क्रियाकर्मपदानां तेन तेनैव रूपेणाकाङ्क्षितत्वात्, तेन क्रियापदं विना कथं शाब्दबोधः स्यात् ।

स्फोट एव वाचक इति वैयाकरणास्तन्मतं निरस्यति एतेनेति । **पूर्वपूर्ववर्णानुभवजन्यसंस्कारसध्रीचनचरमवर्णानुभवजन्यसंस्कारेण क्रमिकवर्णविशिष्टपदस्मरणेनैव घटार्थबोधोपपत्तौ स्फोटाङ्गीकारो वृथेति भावः ।**

लाघवेन पदजन्यदार्थोपस्थितिर्न शब्दबोधे कारणं किन्तु पदार्थोपस्थितिरेव । अत **एव पिधेहीत्यत्र न पदाध्याहारः किन्तु अर्थाध्याहार एवेति प्रभाकरमतं दूषयति** इदन्तु बोध्यमि **त्यादिना । पदार्थोपस्थितिमात्रस्य हेतुत्वेन प्रत्यक्षोपस्थितघटादेरपि शाब्दबोधे भानापत्तिरिति भावः ।**

ननु तात्पर्याभावादेव न प्रत्यक्षोपस्थितघटादेर्बोधे भानं तात्पर्यसत्त्वेत्विष्टापत्तिरत आह किञ्चेति ।

वैयाकरणोंका मत है कि 'घटः' यह समुदाय वाचक नहीं हो सकता क्योंकि वर्णोत्पत्तिपक्ष हो या वर्णाभिव्यक्तिपक्ष हो वर्णोंके समुदायका एक कालमें प्रत्यक्ष होना सम्भव नहीं । प्रत्येक वर्णोंको वाचक मानना भी ठीक नहीं क्योंकि प्रथम वर्णमें वाचकता मान लेने पर द्वितीयादि वर्णोंका उच्चारण करना ही व्यर्थ होगा । अतः पूर्वपूर्ववर्णोंके अनुभवसे जन्य संस्कारोंके साथ अन्तिम वर्णके अनुभवजन्य संस्कारसे अभिव्यक्त पदस्फोट ही वाचक है । किन्तु वैयाकरणोंका यह मत कि उतने वर्णोंसे अभिव्यक्त पदस्फोट है, हमारे पूर्वोक्त कथनसे खण्डित हो जाता है क्योंकि पूर्वपूर्ववर्णोंके अनुभवसे जन्य संस्कारोंके साथ अन्तिम वर्णके अनुभवजन्य संस्कारसे क्रमिकवर्णविशिष्टपदोंका स्मरण होगा और उसी स्मरणसे ही घटार्थका बोध बन जायगा फिर स्फोट मानना व्यर्थ होगा ।

प्रभाकरोंका मत है कि पदजन्यपदार्थोपस्थितिशाब्दबोधमें कारण नहीं है किन्तु केवल पदार्थोपस्थिति ही शाब्दबोधमें कारण मानना चाहिए । अतएव पिधेहि कहने पर 'द्वारम्' पदकी उपस्थिति नहीं होती अपितु 'द्वारम्' अर्थात् अध्याहृत होता है । किन्तु यह प्रभाकरोंका मत ठीक नहीं क्योंकि यहाँ यह समझ लेना चाहिए कि जहाँ केवल 'द्वारम्' मात्र कहा गया वहाँ पिधेहि पदके ज्ञान होनेसे ही शाब्दबोध होता है न कि पिधानरूप अर्थके ज्ञानसे शाब्दबोध होता है। क्योंकि पदजन्यपदार्थोपस्थिति ही उन-उन शब्दजन्यबोधमें कारण मानी गयी है । अन्यथा प्रत्यक्षतया उपस्थित घटका भी शाब्दबोधमें भान होने लगेगा । यदि यह कहा जाय कि जहाँ वक्ताका तात्पर्य नहीं है वहाँ प्रत्यक्षोपस्थित भी घटकी शाब्दबोधमें प्रतीति नहीं होगी, जहाँ वक्ताका तात्पर्य शाब्दबोधमें

तथा पुष्पेभ्य इत्यादौ[1] स्पृहयतीत्यादिपदाध्याहारं विना चतुर्थ्यनुपपत्तेः पदाध्याहार आवश्यकः ॥

योग्यतां निर्वक्ति—

पदार्थे तत्र तद्वत्ता योग्यता परिकीर्तिता ॥ ८३ ॥

पदार्थे इत्यादिना । एकपदार्थेऽपरपदार्थसम्बन्धो योग्यतेत्यर्थः । तज्ज्ञानाभावाच्च वह्निना सिञ्चतीत्यादौ न शाब्दबोधः ।

नन्वेतस्या योग्यताया ज्ञानं शाब्दबोधात्प्राक्सर्वत्र न सम्भवति—वाक्यार्थस्यापूर्वत्वादिति चेद्—

अपूर्वत्वादिति । **सर्वत्र शाब्दबोधात्पूर्वमनिश्चितत्वादित्यर्थः ।**

प्रत्यक्ष उपस्थित घटकी प्रतीतिका होगा वहाँ तो शाब्दबोध होता ही है । ऐसी स्थितिमें जब तात्पर्यज्ञान भी शाब्दबोधमें कारण माना गया है तब उसीसे निर्वाह होगा 'पदजन्य' पदका उपस्थितिमें विशेषण देना व्यर्थ है । यह भी प्राभाकरोंका कहना ठीक नहीं क्योंकि लोडन्त 'आनय' आदि क्रियापदोंकी द्वितीयान्त घटं आदि कर्मपदोंके साथ एवं द्वितीयान्त 'घटम्' आदि कर्मपदोंकी लोडन्त 'आनय' आदि क्रियापदोंके साथ उन-उन विशेषरूपोंसे परस्पर आकांक्षा देखी गई है । अतः आनय क्रियापदके बिना केवल घटम् कर्मपदसे, अथवा 'पिधेहि' क्रियापदके बिना केवल 'द्वारम्' कर्मपदसे शाब्दबोध नहीं हो सकता । इसी प्रकार 'पुष्पेभ्यः' इसके आगे 'स्पृहयति' पदका बिना अध्याहार किये चतुर्थी विभक्ति नहीं होगी । क्योंकि 'स्पृहेरीप्सितः' सूत्र स्पृहार्थक धातुके योगमें ही सम्प्रदान संज्ञाका विधान करता है । अतः पदाध्याहारपक्ष ही उचित है अर्थाध्याहार नहीं ।

योग्यताका निर्वचन करते हैं—

एकपदार्थसे अपर पदार्थके सम्बन्धको योग्यता कहते हैं । उस योग्यताके न रहनेके कारण ही 'वह्निना सिञ्चति' इत्यादिपद समूहोंसे शाब्दबोध नहीं होता । क्योंकि सिञ्चनकी योग्यता जलमें होती है अग्निमें नहीं । यहाँ यह कहना कि इस योग्यताज्ञानका सर्वत्र शाब्दबोधके कारण होनेके नाते पूर्व रहना अनिवार्य है किन्तु पूर्व रहना सम्भव नहीं है क्योंकि सर्वत्र वाक्यार्थ शाब्दबोध होनेके पूर्व (अपूर्व) अनिश्चित रहता है । किन्तु यह शङ्का उचित नहीं । क्योंकि किसी भी स्थलमें उन-उन पदोंसे जन्य उन-उन पदार्थोंके स्मरण होनेसे किसी स्थलमें संशयरूपमें किसी स्थलमें निश्चयरूपमें योग्यताज्ञान रहता ही है । अतः 'कार्यनियतपूर्ववर्तित्व' रूप कारणत्व योग्यता ज्ञानमें है ही ।

नवीन नैयायिकोंका मत है कि योग्यताका ज्ञान शाब्दबोधमें कारण नहीं है किन्तु

---

१. आदिना-शत्रवे कुध्यति, वञ्चकाय द्रुह्यति इत्यादीनां संग्रहः । अत्र क्रुधद्रुहेत्यादिना क्रोधाद्यर्थकानां योगे एव चतुर्थी विधानात् ।

न—तत्तत्पदार्थस्मरणे सति कांचित्संशयरूपस्य कचिन्निश्चयरूपस्य योग्यताज्ञानस्य सम्भवात्।

नव्यास्तु योग्यताज्ञानं न शाब्दबोधकारणम्। किन्तु वह्निना सिञ्चतीत्यादौ सेके वह्निकरणत्वाभावरूपायोग्यतानिश्चयेन प्रतिबन्धान्न शाब्दबोधः। तदभावनिश्चयस्य लौकिकसंनिकर्षाजन्यदोषविशेषाजन्यतज्ज्ञानमात्रे प्रतिबन्धकत्वाच्छाब्दबोधं प्रत्यपि प्रतिबन्धकत्वं सिद्धम्। योग्यताज्ञानविलम्बाच्च शाब्दबोधविलम्बोऽसिद्ध इति वदन्ति ॥ ८३ ॥

आकाङ्क्षां निर्वक्ति—

यत्पदेन विना यस्याननुभावकता भवेत्।
आकाङ्क्षा.

'शङ्खो न पीत' इति निश्चयसत्त्वेऽपि पित्तादिदोषवशात् 'पीतः शङ्ख' इति प्रत्यक्ष जायते इत्याह—लौकिकसंनिकर्षाजन्येति। शुक्तौ 'नेदं रजतम्' इति ज्ञानसत्त्वेऽपि मण्डूकवसाञ्जनादिदोषेण 'इदं रजतम्' इति भ्रमस्योदयादाह—दोषविशेषेति।

ननु यत्र न योग्यताज्ञानं तत्र शब्दबोधापत्तिरित्यत आह योग्यताज्ञानेति। तथा चेष्टापत्तिरिति भावः।

वदन्तीति। परे तु लौकिकसंनिकर्षाजन्यदोषविशेषाजन्यतद्वत्ताबुद्धिं प्रति तदभावनिश्चयत्वेन प्रतिबन्धकता न संभवति घटाभाववद्भूतलमिति निश्चयोत्तरमपि घटप्रकारकभूतलविशेष्यकचाक्षुषं मे जायतामितीच्छासत्त्वे घटादेरपि चाक्षुषसंनिकर्षात् भूतले घटचाक्षुषोत्पत्त्या व्यभिचारवारणाय तच्चाक्षुषेच्छाविरहविशिष्टतदभाव-

---

'वह्निना सिञ्चति' इत्यादि स्थलोंमें सिञ्चनक्रियामें वह्निकरणत्वाभावरूप जो अयोग्यता निश्चय हैं वह विपरीत शाब्दबोधके प्रति प्रतिबन्धक है। अतः शाब्दबोध नहीं होता। क्योंकि लौकिक सन्निकर्षाजन्य दोषविशेषाजन्यतद्ज्ञानमात्रके प्रति अनाहार्याप्रामाण्यज्ञानानास्कन्दिततद्धर्मिक तद्भावका निश्चय प्रतिबन्धक होता है। इसलिए वह्निना सिञ्चतिमें योग्यताभाव निश्चयरूप प्रतिबन्धकके रहने पर शाब्दबोध के प्रति भी प्रतिबन्धकत्व सिद्ध होगा।

जो लोग कहते हैं कि योग्यताज्ञानके अनन्तर एक क्षण विलम्बसे शाब्दबोध होता है उनका कहना भी ठीक नहीं क्योंकि योग्यता ज्ञानके विलम्बसे कहीं पर शाब्दबोधमें विलम्ब होता हुआ देखा नहीं गया है। अतः शाब्दबोधके प्रति योग्यता ज्ञानको कारण मानना उचित नहीं' यह नवीन लोग कहते हैं ॥ ८३ ॥

आकांक्षाका निर्वचन करते हैं—

जिस पदके बिना जिस पदमें शाब्दबोधजनकता न रहे उसके साथ उसकी आकाङ्क्षा होती है। यत्पदेन विनाका अर्थ है 'येन पदेन विना' जिस पदके बिना जिस पदसे

यत्पदेनेति। येन पदेन विना यत्पदस्यान्वयाननुभावकत्वं तेन पदेन सह तस्याकाङ्क्षेत्यर्थः। क्रियापदं विना कारकपदं नान्वयबोधं जनयतीति तेन तस्याकाङ्क्षा।

वस्तुतस्तु क्रियाकारकपदानां संनिधानमासत्त्या चरितार्थम्। परन्तु घटकर्मताबोधं प्रति घटपदोत्तरद्वितीयारूपाकाङ्क्षाज्ञानं कारणम्, तेन घटः कर्मत्वमानयनं कृतिरित्यादौ न शाब्दबोधः।

निश्चयः तत्प्रकारकचाक्षुषं प्रति प्रतिबन्धक इति विशिष्यैव प्रतिबध्यप्रतिबन्धकभावः कल्पनीयः, अनुमितिस्थले च तत्प्रकारकानुमितिं प्रति इच्छाविरहवैशिष्ट्यमनन्तर्भाव्यैव तदभावनिश्चयत्वेन प्रतिबन्धकता कल्पनीया परोक्षज्ञानस्याहार्यस्यानभ्युपगमाद्। एवं च शब्दबुद्धौ पृथगेवायोग्यतानिश्चयस्य प्रतिबन्धकत्वं कल्पनीयमिति तदपेक्षया शाब्दबोधे योग्यताज्ञानस्य हेतुत्वकल्पने एव लाघवमिति वदन्ति ॥८२-८३॥

क्रियाकारकपदानामिति। अयं भावः एकपदेऽपरपदवत्त्वम्—अपरपदाव्यवहितोत्तरत्वं तत्र चाव्यवधानांशस्यासत्त्यैव लाभः। आसत्तेः पदाव्यवधानरूपतायाः पूर्वमुपवर्णितत्वादिति उत्तरत्वं च क्रियाकारकपदयोर्नापेक्षितम्। चैत्रः पचति, पचति चैत्र इति वाक्यद्वयादपि बोधात् क्रियाकारकपदयोर्नाकाङ्क्षा किन्तु प्रकृत्यव्यवहितोत्तरत्वमेवाकाङ्क्षा तत्राव्यवधानांशस्यासत्त्यैव लाभात्प्रत्ययेप्रकृत्युत्तरत्वरूपाकाङ्क्षाज्ञानं कारणमिति।

शाब्दबोध न हो उस पदके साथ उस पदकी आकाङ्क्षा होती है। जैसे जिस क्रियादि पदके बिना जिस कर्मादि कारकपद अन्वयबोध न होने दे उस क्रियापदके साथ उस कारकपदकी आकाङ्क्षा है।

वस्तुतस्तु क्रिया और कारकपदोंकी अव्यवहितपूर्वत्व या अव्यहितोत्तरत्वमें से कोई एक अव्यवधानरूप सन्निधि अंशका लाभ आसत्तिसे हो चुका है। अतः क्रियाकारक पदोंकी आकाङ्क्षा का अलग वर्णन करना उचित नहीं है। परन्तु 'घटमानय' वाक्यके शाब्दबोधमें घटम्के अम् प्रत्ययमें प्रकृत्युत्तरत्वरूप आकाङ्क्षा आसत्तिसे अलग सिद्ध है। अतः 'घटम्' से घटकर्मता बोधके प्रति घटपदोत्तर द्वितीयारूप आकाङ्क्षाज्ञान कारण माना जाता है। इसीलिए 'घटः कर्मत्वम् आनयनम् कृतिः' इस पदसमूहसे घटनिष्ठकर्मतानिरूपक आनयनानुकूलकृतिमान्' इस प्रकारका शाब्दबोध नहीं होता किन्तु घटमानयसे होता है। इस प्रकार क्रियाकारक पदोंकी आकाङ्क्षा नहीं होती किन्तु प्रकृत्यव्यवहितोत्तरत्व ही आकाङ्क्षा मानी जाती है।

अयमेति पुत्रो राज्ञः पुरुषोऽपसार्यतामित्यादौ तु पुत्रेण सह राजपदस्य तात्पर्यग्रहसत्त्वात्तेनैवान्वयबोधः पुरुषेण सह तात्पर्यग्रहे तु तेन सहान्वयबोधः स्यादेव ॥

—वक्तुरिच्छा तु तात्पर्यं परिकीर्तितम् ॥ ८४ ॥

तात्पर्यं निर्वक्ति—वक्तुरिच्छेति । यदि तात्पर्यज्ञानं कारणं न स्यात्तदा सैन्धवमानयेत्यादौ कचिदश्वस्य कचिल्लवणस्य बोध इति न स्यात् । न च तात्पर्यग्राहकप्रकरणादीनां शाब्दबोधे कारणत्वमस्त्विति वाच्यम्, तेषामननुगमात् तात्पर्यज्ञानजनकत्वेन तेषामनुगमे तु तात्पर्यज्ञानमेव लाघवात्कारणमस्तु ।

इत्थं च वेदस्थलेऽपि तात्पर्यज्ञानार्थमीश्वरः कल्प्यते । न च तत्राध्यापकतात्पर्यज्ञानं कारणमिति वाच्यम्, सर्गादावध्यापकाभावात् ।

इसी तरह 'अयमेति पुत्रो राज्ञः पुरुषोऽपसार्यताम्' इस वाक्यमें राज्ञः में षष्ठी विभक्ति है। वह सम्बन्धमें हुई है। सम्बन्ध भी स्वत्व है। यह स्वत्व साकाङ्क्ष है। वह आकाङ्क्षा पूर्वपद पुत्रके साथ अथवा उत्तरपद पुरुषके साथ है ही। इसलिए ऐसे स्थलोंको उभयाकाङ्क्षार्थवाक्य कहते हैं। ऐसे वाक्योंमें वक्ताके तात्पर्यज्ञानके अनुरोधसे शाब्दबोध होता है। यदि वक्ताका तात्पर्य है 'अयमेति पुत्रो राज्ञः', तब राजा पुत्रसे साकाङ्क्ष होगा, यदि वक्ताका तात्पर्य है 'राज्ञः पुरुषोऽपसार्यताम्' तो राजा पुरुषसे साकाङ्क्ष होगा। यदि राज्ञः का पुत्र तथा पुरुष दोनोंमें अन्वय वक्ताको अभिमत है तो दोनोंमें भी होगा ही।

अब तात्पर्यका निर्वचन करते हैं—

वक्ताने श्रोताको जैसे वाक्यार्थ बोधकी इच्छासे वाक्यका उच्चारण किया है उस इच्छाको तात्पर्य कहते हैं। यदि शाब्दबोधमें वक्ताके तात्पर्यज्ञानको कारण न माने तो 'सैन्धवमानय' इस वाक्यसे भोजनकी बेलामें लावण्यका तथा यात्राका बेलामें 'अश्व' आनयनका बोध न होता!

अब यह शङ्का उठ सकती है कि तात्पर्य ग्राहक प्रकरण आदिको ही शाब्दबोधके प्रति कारण माना जाय तात्पर्यज्ञानको कारण माननेकी कोई आवश्यकता नहीं है, ठीक तो है किंन्तु प्रकरणादिकोंका एक रूपसे अनुगम नहीं हो सकता। यदि यह कहा जाय कि 'तात्पर्यज्ञानजनकत्वेन' अनुगम तो किया जा सकता है तो ठीक नहीं, क्योंकि तात्पर्यज्ञानजनकत्वावच्छिन्न तात्पर्यज्ञान जनक प्रति व्यक्ति भिन्न होने से अनन्त होगा जो गौरव ही है। अतः लाघवात् तात्पर्यज्ञानको ही कारण मानना उचित है।

इस प्रकार वेदस्थलमें भी वक्ताके तात्पर्यज्ञानके लिए ईश्वरकी कल्पनाकी जाती है।

न च प्रलय एव नास्ति कुतः सर्गादिरिति वाच्यम्, प्रलयस्यागमेषु प्रतिपाद्यत्वात् । इत्थं च शुकवाक्येऽपि ईश्वरीयतात्पर्यज्ञानं कारणम् । विसंवादिशुकवाक्ये तु शिक्षयितुरेव तात्पर्यज्ञानं कारणम् ।

अन्ये तु नानार्थादौ कचिदेव तात्पर्यज्ञानं कारणम् । तथा च शुक-

---

प्रलयस्येति । **कार्यद्रव्यानधिकरणकार्याधिकरणकालविशेषात्मकखण्डप्रलयस्येत्यर्थः ।**

आगमेष्विति । **'नाहो न रात्रिर्न नभो न भूमिर्नासीत्तमो ज्योतिरभून्न चान्यत्', इत्याद्यागमेष्वित्यर्थः ।**

ननु वह्निना सिञ्चतीति शुकवाक्ये ईश्वरीयतात्पर्यज्ञानं न कारणं ईश्वरेच्छाया विसंवादित्वापत्तेः । इत्थं च शुकवाक्येऽपीत्यसङ्गतम अत आह विसंवादीति । **ईश्वरेच्छाया विसंवादित्वे ईश्वरस्य सत्यसंकल्पत्वाद्यतेरिति भावः ।**

अन्येत्विति । **क्वचिदित्यस्य विवरणं नानर्थादाविति ।**

वेदेति । **वेदत्वं च शब्दतदुपजीविप्रमाणातिरिक्तप्रमाणजन्यप्रमित्यविषयार्थत्वे सति शब्दजन्यवाक्यार्थज्ञानाजन्यप्रमाणशब्दत्वम् ।**

वेदमें अध्यापकके तात्पर्यका ज्ञान शाब्दबोधमें कारण नहीं माना जाता क्योंकि सृष्टिके प्रारम्भमें ईश्वरके अतिरिक्त कोई दूसरा अध्यापक ही नहीं था। अतः वेदस्थलमें ईश्वके तात्पर्यज्ञानको शाब्दबोधमें कारण माना है।

यदि मीमांसकोंकी भाँति यह कहा जाय कि प्रलय होता ही नहीं फिर सृष्टिका आदिकाल ही असिद्ध है, आदिकाल असिद्ध होनेसे अध्यापक द्वारा अनादि वेदका अनादिकालसे अध्ययन होता रहेगा फिर ईश्वरका तात्पर्य मानना उचित नहीं होगा तो ठीक नहीं क्योंकि 'न दिन था न रात थी, न आकाश था न भूमि थी न तम था, केवल एक ज्योति थी और अन्य कोई वस्तु नहीं थी' इत्यादि अर्थवाले आगमों में प्रलयका प्रतिपादन किया गया है।

इसी प्रकार तोताके वाक्यमें भी ईश्वरीय तात्पर्यज्ञान कारण हैं। यदि शुक भी वह्निना सिञ्चतिकी भाँति असत्य बोलने लग जाय तो सत्यसंकल्प ईश्वरका तात्पर्य नहीं किन्तु शिक्षकके तात्पर्यज्ञानको विसंवादी वाक्य के प्रति कारण माना जायगा।

गङ्गेशोपाध्यायका मत है कि तात्पर्यज्ञान सर्वत्र शाब्दबोधमें कारण नहीं है। किन्तु 'सैन्धवमानव' इत्यादि अनेकार्थक वाक्यमें लवणतात्पर्यसे उच्चरित सैन्धव पदसे अश्वका बोध न हो' अतः कहीं-कहीं नानार्थमें तात्पर्यज्ञानको कारण मानते हैं। किन्तु सैन्धवः प्रमेयः इस वाक्यमें दोनों प्रकारके सैन्धवकी उपस्थिति होनेमें कोई हानि नहीं। अतः यहाँ तात्पर्यज्ञान कारण नहीं मानना चाहिए। इस प्रकार शुकवाक्यमें तात्पर्यज्ञानके बिना भी

वाक्ये विनैव तात्पर्यज्ञानं शाब्दबोधः, वेदे त्वनादिमीमांसापरिशोधिततर्कैरर्थावधारणमित्याहुः ॥ ८४ ॥

इति श्रीविश्वनाथपञ्चाननभट्टाचार्यविरचितायां सिद्धान्तमुक्तावल्यां शब्दखण्डं समाप्तम् ।

मीमांसेति । लाघवज्ञानात्मकस्तर्क इत्यर्थः । कपिञ्जलानालभेतेत्यत्र प्रथमोपस्थितत्वलाघवेन त्रित्वस्यैव बहुवचनार्थतानिश्चय इति भावः ।

ननु परिशोधित इत्यस्य सहकृतार्थकत्वे लाघवानन्तर्गतं सहकृतं तर्कान्तरं किमिति चेदनुमानमेवेति गृहाण । अनुमानाकारश्च कपिञ्जलानिति बहुवचनार्थः त्रित्वं, बहुवचनवाच्यत्वादित्येवं रूपः । तत्र च लाघवज्ञानं सहकारि चतुष्ट्वादीनामपि बहुवचनवाच्यत्वादिति तात्पर्यम् ।

आहुरिति । परे तु गृहीतनानार्थवृत्तिकपदजन्यानुभवत्वस्य तात्पर्यज्ञानजन्यतावच्छेदकत्वकल्पनापेक्षया पदजन्यानुभवत्वस्य तात्पर्यज्ञानजन्यतावच्छेदकत्वकल्पने लाघवात् तात्पर्यसंशयस्थले शाब्धबोधाननुभवाच्च शाब्दबोधमात्रे तात्पर्यज्ञानस्य हेतुत्वं कल्पनीयं ततश्च वेदस्थले तात्पर्यज्ञानाभावेनार्थनिर्णय इति वदन्ति ॥ ८४ ॥

शाब्दत्वं च यां कांचित् शाब्दव्यक्तिमादाय तद्व्यक्तिवृत्तित्वे सति यां कांचित् प्रत्यक्षव्यक्तिमादाय तदवृत्तिमत्त्वम् ।

इति न्यायव्याकरणाचार्य सूर्यनारायण शुक्लविरचित मुक्तावलीमयूख शब्दखण्डं सम्पूर्णम् ।

शाब्दबोध माना जाता है । वेदमें भी अनादि तथा मीमांसासे परिशुद्ध तर्कोंके द्वारा ही अर्थका निश्चय किया गया है अतः वेदवाक्यमें ईश्वरका तात्पर्य माननेकी कोई आवश्यकता नहीं ।

इति न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्य श्रीरामगोविन्दशुक्ल रचितमुक्तावली शब्दखण्डकी प्रकाश नामक टीका समाप्त ।

अथ स्मृतिप्रक्रिया

न्यायसिद्धान्तमुक्तावली ।

पूर्वमनुभवस्मरणभेदाद् बुद्धेर्द्वैविध्यमुक्तम् । तत्रानुभवप्रकारा दर्शिताः । सुगमतया स्मरणं न दर्शितम् । तत्र हि पूर्वानुभवः कारणम् ।

[1]अत्र केचित्—[2]अनुभवत्वेन न कारणत्वं किन्तु ज्ञानत्वेनैव,

अनुभवप्रकारा इति । अनुभवभेदा इत्यर्थः ।

सुगमतयेति । सुगमस्य स्वयमप्यूहितुं शक्यतया दुरूहे एव आदौ सुधियां जिज्ञासोदयादिति भावः । तथा च अवसरसङ्गत्याऽनुभवानन्तरं स्मरणनिरूपणमिति भावः ।

ग्रन्थके आरम्भमें बुद्धिके दो भेद बताये गए । एक अनुभव तथा दूसरा स्मृति । इसके पूर्व तक अनुभवके प्रत्यक्ष, अनुमिति, उपमिति, और शाब्द नामके चारों भेदोंका निरूपण किया गया है । स्मरण (स्मृति) को सुगम होनेके कारण मूलकारिकामें छोड़ दिया गया है फिर भी मुक्तावलीमें अवसर पाकर निरूपण किया जा रहा है । प्रश्न यह है कि स्मृति क्या वस्तु है । यदि अनुभवभिन्नज्ञानको स्मृति कहें तो स्मृतिभिन्नज्ञानत्वरूप अनुभवके लक्षणसे अन्योन्याश्रय होगा । यदि संस्कारजन्यज्ञानत्व मानें तो 'सोऽयं देवदत्तः' इत्यादि प्रत्यभिज्ञामें अतिव्याप्ति होगी । यदि संस्कारमात्रजन्यज्ञानं लक्षण माना जाय जो लक्षणमें गौरव होगा । इसलिए स्मृतित्व जाति सिद्धान्त स्थिर करनेके लिए स्मृति और अनुभवका कार्यकारणभाव बताते हैं—**तत्रहि**—स्मरणमें पूर्वानुभवकारण है । 'पूर्वश्चासौ-अनुभवः' व्युत्पत्तिके आधारपर स्मृतिसे पूर्वकालमें उत्पन्न अनुभव ही स्मृतिके प्रति कारण है । अर्थात् स्मृति के समानकालिक अथवा उत्तरकालिक अनुभव स्मृतिके प्रति कारण नहीं है । इस प्रकार 'स्मृतित्वावच्छिन्नं प्रति स्वसमानविषयकानुभवत्वावच्छिन्नः कारणम्' यह कार्यकारणभाव बनता है । संस्कार तो अवान्तर व्यापार है ।

कुछ नैयायिकोंका मत है कि—'स्मृतिमात्रके प्रति अनुभवत्वेन रूपेण अनुभव

---

१. स्मृतित्वावच्छिन्नं प्रति ज्ञानत्वावच्छिन्नं कारणमिति मतं खण्डयितुमुपन्यस्यति अत्रेत्यादिना ।

२. स्मृतित्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपितकारणता न अनुभवत्वावच्छिन्ना किन्तु ज्ञानत्वावच्छिन्नैवेत्यर्थः ।

३. प्रतिबन्धकीभूतशिष्यजिज्ञासानिवृत्त्युपलक्षितेऽनन्तरवक्तव्यत्वमवसरः ।

अन्यथा स्मरणानन्तरं स्मरणं न स्यात्—समानप्रकारकस्मरणेन पूर्वसंस्कारस्य विनष्टत्वात्। मन्मते तु तेनैव स्मरणेन संस्कारान्तरद्वारा स्मरणान्तरं जन्यत इत्याहुः।

तत्र—यत्र समूहालम्बनोत्तरं घटपटादीनां क्रमेण स्मरणमजनिष्ट

स्मरणं न स्यादिति। अयं भावः—अनुभवत्वेन संस्कारो जन्यते तद्द्वाराऽनुभवः स्मरणं जनयति, अनुभवस्य तृतीयक्षणे नाशेन स्वरूपतो हेतुत्वासम्भवात्। ततश्च तत् स्मरणं संस्कारं नाशयित्वा संस्कारान्तरमुत्पादयति तेन च संस्कारेण पुनः स्मरणमिति प्रक्रिया। तत्रानुभवस्यैव स्मृतिजनकत्वेऽनुभवजन्यसंस्कारस्य प्रथमस्मरणेन नाशात् द्वाराभावात् स्मरणान्तरं न स्यात्, मम तु स्मरणं स्वजन्यसंस्कारद्वारा स्मरणान्तरं जनयतीत्यदोष इति।

तत्रेति। अयमाशयः—संस्कारस्य न फलनाश्यत्वं किन्तु चरमफलनाश्यत्वमिति अनुभवजन्यसंस्कारस्यानिष्टत्वात्तद्द्वाराऽनुभवस्य स्मरणजनकत्वमिति।

कारण है' यह पक्ष उचित नहीं। क्योंकि स्मरणके अनन्तर स्मरण न होगा। अतः 'स्मृतित्वावच्छिन्नं प्रति ज्ञानत्वावच्छिन्नं कारणम्' यह कार्यकारणभाव मानना चाहिए। तात्पर्य यह है कि—अनुभवत्वेन रूपेण अनुभवसे संस्कार उत्पन्न होता है। तब अनुभवजन्य संस्कार द्वारा स्मृति उत्पन्न होती है। अनुभव गुण है जो तृतीयक्षणमें नष्ट हो जायगा फिर अनुभव स्वरूपतः स्मृतिका कारण नहीं रह सकेगा। क्योंकि समान प्रकारक स्मरणसे पूर्वसंस्कार विनष्ट हो जाता है। प्रक्रिया तो यह है कि स्मरण संस्कारका नाश करके पुनः संस्कारान्तर उत्पन्न करता है और उस संस्कारसे पुनः स्मरण बनता है। ऐसी स्थितिमें यदि अनुभवसे स्मृतिकी उत्पत्ति अनुभवत्वेन रूपेण मानी जाय तो प्रथम स्मरणके बाद अनुभवके नाश हो जानेसे अनुभवके बिना पुनः-पुनः स्मृति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। किन्तु होती है। अतः हमारे मतसे ज्ञानत्वेन रूपेण कारण मान लेने पर तो कोई दोष नहीं होगा। क्योंकि स्मरणसे संस्कार और उससे स्मरण उत्पन्न होते रहते हैं। संस्कार अनुभवजन्य होते हुए भी अनुभव नहीं है फिर भी ज्ञान है। अतः ज्ञानत्वेन रूपेण अनुभव ज्ञानरूपसे जन्यसंस्कार द्वारा भी स्मृति उत्पन्न होगी तथा स्मृति रूपज्ञानसे जन्य संस्कार द्वारा भी स्मृति उत्पन्न होती रहेगी। किन्तु **यह मत ठीक नहीं।** क्योंकि जहाँ घट, पट, फल, पत्र आदि नानाधर्म्यवगाही समूहावलम्बन प्रत्यक्षात्मक एक अनुभवसे जन्य तत्तत् संस्कारोंसे क्रमशः घट, पट, फल, पत्रोंका स्मरण उत्पन्न होने लगा। उनमें जो, तीनका स्मरण उत्पन्न हुआ तबतक प्रथम स्मरण नष्ट हो गया, चतुर्थ स्मरणके समय द्वितीय स्मरण विनष्ट हो गया। इस प्रकार सकल घट, पट, फल, पत्रोंका स्मरण कभी भी एक कालमें नहीं हो सका। फिर समूहालम्बनप्रत्यक्षात्मक अनुभवसे जन्य संस्कारका फलसे

सकलविषयकस्मरणं तु नाभूत्, तत्र फलस्य संस्कारनाशकत्वाभावात्कालस्य, रोगस्य, चरमफलस्य वा संस्कारनाशकत्वं वाच्यम्, तथा च न क्रमिकस्मरणानुपपत्तिः।

न च पुनःपुनः स्मरणाद् दृढतरसंस्कारानुपपत्तिरिति वाच्यम्, झटित्युद्बोधकसमवधानस्य दार्ढ्यपदार्थत्वात्।

संस्कारनाशकत्वाभावादिति। समानप्रकारकस्मरणस्यैव संस्कारनाशकतया प्रकृते स्मरणस्य समानप्रकारकत्वाभावेन संस्कारनाशकत्वायोगादिति भावः।

कालस्येति। अन्यथा समूहालम्बनसंस्कारस्य नाशो न स्यात्। नचेष्टापत्तिः जन्यभावस्य विनाशित्वनियमात्।

ननु कालादेः कालत्वादिना नाशकत्वे संस्कारमात्रस्य क्षणिकत्वं स्यात् तत्तद्व्यक्तित्वेन नाशकत्वे तु गौरवमत आह—चरमफलस्य वेति। तथा च चरमफले वैजात्यं[1] कल्पयित्वा तेन रूपेण नाशकत्वमिति भावः।

दृढतरसंस्कारेति। यन्मते स्मरणेन संस्कारः तद्द्वारा स्मरणं तेन च संस्कारान्तरमिति तन्मते दृढतरः संस्कारः उत्पत्तुं प्रभवति। यन्मते च अनुभवजन्यसंस्कारेणैव स्मरणपरम्परा तन्मते न दृढतरसंस्कारोत्पत्तिसम्भव इति।

दार्ढ्यपदार्थत्वादिति। तथा च पुनः स्मरणान्न दृढसंस्कारोत्पत्तिः। किन्तु विद्यमानसंस्कारस्यैव पुनः पुनः स्मरणेन झटिति उद्बोधकसमवधानं जायते उद्बुद्धसंस्कारात् स्मरणान्तरमिति भावः।

नाश नहीं हो सकेगा। क्योंकि संस्कारनाशत्वावच्छिन्नके प्रति स्वसमानविषयकस्वजन्य स्मरण ही कारण है। क्रमिक स्मरण तो समूहालम्बनानुभवजन्य संस्कारसमानाविषयक है। तब दीर्घकाल, अथवा दीर्घरोग अथवा चरमफलात्मक स्मरणको संस्कारका नाशक मानना पड़ेगा। ऐसी स्थितिमें क्रमिकस्मरणके प्रति भी एक ही चिरस्थायी संस्कार रहेगा। उसी संस्कारके द्वारा अनुभवत्वेन रूपेण अनुभव भी स्मृतिका कारण माना जायगा। फिर ज्ञानत्वेन रूपेण स्मृति कारण मानना भी व्यर्थ ही है।

यहाँ यह शङ्का उठती है कि जिनके मतमें स्मरणसे संस्कार और संस्कारसे स्मरण है उनके मतमें नये नये दृढतर संस्कार उत्पन्न होते हैं। किन्तु जिनके मतमें एक ही संस्कारसे स्मरणकी परम्परा चलती है उनके मतमें तो दृढतर संस्कारकी उत्पत्ति नहीं होगी। किन्तु

---

१. वैजात्यमिति–संस्कारनाशकारणता किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वात्, इत्याकारकमित्यर्थः। अन्यथा–चरमफलस्य नाशकारणतावच्छेदकस्याननुगतत्वात् नाशकत्वं न स्यादिति भावः।

न च विनिगमनाविरहादेव ज्ञानत्वेनापि जनकत्वं स्यादिति वाच्यम्, विशेषधर्मेण व्यभिचाराज्ञाने सामान्यधर्मेणान्यथासिद्धत्वात्। कथमन्यथा दण्डस्य भ्रमिद्वारा द्रव्यत्वेन रूपेण न कारणत्वम्।

न चान्तरालिकस्मरणानां संस्कारनाशकत्वसंशयाद्व्यभिचारसंशय इति वाच्यम्। अनन्तसंस्कारतन्नाशकल्पनापेक्षया चरमस्मरणस्यैव लाघवात्संस्कारनाशकत्वकल्पनेन व्यभिचारसंशयाभावात्।

इति स्मृतिप्रक्रिया।

आन्तरालिकस्मरणानामिति। अनुभवचरमस्मरणमध्यभाविनां स्मरणानामित्यर्थः। व्यभिचारसंशय इति। अनुभवत्वेन हेतुत्वे व्यभिचारसंशय इत्यर्थः।

इति स्मृतिप्रक्रिया।

यह शंका उचित नहीं। विषयको शीघ्र उद्बुद्ध करानेवाला वस्तुका सन्निधान ही दार्ढ्य-पदार्थ है। वह सन्निधान पुनः-पुनः स्मरणसे झटसे हो ही जाता है।

यदि यह कहा जाय कि अनुभवत्वेन कारण हो या ज्ञानत्वेन किसी विशेष युक्तिके अभावमें दोनोंको कारण मान लिया जाय। किन्तु यह कहना भी ठीक नहीं क्योंकि विशेष धर्मसे कारणता मानने में यदि कोई व्यभिचार दोष न हो तो सामान्य धर्मसे कारणता मानना अन्यथा सिद्ध होनेके कारण अनुचित है। अत एव घटके प्रति दण्डभ्रमि द्वारा दण्डत्वरूपसे कारण सिद्ध हैं फिर भी द्रव्यत्वरूपसे सामान्यधर्म दण्ड कारण नहीं माना जाता। अतः यह सिद्धान्त बनता है कि सामान्यधर्मकी कारणता विशेषधर्मकी कारणताके प्रति अन्यथासिद्ध है।

यदि यह कहा जाय कि अनुभव और अन्तिमस्मरणके बीच होनेवाले स्मरणोंमें भी संस्कार नाशक होनेका संशय होनेसे अनुभवत्वेन कारणमें व्यभिचार संशय तो हो सकता है। किन्तु यह संशय भी ठीक नहीं क्योंकि अनन्त संस्कार तथा उनके नाशकी कल्पनाकी अपेक्षा अन्तिम स्मरणको ही संस्कारका नाशक माननेमें लाघव है और व्यभिचारका संशय भी नहीं है।

इति स्मृति प्रक्रिया।

अथ मनोनिरूपणम्

इदानीं क्रमप्राप्तं मनो निरूपयितुमाह—

साक्षात्कारे सुखादीनां करणं मन उच्यते।

साक्षात्कार इति। एतेन मनसि प्रमाणं दर्शितम्। तथाहि—सुखसाक्षात्कारः सकरणकः जन्यसाक्षात्कारत्वात् चाक्षुषसाक्षात्कारवदित्यनुमानेन मनसः करणत्वसिद्धिः।

नचैवं दुःखादिसाक्षात्काराणामपि करणान्तराणि स्युरिति वाच्यम्, लाघवादेकस्यैव तादृशसकलसाक्षात्कारकरणतया सिद्धेः। एवं सुखादीनामसमवायिकारणसंयोगाश्रयतया मनसः सिद्धिर्बोद्धव्या।

जन्यसाक्षात्कारत्वादिति। ईश्वरीयसाक्षात्कारे व्यभिचारवारणाय जन्येति। तादृशेति। आत्मवृत्तीत्यर्थः। असमवायिकारणसंयोगेति। दुःखं सासमवायिकारणकं भावकार्यत्वात् घटवत् इत्यनुमानेन दुःखासमवायिकारणसंयोगसिद्धौ दुःखासमवायिकारणसंयोगः क्वचिदाश्रितः संयोगत्वादित्यनुमानेन मनसः सिद्धिरित्यर्थः।

ग्रन्थारम्भके द्रव्यपदार्थकी व्याख्यामें आत्मनिरूपणके अवसर पर उपस्थित बुद्धिका निरूपण कर चुकनेके वाद क्रम प्राप्त मनका निरूपण करते हैं। सुख, दुःख, इच्छा और द्वेष आदि आत्मगुणोंके प्रत्यक्षमें मन करण (इन्द्रिय) है॥ ८४½॥

इस कथनसे मनकी सत्ता मान ली गई। जैसे-सुखका प्रत्यक्ष किसी करण (साधन) से है क्योंकि सुखसाक्षात्कार जन्यसाक्षात्कार है। जैसे चाक्षुष प्रत्यक्ष इस अनुमानसे मनका कारण होना सिद्ध हो जाता है। ईश्वरीय साक्षात्कारमें अतिव्याप्ति वारणके लिए हेतुदलमें 'जन्य' पद दिया।

यह शंका उठती है कि इसी प्रकार दुःख प्रत्यक्षके लिए किसी अन्य करणकी कल्पना क्यों नहीं की जाती। ठीक है। जब मनको करण मान लेने पर वह आत्मवृत्ति सकल प्रत्यक्षका करण सिद्ध हो जाता है तब एक करण माननेमें लाघव होनेसे अनेक करण मानना व्यर्थ है। इसी प्रकार सुखादिके असमवायिकारण संयोगका आश्रय होनेसे मनकी सिद्धि होती हैं। जैसे—'सुखं सासमवायिकारणकं भावकार्यत्वात्' घटवत् इस अनुमानसे सुखासमवायिकारण संयोगकी सिद्धि हो जाने पर 'सुखासमवायिकारणसंयोगः क्वचिदाश्रितः द्विष्ठसंयोगत्वात् विभागवत्' इस अनुमानसे संयोगाश्रयके रूपमें मनकी सिद्धि होती है।

अयौगपद्याज्ज्ञानानां तस्याणुत्वमिहेष्यते ॥ ८५ ॥

तत्र मनसोऽणुत्वे प्रमाणमाह—अयौगपद्यादिति । ज्ञानानां—चाक्षुषरासनादीनाम्, अयौगपद्यम्—एककालोत्पत्तिर्नास्तीत्यनुभवसिद्धम् । तत्र नानेन्द्रियाणां सत्यपि विषयसंनिधाने यत्सम्बन्धादेकेनेन्द्रियेण ज्ञानमुत्पद्यते, यदसम्बन्धाच्च परैर्ज्ञानं नोत्पद्यते, तन्मनः । विभुत्वे चासंनिधानं न सम्भवतीति न विभु मनः ।

न च तदानीमदृष्टविशेषोद्बोधकविलम्बादेव तज्ज्ञानविलम्ब इति वाच्यम्, तथा सति चक्षुरादीनामप्यकल्पनापत्तेः । न च दीर्घशष्कुलीभक्षणादौ नानावधानभाजां च कथमेकदाऽनेकेन्द्रियजन्यं ज्ञानमिति वाच्यम्, मनसोऽतिलाघवात्त्वरया नानेन्द्रियसम्बन्धान्नानाज्ञानोत्पत्त्या उत्पलशतपत्रभेदादिव यौगपद्यप्रत्ययस्य भ्रान्तत्वात् ।

दीर्घशष्कुलीभक्षणेति । **तत्र घ्राणजरासनचाक्षुषज्ञानानि युगपज्जायन्ते ।**

भ्रान्तत्वादिति । **अव्यवहितकालोत्पत्तिकत्वस्य दोषत्वादिति भावः ।**

वह मन परमाणुरूप है । उसकी परमाणुरूपतामें प्रमाण देते हैं कि—चाक्षुष, रासन, घ्राणज, स्पार्शन आदि प्रत्यक्षात्मकज्ञानोंकी एककालमें उत्पत्ति न होनेसे मनको परमाणुरूपमें माना गया है ॥ ८५ ॥

चाक्षुष आदि ज्ञानोंकी एक कालमें उत्पत्ति नहीं होती यह तो अनुभव सिद्ध है । उनमें एक कालमें अनेक इन्द्रियोंसे ग्राह्यविषयोंके सन्निधान रहने पर भी जिसके सम्बन्धसे एक इन्द्रियको विषयका ज्ञान उत्पन्न होता है और जिसके असम्बन्धसे अन्य इन्द्रियोंसे ज्ञान नहीं उत्पन्न होता वह इन्द्रियोंसे सम्बद्ध होनेवाला मन है । यदि मन को विभु मानलें तो सदा सब इन्द्रियोंसे असन्निधान नहीं बनेगा । फिर एक कालमें अनेक इन्द्रियोंसे अनेक ज्ञान होने लगेगें जो अनुभव विरुद्ध हैं । अतः मन विभु नहीं माना गया है ।

यहाँ यह भी कह सकते हैं कि चाक्षुष प्रत्यक्ष वेलामें घ्राण आदिसे विभु मनके संयोग रहने पर भी घ्राणज ज्ञानका उद्बोधक अदृष्टविशेष (धर्म अथवा अधर्म) की निमित्तकारणरूप सामग्रीके विलम्बसे ही घ्राणजज्ञानमें विलम्ब होता है । किन्तु यह कहना ठीक नहीं । क्योंकि अदृष्ट विशेषसे ही जब विभु मन विषयोंको ग्रहण करेगा तब चक्षु आदि इन्द्रिय मानना भी व्यर्थ होने लगेगा ।

न च मनसः सङ्कोचविकासशालित्वादुभयोपपत्तिरस्त्विति वाच्यम्, नानावयवतन्नाशादिकल्पने गौरवाल्लाघवान्निरवयवस्याणुरूपस्यैव मनसः कल्पनादिति संक्षेपः ॥ ८५ ॥ इति मनो निरूपणम् ।

इति द्रव्यपदार्थो व्याख्यातः ।

उभयोपपत्तिरिति । **मनसः सङ्कोचे एकेन्द्रियमात्रसम्बन्धादेकमेव ज्ञानं विकासे तु नानेन्द्रियैर्मनसः सम्बन्धाद्युगपन्नानाज्ञानानामुत्पत्तिरिति भावः ।**

यद्यपि नानेन्द्रियैर्मनसः सन्निकर्षकाले चाक्षुषाद्युत्पत्तिकाले रासनाद्यनुत्पादस्य रासनादिकं प्रति चाक्षुषसामग्र्याः प्रतिबन्धकत्वेनैवोपपत्तेर्मनसो विभुत्वे बाधकाभावस्तथापि तथा प्रतिबन्धकभावकल्पने गौरवान्मनसोऽणुत्वमेवाभ्युपेयमिति ।

न च त्वङ्मनोयोगस्य ज्ञानमात्रहेतुत्वाच्चाक्षुषसामग्रीकाले स्पार्शनसामग्र्या नियमतः सत्त्वात् स्पार्शनापत्तिर्मनसोऽणुत्वपक्षे दुर्वारेति वाच्यम् । अनन्यगत्या स्पार्शनं प्रति चाक्षुषसामग्र्याः प्रतिबन्धकत्वस्वीकारात् । एवमपि रासनप्रत्यक्षे चाक्षुषसामग्रीप्रतिबन्धकत्वाकल्पनप्रयुक्तलाघवस्याणुत्वपक्षे निष्प्रत्यूहत्वादिति तत्त्वम् ॥

इति मनोनिरूपणम् ।

यहाँ यह शङ्का होती है कि दीर्घशष्कुली (पूरी जो मटर आदिके पूरको भरकर बनायी जाती है) के भोजन करते समय अथवा शतावधानी पुरुषोंको एक कालमें अनेक इन्द्रियोंसे जन्यज्ञान कैसे होता है ? ठीक है, परमाणुमन मानने वालोंके मतमें मन अतित्वराके साथ अनेक इन्द्रियोंसे सम्बद्ध होता रहेगा और उसीसे अनेक ज्ञान क्रमशः बन जायगें । जो क्रमिक होने पर भी शतपत्र कमलके भेदनकी भाँति शीघ्र होगें । शीघ्रताके अलक्षित होनेसे एककालमें प्रतीतिका भ्रम होता है ।

यदि कहें कि मन संकोच, विकासशील है वह जब संकुचित रहता है तब एक इन्द्रियमात्रसे सम्बद्ध होकर एक ज्ञान उत्पन्न करता है जब विकसित रहता है तब अनेक ज्ञान उत्पन्न करता है । इस प्रकार एक ज्ञान और अनेक ज्ञान दोनों पक्षोंकी सिद्धि हो जाती है । तो ठीक नहीं । क्योंकि मनको संकोच विकासशील मान लेने पर सावयव मानना पड़ेगा । संकोचमें अवयवोंका नाश और विकासमें अवयवोंकी वृद्धि माननी पड़ेगी जो गौरव है । अतः लाघवको ध्यानमें रखकर मनको अणुरूप मान लेना ही उचित है' यह संक्षेप है ।

द्रव्यनिरूपण समाप्त ।

अथ गुणनिरूपणम्

द्रव्यं निरूप्य गुणान्निरूपयति—

अथ द्रव्याश्रिता ज्ञेया निर्गुणा निष्क्रिया गुणाः ।

अथेत्यादिना । गुणत्वजातौ किं मानमिति चेत्, द्रव्यकर्मभिन्नेसामान्यवति या कारणता सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना–निरवच्छिन्नकारणताया असम्भवात् ! न हि रूपत्वादिकं सत्ता वा तत्रावच्छेदिकान्यूनाधिकदेशवृत्तित्वात् । अतश्चतुर्विंशत्यनुगतं किञ्चिद्वाच्यं, तदेव गुणत्वमिति ।

अवसरसङ्गतिमभिप्रेत्याह—द्रव्यं निरूप्येति । तस्मिन्निरूपिते प्रातिबन्धकीभूतशिष्यजिज्ञासानिवृत्तेरिति भावः ।

ननु गुणत्वस्य रूपादिषु स्वसमवेतसमवायसम्बन्धेन प्रत्यक्षसम्भवादनुमानप्रमाणोपन्यासोऽयुक्त इति चेन्न, अतीन्द्रियरूपादौ तत्प्रत्यक्षासम्भवेन तत्साधारण्यं गुणत्वस्य न घटते इत्यनुमानोपन्यास इत्याशयात् ।

गुणत्वमिति । वस्तुतस्तु पारिमाण्डल्यस्य क्वाप्यकारणतया गुणत्वस्य तत्रापि सत्त्वेन तादृशकारणतातिरिक्तवृत्तित्वेन तादृशकारणतावच्छेदकतया न गुणत्वजातिसिद्धिसम्भवः । किन्तु गुणपदशक्यतावच्छेदकतया तत्सिद्धिरिति बोध्यम् ।

इस प्रकार द्रव्यका निरूपण कर लेनेके बाद अवसर प्राप्त गुणोंका निरूपण करते हैं । गुणोंको द्रव्याश्रित, निर्गुण तथा निष्क्रिय जानना चाहिए ॥ ८५½ ॥

यहाँ 'गुणः' पदका गुणत्वजातिमन्तः अर्थ करना चाहिए । फिर गुणत्व क्या है यह प्रश्न उठता है । यदि कहें कि वह जाति है । तब प्रश्न उठता है कि गुणत्व जातिमें क्या प्रमाण है ? यदि स्व समवेत समवाय सम्बन्धसे (स्व घट तत्समवेत गुण तत्समवायगुणत्वमें) गुणत्वमें प्रत्यक्षप्रमाण ही माना जाय तो ठीक नहीं क्योंकि अतीन्द्रिय रूपादिमें गुणत्वका प्रत्यक्ष बन नहीं सकेगा । अतः अनुमान प्रमाणका उपस्थापन करते हैं **इदम्** । अर्थात् निर्दिश्यमान अनुमान ही प्रमाण है । **अनुमानाकार**—द्रव्यकर्मभिन्ने सामान्यवति या कारणता सा, किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्त्वात्, या या कारणता सा सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना, घटनिष्ठकार्यतानिरूपित दण्डनिष्ठकारणतावत् । अर्थात् द्रव्य और कर्मत भिन्न जातिमान पदार्थमें जो कारणता है वह किसी धर्मसे युक्त है क्योंकि कोई भी कारणता निरवच्छिन्न नहीं होती । रूपत्व आदि अथवा सत्ता अवच्छेदक नहीं हो सकती । क्योंकि रूपत्व आदि धर्म न्यूनदेशवृत्ति है तथा सत्ता अधिक देशवृत्तिधर्म है । अतः चौबीस गुणोंमें

द्रव्याश्रिता इति यद्यपि द्रव्याश्रितत्वं न लक्षणं कर्मादावतिव्याप्तेः, तथापि द्रव्यत्वव्यापकतावच्छेदकसत्ताभिन्नजातिमत्त्वं तदर्थः । भवति हि गुणत्वं द्रव्यत्वव्यापकतावच्छेदकं तद्वत्ता च गुणानामिति । द्रव्यत्वं कर्मत्वं वा न द्रव्यत्वव्यापकतावच्छेदकं, गगनादौ द्रव्यकर्मणोरभावात्, द्रव्यत्वत्वं सामान्यत्वादिकं वा न जातिरिति तद्व्युदासः ।

द्रव्यत्वव्यापकतावच्छेदकेति । द्रव्यत्वसमानाधिकरणात्यन्ताभावप्रतियोगितानवच्छेदकेत्यर्थः । द्रव्यत्वाधिकरणं घटादिकं तन्निष्ठोऽभावः गुणो नास्ति सत्तावान्नास्तीति न भवति गुणस्य सत्तावतश्च तत्र वृत्तेः। किन्तूदासीन एवाभावस्तथा तत्प्रतियोगितावच्छेदकं पटत्वादिकमनवच्छेदकं गुणत्वं सत्ता च तत्र सत्तायां सत्ताभिन्नत्वाभावात् द्रव्यत्वव्यापकतावच्छेदकसत्ताभिन्नगुणत्वजातिमत्त्वं गुणे इति समन्वयः ।

रहनेवाला एक अनुगत धर्म होना चाहिए । जो धर्म अनुगतरूपमें मान्य होगा वह ही गुणत्व है ।

वस्तुतस्तु—पारिमाण्डल्य (अणुपरिमाण) कहीं भी कारण नहीं होता किन्तु गुणत्व-धर्म उसमें भी रहेगा ही । अतः कारणतासे अतिरिक्तवृत्ति होनेके कारण गुणत्व जातिकी सिद्धि सम्भव नहीं है । अतः गुणपदशक्यतावच्छेदकत्वेन गुणत्वजातिकी सिद्धि मानी जाती है ।

द्रव्याश्रिताः—यद्यपि द्रव्याश्रितत्वं गुणका लक्षण नहीं बन सकेगा क्योंकि कर्मके भी द्रव्याश्रित होनेसे अतिव्याप्ति होगी । तथापि द्रव्याश्रिताः पदका **'द्रव्यत्वव्यापकतावच्छेदकसत्ताभिन्नजातिमत्त्व'** अर्थ मानते हैं । जो गुणमें है । इस लक्षणमें व्यापकताका निवेश है । अतः निष्कर्ष यह है कि **'द्रव्यत्वसमानाधिकरणात्यन्ताभावप्रतियोगितानवच्छेदकसत्ताभिन्नजातिमत्त्वं गुणस्य लक्षणम्'** द्रव्यत्वके अधिकरण घटमें जो अभाव वह गुणो नास्ति, सत्तावान् नास्ति नहीं हो सकता क्योंकि घटमें गुण और सत्तावत्व है किन्तु कोई अन्य अभाव होगा । उस अभावका प्रतियोगी कोई उदासीन प्रतियोगिताव-च्छेदक उदासीनवृत्ति धर्म अनवच्छेदक गुणत्व और सत्ता होगी । सत्तामें सत्ताभेद रहेगा नहीं परिशेषात् सत्ताभिन्न गुणत्वजाति होगी तादृश जाति मान गुण होगा । इस प्रकार द्रव्यत्वव्यापकतावच्छेदक गुणत्व है गुणत्ववान गुण ही होगा, द्रव्यत्व अथवा कर्मत्व द्रव्यत्वव्यापकतावच्छेदक नहीं है । क्योंकि—गगन (आकाश) काल, दिशा तथा आत्मामें समवाय सम्बन्धसे द्रव्य और कर्म नहीं रहता । अतः द्रव्यत्वव्यापकतावच्छेदक द्रव्यत्व अथवा कर्मत्वको मानकर द्रव्य अथवा कर्म (क्रिया) में लक्षणकी अतिव्याप्ति नहीं हुई । यद्यपि द्रव्यत्वव्यापकतावच्छेदक द्रव्यत्वसत्तात्व है वह द्रव्यत्व और सत्तामें होनेसे अतिव्याप्ति होगी । अतः लक्षणमें जातिपदका निवेश किया ।

निर्गुणा इति । यद्यपि निर्गुणत्वं कर्मादावपि, तथापि सामान्यवत्त्वे सति कर्मान्यत्वे च सति निर्गुणत्वं बोध्यम् । जात्यादीनां न सामान्यवत्त्वं, कर्मणो न कर्मान्यत्वं, द्रव्यस्य न निर्गुणत्वमिति तत्र नातिव्याप्तिः । 'निष्क्रिया' इति स्वरूपकथनं न तु लक्षणं गगनादावतिव्याप्तेः ।

रूपं रसः स्पर्शगन्धौ परत्वमपरत्वकम् ॥ ८६ ॥

द्रवत्वस्नेहवेगाश्च मता मूर्तगुणा अमी ।

वेगा इति । वेगेन स्थितिस्थापकोऽप्युपलक्षणीयः । मूर्तगुणा इति । अमूर्तेषु न वर्तन्त इत्यर्थः । लक्षणं तु तावदन्यान्यत्वम् । एवमग्रेऽपि ।

उपलक्षणीय इति । **वेगपदं भावनान्यसंस्कारपरमिति भावः । वेगश्चेति चकारेण गुरुत्वस्य संग्रहः ।**

ननु मूर्तगुणत्वं मूर्तवृत्तिगुणत्वं तच्च संख्यादावतिव्याप्तमत आह—अमूर्तेषु न वर्तन्त इति ।

तावदन्यान्यत्वमिति । **तावत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकभेदावच्छिन्नप्रतियोगिताकभेदवत्त्वम् इत्यर्थः । एतदन्यतमत्वमिति यावत् ॥ ८६ ॥**

निर्गुणाः—यद्यपि 'निर्गुणत्वं' यह गुणका लक्षण नहीं है क्योंकि कर्म आदिमें निर्गुणत्व होनेसे अतिव्याप्ति होगी। तथापि **'सामान्यवत्त्वे सति कर्मान्यत्वे च सति निर्गुणत्वं गुणस्य लक्षणम्'** कहना पड़ेगा । कर्मान्यत्व और निर्गुणत्व जाति आदि (सामान्य विशेष-समवाय-अभाव) में है। अतः अतिव्याप्ति वारणके लिए सामान्यवत्त्वे सति पद दिया । सामान्य आदिमें सामान्य (जाति) नहीं रहता अतः अतिव्याप्ति नहीं हुई । सामान्यवत्व और निर्गुणत्व कर्ममें भी है। अंतः अतिव्याप्तिवारणके लिए कर्मान्यत्वे सति पद दिया । सामान्यवत्व और कर्मान्यत्व द्रव्यमें भी है। अतः अतिव्याप्ति वारणके लिए निर्गुणत्व पद दिया ।

निष्क्रियाः—यदि निष्क्रियाः का अर्थ क्रियाऽनधिकरणत्व अर्थात् क्रियाका अधिकरण न होना अर्थ किया जाय तो आकाशमें भी क्रियाका अधिकरण नहीं होनेसे अतिव्याप्ति होगी। अतः यह लक्षण नहीं किन्तु स्वरूप कथन है। अर्थात् गुणमें क्रिया नहीं होती इस अर्थको स्पष्ट बतानेके लिए निष्क्रियाः पद है ।

वस्तुतः—निष्क्रियपदका कर्मवदवृत्तिपदार्थविभाजकोपाधिमत्व अर्थ पूर्वप्रकरणमें

---

१. समन्वयस्तु—यावन्त रूपादयो दशमूर्तगुणास्तावत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकभेदावच्छिन्नं मूर्तेतरसकलगुणादिः तत्प्रतियोगिताक भेदवत्वं मूर्तगुणेषु इति ।

धर्माधर्मौ भावना च शब्दो बुद्ध्यादयोऽपि च ॥ ८७ ॥

एतेऽमूर्तगुणाः सर्वे विद्वद्भिः परिकीर्तिताः ।

अमूर्तगुणा इति । [1]मूर्तेषु न वर्तन्त इत्यर्थः ।

संख्यादयो विभागान्ता उभयेषां गुणा मताः ॥ ८८ ॥

उभयेषामिति । मूर्तामूर्तगुणा इत्यर्थः ॥ ८६–८७–८८ ॥

आकाशमें अतिव्याप्ति वारणके लिए किया गया है। अतः यह भी लक्षण ही माना जाना चाहिए ।

रूप, रस, स्पर्श, गन्ध, परत्व, अपरत्व, द्रवत्व, स्नेह और वेग ये नव गुण **'मूर्तगुण'** कहे जाते हैं ॥ ८६½ ॥

मूलमें वेगपद, भावनासे अन्य संस्कारके लिए है। अतः उससे स्थितिस्थापकका भी संग्रह होता है। वेगाश्चमें चकारसे गुरुत्वका भी संग्रह करना चाहिए। इस प्रकार कुल ११ मूर्तगुण होते हैं। यदि मूर्तगुणाः पदका मूर्तमें रहनेवाले गुण यह अर्थ करें तो संख्यामें अतिव्याप्ति होगी । अतः मूर्तगुणाः का अर्थ है कि जो गुण अमूर्तोंमें नहीं रहते। लक्षण तो है **'तावदन्यान्यत्वं मूर्तगुणत्वम्'** अर्थात् तावत्वावच्छिन्न प्रतियोगिताकभेदावच्छिन्नप्रतियोगिताकभेदवत्वम् । **समन्वय** जितने रूपादिक ग्यारह मूर्तगुण हैं उतने समस्त हैं प्रतियोगी जिस भेदके उससे अवच्छिन्न (विशिष्ट) मूर्तेतर सकलगुण हैं तत्प्रतियोगिताक-भेदवत्व मूर्तगुणोंमें है । इसी प्रकार आगेके लक्षणोंमें समझना चाहिए ॥ ८६½ ॥

विद्वानोंने धर्म, अधर्म, भावना, शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष और प्रयत्नको **अमूर्तगुण** कहा है ॥ ८७½ ॥

अमूर्तत्व है परममहत्परिमाणवत्व । आकाश, काल, दिक् और आत्मा ये अमूर्त हैं। यदि अमूर्तगुणाः पदका अमूर्तमें रहनेवाले गुण यह अर्थ किया जाय तो आकाशगत एकत्वमें भी अमूर्त = आकाशमें रहनेवाले गुण होनेसे अतिव्याप्ति होगी। अतः अमूर्तगुणाः का अर्थ है कि जो गुण मूर्तमें न रहनेवाले हैं ॥ ८७ ॥

संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग और विभाग ये मूर्त और अमूर्त दोनोंमें रहनेवाले **उभयवृत्ति गुण** माने जाते हैं ॥ ८८ ॥

संख्यादि विभागान्त पाँच गुणोंका मूर्तामूर्तोभयवृत्तिगुणत्व-साधर्म्य है ॥ ८८ ॥

---

१. ननु अमूर्तगुणत्वं अमूर्तवृत्तिगुणत्वं, तच्च गगनादिगतैकत्वेऽतिव्याप्तमत आह—मूर्तेषु इत्यादि । तथाच-धर्माधर्मादिदशामूर्तगुणत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकभेदावच्छिन्नप्रतियोगिताकभेदवत्वं अमूर्तगुणत्वम् इति लक्षणं निष्पन्नम् ।

संयोगश्च विभागश्च संख्या द्वित्वादिकास्तथा ।
द्विपृथक्त्वादयस्तद्वदेतेऽनेकाश्रिता गुणाः ॥ ८९ ॥

अनेकाश्रिता इति । संयोगविभागद्वित्वादीनि द्विवृत्तीनि । त्रित्वचतुष्ट्वादिकं त्रिचतुरादिवृत्तीति बोध्यम् ॥ ८९ ॥

अतः शेषगुणाः सर्वे मता एकैकवृत्तयः ।

अत इति । रूपरसगन्धस्पर्शैकत्वपरिमाणैकपृथक्त्वपरत्वापरत्वबुद्धिसुखदुःखेच्छाद्वेषप्रयत्नगुरुत्वद्रवत्वस्नेहसंस्कारादृष्टशब्दा इत्यर्थः ।

बुद्ध्यादिषट्कं स्पर्शान्ताः स्नेहः सांसिद्धिको द्रवः ॥ ९० ॥
अदृष्टभावनाशब्दा अमी वैशेषिका गुणाः ।

द्विपृथक्त्वमिति । द्वयोः पृथक्त्वं, घटात् दण्डपटौ पृथक्' इति प्रतीतेर्द्विपृथक्त्वं विषयः । नन्वनेकाश्रितत्वं संयोगादावव्याप्तमनेकपदस्य बहुत्वविशिष्टे शक्तेरत आह—संयोगविभागद्वित्वेति ॥ ८९ ॥

संयोग, विभाग, द्वित्व, त्रित्व आदि संख्यायोंमें, इसी तरह द्विपृथक्त्व, त्रिपृथक्त्वमें अनेकाश्रितत्व साधर्म्य है ॥ ८९ ॥

यद्यपि अनेकाश्रितत्व संयोगविभाग आदिमें नहीं है क्योंकि अनेक पदकी बहुत्वविशिष्टमें शक्ति है तथापि यहाँ एक से अधिक के लिए ही अनेक पद प्रयुक्त है। अतः दो पदार्थों मे रहने वाले संयोग और विभागोंमें भी अनेकाश्रितत्व साधर्म्य है। इसी प्रकार दोनों पृथक्त्वका विषय है। 'घटात् दण्डपटौ पृथक्' यहाँ दोका पृथक्त्व द्विपृथक्त्व, तीनका पृथक्त्व त्रिपृथक्त्व कहा जाता है ॥ ८९ ॥

संयोग, विभाग, द्वित्वादि संख्याओं और द्विपृथक्त्व आदि से अन्य अवशिष्ट सब गुण एक-एक पदार्थमें रहते हैं ऐसा माना गया है ॥ ८९½ ॥

वे अवशिष्टगुण निम्नलिखित हैं—

रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, एकत्व, परिमाण, एकपृथक्त्व, परत्व, अपरत्व, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेह, संस्कार, अदृष्ट और शब्द ॥ ८९½ ॥

बुद्धिसे छः (बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष और प्रयत्न,) आरम्भसे स्पर्श तक (रूप, रस, गन्ध और स्पर्श,) स्नेह, सांसिद्धिकद्रवत्व, अदृष्ट, भावना और शब्द ये विशेषगुण कहे जाते हैं ॥ ९०½ ॥

बुद्ध्यादि = बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, स्पर्शान्ताः = रूप, रस, गन्ध और स्पर्श, द्रव = द्रवत्व, वैशेषिकाः = विशेषा एव वैशेषिकाः विनयादिगण पठित होनेके कारण

बुद्ध्यादीति । बुद्धिसुखदुःखेच्छाद्वेषप्रयत्ना इत्यर्थः । स्पर्शान्ताः—रूपरसगन्धस्पर्शा इत्यर्थः । द्रवो—द्रवत्वम् । वैशेषिकाः—विशेषा एव वैशेषिकाः । स्वार्थे ठक् । विशेषगुणा इत्यर्थः ।

स्वार्थे ठगिति विनयादित्वादिति शेषः । विशेषगुणत्वं च भावनान्यो यो वायुवृत्तिवृत्तिस्पर्शावृत्तिधर्मसमवायी, तदन्यत्वे सति गुरुत्वाजलद्रवत्वान्यगुणत्वम् । तथा हि वायुवृत्तयः स्पर्शसंख्यापरिमाणपृथक्त्वसंयोगविभागपरत्वापरत्वसंस्काराः तद्वृत्तयः स्पर्शावृत्तयश्च धर्माः संख्यात्वादयः तत्समवायिनः संख्यापरिमाणपृथक्त्वसंयोगविभागपरत्वापरत्वसंस्काराः समवायिनि भावनान्यत्वविशेषणाद् भावनाभिन्नः संस्कार इह ग्राह्यः, तदन्यत्वमेतद्व्यतिरिक्तेषु रूपादिषु इति समन्वयः । गुरुत्वे नैमित्तिकद्रवत्वे चातिव्याप्तिवारणाय गुरुत्वाजलद्रवत्वान्यगुणत्वमिति विशेष्यदलम् । जात्यादावतिव्याप्तिवारणाय गुणत्वेति । सांसिद्धिकद्रवत्वसंग्रहायाह अजलेति । संख्यादिवारणाय सत्यन्तम् । भावनायामव्याप्तिवारणायाद्यमन्यान्तं सत्यन्तघटकसमवायिविशेषणम् । सत्तादिकमादायासम्भववारणाय स्पर्शसंग्रहाय च स्पर्शावृत्तीति । यद्वा विशेषगुणत्वं द्रव्यविभाजकोपाधिद्वयसमानाधिकरणावृत्तिद्रव्यकर्मावृत्तिजातिमत्त्वम् । द्रव्यस्य विभाजकमुपाधिद्वयं पृथिवीत्वजलत्वादितत्समानाधिकरणः संयोगसंख्यादिस्तत्रावृत्तिरविद्यमाना तथा द्रव्यकर्मणोरप्यविद्यमाना या रूपादिकतिपयगुणेषु विद्यमाना जातिस्तादृशजातिमत्त्वं पूर्वोक्तविशेषगुणेष्विति समन्वयः ।

सामान्यगुणत्वं च रूपस्पर्शान्यत्वे सति द्रव्यविभाजकोपाधिव्याप्यतावच्छेदकसंयोगविभागवेगद्रवत्वावृत्तिजातिशून्यगुणत्वम् । द्रव्यविभाजकोपाधिः पृथिवीत्वादिः तद्व्याप्यतावच्छेदकं च गन्धत्वादि तच्छून्यत्वस्य संख्यादौ सत्त्वाल्लक्षणसमन्वयः । जलीयशुक्लरूपे, वायोरनुष्णाशीतस्पर्शे, चातिव्याप्तिवारणाय सत्यन्तम् । कर्मादौ तद्वारणाय विशेष्यम् । पृथिवीत्वादिव्याप्यतावच्छेदकतत्तत् संख्यादिशून्यत्वस्य तत्तत् संख्यायामभावादव्याप्तिवारणाय जातिपदम् । शब्दविशेषजनकता-

---

'विनयादिभ्यष्ठक्' ५।४।३४। सूत्रसे स्वार्थमें ठक् प्रत्यय है। अतः 'विशेषगुणाः' अर्थ है। जो भावनासे अन्य वायुवृत्ति वृत्ति और स्पर्शमें अवृत्ति धर्मका समवायी उससे अन्य हो तथा गुरुत्व और अजलद्रवत्वसे अन्य गुण हो उसे विशेषगुण कहते हैं। जैसे—वायुवृत्ति गुण हैं स्पर्श, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व और संस्कार, इनमें वृत्ति और स्पर्शमें अवृत्ति धर्म संख्यात्वादि, तत्समवायी, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व और भावना से भिन्न संस्कार तदन्यत्व रूपादिमें है। इस प्रकार लक्षणका समन्वय हुआ ॥ ९०½ ॥

संख्यादिरपरत्वान्तो द्रवोऽसांसिद्धिकस्तथा ॥ ९१ ॥
गुरुत्ववेगौ सामान्यगुणा एते प्रकीर्तिताः ।

संख्येति । संख्यापरिमाणपृथक्त्वसंयोगविभागपरत्वापरत्वानीत्यर्थः ।

संख्यादिरपरत्वान्तो द्रवत्वं स्नेह एव च ॥ ९२ ॥
एते तु द्वीन्द्रियग्राह्याः,

द्वीन्द्रियेति । चक्षुषा त्वचापि ग्रहणयोग्यत्वात् ।

अथ स्पर्शान्तशब्दकाः ।
बाह्यैकैकेन्द्रियग्राह्याः,

वच्छेदकजात्यवच्छिन्नकठिनावयवद्वयविभागे, तेजोवेगातिशये, अत्यन्ताग्निसंयोगानाश्यतावच्छेदकवैजात्यावच्छिन्नघृतादिवृत्तिद्रवत्वे चाव्याप्तिवारणायावृत्त्यन्तं जातिविशेषणमिति ध्येयम् ।

स्नेह एव चेति मूले—**स्नेहपदं वेगस्याप्युपलक्षणम् ॥ ९०-९२ ॥**

संख्यासे लेकर अपरत्व तक तथा नैमित्तिकद्रवत्व, गुरुत्व, वेग ये सामान्यगुण कहे गये हैं ॥ ९१½ ॥

संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व ये संख्यादिरपरत्वान्त हैं। रूप और स्पर्शसे अन्य द्रव्यविभाजक उपाधि (पृथिवीत्वादि) का व्याप्यतावच्छेदक (गन्धत्वादि) अथच संयोगविभागवेगद्रवत्वावृत्तिजातिशून्यगुणत्व संख्यामें होनेसे सामान्यगुणका लक्षण समन्वय होता है ॥ ९१½ ॥

संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, द्रवत्व, स्नेह और वेग इनमें द्वीन्द्रियग्राह्यत्व साधर्म्य है । अर्थात् इनका नेत्र तथा त्वक् दो इन्द्रियोंसे ग्रहण हो सकता है ॥ ९२⅓ ।

इस प्रकार चक्षुस्त्वगुभयेन्द्रियग्राह्यतावच्छेदकजातिमत्त्वम् यह लक्षणार्थ है । अन्यथा प्रभाभित्ति संयोग और परमाणुगत संख्यामें द्वीन्द्रियग्राह्यत्व न होनेसे अव्याप्ति होती। ऐसा अर्थ करदेने पर संयोगत्व और संख्यात्व उभयेन्द्रियग्राह्यतावच्छेदक जाति होनेके कारण प्रभाभित्ति संयोगमें भी है । अतः अव्याप्ति नहीं हुई । मूलमें स्नेहपदसे वेगका भी ग्रहण होता है ॥ ९२½ ॥

रूप, रस, गन्ध, स्पर्श तथा शब्द इनमें एक-एक बाह्य इन्द्रियसे ग्राह्य होना साधर्म्य है ॥
एकेन्द्रियग्राह्यत्वका अर्थ है एकेन्द्रियग्रहणयोग्यत्व । अतः अतीन्द्रिय रूपादिमें इन्द्रियग्राह्यत्व न रहने पर भी अतिव्याप्ति नहीं है ॥ ९२¾ ॥

बाह्येति । रूपादीनां चक्षुरादिग्राह्यत्वात् ।

गुरुत्वादृष्टभावनाः ॥ ९३ ॥
अतीन्द्रिया, विभूनां तु ये स्युर्वैशेषिका गुणाः ।
अकारणगुणोत्पन्ना एते तु परिकीर्तिताः ॥ ९४ ॥

विभूनामिति । बुद्धिसुखदुःखेच्छाद्वेषयत्नधर्माधर्मभावनाशब्दा इत्यर्थः । अकारणेति । कारणगुणेन कार्ये ये गुणा उत्पद्यन्ते ते कारणगुणपूर्वका रूपादयो वक्ष्यन्ते, बुद्ध्यादयस्तु न तादृशा आत्मादेः कारणाभावात् ॥ ९०-९४ ॥

अपाकजास्तु[1] स्पर्शान्ता द्रवत्वं च तथाविधम् ।
स्नेहवेगगुरुत्वैकपृथक्त्वपरिमाणकम् ॥ ९४ ॥
स्थितिस्थापक इत्येते स्युः कारणगुणोद्भवाः ।

अपाकजास्त्विति । पाकजरूपादीनां कारणगुणपूर्वकत्वाभावात् अपाकजा इत्युक्तम् । तथाविधम्—अपाकजम् । तथैकत्वमपि बोध्यम् ।

एकेन्द्रियग्राह्यत्वं । **एकेन्द्रियग्रहणयोग्यत्वमित्यर्थः । तेनातीन्द्रियरूपादौ इन्द्रियग्राह्यत्वाभावेऽपि नाव्याप्तिः ।** स्पर्शान्ताः । **रूपरसगन्धस्पर्शाः ॥ ९३-९५ ॥**

गुरुत्व, अदृष्ट और भावना इनमें अतीन्द्रियत्व साधर्म्य है ॥ ९३½ ॥

विभुओं (आकाश और आत्मा) में जो बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, यत्न, धर्म, अधर्म, भावना, और शब्द विशेषगुण हैं उनमें अकारणगुणोत्पन्नत्व साधर्म्य है ॥ ९४ ॥

अकारणगुणोत्पन्नत्वका अर्थ है कि कारणके गुणसे कार्यमें जो गुण उत्पन्न होते हैं वे रूपादिगुण कारणगुणपूर्वक होते हैं । किन्तु बुद्धि आदि गुण कारणके गुणसे कार्यमें उत्पन्न नहीं होते । क्योंकि आत्मा और आकाशका कोई कारण ही नहीं है । अर्थात् आत्माकार्य नहीं है फिर उसमें बुद्धि आदि गुणोंकी उत्पत्ति कारण गुणसे नहीं होती ॥ ९४ ॥

अपाकज रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, अपाकज, द्रवत्व, एकत्व, स्नेह, वेग, गुरुत्व, एकपृथक्त्व, परिमाण और स्थितिस्थापक ये गुण कारणके गुणसे जन्य हैं ॥ ९५½ ॥

पाकसे जन्य रूप आदिकी उत्पत्ति कारण गुणपूर्वक नहीं है । अतः अवयवी घटमें अग्निसंयोगसे जन्य रूपका कारणगुणपूर्वकत्व आपड़नेसे अव्याप्ति वारणके लिये अपाकजपद दिया । तात्पर्य यह है कि कारणगुणपूर्वकत्वका लक्ष्य अपाकजरूप, अपाकजरस आदि है ।

---

१. अपाकजाः—विलेक्षणतेजःसंयोगाजन्याः ।

संयोगश्च विभागश्च वेगश्चैते तु कर्मजाः ॥ ९६ ॥

संयोगश्चेति । कर्मजन्यत्वं यद्यपि न साधर्म्यं–घटादावतिव्याप्तेः, संयोगजसंयोगेऽव्याप्तेश्च, [1]तथापि कर्मजन्यवृत्तिगुणत्वव्याप्यजातिमत्वं बोध्यम् । एवमन्यत्राप्यूह्यम् ॥ ९५–९६ ॥

स्पर्शान्तपरिमाणैकपृथक्त्वस्नेहशब्दके ।

भवेदसमवायित्वम्,

स्पर्शान्तेति । एकपृथक्त्वमित्यत्र त्वप्रत्ययस्य प्रत्येकमन्वयादेकत्वं पृथक्त्वं च ग्राह्यम् । पृथक्त्वपदेन चैकपृथक्त्वम् । भवेदसमवायित्वमिति । घटादिरूपरसगन्धस्पर्शाः कपालादिरूपरसगन्धस्पर्शेभ्यो भवन्ति । एवं कपालादिपरिमाणादीनां घटादिपरिमाणाद्यसमवायिकारणत्वम् । शब्दस्यापि द्वितीयशब्दं प्रति । एवं स्थितिस्थापकैकपृथक्त्वयोरपि ज्ञेयम् ।

पाकजरूप तो अलक्ष्य है उसमें लक्षण न जाना ही उचित है । अपाकज द्रवत्वसे तात्पर्य है । सांसिद्धिकद्रवत्व । चकारसे एकत्व भी समझना चाहिए ॥ ९५½ ॥

संयोग, विभाग और वेग इनमें कर्मजन्यत्व साधर्म्य है ॥ ९६ ॥

यद्यपि कर्मजन्यत्व साधर्म्य कहना उचित नहीं । क्योंकि घटमें अतिव्याप्ति होगी तथा संयोगज संयोगमें कर्मजन्यत्व न रहनेसे अव्याप्ति होगी तथापि कर्मजन्यवृत्ति गुणत्वव्याप्य जातिमत्वं कर्मजत्वका तात्पर्यार्थ होगा । तब कर्मजन्य संयोग, विभाग और वेगमें वर्तमान जो गुणत्वव्याप्य संयोगत्व, विभागत्व और वेगत्व जाति वह संयोगज संयोगमें भी है अतः अव्याप्ति नहीं होगी इसी प्रकार घटमें तादृश जाति नहीं है अतः अतिव्याप्ति भी नहीं होगी । यही प्रक्रिया अन्यत्र भी कल्पित कर लेनी चाहिए ॥ ९६ ॥

रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, परिमाण, एकत्व, एकपृथक्त्व, स्नेह, शब्द इनमें असमवायित्व साधर्म्य हैं ॥ ९६½ ॥

एकपृथक्त्व पदमें जो त्व प्रत्यय है उसका प्रत्येकके साथ अन्वय है । अतः एकत्व और पृथक्त्व अर्थ होता है । पृथक्त्व पदका भी एकपृथक्त्व अर्थ है । भवेदसमवायित्वम्का अर्थ है कि घटके रूप, रस, गन्ध और स्पर्शकी उत्पत्ति कपालके रूप, रस, गन्ध और स्पर्शसे होती है । इसी प्रकार कपालका परिमाण घटपरिमाणका असमवायिकारण है । पूर्व-पूर्व शब्द उत्तर-उत्तर शब्दका असमवायिकारण है । इसी प्रकार कटके स्थितिस्थापक यत्नके प्रति

---

१. कर्म जन्ये संयोगे विभागे वेगे च वर्तमाना या गुणत्वव्याप्या संयोगत्वं विभागत्वं वेगत्वं जातिस्तद्वत्वस्य तत्र सत्वादिति ।

अथ वैशेषिके गुणे ॥ ९७ ॥

आत्मनः स्यान्निमित्तत्वम्,

निमित्तत्वमिति । बुद्ध्यादीनामिच्छादिनिमित्तत्वादिति भावः ।

उष्णस्पर्शगुरुत्वयोः ।

वेगेऽपि च द्रवत्वे च संयोगादिद्वये तथा ॥ ९८ ॥

द्विधैव कारणत्वं स्याद्,

द्विधैवेति । असमवायिकारणत्वं निमित्तकारणत्वं च । तथाहि–उष्णस्पर्श उष्णस्पर्शस्यासमवायिकारणं, पाकजे निमित्तम् । गुरुत्व गुरुत्वपतनयोरसमवायिकारणं, प्रतिघाते निमित्तम् । वेगो वेगस्पन्दनयोरसमवायी, अभिघाते निमित्तम् । द्रवत्वं द्रवत्वस्यनन्दयोरसमवायि,

---

शलाकापट्टीका स्थितिस्थापक यत्न असमवायिकारण है । अवयवीके एकपृथक्त्वके प्रति अवयवका एकपृथक्त्व असमवायिकारण है । किसी अन्य अवस्थाकी वस्तुको पुनः उसी अवस्थामें लाने वाले गुणको स्थितिस्थापक कहते है ॥ ९६½ ॥

आत्मामें रहने वाले वैशेषिक गुणोंमें निमित्तकारणत्व साधर्म्य हैं । मूलकारिकासे 'वैशेषिक गुणोंके प्रति आत्मानिमित्तकारण है' यह अर्थ भ्रम न हो इस लिए मुक्तावलीमें **'बुद्धादीनां इच्छादिनिमित्तत्वम्'** पद दिया । जैसे प्रयत्नके प्रति इच्छानिमित्तकारण है । इच्छाके प्रति बुद्धि निमित्तकारण है । सुखके प्रति धर्म, दुःखके प्रति अधर्म निमित्तकारण है ॥ ९७½ ॥

उष्णस्पर्श, गुरुत्व, वेग, द्रवत्व, संयोग, विभागमें दो प्रकारसे अर्थात् असमवायिकारणत्व, निमित्तकारणत्व इस प्रकार उभयकारणत्व साधर्म्य है ॥ ९८½ ॥

जैसे—अवयवगत उष्णस्पर्श, अवयवीगत उष्णस्पर्शके प्रति असमवायिकारण है । उष्णस्पर्श ही विजातीयतेजःसंयोगजन्य रूपके प्रति निमित्तकारण है । अवयवगुरुत्व अवयविगुरुत्वके प्रति असमवायिकारण है । गुरुत्व पतनक्रियाके प्रति असमवायिकारण है । किन्तु गुरुत्व ही अभिघातके प्रति निमित्तकारण है । वे अवयववेगके प्रति असमवायिकारण हैं । वेग स्यन्दनक्रियाके प्रति असमवायिकारण है । किन्तु वेग ही अभिघात (शब्दजनकसंयोग) के प्रति निमित्तकारण है । अवयव द्रवत्व अवयवी द्रवत्वके प्रति असमवायिकारण है । स्यन्दनके प्रति भी असमवायिकारण है । किन्तु संग्रह (चूर्णादि पिण्डीभाव) के प्रति निमित्तकारण हैं । भेरीदण्डका संयोग शब्दके प्रति निमित्तकारण है ।

सङ्ग्रहे निमित्तम् । भेरीदण्डसंयोगः शब्दे निमित्तं, भेर्याकाश-संयोगेऽसमवायी । वंशदलद्वयविभागः शब्दे निमित्तं वंशदलाकाश-विभागेऽसमवायीति ।

अथ[1] प्रादेशिको भवेत् ।
वैशेषिको विभुगुणः संयोगादिद्वयं तथा ॥ ९९ ॥

प्रादेशिकोऽव्याप्यवृत्तिः ॥ ९७-९८-९९ ॥

इति गुणप्रकरणे साधर्म्यनिरूपणम्

रूपं निरूपयति—[2]

चक्षुर्ग्राह्यं भवेद्रूपं द्रव्यादेरुपलम्भकम् ।

अव्याप्यवृत्तिरिति—**अव्याप्यवृत्तित्वम् स्वसमानाधिकरणात्यन्ताभावप्रतियोगित्वम् ॥ ९६-९९ ॥**

भेरी और आकाश संयोगके प्रति असमवायिकारण है । वांसके दो दलोंका विभाग शब्दके प्रति निमित्तकारण है । वह ही वंशदल और आकाश विभागमें प्रति असमवायिकारण है ॥

विभुओं (आकाश और आत्मा) में रहने वाले विशेषगुण (शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, भावना, धर्म, अधर्म) और संयोग, विभागमें प्रादेशिकत्व (दैशिक अव्याप्य-वृत्तिगुणत्व) साधर्म्य है ॥ ९९ ॥

यदि प्रादेशिकत्वका अर्थ प्रकृष्टदेशमें रहना माना जाय तो रूप भी प्रादेशिक होगा । अतः मुक्तावलीमें प्रादेशिकपदकी व्याख्यामें अव्याप्यवृत्तिः कहा गया है । अव्याप्यवृत्तित्व भी दो प्रकारका है । दैशिक अव्याप्यवृत्तित्व, और कालिक अव्याप्यवृत्तित्व । कालिक अव्याप्यवृत्ति रूपमें अतिव्याप्ति वारणके लिए अव्याप्यवृत्तिका अर्थ दैशिक अव्याप्यवृत्ति करना चाहिए ॥

गुणप्रकरणमें साधर्म्यनिरूपण समाप्त ।

सामान्यतः गुणोंके साधर्म्य और वैधर्म्यका निरूपणके अनन्तर प्रत्येक गुणोंका लक्षण बतानेके लिए उद्देशक्रममें प्रथमतः रूपका लक्षण बताते हैं—

रूप चक्षु इन्द्रियसे गृहीत होता है । वह द्रव्य और गुण आदिके प्रत्यक्षमें नेत्रकी सहायता करता है ॥ ९९½ ॥

---

१. अथेति-विभ्वो आकाशात्मनोः ये विशेषगुणाः शब्दज्ञानसुखदुःखेच्छाद्वेषभावनाधर्माधर्माः संयोगविभागौ च तेषां प्रादेशिकत्वं प्रदेशे भवत्वं-दैशिकाव्याप्यवृत्तिगुणत्वं साधर्म्यमित्यर्थः । २. अयं पाठः पुस्तकेषु त्रुटित इव प्रतिभाति ।

चक्षुरिति । रूपत्वजातिस्तु प्रत्यक्ष[1]सिद्धा । रूपशब्दोल्लेखिनी प्रतीतिर्नास्तीति चेन्मास्तु रूपशब्दप्रयोगः, तथापि नीलपीतादिष्वनुगतजातिविशेषोऽनुभवसिद्ध एव । रूपशब्दाप्रयोगेऽपि नीलो वर्णः, पीतो वर्ण इति वर्णशब्दोल्लेखिनी प्रतीतिरस्त्येव । एवं नीलत्वादिकमपि प्रत्यक्षसिद्धम् ।

नचैकैका एव नीलरूपादिव्यक्तय इत्येकव्यक्तिवृत्तित्वान्नीलत्वादिकं न जातिरिति वाच्यम्, नीलो नष्टो, रक्त उत्पन्न इत्यादिप्रतीतेर्नीलादेरुत्पादविनाशशालितया नानात्वात्, अन्यथा एकनीलनाशे जगदनीलमापद्येत ।

न च नीलसमवायरक्तसमवाययोरेवोत्पादविषयकोऽसौ प्रत्यय इति

रूपत्वजाति तो 'इदं रूपम् इदं रूपम्' इस सामान्य लक्षणासे जन्य प्रत्यक्ष प्रतीतिसे सिद्ध है । यद्यपि रूपशब्दका उल्लेख करते हुए 'इदं रूपं' यह प्रतीति नहीं होती इस लिए यह कहा जा सकता है कि रूप शब्दका प्रयोग न हो तथापि नील, पीत आदिमें अनुगत जाति विशेषकी प्रतीति अनुभवमें आती है । जैसे नील रूप, पीतरूप इस प्रकारकी प्रतीति यदि रूप शब्दका उल्लेख करती हुई न भी हो फिर भी 'नीलवर्ण, पीतवर्ण' इस प्रकारकी वर्ण शब्दका उल्लेख करने वाली प्रतीति है ही । इस प्रतीतिके आधार पर यदि वर्णत्व जाति प्रत्यक्ष सिद्ध है तो उसीका हमने 'रूपत्व' शब्दसे व्यवहार किया है । इसी प्रकार 'इदं रूपं नीलम्' इस प्रतातिके अनुसार नीलत्व जाति भी प्रत्यक्ष सिद्ध है ।

यदि सामान्यलक्षणाजन्य प्रत्यक्ष प्रतीतिके निर्वाहके लिए कल्पित धर्मको बाधकके अभावमें जाति मान लिया जाय तब तो उचित भी है किन्तु एक एक नीलरूप, पीतरूप आदि व्यक्तियोंमें नीलत्व, पीतत्व जाति मानना उचित नहीं क्योंकि एक व्यक्तिमें रहनेवाला धर्म जाति नहीं माना जाता । यह कहा जाय तो उचित नहीं है क्योंकि 'नील नष्ट हो गया अब पीत उत्पन्न हुआ है' इस प्रकारकी प्रतीति होती है । और यह मानना पड़ता है कि उत्पन्न विनष्ट होने वाले नील, पीत आदि एक नहीं किन्तु अनेक हैं । यह मानना इस लिए भी उचित है कि एकनील हो और वह नष्ट हो जाय तो जगत्में कोई नीलवस्तु रह ही न जायगी ।

यहाँ यह कहा जा सकता है कि नीलसमवाय और पीत समवायों की ही उत्पत्ति

---

१. सर्वेषु रूपेषु रूपपदशक्तिग्रहाय अवश्यकल्पनीया सामान्यलक्षणाजन्यप्रत्यक्षप्रतीतिसिद्धेत्यर्थः । अत्र रूपनिष्ठविशेष्यतासम्बन्धेन रूपत्वप्रकारकप्रत्यक्षं प्रति स्वविषयसामान्यवत्वसम्बन्धेन रूपत्वज्ञानं कारणमिति तादृशकारणतायां विषयविधयाऽवच्छेदकतया रूपत्वजातिसिद्धिरिति ध्येयम् ।

वाच्यम्, प्रतीत्या समवायानुल्लेखात्। न च स एवायं नील इति प्रत्ययाल्लाघवाच्चैक्यमिति वाच्यम्, उक्तप्रत्ययस्य तज्जातीयविषयकत्वात्सैवेयं गुर्जरीतिवत्। लाघवं तु प्रत्यक्षबाधितम्, अन्यथा घटादीनामप्यैक्यप्रसङ्गादुत्पादविनाशबुद्धेः समवायालम्बनत्वापत्तेरिति। एतेन रसादिकमपि व्याख्यातम्।

चक्षुर्ग्राह्यमिति। चक्षुर्ग्राह्यविशेषगुण इत्यर्थः। एवमग्रेऽपि।

द्रव्यादेरिति। उपलम्भकमुपलब्धिकारणम्।

इदमेव विवृणोति—

चक्षुषः सहकारि स्याच्छुक्लादिकमनेकधा ॥ १०० ॥

और विनाशकी प्रतीति होती है नील आदि की नहीं, किन्तु यह भी कहना उचित नहीं क्योंकि किसी प्रतीतिसे समवायका उल्लेख नहीं होता। यदि 'स एवायं नीलः' प्रतीति और लाघवके अनुसार नीलको एक माना जाय तो ठीक नहीं। क्योंकि 'तत् नील और एतत् नीलमें' प्रतीतिके आधार पर अभेदकी प्रतीति नहीं होती अन्यथा नील, नीलतर आदि व्यवहार ही नहीं बनेगा। किन्तु दोनों नीलोंकी सजातीयता ही प्रतीत होती है। जैसे—'यह वही गुर्जरी है'। लाघव तो प्रत्यक्षके विरुद्ध है। अन्यथा घट भी एक होगा और उत्पत्ति तथा विनाश समवायके होंगे। जैसा मानना अनुचित है क्योंकि समवायकी एकता प्रत्यक्ष खण्डमें सिद्ध की जा चुकी है। इस प्रकार नील अनेक हैं। उनमें रहने वाली नीलत्व जाति है। इस व्याख्यासे रस आदिमें रहने वाली रसत्व आदि जाति भी सिद्ध होती है।

मूलमें—चक्षुर्ग्राह्यका तात्पर्य है चक्षुर्ग्राह्यविशेषगुणत्व। विशेषपदका अर्थ है त्वगग्राह्यत्व। इस प्रकार **'त्वगग्राह्यत्वे सति चक्षुर्ग्राह्यत्वे सति गुणत्वं रूपत्वम्'** लक्षण बना। स्नेहादिमें अतिव्याप्ति वारणके लिए 'त्वगग्राह्यत्व' पद है। प्रभा तथा रूपत्वमें अतिव्याप्ति वारणके लिए 'गुणत्व' पद है। प्रभाभित्ति संयोगमें अतिव्याप्ति वारणके लिए 'त्वगग्राह्यचक्षुर्ग्राह्यगुणत्वव्याप्यजातिमत्वं रूपत्वं' लक्षण करना चाहिए। आगेके लक्षणोंमें भी इसी प्रकारसे व्याख्या करनी चाहिए ॥ ९९½ ॥

उपलम्भकका अर्थ है उपलब्धिका कारण होना। इसीकी व्याख्या करते हैं—

---

१. ननु स एवायं नील इति प्रत्ययात् न तन्नीलैतन्नीलयोरभेदो विषयीक्रियते, अन्यथा नीलनीलतरादिव्यवहारविरोधप्रसंगात्, किन्तु तत्सजातीयत्वमेवेति न नीलव्यक्तीनामैक्यसिद्धिरित्याशङ्कायामाह लाघवाच्चेति।

चक्षुष इति। द्रव्यगुणकर्मसामान्यानां चाक्षुषप्रत्यक्षं प्रति उद्भूतरूपं कारणम्। शुक्लादीति। तच्च रूपं शुक्लनीलपीतरक्तहरितकपिशकर्बुरभेदादनेकप्रकारकं भवति।

ननु कथं कर्बुरमतिरिक्तरूपं भवति। इत्थं—नीलपीताद्यवयवारब्धोऽवयवी न तावन्नीरूपो, अप्रत्यक्षत्वप्रसङ्गात्। नापि व्याप्यवृत्तिनीलादिकमुत्पद्यते, पीतावच्छेदेनापि नीलोपलब्धिप्रसङ्गात्। नाप्यव्याप्यवृत्ति नीलादिकमुत्पद्यते, व्याप्यवृत्तिजातीयगुणानामव्याप्यवृत्तित्वे विरोधात्। तस्मान्नानाजातीयरूपैरवयविनि विजातीयं चित्रं रूपमारभ्यते। अत एव 'एकं चित्रम्' इत्यनुभवोऽपि। नानारूपकल्पने गौरवात्। इत्थं च नीलादीनां पीताद्यारम्भे प्रतिबन्धकत्वकल्पनादवयविनि न पीताद्युत्पत्तिः।

प्रतिबन्धकत्वकल्पनादिति। **समवायेन नीलं प्रति स्वसमवायिसमवेतत्वसम्बन्धेन नीलातिरिक्तरूपत्वेन, समवायेन पीतरूपं प्रति स्वसमवायिसमवेतत्वसम्बन्धेन पीतातिरिक्तरूपत्वेन प्रतिबन्धकत्वमिति रीत्या प्रतिबध्यप्रतिबन्धकभावकल्पनात्। अन्यथा नानाजातीयरूपवत्कपालारब्धे घटे नीलकपालावच्छेदेन पीतोत्पादस्य दुर्वारत्वादिति भावः।**

नेत्रसे द्रव्य, द्रव्यत्व, द्रव्याभाव आदिके प्रत्यक्षमें रूप सहकारी कारण है। वह शुक्ल, नील, पीत, रक्त, हरित, कपिश और चित्ररूपमें अनेक (सात) प्रकारका होता है ॥१००॥

द्रव्यचाक्षुष प्रत्यक्षके प्रति उद्भूतरूप समवाय सम्बन्धसे कारण है। द्रव्यत्व तथा गुणचाक्षुष प्रत्यक्षके प्रति उद्भूत रूप स्वाश्रयसमवायसम्बन्धसे कारण है, कर्मचाक्षुष प्रत्यक्षके प्रति उद्भूतरूप स्वाश्रयसमवायसम्बन्धसे कारण है। गुणत्व-कर्मत्व आदि सामान्य (जाति) चाक्षुषप्रत्यक्षके प्रति उद्भूतरूप स्वाश्रयसमवेतसमवाय सम्बन्धसे कारण है। चक्षुरिन्द्रियके रूपके प्रत्यक्षमें अतिव्याप्ति वारणके लिए उद्भूतपद है। रूप अनेक प्रकारका होता है। जैसे शुक्ल, = श्वेत, नील, पीत = पीला, रक्त = लाल, हरित = हरा, कपिश = रक्तपीतमिश्रित, चित्र—अनेकरूप।

नवीनों का मत है कि छः रूप ही मानना उचित है चित्ररूप अतिरिक्त मानना उचित नहीं। क्योंकि अतिरिक्त रूपकी सिद्धि ही कैसे हो सकेगी। इसके उत्तरमें मूलमें लिखा **इत्थम्**। नील, पीत आदिसे रंगे हुए सूतोंसे बना हुआ अवयवी वस्त्र नीरूप नहीं कहा जा सकता अन्यथा प्रत्यक्ष नहीं बनेगा। उस वस्त्रमें व्याप्यवृत्ति नील आदि उत्पन्न होगा यह कहना भी ठीक नहीं, क्योंकि जिस अंशमें पीतरूप है उस अंशमें भी नीलकी उपलब्धि आपड़ेगी। अव्याप्यवृत्ति नीलादि उत्पन्न होंगे यह कहना भी ठीक नहीं। क्योंकि

एतेन स्पर्शोऽपि व्याख्यातः। रसादिकपि नाव्याप्यवृत्ति, किन्तु नाना-जातीयरसवदवयवैरारब्धेऽवयविनि रसाभावेऽपि न क्षतिः। तत्र रसन-याऽवयवरस एव गृह्यते रसनेन्द्रियादीनां द्रव्यग्रहे सामर्थ्याभावादवयविनो नीरसत्वेऽपि क्षतेरभावात्।

नव्यास्तु तत्राव्याप्यवृत्त्येव नानारूपं, नीलादेः पीतादिप्रतिबन्धक-त्वकल्पने गौरवात्। अत एव—

स्पर्शोऽपि व्याख्यात इति। **कोमलकठितस्पर्शवदवयवाभ्यामारब्धे घटादौ स्पर्शा-नङ्गीकारे घटस्य त्वाचप्रत्यक्षानापत्तिः, त्वगिन्द्रियजन्यद्रव्यप्रत्यक्षे समवायेन स्पर्शस्य कारणत्वादिति चित्रस्पर्शोऽपि स्वीकार्य इति भावः।**

ननु अवच्छेदकतासम्बन्धेन नीलं प्रति समवायेन नीलस्य हेतुतास्वीकारेणैव नानाजातीयरूपवत्कपालारब्धे घटे पीतकपालावच्छेदेन नीलापत्तिवारणसम्भवे पूर्वोक्तप्रतिबध्यप्रबन्धकभावकल्पने गौरवमित्याशयेनाह—नव्यास्त्विति ॥१००–२०३॥

व्याप्यवृत्ति जातिवाले गुणोंको अव्याप्यवृत्ति मानने पर विरोध होगा। अतः अनेक जातिके रूपोंसे अवयवीमें एक विलक्षण चित्ररूप उत्पन्न होता है यह माना जाता है। इसीलिए 'एकं चित्रं' यह अनुभव भी होता है। अनेक रूपकी कल्पनामें गौरव भी है। इस प्रकार नील आदिसे पीत आदिके आरम्भ करनेमें प्रतिबन्धककी कल्पना करनेसे अवयवीमें पीत आदि उत्पन्न नहीं होते। तात्पर्य यह है कि 'समवाय सम्बन्धसे नीलके प्रति स्वसमवायिसमवेतत्व सम्बन्धसे नीलातिरिक्तरूपत्वेन नीलरूप प्रतिबन्धक है। एवं समवाय सम्बन्धसे पीतरूपके प्रति स्वसमवायिसमवेतत्व सम्बन्धसे पीतातिरिक्तरूपत्वेन प्रतिबन्धकता मान लेने पर चित्रपटमें भी व्याप्यवृत्ति होकर दूसरे रूप नहीं उत्पन्न होते। अन्यथा अनेक रूपवाले कपालसे उत्पन्न घटमें नीलदेशमें पीतकी उत्पत्ति होना दुर्निवार होगा। इसी प्रकार स्पर्शकी व्याख्या भी समझ लेनी चाहिए' रस आदि भी अव्याप्यवृत्ति गुण नहीं हैं। किन्तु अनेक प्रकारके रसवाले अवयवोंसे आरब्ध अवयवीमें रसाभाव होने पर भी कोई आपत्ति नहीं होती। क्योंकि रसना अवयव रसोंका ही स्वाद ले सकती है। क्योंकि रसना इन्द्रियका द्रव्यग्रहणमें सामर्थ्य ही नहीं है। इस प्रकार यदि अवयवी नीरस भी हों तो कोई हानि नहीं है। कोमल कठिन स्पर्श वाले अवयवोंसे आरम्भ घटका स्पर्श नहीं होता यदि कहें तो घटका त्वाच प्रत्यक्ष नहीं बनेगा। क्योंकि त्वगिन्द्रियसे द्रव्यके प्रत्यक्षमें समवाय सम्बन्धसे स्पर्श कारण होता है। अतः चित्र स्पर्श भी मान लेना चाहिए।

नवीनोंका मत है कि चित्रपटमें अव्याप्यवृत्ति अनेकरूप ही है नीलमें पीतादिके प्रतिबन्धककी कल्पनामें गौरव भी है। अत एव नीलवृषके लक्षणकी उपपत्ति बनती है।

लोहितो यस्तु वर्णेन मुखे पुच्छे च पाण्डुरः।
श्वेतः खुरविषाणाभ्यां स नीलो वृष उच्यते ॥

इत्यादिशास्त्रमप्युपपद्यते।

न च व्याप्यवृत्त्यव्याप्यवृत्तिजातीययोर्द्वयोर्विरोधः, मानाभावात्।

न च लाघवादेकं रूपम्, अननुभवात्। अन्यथा घटादेरपि लाघ-वादैक्यं स्यात्। एतेन स्पर्शादिकमपि व्याख्यातमिति वदन्ति ॥१००॥

जलादिपारमाणौ तन्नित्यमन्यत्सहेतुकम्।

जलादीति। जलपरमाणौ तेजः परमाणौ च रूपं नित्यम्। पृथिवीप-रमाणुरूपं तु न नित्यं तत्र पाकेन रूपान्तरोत्पत्तेः। नहि घटस्य पाकान-न्तरं तदवयवोऽपक्व उपलभ्यते। न हि रक्तकपालस्य कपालिका नीला-वयवा भवति। एवं क्रमेण परमाणावपि पाकसिद्धेः। अन्यत्—जलतेजः परमाणुरूपभिन्नं रूपं, सहेतुकं—जन्यम्।

क्योंकि जो वृष (बैल) वर्णसे लाल हो मुख और पूंछसे पाण्डर हो, खुर और सींगसे श्वेत हो ऐसे बैलको **नीलवृष** कहते हैं। यदि चित्ररूप अलग माना जाय तो अवयवरूपोंकी प्रतीति नहीं बनेगी। जैसी कि लक्षणमें है। अब यह शंका रहती है कि जो रूपत्वादि जाति परमाणुमें व्याप्यवृत्ति है वह ही घटमें अव्याप्यवृत्ति कैसे होगी। एक जातिमें व्याप्यवृत्तित्व, अव्याप्यवृत्तित्व उभयविरुद्ध धर्म कैसे रह सकेंगे। ठीक है, किसी भी रूप आदिके व्याप्यवृत्ति होनेमें कोई प्रमाण नहीं है। यदि लाघववश एकरूप माना जाय तो ठीक नहीं, क्योंकि कोई अनुभवात्मक प्रमाण नहीं है। अन्यथा लाघवात् घटादि भी एक ही मान लिये जाँय। इसी प्रकार स्पर्शकी भी व्याख्या होगी, वहाँ भी चित्रस्पर्श मानना उचित नहीं है ॥ १०० ॥

जलपरमाणुमें अभास्वर और अनुद्भूतशुक्ल, तेजपरमाणुमें भास्वर तथा अनुद्भूत-शुक्ल रूप नित्य है अन्यत्र (पृथिवी, अनित्यजल तथा अनित्यतेज) का रूप सहेतुक (कारणजन्य अर्थात् अनित्य) होता है ॥ १००½ ॥

जलपरमाणुमें वर्तमान अभास्वरशुक्लरूप, तथा तेजके परमाणुमें वर्तमान भास्वरशुक्ल रूप नित्य है। यतः परमाणु नित्य हैं नित्यगतरूप नित्य होता है। पृथिवीके परमाणुमें स्थितरूप अनित्य है। यतः पाक होने पर रूपान्तरकी उत्पत्ति होती है। घटके पक जानेके बाद घटका अवयव (कपाल) अपक्व नहीं उपलब्ध होता। लाल रंगके कपालकी कपालिकाका अवयव नील नहीं देखा गया है। इस प्रकार पके घटका अवयव कपाल उसका अवयव कपालिका, उसका अवयव इस क्रमसे परमाणु पर्यन्त पाककी सिद्धि हो

रसं निरूपयति—

रसस्तु रसनाग्राह्यो मधुरादिरनेकधा ॥ १०१ ॥
सहकारी रसज्ञाया नित्यतादि च पूर्ववत् ।

रसस्त्विति । सहकारीति । रासनज्ञाने रसः कारणमित्यर्थः ।

पूर्ववदिति । जलपरमाणौ रसो नित्योऽन्यः सर्वोपि रसोऽनित्य इत्यर्थः ॥

गन्धं निरूपयति—

घ्राणग्राह्यो भवेद्गन्धो घ्राणस्यैवोपकारकः ॥ १०२ ॥
सौरभश्चासौरभश्च स द्वेधा परिकीर्तितः ।

घ्राणग्राह्य इति । उपकारक इति । घ्राणजन्यज्ञाने सहकारिकारणमित्यर्थः । सर्वोऽपि गन्धोऽनित्य एव ॥ १०१–१०२ ॥

स्पर्शस्त्वगिन्द्रियग्राह्यस्त्वचः स्यादुपकारकः ॥ १०३ ॥

जाती है। जलपरमाणु और तेजपरमाणुमें स्थितरूप (शुक्ल) को छोड़कर समस्त रूप सहेतुक (जन्य) अर्थात् अनित्य है ॥ १००½ ॥

रसका निरूपण करते हैं—

रस तो रसनाग्राह्य है और मधुर (अम्ल, लवण, कटु, कषाय और तिक्त) आदि नामोंसे अनेक (छः) प्रकारका है। रसनेन्द्रिय जन्यप्रत्यक्षमें रस सहकारी कारण है। रूपकी भाँति रस भी नित्य अनित्य दो प्रकारका होता है ॥ १०१½ ॥

जलके परमाणुमें रस नित्य है अन्यत्र सब रस अनित्य है ॥ १०१½ ॥

गन्धका निरूपण करते हैं—

घ्राण नामकी इन्द्रियसे ग्राह्य गन्ध होता है। वह घ्राणज प्रत्यक्षमें इन्द्रियका उपकारक (सहकारी कारण) है। वह सौरभ = सुगन्ध और असौरभ = दुर्गन्ध भेदसे दो प्रकारका कहा जाता है ॥ १०२½ ॥

उपकारक = घ्राणजज्ञानमें सहकारिकारण है। समस्त गन्ध अनित्य ही है।

स्पर्शका निरूपण करते हैं—

स्पर्शका त्वक् इन्द्रियसे प्रत्यक्ष होता है। स्पार्शन प्रत्यक्षमें त्वचाका सहकारी कारण स्पर्श है। वह अनुष्णाशीत, शीत और उष्ण भेदसे तीन प्रकारका है। कठिन और सुकुमार स्पर्श पृथिवीमें ही होते हैं। स्पर्श भी नित्य और अनित्य दो प्रकारका होता है ॥

अनुष्णाशीतशीतोष्णभेदात्स त्रिविधो मतः ।
काठिन्यादि क्षितावेव नित्यतादि च पूर्ववत् ॥ १०४ ॥

स्पर्श इति । उपकारक इति । स्पार्शनप्रत्यक्षे स्पर्शः कारणमित्यर्थः ॥ १०३ ॥

अनुष्णाशीतेति । पृथिव्यां वायौ च स्पर्शोऽनुष्णाशीतः, जले शीतः, तेजस्युष्णः ।

काठिन्येति । कठिनसुकुमारस्पर्शौ पृथिव्यामेवेत्यर्थः । कठिनत्वादिकं तु न संयोगनिष्ठो जातिविशेषः, चक्षुर्ग्राह्यत्वापत्तेः ।

पण्डापूर्वमिति। पण्डो नपुंसकः स इवापूर्वम् पण्डापूर्वम्। नित्यकर्मणा स्वर्गादिफलाजनकमपूर्वं जायते इति कल्प्यते तदेव पण्डापूर्वमित्युच्यते इति प्रभाकरमतं दूषयति यदपीति।

रात्रिसत्रन्यायादिति। रात्रिसत्रशब्दवाच्यानां ज्योतिर्गौरित्यादिवाक्योत्पन्नकर्मणां फलजिज्ञासायामत्यन्ताश्रुतस्वर्गादिकल्पने गौरवाद्विश्वजिन्न्यायेन 'प्रतितिष्ठन्ति ह वा य एता रात्रीरुपयन्ति' इति श्रुतौ प्रतिष्ठैव फलमिति सिद्धान्तितम्, तथात्रापि आर्थवादिकं ब्रह्मलोक एव फलं लाघवादित्यर्थः। तथा च न्यायमाला—

स्वर्गाय वा प्रतिष्ठायै रात्रिसत्रमिहादिमः। पूर्वंवत्स्यात्प्रतिष्ठा च श्रुता तेनाश्रुताद्वरम्॥

यदि कहा जाय कि कामना के अभाव में सन्ध्या न की जा सकेगी तो ठीक नहीं। क्योंकि त्रिकालस्तोत्रपाठ की भाँति नित्यकर्म में भी किसी कामना की सत्ता मानना ही उचित है।

यदि कहा जाय कि वेद द्वारा प्रतिपादित होने से अवश्य करणीयत्वज्ञान होगा तथा प्रवृत्ति सम्भव होगी। किन्तु ऐसा मानना ठीक नहीं; क्योंकि जब तक अपना इष्टसाधनताज्ञान नहीं होगा तब तक ऐसे सहस्रों कृतिसाध्यताज्ञानों से प्रवृत्ति होना सम्भव नहीं है।

यदि प्रभाकर के अनुसार नित्यकर्मों से पण्डापूर्व ही फल माना जाय तो ठीक नहीं। क्योंकि पण्ड शब्द का नपुंसक अर्थ है। जो अपूर्व (फल) पण्ड (नपुंसक) हो उसे पण्डापूर्व कहते हैं। नित्यकर्मों से स्वर्ग आदि फलों को न उत्पन्न करने वाले अपूर्व उत्पन्न होते हैं यह ही प्रभाकर का तात्पर्य है। किन्तु इसमें भी किसी प्रकार की कामना के न होने पर नित्यकर्म करने की प्रवृत्ति न होना समान ही है। यदि किसी कामना की कल्पना करनी है तो अर्थवाद वाक्यों में श्रुतफलों की कामना की हा **'रात्रिसत्रन्याय'** की भाँति करनी होगी। अन्यथा नित्यकर्म के लिए प्रवृत्ति ही नहीं होगी। रात्रिसत्रन्याय का तात्पर्य यह है कि रात्रिसत्र शब्द से 'ज्योतिर्गौः—' इत्यादि वाक्यों से उत्पन्न कर्मों के फल की जिज्ञासा होने पर अत्यन्त अश्रुतस्वर्ग आदि फल कल्पना में गौरव होगा। अतः

सन्ध्यामुपासते ये तु सततं शंसितव्रताः ।
विधूतपापास्ते यान्ति ब्रह्मलोकमनामयम् ॥

एवम्—दद्यादहरहः श्राद्धं पितृभ्यः प्रीतिमावहन्—
इत्यादिवचनप्रतिपादितब्रह्मलोकादिकमेव फलमस्तु ।

न च पितृप्रीतिः कथं फलं ? व्यधिकरणत्वादिति वाच्यम्, गयाश्राद्धादाविवोद्देश्यत्वसम्बन्धेनैव फलजनकत्वस्य क्वचित्कल्पनात् ।

अत एवोक्तं—शास्त्रदर्शितं फलमनुष्ठानकर्तरीत्युत्सर्ग—इति ।

पितॄणां मुक्तत्वे तु स्वस्य स्वर्गादिफलं, यावन्नित्यनैमित्तिकानुष्ठानस्य सामान्यतः स्वर्गजनकत्वात् । पण्डापूर्वार्थं प्रवृत्तिश्च न सम्भवति । न हि तत्सुखदुःखाभाववत्स्वतः पुरुषार्थो, न वा तत्साधनम् । प्रत्यवायानु-

---

'प्रतितिष्ठन्ति ह वा य एताः रात्रीरुपयन्ति' श्रुति से प्रतिष्ठा लाभ ही फल सिद्धान्तरूप में माना गया है । इसी प्रकार नित्यकर्मस्थल में भी अर्थवाद वाक्यों द्वारा ब्रह्मलोक ही फल माना जाने में लाघव है । इसीलिए कुछ लोग नित्यकर्मों के अनुष्ठान का फल प्रत्यवाय का उत्पन्न न होना ही मानते हैं । इसी प्रकार जो प्रशंसितव्रत करनेवाले लोग निरन्तर सन्ध्या करते हैं वे निष्पाप होकर दुःखरहित ब्रह्मलोक को जाते हैं ।

इसी प्रकार 'प्रीति पहुँचाते हुए प्रतिदिन पितरों को श्राद्ध दिया जाय ।' इन बचनों से प्रतिपादित ब्रह्मलोक प्राप्ति तथा पितरों की प्रीति आदि ही नित्यकर्मों तथा श्राद्धों का फल मान लेना चाहिए ।

यदि कहा जाय कि श्राद्ध का फल पितृप्रीति नहीं हो सकती । क्योंकि नियमानुसार कर्मकर्ता को ही फल प्राप्ति होती है यदि श्राद्ध चैत्र करें और फल उनके पिता मैत्र को हो तो कर्म और फल का सामानाधिकरण्य नहीं होगा किन्तु व्यधिकरण होगा । ठीक है, किन्तु जैसे गया में पितरों को उद्देश्य करके दिया गया पिण्डदान श्राद्ध उद्देश्यता सम्बन्ध से पितरों में है और प्रीतिफल भी पितरों में है व्यधिकरण न होने से व्यभिचार नहीं होगा । अतः मीमांसकों का उक्त नियम प्रायोवाद मात्र है । अर्थात् कर्मकर्ता के साथ कर्ता के उद्देश्य को भी फल की प्राप्ति होती है यह सिद्धान्त है । इसीलिए कहा गया है कि शास्त्रदृष्टफल तो अनुष्ठान कर्ता को होता है यह उत्सर्ग (प्रायोवाद) है ।

यदि किसी के पितर मुक्त हो गये हों तो उसके श्राद्ध का फल स्वर्ग ही होगा जो कर्ता को प्राप्त होगा । क्योंकि जितने भी नित्य या नैमित्तिक कर्म हैं सबका अनुष्ठान सामान्यतः स्वर्ग का ही जनक है । इनका फल पण्डा पूर्व यदि माना जाय तो प्रवृत्ति सम्भव नहीं होगी । क्योंकि पण्डा पूर्व न तो सुख है, न तो दुःखाभाव जिससे वह स्वतः पुरुषार्थ बनता तथा सुख या दुःखाभाव का साधन भी नहीं है । फिर तो नित्यकर्म से

त्पत्तौ कथं प्रवृत्तिरिति चेदित्थम्—यथा हि नित्ये कृते प्रत्यवायाभावस्तिष्ठति तदभावे तदभावः, एवं प्रत्यवायाभावस्य सत्त्वे दुःखप्रागभावसत्त्वं तदभावे तदभाव इति योगक्षेमसाधारणकारणताया दुःखप्रागभाव प्रत्यपि सुवचत्वात् । एवमेव प्रायश्चित्तस्यापि दुःखप्रागभावहेतुत्वमिति ।

ननु न कलञ्जं भक्षयेदित्यत्र विध्यर्थे कथं नञर्थान्वयः ? इष्टसाधनत्वाभावस्य कृतिसाध्यत्वाभावस्य च बोधयितुमशक्यत्वादिति चेद्—

तदभावे—**नित्यकर्माभावे** । तदभावः—**प्रत्यवायाभावः** । तदभावे—**प्रत्यवायाभावाभावे प्रत्यवायरूपे** । तद्भावः—**दुःखप्रागभावाभावो दुःखरूपः । एवं चान्वयव्यतिरेकाभ्यां दुःखप्रागभावं प्रति प्रत्यवायाभावस्य हेतुत्वं सिध्यति । ननु दुःखप्रागभावस्याजन्यतया कथं प्रत्यवायाभावस्य तं प्रति हेतुतेत्याह**—योगक्षेमेति । **दुःखप्रागभावपरिपालनमेव दुःखप्रागभावजनकत्वमिति भावः ।**

कलञ्जमिति । **शूल्यं मांसं कलञ्जमिति** केचित् । **विषदिग्धबाणाहतमृगमांसं कलञ्जमित्यन्ये** । **पलाण्डुः कलञ्जमिति** परे ।

वस्तु स्तु । **कलञ्जं रक्तलशुनम् । 'कलञ्जपलाण्डुपारीरका' इत्यापस्तम्बधर्मसूत्रव्याख्याने हरदत्तेन, वीरमित्रोदये वीरमिश्रेण, च कलञ्जं रक्तलशुनमिति व्याख्यातत्वादिति ।**

किसी प्रत्यवाय की उत्पत्ति भी नहीं होगी तब प्रवृत्ति भी कैसे बन सकेगी । इसके उत्तर में लिखा **इत्थम्** ।

जैसे—नित्यकर्म के करने पर प्रत्यवायाभाव रहता है अर्थात् प्रत्यवाय उत्पन्न नहीं होता । और नित्यकर्म के न करने पर प्रत्यवायाभावाभाव अर्थात् प्रत्यवाय होता है । वैसे प्रत्यवायाभाव के रहने पर दुःखप्रागभाव की सत्ता रहती है । इसी प्रकार प्रत्यवायरूप प्रत्यवायाभावाभाव के होने पर दुःखप्रागभावाभाव जो दुःखरूप है, होता है । इसी प्रकार अन्वय व्यतिरेक द्वारा दुःखप्रागभाव के प्रति प्रत्यवायाभाव को हेतु होना सिद्ध होता है । यद्यपि दुःखप्रागभाव अजन्य है क्योंकि प्रागभाव आनादि होता है फिर भी प्रत्यवायाभाव उसके प्रति कारण नहीं हो सकता । तथापि योगक्षेम साधारण कारणता दुःखप्रागभाव के प्रति भी कही जा सकती है । अर्थात् दुःखप्रागभाव का परिपालन ही दुःखप्रागभाव का जनकत्व है जो प्रत्यवायाभाव में है । इसी प्रकार प्रायश्चित्त भी दुःखप्रागभाव का हेतु है ।

यदि इष्टसाधनत्व तथा कृतिसाध्यत्व ही विध्यर्थ है तो 'न कलञ्ज भक्षयेत' इस वाक्य से बोध होगा कि 'कलञ्ज भक्षण में विध्यर्थ के साथ नञर्थ (अभाव) का अन्वय इष्टसाधनत्वाभाववत कृतिसाध्यत्वाभाववश्च' । किन्तु यह बोध बन नहीं सकता । क्योंकि भक्षण से तृप्तिरूप इष्टसाधनता तथा कृतिसाध्यता है ही । ठीक है । अतएव बाधित होने के

न; तत्र बाधादिष्टसाधनत्वं कृतिसाध्यत्वं च न विध्यर्थः किन्तु बलवदनिष्टाननुबन्धित्वमात्रं तदभावश्च नञा बोध्यते।

अथवा बलवदनिष्टाननुबन्धित्वविशिष्टेष्टसाधनत्वे सति कृतिसाध्यत्वं विध्यर्थः। तदभावश्च नञा बोध्यमानो विशिष्टाभावो विशेष्यवति विशेषणाभावे विश्राम्यति।

ननु–'श्येनेनाभिचरन् यजेत' इत्यादौ कथं बलवदनिष्टाननुबन्धित्वं विध्यर्थः? श्येनस्य मरणानुकूलव्यापारस्य हिंसात्वेन नरकसाधनत्वात्।

न च वैधत्वान्न निषेध इति वाच्यम्, अभिचारे प्रायश्चित्तोपदेशात्।

न च मरणानुकूलव्यापारमात्रं यदि हिंसा, तदा खड्गकारस्य कूपकर्तुश्च हिंसकत्वापत्तिर्गललग्नान्नभक्षणजन्यमरणे स्वात्मवधत्वापत्तिश्चेति वाच्यम्, मरणोद्देश्यकत्वस्यापि विशेषणत्वात्,

---

अभिचरन्—मरणं कामयन्। वैधत्वात्—श्येनेनाभिचरन्यजतेति विधिसिद्धत्वात्। मा हिंस्यादिति निषेधस्तु अवैधहिंसाविषय इति भावः।

प्रायश्चित्तेति। 'अभिचारमहीनं च त्रिभिः कृच्छ्रैर्व्यपोहति' इति वचनादिति शेषः। तथाच श्येनस्य बलवदनिष्टाजनकत्वे प्रायश्चित्तोपदेशवैयर्थ्यं स्यादिति मा हिंस्यादिति निषेधस्य श्येनातिरिक्तपरत्वं न सम्भवतीति भावः।

ननु मरणोद्देश्यकत्वनिवेशे यत्रान्योद्देश्येन क्षिप्तनाराचेन ब्राह्मणमरणं तत्र

कारण इष्टसाधनत्व अथवा कृतिसाध्यत्वज्ञान विध्यर्थ नहीं है। किन्तु बलवदनिष्टाननुबन्धित्वमात्र विध्यर्थ है। तथा 'न कलञ्जं भक्षयेत्' में नञर्थ अभाव से इसीका अभाव बोधित होता है जैसे—'कलञ्ज भक्षणं बलवदनिष्टानुबन्धित्वाभाववत्'

अथवा 'बलवदनिष्टाननुबन्धित्वविशिष्टेष्टसाधनत्वे सति कृतिसाध्यत्व विध्यर्थ है'। इसी का अभाव नञ से बोधित होता है; जो विशिष्टाभाव है। तथा विशेष्य के अधिकरण में विशेषणाभावप्रयुक्तविशिष्टाभाव के रूप में विश्राम लेगा।

यदि विशिष्ट को विध्यर्थ माना जाय तो श्येन याग में 'बलवदनिष्टाननुबन्धित्व' रूप विशेषण के बाधित होने से 'श्येनेनाभिचरन् यजेत' में विशिष्ट विध्यर्थ का बोध कैसे हो सकेगा। क्योंकि श्येन याग मरणानुकूल व्यापार रूप है जो हिंसा है अतएव नरक साधन है।

यदि वैध होने से निषिद्ध नहीं होना चाहिए कहा जाय तो ठीक नहीं। क्योंकि अभिचार याग के कर्ता तथा कारयिता को प्रायश्चित्त करने का उपदेश किया गया है।

यदि मरणानुकूल व्यापार मात्र को भी हिंसा कहा जाय तब तो खड्ग बनाने वाला

अन्योद्देश्यकक्षिप्तनाराचहतब्राह्मणस्य तु वाचनिकं प्रायश्चित्तमिति चेद्–न; तत्र बलवदनिष्टाननुबन्धित्वस्य विध्यर्थत्वाभात्।

वस्तुतः श्येनवारणायादृष्टाद्वारकत्वेन विशेषणीयम् अत एव काशीमरणाद्यर्थकृतशिवपूजनादेरपि न हिंसात्वम्।

न च साक्षान्मरणजनकस्यैव हिंसात्वं, श्येनस्तु न तथा, किन्तु तज्जन्यापूर्वमिति वाच्यम्, खड्गाघातेन ब्राह्मणे व्रणपाकपरम्परया मृते हिंसात्वानापत्तेः।

प्रायश्चित्ताभावः स्यात्तस्याहिंसात्वेन मा हिंस्यादिति निषेधाविषयत्वादित्यत आह—अन्योद्देश्यकेति।

वाचनिकमिति। ब्रह्महा द्वादश समाः कुटीं कृत्वा वने वसेत्। भैक्षयाश्यात्मविशुद्ध्यर्थं कृत्वाशवशिरोध्वजम्॥ इयं विशुद्धिरुदिता प्रमाप्यकामतो द्विजम्। कामतो ब्राह्मणवधे निष्कृतिर्न विधीयते। इति वचनबोधितं प्रायश्चित्तं न तु मा हिंस्यादिति निषेधविषयतयेति भावः।

अदृष्टाद्वारकत्वेनेति। श्येनस्यादृष्टद्वारैव वैरिमरणसाधनत्वमिति भावः।

ननु श्येनस्य हिंसात्वे इष्टापत्तिरिति अर्थमिदविशेषणमत आह—अत एवेति॥ काशीमरणार्थकृतशिवपूजनादेर्हिंसात्ववारणाय अदृष्टाद्वारकत्वविशेषणमावश्यकमिति भावः।

अथवा कूप खनने वाला भी हिंसक होगा और भोजन करते समय गले में भोजन के फँस जाने से मर जाने पर आत्म-हत्या करने का पाप लगेगा। किन्तु वह पक्ष उचित नहीं। क्योंकि मरणोद्देश्यक मरणानुकूल व्यापार को ही हिंसा का लक्षण माना जायगा।

फिर तो किसी अन्य के वध के लिए प्रक्षिप्त बाण के मार्ग में अकस्मात ब्राह्मण की हत्या हो जाने पर तो शास्त्रकारों ने वाचनिक प्रायश्चित्त बताया है। यद्यपि बाण प्रहार कर्ता ने ब्राह्मण के मारने के उद्देश्य से बाण प्रक्षेप नहीं किया था। तथापि यह ठीक नहीं क्योंकि श्येन याग में विध्यर्थ केवल बलवदनिष्टाननुबन्धित्व नहीं है। किन्तु कृतिसाध्यत्व विशिष्ट इष्ट साधनत्व विध्यर्थ है।

वस्तुतः श्येन में बलवदनिष्टानुबन्धित्व वारण करने के लिए हिंसा के लक्षण में अदृष्टद्वारकत्व का निवेश कर देना चाहिए। जैसे—अदृष्टद्वारकत्वे सति, मरणोद्देश्यकत्वे सति मरणानुकूलव्यापारत्वम् हिंसात्वम्। अतएव काशी मरण के लिए की जाने वाली शिवपूजा में हिंसात्व नहीं। क्योंकि यह तो अदृष्टद्वारक है।

यदि साक्षात मरण के जनक को हिंसा कहा जाय तो श्येन याग भी साक्षात मरण का जनक नहीं है किन्तु श्येन याग जन्य अपूर्व मरण का जनक है। किन्तु यह उचित

केचित्तु श्येनस्य हिंसा फलं, न तु मरणम्, तेन श्येनजन्यखड्गघातादिरूपा हिंसाऽभिचारपदार्थः, तस्य च पापजनकत्वम्, अतः श्येनस्य वैधत्वात्पापाजनकत्वेऽपि अग्रिमपापं प्रतिसन्धाय सन्तो न प्रवर्तन्त इत्याहुः।

आचार्यास्तु–आप्ताभिप्रायो विध्यर्थः। 'पाकं कुर्याः' इत्यादावाज्ञादिरूपेच्छावाचित्ववल्लिङ्मात्रस्येच्छावाचित्वं लाघवात्। एवं च 'स्वर्गकामो यजेत' इत्यादौ यागः स्वर्गकामकृतिसाध्यता आप्तेष्ट इत्यर्थः। ततश्चा-

---

ननु साक्षान्मरणजनकस्यैव हिंसात्वमिति स्वीकारेणैव श्येने तादृशशिवपूजनादेरपि न हिंसात्वमिति अदृष्टाद्वारकत्वरूपगुरुविशेषणं व्यर्थमत आह न चेति।

अदृष्टाद्वारकत्वविशेषणं विनैव श्येने बलवदनिष्टाननुबन्धित्वमुपपादयतां मतमाह—केचित्विति।

आचार्यास्त्विति। आचार्या उदयनाचार्याः। तथा च तदीये पद्ये—

विधिर्वक्तुरभिप्रायः प्रवृत्त्यादौ लिङादिभिः। अभिधेयोऽनुमेया तु कर्तुरिष्टाभ्युपायता॥
कृत्स्न एव हि वेदोऽयं परमेश्वरगोचरः। स्वार्थद्वारैव तात्पर्यं तस्य स्वर्गादिवद्विधौ॥

कुसुमाञ्जलौ पञ्चमस्तबके श्लो० १५।१६॥

नहीं है क्योंकि खड्ग के आघात से घायल ब्राह्मण यदि घाव के पकने आदि से मर जाय तो हिंसा न होगी।

कुछ लोगों का मत है कि श्येन याग का हिंसात्मक व्यापार ही फल है, मरना तो व्यापार का फल है कर्म का नहीं। अर्थात् श्येनयाग से जो फल उत्पन्न होता है वह है शत्रु पर हिंसाफलक प्रहार होना शत्रु का मरना तो प्रहाररूपी व्यापार का फल है श्येन याग का नहीं। अतः श्येन क्रिया से जन्य जो खड्ग प्रहाररूपा क्रिया वही हिंसा है, वही अभिचार पद का अर्थ है। इसी अभिचार को 'अभिचार महीनं च—' आदि शास्त्र से पापजनक कहा गया है। इस प्रकार श्येन को वैध कर्म होने के कारण तथा साक्षात् मरणफलक हिंसात्मक व्यापार फलक हिंसा पदार्थ के होने से पाप पदार्थ से भिन्न होने के कारण, वैधहिंसा में हिंसात्व न रहने से श्येन पाप का जनक नहीं होता तथापि परम्परया आगामी शत्रुमरण जन्य पाप का प्रतिसन्धान करके सज्जन लोग श्येन याग में प्रवृत्त नहीं होते। किन्तु इस मत में बलवदनिष्टाननुबन्धित्व नहीं है ऐसा मानना इसलिए अनुचित है कि मनु ने अभिचार कर्म की उपपातकों में गणना की है। अतएव ग्रन्थकार ने इत्याहुः कह कर अपनी अरुचि सूचित की है।

उदयनाचार्य ने तो आप्त जनों के अभिप्राय को विध्यर्थ माना है। आप्त यथार्थ वक्ता के लिए कहा जाता है। यह विध्यर्थ अपनी इष्टसाधनता का अनुमापक है। जैसे

प्तेष्टत्वेनेष्टसाधनत्वादिकमनुमाय प्रवर्तते। कलञ्जभक्षणे तदभावान्न प्रवर्तते।

यस्तु वेदे पौरुषेयत्वं नाभ्युपैति तं प्रति विधिरेव तावद्गर्भ इव श्रुतिकुमार्याः पुंयोगे मानम्। न च कर्त्रस्मरणं बाधकं, कपिलकणादादिकमारभ्याद्यपर्यन्तं कर्तृस्मरणस्यैव प्रतीयमानत्वात्, अन्यथा स्मृतीनामप्यकर्तृकत्वापत्तेः। तत्रैव कर्तृस्मरणमस्तीति चेद्वेदेऽपि 'छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात्' इत्यादिकर्तृस्मरणमस्त्येव। एवं—

प्रतिमन्वन्तरं चैषा श्रुतिरन्या विधीयते।

इत्यपि द्रष्टव्यम्।

'यागः स्वेष्टसाधनम्, आप्तेष्टत्वात्'। इष्ट साधनता ज्ञान ही प्रवर्तक है। जैसे—'पाकं कुर्याः' इस मध्यम पुरुष में लिङ् को आज्ञारूप इच्छावाचकत्व है। वैसे 'पाकं कुर्याम्' उत्तम पुरुष में भी इच्छावाचित्व है। इसी प्रकार बलवदनिष्टाननुबन्धीष्टसाधनत्व की अपेक्षा लाघवात् लिङ् मात्र में इच्छावाचकत्व मान लेना चाहिए। इस प्रकार स्वर्गकामो यजेत्' इत्यादि स्थलों में 'यागः स्वर्गकामकृतिसाध्यतया आप्तेष्टः' अर्थात् याग स्वर्ग कामना वाले की कृति का साध्यरूप में आप्तवक्ता की इच्छा का विषय है। यह वाक्यार्थ बोध होता है। तदनन्तर अधिकारी पुरुष 'यागः, मम स्वर्गकामस्य बलवदनिष्टाननुबन्धीष्टसाधनं, मत्कृतिसाध्यतया आप्तेन इष्यमाणत्वात्, मन्मात्र कृतिसाध्यत्वेन इष्यमाणमद्भोजनवत्' इस प्रकार अनुमान द्वारा याग क्रिया में प्रवृत्त होता है। और कलञ्जभक्षण में अधिकारी को कृतिसाध्यतया आप्तेष्टत्व है नहीं अतः आप्तेष्टत्वाभाव प्रयुक्त स्वेष्टसाधनत्वज्ञान के न होने से प्रवृत्ति नहीं होती है।

जो लोग वेद को पौरुषेय नहीं मानते उनके प्रति तो जैसे कुमारी का गर्भ किसी पुरुष के सम्बन्ध का अनुमापक है वैसे मीमांसकों की श्रुति रूपी कुमारी में 'यजेत' के लिङर्थ विधि ही पुंयोग में प्रमाण होता है। अर्थात् विधि ही श्रुति के पुरुषकर्तृकत्व का अनुमान कराती है।

यदि कर्ता का स्मरण न होना ही वेद के पौरुषेयत्व होने में बाधक हो। अर्थात् 'वेदः अपौरुषेयः अस्मर्यमाणकर्तृकत्वात्' यह अनुमान वेद के पौरुषेयत्व सिद्धि में बाधक हो। तो ऐसा मानना ठीक नहीं क्योंकि कपिल कणाद से लेकर अबतक कर्ता के स्मरण होते हैं। अन्यथा स्मृतियाँ भी अपौरुषेय होने लगेंगी। यदि स्मृतियों में ही उनका पौरुषेय होना उल्लिखित होने से वे पौरुषेय हैं तो वेद में भी 'छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात्' इत्यादि मन्त्रों में वेद के कर्ता का स्मरण किया ही गया है। इसमें 'प्रति मन्वन्तरों में नई-नई श्रुतियों का विधान होता है' यह वचन भी प्रमाण है।

स्वयंभूरेष भगवान्वेदो गीतस्त्वया पुरा ।
शिवाद्यिऋषिपर्यन्ताः स्मर्तारोऽस्य न कारकाः ॥

इति तु वेदस्य स्तुतिमात्रम् ।

न च पौरुषेयत्वे भ्रमादिसम्भवादप्रामाण्यं स्यादिति वाच्यम्, नित्यसर्वज्ञत्वेन निर्दोषत्वात् ।

अत एव पुरुषान्तरस्य भ्रमादिसम्भवान्न कपिलादेरपि कर्तृत्वं वेदस्य, किञ्च वर्णानामनित्यत्वस्य वक्ष्यमाणत्वात्सुतरां तत्सन्दर्भस्य वेदस्यानित्यत्वमिति सङ्क्षेपः ॥

'उपादानस्य चाध्यक्षं प्रवृत्तौ जनकं भवेत्'

उपादानस्येति । उपादानस्य–समवायिकारणस्य, अध्यक्षं–प्रत्यक्षं प्रवृत्तौ कारणमिति ॥

समवायिकारणस्याध्यक्षमिति । तत्साध्यकप्रवृत्तिं प्रति तत्समवायिकरणात्मकतदुपादानगोचरलौकिकप्रत्यक्षस्यं हेतुत्वम् ।

ननु शब्दसाध्यकप्रवृत्तिर्गगनादौ न स्यात् शब्दसमवायिकारणस्य गगनस्यातीन्द्रियत्वेनाप्रत्यक्षत्वात् । किं च ध्वंससाध्यकप्रवृत्तिरपि न स्यात्तत्समवायिनोऽप्रसिद्धेरिति चेन्न; इष्टापत्तेः शब्दसाक्षात्कारसाध्यकप्रवृत्तेरेव मृदङ्गादिगोचराया उपगमादिति प्राचीनाः ।

नव्यास्तु । प्रकृतेऽधिष्ठानमात्रमुपादानं तेन च यागादेर्हविः, शब्दस्य मृदङ्गादि, प्राणसञ्चारादेश्च प्राणवहनाड्यादि, उपादानमिति वदन्ति ॥ १४९–१५१ ॥

इन स्वयंभू वेद भगवान को सबसे प्रथम तुमने गाया है उसके बाद शिव से लेकर ऋषियों तक इसके स्मरण करने वाले हैं कोई रचयिता नहीं है । यह महाभारतीय वचन जो वेद को स्वयंभू कहता है वह तो वेद की स्तुतिमात्र है वस्तु स्थिति नहीं ।

यदि वेद को पौरुषेय मानने में भ्रम, प्रमाद, विप्रलिप्सा आदि पुरुष दोषों की वेद में सम्भावना होने से अप्रामाण्य आ पड़ेगा तो ठीक नहीं क्योंकि वेद के रचयिता को नित्य तथा सर्वज्ञ मान लेने पर कोई दोष न होगा ।

इसलिए ईश्वर को छोड़कर अन्य पुरुषों में भ्रम आदि की सम्भावना होने से महर्षि कपिल आदि को भी वेद का कर्ता नहीं माना जा सकता है । अन्तिम बात यह है कि आगे चलकर हम वर्णों की अनित्यता कह रहे हैं तब तो वर्ण समुदाय रूप वेद सुतरां अनित्य सिद्ध हो रहे हैं यह संक्षेप है ।

उपादान का (समवायिकारण का) प्रत्यक्ष प्रवृत्ति में कारण है ।

निवृत्तिस्तुभवेद् द्वेषाद् द्विष्टोपायत्वधीर्यदि ॥ १५१ ॥

निवृत्तिरिति । द्विष्टसाधनताज्ञानस्य निवृत्तिं प्रति दुःखसाधनविषयकनिवृत्तिं प्रति जनकत्वमन्वयव्यतिरेकाभ्यामवधारितमिति भावः ॥ १४६–१५१ ॥

यत्नो जीवनयोनिस्तु सर्वदातीन्द्रियो भवेत् ।

यत्न इति । जीवनयोनियत्नो यावज्जीवनमनुवर्तते । स चातीन्द्रियः । तत्र प्रमाणमाह—

शरीरे प्राणसञ्चारे कारणं परिकीर्तितः ॥ १५२ ॥

शरीर इति । प्राणसञ्चारो हि अधिकश्वासादिर्यत्नसाध्यः । इत्थं च प्राणसञ्चारस्य सर्वस्य यत्नसाध्यत्वमनुमानात् । प्रत्यक्षयत्नस्य बाधाच्चातीन्द्रिययत्नसिद्धिः । स एव जीवनयोनिर्यत्नः ॥ १५२ ॥

गुरुत्वं निरूपयति—

[1]अतीन्द्रियं गुरुत्वं स्यात्पृथिव्यादिद्वये तु तत् ।

फल के प्रति द्वेष होने से निवृत्ति होती है यदि यह ज्ञान हो कि इससे द्विष्ट की उत्पत्ति होगी ॥ १५१ ॥

द्वेष के विषय दुःखादि साधनता का ज्ञान निवृत्ति के प्रति कारण है, यह अन्वय और व्यतिरेक द्वारा निर्धारित है ॥ १४९–१५१ ॥

जीवनयोनि नाम यत्न तो सर्वदा अतीन्द्रिय होता है ।

जीवनयोनि नाम का यत्न जीवन पर्यन्त साथ रहता है । जो अतीन्द्रिय होता है । इसमें प्रमाण यह है कि—

शरीर में प्राण संचार का कारण यह जीवनयोनि नाम का यत्न है ॥ १५२ ॥

अधिक श्वास को प्राण संचार कहते हैं । यह यत्न से होता है । इस प्रकार समस्त प्राणसंचारों की यत्न साध्यता अनुमान से होती है । जैसे—अधिकश्वासादि प्राणसंचारः, प्रयत्नसाध्यः, कार्यत्वात् । इस प्रकार यत्नसाध्यत्व सिद्ध होने पर प्रत्यक्ष यत्न उपलब्ध न होने से उसे अतीन्द्रिय माना जाता है। वह ही जीवनयोनि यत्न माना जाता है ॥१५२॥

गुरुत्व का निरूपण करते हैं—

गुरुत्व अतीन्द्रिय होता है। वह पृथिवी और जल इन दोनों में रहता है। वह

---

१. गुरुत्वमतीन्द्रियं भवति, तस्यानुमानेन सिद्धिः यथा- संयोगाऽसमवधानकालीना पतनक्रिया गुणासमवायिकारणिका क्रियात्वात्, संयोगजन्यक्रियावत् अत्र यो गुणस्तत्तु

अनित्ये तदनित्यं स्यान्नित्ये नित्यमुदाहृतम् ॥ १५३ ॥
तदेवासमवायि स्यात्पतनाख्ये तु कर्मणि ।

अतीन्द्रियमिति । अनित्य इति । अनित्ये द्व्यणुकादौ तद्गुरुत्वमनित्यम् । नित्ये परमाणौ नित्यम् । गुरुत्वमित्यनुवर्तते । तद्गुरुत्वमसमवायि असमवायिकारणम् । पतनेति । आद्यपतन इत्यर्थः ।

द्रवत्वं निरूपयति—

सांसिद्धिकं द्रवत्वं स्यान्नैमित्तिकमथापरम् ॥ १५४ ॥
सांसिद्धिकं तु सलिलं द्वितीये क्षितितेजसोः ।
परमाणौ जले नित्यमन्यत्रानित्यमिष्यते ॥ १५५ ॥

सांसिद्धिकमिति । द्रवत्वं द्विविधं–सांसिद्धिकं नैमित्तिकं चेत्यर्थः । परमाणाविति । जलपरमाणौ द्रवत्वं नित्यमित्यर्थः । अन्यत्र–पृथिवीपरमाण्वादौ जलद्व्यणुकादौ च द्रव्यत्वमनित्यम् ॥ १५३–१५५ ॥

द्वितीयादिपतनस्य वेगासमवायिकारणकत्वादाह—आद्येति ॥ १५२–१५७ ॥

अनित्य पृथ्वी और जल में अनित्य तथा नित्य पृथ्वी और जल में नित्य होता है । आद्यपतन में असमवायिकारण गुरुत्व है ॥ १५३ ॥

अनित्य द्वणुक आदि में गुरुत्व अनित्य है । नित्य परमाणु में वह नित्य है । यहां 'वह' शब्द से गुरुत्व का ही अनुवर्तन किया गया है । वह गुरुत्व है असमवायि अर्थात् असमवायिकारण । पतन अर्थात् आद्य पतन, द्वितीय पतन तो वेग से होता है ।

द्रवत्व का निरूपण करते हैं—

द्रवत्व दो प्रकार का होता है एक सांसिद्धिक अर्थात् स्वयं सिद्ध और दूसरा नैमित्तिक । सांसिद्धिक द्रवत्व जल में और नैमित्तिक द्रवत्व पृथ्वी और तेज में होता है जल के परमाणु में नित्य द्रवत्व होता है अन्यत्र अनित्य द्रवत्व माना गया है ॥ १५५ ॥

द्रवत्व दो प्रकार का है सांसिद्धिक और नैमित्तिक । जलपरमाणु में द्रवत्व नित्य है ।

गुरुत्वम् । पतनासमवायिकारणतावच्छेदकतया गुरुत्वत्वजातिसिद्धिः । यथा—पतनासमवायिकारणता किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वादित्यनुमानाकारः ।

कुत्रचित्तेजसि कुत्रचित्पृथिव्यां च नैमित्तिकं द्रव्यत्वं तत्र को वा नैमित्तिकार्थस्तद्दर्शयति—

नैमित्तिकं वह्नियोगात्तपनीयघृतादिषु ।

नैमित्तिकमिति । वह्नीति पदं तेजोऽर्थकम् । तथाच अग्निसंयोगजन्यं नैमित्तिकं द्रवत्वम् । तच्च सुवर्णादिरूपे तेजसि घृतजतुप्रभृतिषु पृथिव्यां च वर्तत इत्यर्थः ॥

द्रवत्वं स्यन्दने हेतुर्निमित्तं सङ्ग्रहे तु तत् ॥ १५६ ॥

द्रवत्वं स्यन्दने हेतुरिति । असमवायिकारणमित्यर्थः । संग्रहे–सक्त्वादिसंयोगविशेषे । तत्–द्रवत्वं, स्नेहसहितमिति बोद्धव्यम् । तेन द्रुतसुवर्णादीनां न संग्रहः ॥ १५६ ॥

स्नेहं निरूपयति—

स्नेहो जले स नित्योऽणावनित्योऽवयविन्यसौ ।
तैलान्तरे तत्प्रकर्षाद्दहनस्यानुकूलता ॥ १५७ ॥

अन्यत्र पृथ्वी के परमाणु आदि में और जल के द्वयणुक आदि में द्रवत्व अनित्य है ॥ १५३–१५५ ॥

कहीं सुवर्ण आदि तेज में, कहीं घृत जतु प्रभृति पृथ्वी में नैमित्तिक द्रवत्व होता है । तब शंका होती है कि नैमित्तिकत्व क्या है । इसी प्रश्न के उत्तर का निरूपण करते हैं कि—

सुवर्ण घृत आदि में 'अग्निसंयोगजन्य द्रवत्व को नैमित्तिक द्रवत्व कहते हैं । कारिकावली में पठित वह्नि शब्द का तेज अर्थ है । इसलिए 'तेजः संयोगजन्यद्रवत्वत्' नैमित्तिक द्रवत्व का लक्षण है । यह सुवर्णरूप तेज में तथा घृतजतु प्रभृति पृथ्वी में रहता है । स्पन्दन (प्रश्रवणरूप क्रिया) में द्रवत्व असमवायिकरण है और संग्रह अर्थात् चूर्णादि के पिण्डीभाव में वही द्रवत्व जब स्नेह सहित होता है तब निमित्तकारण होता है । संग्रह में चूर्ण द्रव्य के अवयव संयोग असमवायिकरण होते हैं । अतएव द्रुत सुवर्ण संग्रह में निमित्त नहीं होता क्योंकि उसमें स्नेह नहीं होता ।

स्नेह का निरूपण करते हैं—

स्नेह जल में रहता है । वह नित्य और अनित्य दो प्रकार का होता है । नित्य जलीय परमाणु में तथा अनित्य स्नेह द्वयणुकादि अवयवी जल में रहता है । तेल आदि स्नेह का आधिक्य होने से वह दहन के अनुकूल होता है ॥ १५७ ॥

स्नेहो जले इति। जल एवेत्यर्थः। असौ-स्नेहः।

ननु पृथिव्यामपि तैले स्नेह उपलभ्यते, न चासौ जलीयः, तथा सति दहनप्रातिकूल्यं स्यादत आह—तैलान्तर इति। तत्प्रकर्षात्। तैले उपलभ्यमानः स्नेहोऽपि जलीय एव, तस्य प्रकृष्टत्वादग्नेरानुकूल्यम्। अपकृष्टस्नेहं हि जलं वह्निं नाशयतीति भावः॥ १५७॥

संस्कारं निरूपयति—

संस्कारभेदो वेगोऽथ स्थितिस्थापकभावने।

संस्कारेति। वेगस्थितिस्थापकभावनाभेदात्संस्कारस्त्रिविध इत्यर्थः।

मूर्तमात्रे तु वेगः स्यात्कर्मजो वेगजः क्वचित्॥ १५८॥

मूर्तमात्र इति। कर्मजवेगजभेदाद्वेगो द्विविध इत्यर्थः। शरीरादौ हि नोदनजनितेन कर्मणा वेगो जन्यते, तेन च पूर्वकर्मनाशस्तत उत्तरं

वेगो जन्यते इति। **वेगत्वं जातिविशेषः प्रत्यक्षसिद्धः। स्थितिस्थापकत्वं जाति-विशेषः—क्रियाविशेषजनकतावच्छेदकतया सिद्धः।**

स्नेहो जले के कहने का तात्पर्य है कि जल में ही रहता है। असौ पद से प्रकरण पतित स्नेह का बोध होता है। यदि कहा जाय कि तेल तो पृथिवी है उसमें भी स्नेह देखा जाता है। यह स्नेह जलीय नहीं है यदि जलीय होता तो अग्नि के प्रतिकूल होता इसके समाधान के लिए **तैलान्तरे आदि** है। तेल में जो स्नेह की प्रतीति होती है वह भी जलीय ही है। तेल में स्नेह की प्रकृष्टता अर्थात् आधिक्य के कारण तेल का स्नेह अग्नि के अनुकूल होता है। क्योंकि अपकृष्ट स्नेह वाला जल ही अग्नि का नाशक है।

संस्कार का निरूपण करते हैं—

संस्कार तीन प्रकार का होता है। वेग, भावना और स्थितिस्थापक।

वेग नाम का संस्कार मूर्त (पृथ्वी, जल, तेज, वायु और मन) मात्र में रहता है। वह दो प्रकार का है एक कर्मज और दूसरा विभागज।

शरीर में नोदन के बाद एक कर्म होता है उससे वेग उत्पन्न है। वेगत्व एकजाति है जो प्रत्यक्ष सिद्ध है। उस वेग से वेग जनक पूर्व कर्म का नाश होता है उसके बाद उत्तर (अगला) कर्म होता है। इसी प्रकार आगे भी द्वितीय कर्म से पूर्ववेग का नाश तथा वेगान्तर की उत्पत्ति होती है। वेग के विना कर्म स्थायी होगा अतः उत्तर कर्म का प्रतिबन्धक होगा क्योंकि जब तक पर्वकर्म का नाश नहीं होगा तब तक उत्तर कर्म की उत्पत्ति नहीं होगी। जिस वेगयुक्त कपाल से उत्पन्न घट में वेग उत्पन्न होता है वह वेगज वेग कहा जाता है॥ १५८॥

कर्म। एवमग्रेऽपि। विना च वेगं कर्मणः कर्मप्रतिबन्धकत्वात्पूर्वकर्मनाश उत्तर कर्मोत्पत्तिश्च न स्यात्। यत्र वेगवता कपालेन जनिते घटे वेगो जन्यते स वेगजो वेगः॥ १५८॥

स्थितिस्थापकसंस्कारः क्षितौ केचिच्चतुर्ष्वपि।

अतीन्द्रियोऽसौ विज्ञेयः क्वचित्स्पन्देऽपि कारणम्॥१५९॥

स्थितिस्थापकेति। आकृष्टशाखादीनां परित्यागे पुनर्गमनस्य स्थितिस्थापकसाध्यत्वात्। केचिदिति। चतुर्षु क्षित्यादिषु स्थितिस्थापकं केचिन्मन्यन्ते तदप्रमाणमिति भावः। असौ—स्थितिस्थापकः। क्वचिदाकृष्टशाखादौ॥ १५६॥

भावनाख्यस्तु संस्कारो जीववृत्तिरतीन्द्रियः।

उपेक्षानात्मकस्तस्य निश्चयः कारणं भवेत्॥ १६०॥

भावनाख्य इति। तस्य—संस्कारस्य। उपेक्षात्मकज्ञानात्संस्कारा-

स्थितिस्थापक संस्कार पृथ्वी में रहता। कुछ लोगों का मत है कि पृथ्वी, जल, तेज और वायु इन चारों में स्थिति स्थापक संस्कार होता है। वह अतीन्द्रिय होता है अतः अनुमान से विज्ञेय है। कहीं-कहीं स्पन्दक्रिया में भी यह कारण है॥ १५९॥

किसी शाखा को नीचे खींच लेने के बाद छोड़ देने पर जो वह अपने स्थान पर पुनः चली जाती है वह स्थितिस्थापक का कार्य है। कुछ लोगों का मत है कि जैसे पृथ्वी में स्थितिस्थापक संस्कार है वैसे जल में भी निकाल लिए जाने के बाद पुनः यथावस्थिति होती है, वायु में अधिक गर्मी से जब वायु ऊपर की ओर भागता है तब रिक्तस्थान को दौड़कर दूसरा वायु यथास्थिति बनाता है अग्नि की ज्वाला भी पवन के झटके से ज्योंही टूटती है तब तक पुनः दूसरी लपक यथास्थिति बना देती है। अतः इस यथास्थिति के लिए स्थितिस्थापक संस्कार का अनुमान किया जाता है। यद्यपि ग्रन्थकार इसे प्रमाण नहीं मानते तथापि अनुभव प्रमाण इसके पक्ष में है। इसमें आकृष्टशाखागत स्पन्दक्रिया भी कारण होती है॥ १५९॥

भावनासंस्कार तो जीववृत्ति है तथा अतीन्द्रिय है। अनुपेक्षात्मक निश्चय उसका कारण होता है॥ १६०॥

तस्य पद का अर्थ है भावनाख्य संस्कार। उपेक्षात्मकज्ञान से संस्कार की उत्पत्ति नहीं होती अतः उपेक्षानात्मक पद है। उपेक्षानात्मक संशय से संस्कार की उत्पत्ति नहीं होती अतः निश्चय पद है। अतः उपेक्षान्य निश्चय संस्कार के प्रति कारण है।

नुत्पत्तेरुपेक्षानात्मक इत्युक्तम्। तत्संशयात्संस्कारस्यानुत्पत्तेर्निश्चय इत्युक्तम्। तेनोपेक्षान्यनिश्चयत्वेन संस्कारं प्रति हेतुतेति भावः।

ननु स्मरणं प्रत्युपेक्षान्यनिश्चयत्वेन हेतुत्वं, तेनोपेक्षादिस्थले न स्मरणम्। इत्थं च संस्कारं प्रति ज्ञानत्वेनैव हेतुतास्त्विति चेद्—

न; विनिगमनाविरहेणापि संस्कारं प्रति उपेक्षान्यनिश्चयत्वेन हेतुतायाः सिद्धत्वात्। किञ्चोपेक्षास्थले संस्कारकल्पनाया गुरुत्वात्संस्कारं प्रति चोपेक्षान्यनिश्चयत्वेन हेतुतायाः सिद्धत्वात् ॥ १६० ॥

स्मरणे प्रत्यभिज्ञायामप्यसौ हेतुरुच्यते।

असौ—संस्कारः। तत्र प्रमाणं दर्शयति—स्मरण इति। यतः स्मरणं प्रत्यभिज्ञानं च जनयत्यतः संस्कारः कल्प्यते। विना व्यापारं पूर्वानु-

---

वस्तुतः संस्कारं प्रत्युपेक्षान्यनिश्चयत्वेन हेतुत्वे एव प्रमाणमस्तीत्याह—किञ्चेति।

संस्कारकल्पनाया इति। अस्य स्मृतिं प्रत्युपेक्षान्यनिश्चयत्वेन हेतुत्वे इत्यादिः।

संस्कारः कल्प्यते इति। नन्वनुभवध्वंस एव व्यापारोऽस्तु प्रतियोग्यभावयोरेकत्राजनकत्वमिति नियमस्याप्रयोजकत्वात्। न च कारणीभूताभावप्रतियोगित्वेन अनुभवस्य स्मृतिप्रतिबन्धकत्वापत्तिरिति वाच्यम्, संसर्गाभावत्वावच्छिन्नकारणताश्रयीभूताभावप्रतियोगित्वस्यैव प्रतिबन्धकतापदार्थत्वादिह च संसर्गाभावत्वेनाजनकत्वादिति चेन्न संस्कारानङ्गीकारे कदाचिदनुभूतस्य सर्वदा स्मरणापत्तेः अनुभवध्वंसात्मकव्यापारस्य सत्त्वादिति। शिवम्।

यदि स्मरण के प्रति उपेक्षान्यनिश्चयत्वेन संस्कार कारण है तब तो उपेक्षा स्थल में स्मरण नहीं बनेगा। इसी प्रकार संस्कार के प्रति ज्ञानसामान्य को कारण मानने में कोई आपत्ति नहीं होगी किन्तु यह ठीक नहीं। क्योंकि विनिगमनाविरहात् संस्कारों के प्रति उपेक्षानात्मकनिश्चयत्वेन कारणता स्वयं सिद्ध है। अतः ज्ञानत्वेन हेतुता मानना उचित नहीं है। उपेक्षास्थल में संस्कार की कल्पना करना भी गुरुतर होगा, संस्कार के प्रति उपेक्षान्यत्वेन हेतुता सिद्ध भी है ॥ १६० ॥

उपर्युक्त सिद्धान्त में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं—

स्मरणात्मक तथा प्रत्यभिज्ञात्मकज्ञान में संस्कार को हेतु कहा गया है।

'घटं स्मरामि' स्मृति के प्रति, तथा सोऽयं घटः इस प्रत्यभिज्ञा के प्रति 'घटः' यह संस्कार कारण माना जाता है। संस्कारमात्र जन्यं ज्ञानं स्मृतिः, इन्द्रियसहकृतं संस्कारजन्यं ज्ञानं प्रत्यभिज्ञा। यतः पूर्वानुभव ही कालान्तर में स्मरण अथवा प्रत्यभिज्ञा को उत्पन्न

भवस्य स्मरणादिजननासामर्थ्यात्स्वस्वव्यापारान्यतराभावे कारणत्वासम्भवात्। न च प्रत्यभिज्ञां प्रति तत्तत्संस्कारस्य हेतुत्वे प्रत्यभिज्ञायाः संस्कारजन्यत्वेन स्मृतित्वापत्तिरिति वाच्यम्, अप्रयोजकत्वात्।

परेत्वनुद्बुद्धसंस्कारात्प्रत्यभिज्ञानुदयादुद्बुद्धसंस्कारस्य हेतुत्वापेक्षया तत्तत्स्मरणस्यैव प्रत्यभिज्ञां प्रति हेतुत्वं कल्प्यत इत्याहुः ॥

अदृष्टं निरूपयति—

धर्माधर्मावदृष्टं स्याद्धर्मः स्वर्गादिसाधनम् ॥ १६१ ॥

गङ्गास्नानादियागादिव्यापारः स तु कीर्तितः।

धर्माधर्माविति। स्वर्गादीति। स्वर्गादिसकलसुखानां स्वर्गसाधनीभूतशरीरादीनां च साधनं धर्म इत्यर्थः। तत्र प्रमाणं दर्शयितुमाह—

इत्याहुरिति। परेतु स्वन्मते उद्बुद्धसंस्कारस्य स्मरणं प्रति स्मरणस्य च प्रत्यभिज्ञां प्रति हेतुताकल्पनं मन्मतेऽन्तरास्मरणव्यक्तिमकल्पयित्वा उद्बुद्धसंस्कारस्यैव प्रत्यभिज्ञां प्रति हेतुत्वकल्पने लाघवमित्यरुचिराहुरित्यनेन सूचिता ॥ १५२-१६१ ॥

करता है। इसीलिए मध्य में व्यापारात्मक संस्कार का अनुमान करते हैं। जैसे 'पूर्वानुभवः संस्कारात्मकव्यापारवान्, स्मरणादिजनकत्वात्' व्यापार के बिना पूर्वानुभव स्मरण या प्रत्यभिज्ञा को उत्पन्न नहीं कर सकता। क्योंकि अपने और अपने व्यापार में से किसी एक के अभाव में कारणत्व होता नहीं है। यदि प्रत्यभिज्ञा के प्रति संस्कार को ही कारण माना जाता है तो प्रत्यभिज्ञा भी संस्कार से जन्य होने से स्मृतिरूप होने लगेगी किन्तु यह तर्क अप्रयोजक हैं। क्योंकि संस्करजन्यत्व तो संस्कारध्वंस में भी है वह भी स्मृति हो सकेगा। अतः अनुभवजन्य ज्ञानत्वेन ही स्मृति का प्रयोजकत्व माना गया है। चिन्तामणिकार का मत है कि अनुद्बुद्धसंस्कारों में प्रत्यभिज्ञा का उदय होता नहीं अतः प्रत्यभिज्ञा के प्रति उद्बुद्धसंस्कार को हेतु मानने की अपेक्षा तत्तद्वस्तु विषयक स्मरण को ही प्रत्यभिज्ञात्मकज्ञान के प्रति हेतु मानने में लाघव है।

अदृष्ट का निरूपण करते हैं—

अदृष्ट दो प्रकार के होते हैं एक धर्म और दूसरा अधर्म। इनमें धर्म स्वर्ग आदि का साधन है। गङ्गास्नान याग आदि क्रियाओं को धर्म कहते हैं ॥ १६१½ ॥

स्वर्ग आदि समग्र सुखों का और स्वर्ग साधन शरीर का भी साधन धर्म है। इसमें प्रमाण यह है कि याग, होम, दान, गङ्गास्नान करने के बाद भविष्यत् स्वर्गफल के बीज में धर्म (अदृष्ट) को व्यापार मानते हैं। अन्यथा याग के पूर्ण होने के चिरकाल बाद

यागादीति। यागादिव्यापारतया धर्मः कल्प्यते। अन्यथा यागादीनां चिरविनष्टतया निर्व्यापारतया च कालान्तरभाविस्वर्गजनकत्वं न स्यात्। तदुक्तमाचार्यैः—

चिरध्वस्तं फलायालं न कर्मातिशयं विना। इति।

ननु यागध्वंस एव व्यापारः स्यात्। न च प्रतियोगितद्ध्वंसयोरेकत्राजनकत्वं सर्वत्र तथात्वे मानाभावात्, न च त्वन्मते फलानन्त्यं, मन्मते चरमफलस्यापूर्वनाशकत्वान्न तथात्वमिति वाच्यम्, कालविशेषस्य सहकारित्वादित्यत आह–गङ्गास्नानेति। गङ्गास्नानस्य हि स्वर्गजनकत्वे-

यागेति। यागत्वं च देवतोद्देश्यकस्वस्वत्वध्वंसवद्द्रव्यविशेष्यकेच्छात्वम्। होमत्वं च अग्निसंयोगानुकूलक्रियाजनकघृतादिवृत्तिनोदनादिव्यापारत्वम्। दानत्वं च मूल्यग्रहणं विना स्वस्वत्वध्वंसपरस्वत्वजनकत्यागत्वम्।

मीमांसकास्तु देवतामुद्दिश्य द्रव्यत्यागो यागः। त्यक्तस्य द्रव्यस्य वह्नौ प्रक्षेपो होमः। स्वकीयद्रव्यस्य स्वस्वत्वनिवृत्तिपूर्वकं परस्वत्वापादनं दानम्। तदुक्तं न्यायमालायाम्—

आकाङ्क्षा यागशब्दस्य त्यागेनैव निवर्तते।
त्यागस्योपरि होमस्य विधेः क्षेपावसानता॥
स्वीयं द्रव्यं परित्यज्य परकीयं यथा भवेत्।
तथा सम्पादनं दानं त्यागेप्येषामियं भिदा॥ इति॥

तथात्वे—प्रतियोगिध्वंसयोरेकत्राजनकत्वे।

स्वर्गफल की प्राप्ति होनी चाहिये। किन्तु याग तो चिरकाल से नष्ट है यदि वह निर्व्यापार होगा तो कालान्तर में होने वाले स्वर्ग रूपी फल का जनक न हो सकेगा। अतः अदृष्ट नाम का अवान्तर व्यापार माना जाता है। यह अदृष्ट भोग से ही नष्ट होता है काल से नहीं।

आचार्य उदयन का भी यही मत कुसुमाञ्जलि में वर्णित है कि चिरकाल से ध्वस्त (याग आदि कर्म) अतिशय (अपूर्व नाम के आंवान्तर व्यापार) के बिना स्वर्ग आदि फल देने में अलं (समर्थ या कारण) नहीं हो सकता। अतः व्यापार अवश्य मानना चाहिए।

यदि कहा जाय कि याग ध्वंस को ही व्यापार मानना उचित भी है। जो लोग कहते है कि कारण तथा कारणाभाव एक का कारण नहीं हो सकता। अतः प्रतियोगी और उसका ध्वंस एकत्र जनक नहीं होंगे। किन्तु सर्वत्र ऐसा होने में कोई प्रमाण नहीं है।

यदि कहा जाय कि तुम्हारे (यागध्वंस को व्यापार मानने वाले के) पक्ष में ध्वंस के अविनाशी होने से अनन्तफल होगा और हमारे (अपूर्ववादी) के मत में अन्तिम फल के द्वारा अपूर्व का नाश होने से वह निवृत्त होता है इस प्रकार दोनों में मत भेद है। किन्तु

ऽनन्तानां जलसंयोगध्वंसानां व्यापारत्वमपेक्ष्यैकमपूर्वमेव कल्प्यते लाघवादिति भावः॥

ननु ध्वंसोऽपि न व्यापारोऽस्तु। न च निर्व्यापारस्य चिरध्वस्तस्य कथं कारणत्वमिति वाच्यम्, अनन्यथासिद्धनियतपूर्ववर्तित्वस्य तत्रापि सत्त्वात्, अव्यवहितपूर्ववर्तित्वं हि चक्षुस्संयोगादेः कारणत्वे, न तु सर्वत्र, कार्यकालवृत्तित्वमिव समवायिकारणस्य कारणत्वे इत्यत आह—

कर्मनाशाजलस्पर्शादिना नाश्यस्त्वसौ मतः॥ १६२॥

कर्मनाशेति। यदि ह्यपूर्वं न स्यात्तदा कर्मनाशाजलस्पर्शादिना नाश्यत्वं धर्मस्य न स्यात्। नहि तेन यागादेर्नाशः प्रतिबन्धो वा कर्तुं शक्यते तस्य पूर्वमेव वृत्तत्वादिति भावः। एतेन देवताप्रीतेरेव फलत्वमित्यपास्तम्, गङ्गास्नानादौ सर्वत्र देवताप्रीतेरसम्भवात्, देवतायाश्चेतनत्वेऽपि तत्प्रीतेरनुद्देश्यत्वात्, प्रीतेः सुखस्वरूपत्वेन विष्णुप्रीत्यादौ तदसम्भवात्, जन्यसुखादेस्तत्राभावात्। तेन विष्णुप्रीतिजन्यत्वेन पराभिमतस्वर्गादिरेव विष्णुप्रीतिशब्देन लक्ष्यते॥ १६१-१६२॥

ऐसा मानना उचित नहीं क्योंकि जिस याग से जितने दिन स्वर्ग में स्थिति स्मृति में मान्य है उतने काल से विशिष्ट याग ध्वंस को स्वर्ग के प्रति कारण मानने से फलानन्त्य दोष नहीं होगा। किन्तु याग ध्वंस को व्यापार मानना उचित नहीं क्योंकि गङ्गास्नान से स्वर्ग उत्पन्न होने में अनन्त जलसंयोग ध्वंसों को व्यापार मानने की अपेक्षा एक अपूर्व को ही व्यापार मानने में लाघव होगा। अतः अपूर्व मानना ही उचित है॥ १६१½॥

यदि कहा जाय कि अदृष्ट अथवा ध्वंस किसी को भी व्यापार न माना जाय तो ठीक नहीं, क्योंकि निर्व्यापार और चिरध्वस्त याग स्वर्गरूप फल के प्रति कारण नहीं होगा। यदि कहा जाय कि **अन्यथासिद्धिशून्यत्वे सति कार्यनियतपूर्ववर्तित्व** रूप कारण के होने से याग के कारण होने में कोइ आपत्ति नहीं है। जहाँ चक्षुःसंयोग कारण होगा वहाँ तो अव्यवहितपूर्ववर्तिता कारण में होनी चाहिए किन्तु सर्वत्र अव्यवहित पूर्ववर्तित्वनिवेश में कोई कारण नहीं। जैसे—समवायिकारण का कार्य के उत्पत्ति काल में वर्तमान रहना अनिवार्य है। किन्तु यह पक्ष ठीक नहीं क्योंकि–

कर्मनाशा नदी के जलस्पर्श आदि से अदृष्ट का नाश माना गया है॥ १६२॥

यदि अपूर्व न माना जाय तो कर्मनाशा के जल स्पर्श आदि से (उसका) धर्म का नाश नहीं बनेगा। कर्मनाशा जल स्पर्श याग का नाशक या प्रतिबन्धक हो सकेगा क्योंकि याग का नाश तो पहिले ही हो जाता है। इस कथन के पश्चात् जो लोग कहते

अधर्मो नरकादीनां हेतुर्निन्दितकर्मजः ।

अधर्म इति । नरकादिसकलदुःखानां नारकीयशरीरादीनां च साधन-मधर्म इत्यर्थः ॥

तत्र प्रमाणमाह—

प्रायश्चित्तादिनाश्योऽसौ जीववृत्ती त्विमौ गुणौ ॥ १६३ ॥

प्रायश्चित्तेति । यदि ह्यधर्मो न स्यात्तदा प्रायश्चित्तादिना नाश्यत्व-मधर्मस्य न स्यात् । न हि तेन ब्रह्महननादीनां नाशः प्रतिबन्धो वा विधातुं शक्यते, तस्य पूर्वमेव विनष्टत्वादिति भावः । जीवेति । ईश्वरे धर्माधर्माभावादिति भावः ॥ १६३ ॥

इमौ तु वासनाजन्यौ ज्ञानादपि विनश्यतः ।

हैं कि देवता की प्रीति ही फल है वे परास्त हो गये । क्योंकि गङ्गास्नान से सर्वत्र देवता की प्रीति मानना असम्भव है । यदि देवताओं के चेतन होने से प्रीति होना सम्भव है तो ठीक नहीं क्योंकि स्नानकर्ता ने देवता की प्रीति के उद्देश्य से स्नान भी नहीं किया है । यदि देवता की प्रीति मान भी ली जाय तो प्रीति सुखस्वरूप होगी जो विष्णु की नित्य प्रीति से भिन्न होगी क्योंकि जन्य सुख विष्णु में नहीं होता । अतः विष्णु प्रीतिजन्यत्वेन मीमांसकों के द्वारा मान्य स्वर्ग आदि ही विष्णु प्रीति शब्द से लक्षित होते हैं । अर्थात् लक्षणा द्वारा स्वर्ग का ही बोध होता है ॥ १६१–१६२ ॥

निन्दित कर्मों से जन्य नरक आदि साधन अधर्म है । नरक आदि सकल दुःखों का, नारकियों के शरीर आदि का साधन अधर्म है ।

इसमें प्रमाण है कि—

'यह अधर्म' प्रायश्चित्त द्वारा नष्ट होता है । इस प्रकार ये दोनों धर्म और अधर्म गुण जीवमें रहते हैं ।' १६३ ॥

यदि अधर्म नाम का गुण न होता तो प्रायश्चित्त द्वारा उसका नाश न होता । प्रायश्चित्त ब्रह्महनन कर्म का नाश अथवा प्रतिबन्ध नहीं किया जा सकता । क्योंकि ब्रह्म हत्या रूपकर्म का नाश तो पूर्वकाल में ही हो जाता है । ईश्वर में धर्म अथवा अधर्म के न होने से वे दोनों धर्म और अधर्म जीव में रहते हैं । अर्थात् जीववृत्ति हैं ॥ १६३ ॥

ये धर्म और अधर्म वासना से जन्य हैं और ज्ञान से नष्ट होते है ।

इमौ—धर्माधर्मौ । वासनेति । अतो ज्ञानिना कृते अपि सुकृतदुष्कृतकर्मणी न फलायालमिति भावः । ज्ञानादपीति । अपिना भोगपरिग्रहः ।

ननु तत्त्वज्ञानस्य कथं धर्माधर्मनाशकत्वं ? 'नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि' इति वचनविरोधात्, इत्थं च तत्त्वज्ञानिनां झटिति कायव्यूहेन सकलकर्मणां भोगेन क्षय इति चेद्—न; तत्र भोगस्य वेदबोधितनाशकोपलक्षकत्वात् । कथमन्यथा प्रायश्चित्तादिना कर्मणां नाशः । तदुक्तम्—'ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन' इत्यादिना । श्रूयते च—'क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे' इति ।

चिरविनष्टतयेति ननु चिरनष्टस्याप्यनुभवस्य स्मृतिजनकत्वं दृष्टमत आह—निर्व्यापारतयेति । तथाच तस्य संस्काररूपव्यापारद्वारा स्मृतिजनकत्वमिति न दोष इति भावः ।

फलानन्त्यं—ध्वंसस्याविनाशित्वेन फलपरम्पराप्रसङ्गः ।

ईश्वरे इति । नन्वीश्वरे कुतो न धर्माधर्मयोरुत्पत्तिरत आह—वासनाजन्याविति ईश्वरे वासनाया अभावादिति भावः ।

ननु वासनाया धर्माधर्मजनकत्वे मानाभावो अत आह—अतो ज्ञानिनेति ।

सर्वकर्माणि— सर्वकर्मजन्यादृष्टानीत्यर्थः । अन्यथा कर्मणां क्षणिकत्वेन नष्टतया ज्ञाननाश्यत्वकथनासङ्गतिः स्यात् ।

ये दोनों (धर्म और अधर्म) वासना से जन्य हैं । अत एव ज्ञानियों द्वारा आचरित पुण्य अथवा पापकर्म फलप्रदान में समर्थ नहीं होते । तात्पर्य यह है कि ज्ञानी पुरुष में ज्ञान द्वारा वासना का क्षय होता है । अतः ज्ञानी द्वारा किए गए शुभ अथवा अशुभ कर्म से धर्म अथवा अधर्म की उत्पत्ति नहीं होती । ज्ञानादपि में 'अपि' शब्द भोग का संग्रह करता है । अर्थात् ज्ञान तथा भोग से अदृष्टों का नाश होता है ।

यदि कहा जाय कि तत्त्वज्ञान से धर्म अथवा अधर्म का नाश नहीं होता है । क्योंकि श्रुति का वचन है कि बिना भोग के कर्म का क्षय नहीं होता है । अतः मानना चाहिए कि तत्वज्ञानियों को झट से कायों के समुदाय में सकल कर्मों का भोग द्वारा क्षय होता है किन्तु ऐसा मानना ठीक नहीं । क्योंकि 'नाभुक्तं' पद में 'भोग' पद वेद से प्रतिपादित समस्त नाशकों का उपलक्षक है । अर्थात् भोग, ज्ञान अथवा प्रायश्चित्तों में से किसी एक कारण के रहने पर भी कर्मों का क्षय होता है । अन्यथा प्रायश्चित्त से कर्मों का नाश नहीं हो सकेगा । कहा भी है कि हे अर्जुन—ज्ञानरूपी-अग्नि समग्र कर्मों से उत्पन्न अदृष्टों को भस्मसात् करती है । 'श्रुति भी है कि' उस परमात्म तत्त्व के दर्शन से जीव के समस्त कर्म फलों का क्षय होता है ।

ननु तत्त्वज्ञानिनस्तर्हि शरीरावस्थानं सुखदुःखादि च न स्याज्ज्ञानेन सर्वेषां कर्मणां नाशादिति चेद्—

न, प्रारब्धेतरकर्मणामेव नाशात् । तत्तच्छरीरभोगजनकं हि यत्कर्म-तत्प्रारब्धं, तदभिप्रायमेव नाभुक्तमिति वचनमिति ॥

शब्दं निरूपयति—

शब्दो ध्वनिश्च वर्णश्च मृदङ्गादिभवो ध्वनिः ॥ १६४ ॥
कण्ठसंयोगादिजन्या वर्णास्ते कादयो मताः ।
सर्वः शब्दो नभोवृत्तिः श्रोत्रोत्पन्नस्तु गृह्यते ॥ १६५ ॥
वीचीतरङ्गन्यायेन तदुत्पत्तिस्तु कीर्तिता ।

शब्द इति । नभोवृत्तिराकाशसमवेतः । दूरस्थशब्दस्याग्रहणादाह-श्रोत्रेति ।

ननु मृदङ्गावच्छेदेनोत्पन्ने शब्दे श्रोत्रे कथमुत्पत्तिरत आह—वीचीति ।

यदि कहा जाय कि 'ऐसी स्थिति में तो तत्त्वज्ञानी के शरीर का रहना, तथा सुख-दुःख का अनुभव भी नहीं होगा क्योंकि ज्ञान से समस्त कर्मों का नाश हो जाता है । किन्तु ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि प्रारब्ध कर्म से अन्य (संचित तथा क्रियमाण) कर्मों का ही नाश होता है । उन-उन देहों को भोग देने वाले कर्म को प्रारब्ध कर्म कहा जाता है । इसी कर्म को उद्देश्य करके 'नाभुक्तं' श्रुति है । तात्पर्य यह है कि प्रारब्धकर्म का बिना भोग के नाश नहीं होता है ।

शब्द का निरूपण करते हैं ।

शब्द दो प्रकार का है एक ध्वनि तथा दूसरा वर्ण । जिनमें मृदङ्ग आदि से उत्पन्न शब्द को ध्वनि कहते है और कण्ठ के संयोग से जन्य जो ककार आदि वे वर्ण माने गये हैं । समस्त शब्द चाहे ध्वन्यात्मक हों या वर्णात्मक आकाश में रहते हैं किन्तु वीचीतरङ्ग-न्यायेन श्रोत्रदेश में उत्पन्न शब्द का ग्रहण होता है । उसकी उत्पत्ति वीचीतरङ्गन्याय से होती है । नभोवृत्ति कहने का तात्पर्य है कि शब्द समवाय सम्बन्ध से आकाश मे रहता है । दूरस्थ शब्द का ग्रहण कैसे हो सकता है इस शङ्का के निराकरण के लिए बताया गया कि श्रोत्रदेश में उत्पन्न शब्द का ग्रहण होता है ।

यदि यह कहा जाय कि जब शब्द मृदङ्गदेश में उत्पन्न होता है तो वह श्रोत्रदेश में कैसे उत्पन्न हो सकता है ठीक है वह शब्द वीचीतरङ्ग की भाँति लहर में चलता हुआ श्रोत्रदेश तक आता है और श्रोत्रदेशस्थ शब्द से जो श्रोत्र में शब्द उत्पन्न होता है ।

आद्यशब्देन बहिर्दशदिगवच्छिन्नोऽन्यः शब्दस्तेनैव शब्देन सदृशो जन्यते । तेन चापरस्तद्व्यापकः । एवं क्रमेण श्रोत्रोत्पन्नो गृह्यत इति ।

कदम्बगोलकन्यायादुत्पत्तिः कस्यचिन्मते ॥ १६६ ॥

कदम्बेति । आद्यशब्दाद्दशसु दिक्षु दश शब्दा उत्पद्यन्ते । तेभ्यश्चान्ये दश शब्दा उत्पद्यन्त इति भावः । अस्मिन्मते कल्पनागौरवादुक्तं—कस्यचिन्मत इति ॥ १६४।१६५।१६६ ॥

ननु शब्दस्य नित्यत्वादुत्पत्तिकथनमसङ्गतमत आह—

उत्पन्नः को विनष्टः क इति बुद्धेरनित्यता ।

उत्पन्न इति । शब्दानामुत्पादविनाशप्रत्ययशालित्वादनित्यत्वमित्यर्थः ॥

कल्पनागौरवादिति । **दशशब्दानां तत्प्रागभावानां तेषां कार्यकारणभावस्य च कल्पने गौरवादित्यर्थः ॥ १६२–१६६ ॥**

अर्थात् जैसे आदि वीची से, तरङ्ग उससे पुनः वीची इसी क्रम से नदी के मध्य में उत्पन्न लहर किनारे तक आती है वैसे आदि (मुखोच्चारित) शब्द से बाहर दशों दिशाओं में शब्द की लहर बनती है यह लहर उसी उच्चारित शब्द की भाँति दूसरे शब्दों को जन्म देती है । इसी प्रकार लहरें व्यापक हो जाती हैं और क्रम से श्रोत्र देश तक आकर शब्द उत्पन्न करती हैं । वहीं शब्द गृहीत होता है ।

कुछ लोगों के मत में [वीचीतरङ्गन्याय से शब्द की उत्पत्ति मानना ठीक नहीं है क्योंकि वीची और तरङ्ग जल में उत्पन्न होती हैं शब्द की लहरियों का कोई आधार नहीं होगा अतः] कदम्ब गोलकन्याय से शब्द की उत्पत्ति मानना चाहिए ।

इनके मत में आद्य शब्द से दशों दिशाओं में दश शब्द उत्पन्न होंगे । उनसे अन्य दश शब्द उत्पन्न होंगे । किन्तु इनके मत में दोष यह है कि आद्य शब्द से दशों दिशाओं में शब्द उत्पन्न होना यह कल्पना गुरुतर है । इसीलिए मूलकारने कस्यचिन्मते कहकर अपनी अरुचि प्रकाशित की है ।

यदि कहा जाय कि शब्द तो नित्य है उनकी उत्पत्ति का होना असंगत है तो ठीक नहीं—

क्योंकि 'उत्पन्नः ककारः' 'विनष्टः ककारः' इस प्रकार शब्दों की उत्पत्ति और विनाश प्रत्ययशालिनी बुद्धि होने से शब्दों को अनित्य मानना ही उचित है ।

कहने का तात्पर्य यह है कि शब्दों की उत्पत्ति और विनाश की प्रतीति होने से शब्दों को अनित्य मानना चाहिए ।

ननु स एवायं ककार इत्यादिप्रत्यभिज्ञानाच्छब्दानां नित्यत्वम्, इत्थं चोत्पादविनाशबुद्धिर्भ्रमरूपैवेत्यत आह—

सोऽयं क इति बुद्धिस्तु साजात्यमवलम्बते ॥ १६७ ॥

सोऽयं क इति। साजात्यमिति। तत्र प्रत्यभिज्ञानस्य तत्सजातीयत्वं विषयो न तु तद्व्यक्त्यभेदो विषयः—उक्तप्रतीतिविरोधात्। इत्थञ्च द्वयोरपि प्रतीत्योर्न भ्रमत्वमिति ॥ १६७ ॥

द्वयोरपीति। अत्र मीमांसकाः। स एवायं गकार इति प्रत्यभिज्ञाबलाद्गकारस्य तावत्कालं स्थितेरभ्युपेयत्वात् नाशकसामग्र्यभावाच्चिरस्थिरत्वम्। नचेयं प्रत्यभिज्ञा साजात्यविषयिणी न तु व्यक्त्यभेदविषयिणीति वाच्यम्। सैवेयं दीपकलिकेत्यादौ व्यक्तिभेदस्य स्पष्टमवगमात् तादृशप्रतीतेः साजात्यविषयत्वेऽपि स एवायं गकार इति प्रतीतेः व्यक्त्यभेदांशे बाधकाभावेन साजात्यविषयकत्वे मानाभावात्, तज्जातीयोऽयमित्यप्रतीतेश्च।

न च तारत्वमन्दत्वादिविरुद्धधर्म्माध्यासोऽभेदबाधक इति वाच्यम्। प्रत्यभिज्ञाबलेन तस्य नित्यत्वसिद्धौ तारत्वादेर्वायुधर्मत्वाङ्गीकारेणादोषात्। एकस्मिन्निरूपकभेदेन पितृत्वपुत्रत्वयोरिव तारत्वमन्दत्वयोरपि समावेशे विरोधाभावाच्चेत्याहुः।

तन्न, तथासति कत्वगत्वादेरपि व्यञ्जकवायुधर्मत्वापत्त्या ककारगकारयोरपि भेदाभावप्रसङ्गात् वर्णनित्यतापक्षे कण्ठताल्वाद्यभिघातानां 'क'साक्षात्कारत्वस्य जन्यतावच्छेदकत्वाङ्गीकारे गौरवाच्च मम तु कत्वमेव तथेति लाघवमिति ध्येयम् ॥

नगवसुनवचन्द्रैः सम्मिते वैक्रमेऽब्दे रघुपतिजनितिथ्यां मासि,चैत्रे मयूखः।
उदित इति विपश्चित्सूर्यनारायणाख्याद्रघुपतिपदपूजादीपकार्यं श्रयेत ॥ १ ॥

श्रीगर्गान्वयसिन्धुतः समुदितो रामेश्वरो यत्पिता,
देवीश्रीसुधरा च यस्य जननी, श्रीदत्तशर्मा गुरुः-
श्रीमच्चन्द्रधरश्च यस्य विदितः, साकेत प्रान्तस्थितेः
श्रीमत्सारवपारिणः कृतिरियं लोके समुज्जृम्भताम् ॥ २ ॥

यदि कहा जाय कि 'सोऽयं ककारः' प्रतीति के आधार पर शब्दों को नित्य भी माना जा सकता है और उत्पन्न तथा विनाश बुद्धि को भ्रमरूप मान लेना चाहिए। किन्तु यह मत ठीक नहीं। क्योंकि —

'सोऽयं ककारः' यह बुद्धि तो सजातीयता के आधार पर होती है।

इस प्रकार प्रत्यभिज्ञा का विषय तत्सजातीयता है किन्तु व्यक्ति का एक होना नहीं। अन्यथा 'उत्पन्नो ककारः' प्रतीति का विरोध आ पड़ेगा। इस प्रकार दोनों प्रतीतियाँ भ्रमरूप नहीं हैं।

ननु सजातीये सोऽयमिति प्रत्यभिज्ञा कुत्र दृष्टेत्यत आह—

तदेवौषधमित्यादौ सजातीयेऽपि दर्शनात्।
तस्मादनित्या एवेति वर्णाः सर्वे मतं हि नः ॥१६८॥

इति श्रीविश्वनाथपञ्चाननभट्टाचार्यकृता कारिकावली समाप्ता ॥

तदेवेति। यदौषधं मया कृतं तदेवान्येनापि कृतमित्यादिदर्शनादिति भावः ॥ १६८ ॥

इति न्यायसिद्धान्तमुक्तावल्यां गुणनिरूपणं समाप्तम्।

इति महामहोपाध्याय विद्यानिवासभट्टाचार्यसुत-श्रीविश्वनाथपञ्चानन-भट्टाचार्यविरचिता न्यायसिद्धान्तमुक्तावली सम्पूर्णा ॥

साकेताख्यपुरी मनुप्रभृतिभिः श्रीरामचन्द्रान्तिमैः
सम्राड्भिः प्रथिता त्रिलोकमहिता मुक्तिप्रदा राजते ॥
तस्याः वह्निदिशं श्रिते सुखकरे ग्रामाऽठडीहाभिधे
क्रोशेर्विंशतिसङ्ख्यकैः परिमिते वेद्या जनिर्मेबुधैः ॥ ३ ॥

इति न्यायव्याकरणाचार्य श्रीसूर्य्यनारायणशर्मशुक्लविरचिते मुक्तावलीमयूखे गुणनिरूपणं समाप्तं, समाप्तश्चायं मुक्तावलीमयूखः।

यदि कहा जाय कि सजातीय में भी प्रत्यभिज्ञा क्या दृष्ट है। हाँ,

'यह वही औषध है जो मैंने पहिले खाई थी' यहाँ सजातीय में प्रत्यभिज्ञा दृष्ट है। इसलिए हम नैयायिकों तथा वैशेषिकों के मत में वर्ण अनित्य ही हैं ॥ १६८ ॥

वही औषध जो मैंने की थी वही अन्य ने भी की थी इस प्रकार सजातीय में प्रत्यभिज्ञा बनती है।

इति न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्य श्रीरामगोविन्दशुक्ल रचित न्यायसिद्धान्त-मुक्तावली की हिन्दी टीका पूर्ण हुई।

---

१. इत्यादीति—अत्र आदिपदेन, सैवेयं दीपकलिका, सोयं स्वभावः इत्यादीनां संग्रहः।

इति न्यायव्याकरणसाहित्याचार्यश्रीरामगोविन्दशर्मशुक्लकृता टिप्पणी समाप्ता।